सूर्योदयानन्तर कम से कम त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी यानी नवमीविद्धा श्रावण शुक्ल अष्टमी में यह व्रत करने का शास्त्रनिर्देश है। त्रिमुहूर्त्तन्यून अष्टमी होने पर यह व्रत पहले ही दिन किया जाये—ऐसा शास्त्रादेश है।

इस वर्ष 16 अग., 2021 ई. को अष्टमी त्रिमूहूर्त्ताल्प है। अतः इस दिन यह व्रत नहीं हो सकता। **स्पष्ट है—इस वर्ष 15 अग., 2021 ई. को ही यह 'दुर्गाष्टमी व्रत' किया जायेगा।**

श्रीसत्यनारायण व्रत (श्रावणी पूर्णिमा)

इस बारे में हम पहले भी लिख आये हैं कि—यह व्रत प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस वर्ष श्रावण शुक्ल में 22 अग., 2021 ई. को पूर्णिमा 17 घं. 32 मि. (भा.स्टैं.टा.) तक विद्यमान है, जोकि प्रदोष से पहले ही समाप्त हो रही है और 21 अग., 2021 ई. को यह पूर्णिमा प्रदोष के काफी भाग को व्याप्त कर रही है। **स्पष्ट है—यह व्रत हमने इस वर्ष 21 अग., 2021 ई. को लिखा है, जोकि शास्त्रसम्मत है।**

दूर्वाष्टमी व्रत (भाद्र. शुक्लाष्टमी)

भाद्र. शुक्लाष्टमी में यह व्रत स्त्रियों द्वारा किया जाता है। इस व्रत को 'रौहिणमुहूर्त्त' (दिन के नवम मुहूर्त्त) में व्याप्त अष्टमी में करने का शास्त्रनिर्देश है। ज्येष्ठा/मूल नक्षत्रकाल में और अगस्त्य तारा के उदय की स्थिति में यह व्रत नहीं किया जाता और कन्यार्क में भी इसे करने का शास्त्र निषेध करते हैं।

इस स्थिति में इस व्रत को भाद्र. शुक्ल से निरन्तर (क्रमशः) पूर्ववर्ती ऐसे किसी भी पक्ष की अष्टमी में करने का निर्देश है, जहां अगस्त्य तारा लुप्त (अस्त) हो।

इस वर्ष भाद्र. शुक्ल अष्टमी 14 सितं., 2021 ई. को पड़ रही है। इन दिनों अगस्त्य तारा उदित चल रहा है। स्पष्ट है—इस दिन यह व्रत नहीं किया जा सकता।

इस वर्ष भाद्र. कृष्ण अष्टमी (30 अगस्त, 2021 ई.) को अगस्त्य तारा अस्त है। इस दिन यह अष्टमी 'रौहिण' यानी दिन के नवम मुहूर्त्त को भी पूर्णतः व्याप्त कर रही है। ज्येष्ठा और मूल नक्षत्र, जो इस पर्व को दूषित करते हैं, उनका भी इस दिन पूर्ण अभाव है।

स्पष्ट है—यह 'दूर्वाष्टमी व्रत' 30 अग., 2021 ई. को होगा।

ध्यान दें कि—इस दिन स्मार्त/वैष्णव—दोनों का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत भी है। जन्माष्टमी-व्रतानुष्ठान अर्द्धरात्रि में और दूर्वाष्टमी का पूजन रौहिण (दिन के नवम) मुहूर्त्त में होगा। स्पष्ट है—दोनों का अनुष्ठेय काल पर्याप्त भिन्न होने से इनके व्रतियों को यहां कोई कठिनाई नहीं होगी।

कुशोत्पाटिनी अमा (भाद्र. अमा)

भाद्रपद अमा में कुशोत्पाटन (कुशा-संचयन) किया जाता है। इस दिन संचित कुशा वर्षभर पवित्र रहती है—

" अयातयामास्ते दर्भा विनियोज्याः पुनः पुनः।"

यहां कुशचयन का विधान द्वितीय प्रहरव्यापिनी भाद्रपद अमा में माना गया है—**" समित्पुष्प-कुशादीनां द्वितीयः प्रहरे मतः।"**

इस वर्ष 7 सितं., 2021 ई. को यह अमा प्रातः 6 घं. 21 मि. पर (द्वितीय प्रहरारम्भ से बहुत पहले ही यानी प्रथम प्रहर में ही) समाप्त हो जाती है। अतः इस दिन कुशोत्पाटन नहीं किया जा सकता। पहले दिन 6 सितं., 2021 ई. को प्रातः 7 घं. 39 मि. के बाद सारा दिन अमावस विद्यमान है और यह यहां द्वितीय प्रहर को भी पूर्णरूप से व्याप्त कर रही है।

स्पष्ट है—6 सितं., 2021 ई. को ही (द्वितीय प्रहरव्याविनी अमा में) कुशोत्पाटन होगा।

श्रवण द्वादशी/विष्णुशृंखल योग (भाद्र. शुक्ल द्वादशी)

भाद्र. शुक्ल द्वादशी जिस दिन एक मुहूर्त्त या इससे अधिक काल को व्याप्त कर, श्रवण से योग करे, उस दिन '**श्रवण द्वादशी व्रत**' किया जाता है।

इस वर्ष 18 सितं., 2021 ई. को यह द्वादशी 1 मुहूर्त्त तक तो विद्यमान है, लेकिन इस दिन इसके साथ श्रवण का योग बिल्कुल नहीं है। पिछले दिन (17 सितं., 2021 ई. को) यह द्वादशी 8 घं. 8 मि. (भा.स्टैं.टा.) के बाद सारा दिन श्रवण से योग कर रही है। **स्पष्ट है—श्रवणयोगवती द्वादशी वाले दिन यानी 17 सितं., 2021 ई. को ही यह श्रवण द्वादशी पर्व मनाया जायेगा।**

श्रवण द्वादशी यदि एकादशी और श्रवण से सम्पर्क करे तो इस दिन '**विष्णुशृंखल नामक योग**' बनता है। इस वर्ष 17 सितं., 2021 ई. को प्रातः 8 घं. 8 मि. तक एकादशी और उसके बाद सारा दिन द्वादशी विद्यमान है। इन दोनों तिथियों के साथ श्रवण नक्षत्र का सम्पर्क भी यहां है। अतः इस दिन (17 सितं., 2021 ई. को) यह '**विष्णुशृंखल**' नामक योग भी बन रहा है—

" संस्पृश्यैकादशीं राजन्! द्वादशीं यदि संस्पृशेत्।
श्रवणं ज्योतिषां श्रेष्ठं ब्रह्महत्यां व्यपोहति॥"—(नारद)

षष्ठी श्राद्ध (आश्विन कृष्ण षष्ठी)

यह पार्वण श्राद्ध है और सभी पार्वणश्राद्ध अपराह्णव्यापिनी तिथियों में किये जायें—यह शास्त्रनिर्देश है—" **पार्वणन्त्वपराह्णके।**" अतः आश्विन कृष्ण षष्ठी का यह श्राद्ध अपराह्णव्यापिनी तिथि में किया जायेगा—यह स्पष्ट है।

इस वर्ष 26 और 27 सितं., 2021 ई. को दो दिन यह षष्ठी लगभग समान रूप से अपराहूणव्यापिनी है। ऐसी स्थिति में धर्मशास्त्र का नियम है कि—यह तिथि यदि षष्टिघट्यधिका (60 घड़ी से अधिक) हो तो यह श्राद्ध दूसरे दिन किया जाये।

इस निर्णयानुसार इस वर्ष हमने यह श्राद्ध 27 सितं., 2021 ई. को लिखा है, जोकि पूर्णतः शास्त्रसम्मत है। 26 सितं. '21 ई. को अपराह्णकाल 13 घं. 25 मि. से 15 घं. 47 मि. तक और 27 सितं., 2021 ई. को यह अपराह्णकाल 13 घं. 22 मि. से 15 घं. 44 मि. तक रहेगा।

(ध्यान दें—इस वर्ष 26 सितं., 2021 ई. को कोई भी तिथिश्राद्ध नहीं होगा।)

श्रीमहालक्ष्मी व्रत समाप्त (आश्विन कृष्णाष्टमी)

चन्द्रोदयव्यापिनी आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन यह व्रत सम्पन्न (पूर्ण)

किया जाये—यही शास्त्रनियम है।

इस वर्ष यह अष्टमी 28 सित., 2021 ई. को चन्द्रोदयव्यापिनी है। अत: हमने इस व्रत का समापन इसी दिन (28 सित., 2021 ई. को ही) लिखा है।

ध्यान दें—अगले दिन यानी 29 सित., 2021 ई. को भी यह अष्टमी 20 घं. 30 मि. (भा.स्टै.टा.) तक मौजूद है, लेकिन इस दिन यह चन्द्रोदय से पूर्व ही समाप्त हो रही है। अत: इस दिन यह व्रत नहीं हो सकता।

सोमप्रदोष व्रत (आश्विन शुक्ल त्रयोदशी)

प्रत्येक पक्ष की प्रदोषकालव्यापिनी त्रयोदशी तिथि में यह व्रत किया जाता है। यह नक्तव्रत है।

इस वर्ष 18 अक्तू., 2021 ई. को यह तिथि पर्याप्त प्रदोष को व्याप्त कर रही है, जबकि 17 अक्तू., 2021 ई. को भी यह तिथि अत्यल्प काल (कुछ ही मिनटों) के लिए प्रदोषव्यापिनी है। ऐसी स्थिति में, जबकि यह तिथि दो दिन प्रदोष को समान या असमानरूप से व्याप्त करे अथवा व्याप्त न भी करे तो यह व्रत हमेशा दूसरे ही दिन होता है—

"प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिः दिनद्वये।
अव्याप्तिर्वाऽथवांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा॥"—(कालमाधव)

स्पष्ट है—आश्विन शुक्ल का यह 'सोमप्रदोष व्रत' 18 अक्तू., 2021 ई. को ही होगा।

श्रीगणेश चतुर्थी व्रत (पौष कृष्ण चतुर्थी)

यह व्रत प्रत्येक चान्द्रमास के कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी में किया जाता है। मातृ(तृतीया)विद्धा चतुर्थी में इस व्रत को करने का विशेष महत्त्व है—"**चतुर्थी गणनाथस्य मातृविद्धा प्रशस्यते।**"

इस वर्ष 22 और 23 दिसं., 2021 ई. को दो दिन चतुर्थी विद्यमान है, लेकिन 22 दिसं., 2021 ई. को यहां चतुर्थी चन्द्रोदयव्यापिनी भी है और तृतीया से विद्ध भी, जबकि 23 दिसम्बर को यह तिथि चन्द्रोदय से काफी पहले ही समाप्त हो जाती है। **स्पष्ट है—22 दिसं., 2021 ई. को ही 'श्रीगणेश चतुर्थी व्रत' होगा।**

प्रदोष व्रत (माघ कृष्ण त्रयोदशी)

यह हम पीछे बतला चुके हैं कि यह व्रत प्रत्येक पक्ष की प्रदोषव्यापिनी त्रयोदशी में सम्पन्न किया जाता है और यह नक्त व्रत है।

इस वर्ष 30 जनवरी, 2022 ई. को त्रयोदशी प्रदोष के काफी भाग में विद्यमान है, जबकि 29 जनवरी, 2022 ई. को यह त्रयोदशी प्रदोषसमाप्ति (20 घं. 32 मि.) के अनन्तर 20 घं. 38 मि. पर शुरु होती है। अत: इस दिन यह प्रदोष को बिल्कुल भी स्पर्श नहीं करती। **स्पष्ट है—यह प्रदोषव्रत 30 जनवरी, 2022 ई. को (प्रदोष-कालव्यापिनी त्रयोदशी में) ही होगा।**

होलिका-दहन (फाल्गुन पूर्णिमा)

भद्रारहित प्रदोषकालव्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका-दहन किया जाता है।

इस वर्ष 17 मार्च, 2022 ई. को पूर्णिमा प्रदोषव्यापिनी है, जबकि अगले दिन 18 मार्च, '22 को यह दोपहर को 12 घं. 47 मि. पर ही समाप्त हो जाती है। इसलिए इस वर्ष होलिकादहन प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा वाले दिन 17 मार्च, 2022 ई. को किया जाये, यह सिद्ध होता है। लेकिन इस दिन पूरा का पूरा प्रदोष भद्रा से दूषित है और भद्रा में होलिकादहन का शास्त्र सर्वदा निषेध करते हैं—"भद्रायां **द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी-फाल्गुनी तथा।**"

इस स्थिति में भद्रापुच्छ में 'होलिकादहन' का निर्देश धर्मशास्त्रियों ने दिया है। वे आपात-स्थिति में भद्रापुच्छ में 'होलिकादहन' को शुभ मानते हैं—"भद्रापुच्छे जयः।"

भद्रापुच्छकाल इस दिन (17 मार्च, 2022 ई. को) 21 घं. 1 मि. से 22 घं. 13 मि. के मध्य रहेगा।

इसी काल (भद्रापुच्छकाल) के मध्य इस वर्ष आपको इस दिन (17 मार्च, 2022 ई. को) 'होलिकादहन' सम्पन्न करना होगा।

मेला पिहोवा तीर्थ (हरि.) (चैत्र अमा)

यह पार्वण श्राद्ध तिथिदिन है। अपराहणव्यापिनी चैत्र कृष्ण चतुर्दशी के दिन हरियाणा प्रदेश के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल पिहोवा में इस दिन एक बड़े मेले का आयोजन होता है। दूर-दूर से धर्मनिष्ठ लोग आकर इस दिन यहां अपने-अपने पितरों के निमित्त, उनकी तृप्त्यर्थ श्राद्धान्न, तिल-तर्पण आदि अर्पित कर स्वयं को पुण्यभागी मानते हैं। यह मेला इस तीर्थस्थल पर चैत्र कृष्ण चतुर्दशी, जिस दिन अपराहणव्यापिनी हो, उस दिन होता है। हालांकि, मध्याह्नव्यापिनी चैत्र कृष्ण-चतुर्दशी से लेकर चैत्र अमा पर्यन्त यहां तिल-तर्पण-श्राद्ध आदि करने की परम्परा धर्मनिष्ठ जनता लिये हुए है। किन्तु शास्त्र तो पार्वणपद्धति अनुसार इसकी वैधता चैत्र कृष्ण पक्ष की अपराहणव्यापिनी चतुर्दशी में ही सिद्ध करते हैं, जबकि एकोद्दिष्ट श्राद्ध मध्याह्नव्यापिनी तिथि में सम्पन्न करने का निर्देश भी शास्त्रकार हमें देते ही हैं।

इस वर्ष चैत्र कृष्ण चतुर्दशी 31 मार्च, 2022 ई. को 12 घं. 22 मि. (भा.स्टैं. टा.) तक है, जो मध्याह्न के कुछ भाग में तो है, परन्तु अपराहणारम्भ से पूर्व ही समाप्त हो जाती है। 30 मार्च, 2022 ई. को यह चतुर्दशी 13 घं. 19 मि. (भा.स्टैं. टा.) पर शुरु होकर आगे पूरा दिन, पूरी रात व अगले दिन दोपहर (मध्याह्न के कुछ भाग) तक चलेगी।

30 मार्च, 2022 ई. को अपराहणकाल 13 घं. 41 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर शुरु होगा और इस दिन चतुर्दशी 13 घं. 19 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर शुरु हो जायेगी। **स्पष्ट है—इसी दिन यह सम्पूर्ण अपराहणव्यापिनी है, अतः हमने यह पिहोवा का श्राद्ध-पर्व-मेला (मेला पिहोवा तीर्थ) 30 मार्च, 2022 को लिखा है, जो पूर्णतः शास्त्रसम्मत है।**

— — —

गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2021 से 1 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक)

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
1 जन.	20	15	3 जन.	19	56
10 जन.	10	49	12 जन.	7	37
19 जन.	9	54	21 जन.	15	36
29 जन.	3	50	31 जन.	2	28
6 फर.	17	17	8 फर.	15	20
15 फर.	18	28	17 फर.	23	48
25 फर.	13	17	27 फर.	11	18
5 मार्च	22	37	7 मार्च	20	59
15 मार्च	2	19	17 मार्च	7	30
24 मार्च	23	12	26 मार्च	21	39
2 अप्रै.	5	19	4 अप्रै.	2	38
11 अप्रै.	8	57	13 अप्रै.	14	19
21 अप्रै.	7	58	23 अप्रै.	7	41

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
29 अप्रै.	14	29	1 मई	10	15
8 मई	14	46	10 मई	20	25
18 मई	14	55	20 मई	15	57
27 मई	1	15	28 मई	20	2
4 जून	20	47	7 जून	2	27
14 जून	20	36	16 जून	22	14
23 जून	11	48	25 जून	6	40
2 जुला.	3	49	4 जुला.	9	5
12 जुला.	2	21	14 जुला.	3	40
20 जुला.	20	32	22 जुला.	16	25
29 जुला.	12	2	31 जुला.	16	37
8 अग.	9	19	10 अग.	9	52
17 अग.	3	2	19 अग.	0	7

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
25 अग.	20	47	28 अग.	0	47
4 सितं.	17	45	6 सितं.	17	51
13 सितं.	8	23	15 सितं.	5	55
22 सितं.	5	6	24 सितं.	8	53
2 अक्तू.	2	57	4 अक्तू.	3	26
10 अक्तू.	14	44	12 अक्तू.	11	26
19 अक्तू.	12	12	21 अक्तू.	16	16
29 अक्तू.	11	38	31 अक्तू.	13	16
6 नवं.	23	38	8 नवं.	18	49
15 नवं.	18	8	17 नवं.	22	42
25 नवं.	18	49	27 नवं.	21	43
4 दिसं.	10	47	6 दिसं.	4	54
12 दिसं.	23	59	15 दिसं.	4	40

प्रारम्भ			समाप्त		
2021-22 ई.	घं.	मि.	2021-22 ई.	घं.	मि.
23 दिसं.	0	44	25 दिसं.	4	9
31 दिसं.	22	4	2 जन.	16	23
9 जन.	7	10	11 जन.	11	9
19 जन.	6	42	21 जन.	9	42
28 जन.	7	10	30 जन.	2	49
5 फर.	16	8	7 फर.	18	58
15 फर.	13	48	17 फर.	16	10
24 फर.	13	30	26 फर.	10	32
5 मार्च	1	51	7 मार्च	3	50
14 मार्च	22	7	17 मार्च	0	20
23 मार्च	18	52	25 मार्च	16	7
1 अप्रै.	10	39	—	—	—

पंचकों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2021 से 1 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक)

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
15 जन.	17	5	20 जन.	12	36
12 फर.	2	10	16 फर.	20	56
11 मार्च	9	21	16 मार्च	4	43
7 अप्रै.	15	0	12 अप्रै.	11	29

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
4 मई	20	43	9 मई	17	28
1 जून	3	58	5 जून	23	27
28 जून	12	59	3 जुलाई	6	13
25 जुलाई	22	47	30 जुलाई	14	2
22 अग.	7	57	26 अग.	22	28

प्रारम्भ			समाप्त		
2021 ई.	घं.	मि.	2021 ई.	घं.	मि.
18 सितं.	15	25	23 सितं.	6	43
15 अक्तू.	21	15	20 अक्तू.	14	1
12 नवं.	2	51	16 नवं.	20	14
9 दिसं.	10	9	14 दिसं.	2	4

प्रारम्भ			समाप्त		
2022 ई.	घं.	मि.	2022 ई.	घं.	मि.
5 जन.	19	53	10 जन.	8	49
2 फर.	6	45	6 फर.	17	9
1 मार्च	16	31	6 मार्च	2	29
28 मार्च	23	54	—	—	—

रविवार-कैलेण्डर (1 जनवरी, सन् 2021 से 1 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक)

2021 ई.	रविवार की तारीखें				
जनवरी	3	10	17	24	31
फरवरी	7	14	21	28	—
मार्च	7	14	21	28	—
अप्रैल	4	11	18	25	—

2021 ई.	रविवार की तारीखें				
मई	2	9	16	23	30
जून	6	13	20	27	—
जुलाई	4	11	18	25	—
अगस्त	1	8	15	22	29

2021 ई.	रविवार की तारीखें				
सितम्बर	5	12	19	26	—
अक्टूबर	3	10	17	24	31
नवम्बर	7	14	21	28	—
दिसम्बर	5	12	19	26	—

2022 ई.	रविवार की तारीखें				
जनवरी	2	9	16	23	30
फरवरी	6	13	20	27	—
मार्च	6	13	20	27	—

13 अप्रैल, सन् 2021 ई. को हरिद्वार में 'कुम्भ-महापर्व'

(कुम्भपर्व का माहात्म्य और उसकी स्नान-तिथियां)

लेखक—प्रियव्रत शर्मा

समुद्रमन्थन से प्राप्त अमृतकलश को इन्द्र का पुत्र जयन्त राक्षसों से दूर देवताओं की अनुमति से लेकर भागा तो राक्षसों और देवताओं के मध्य अमृतप्राप्ति के लिए बारह दिव्य दिन (बारह सौर वर्ष) तक घमासान युद्ध हुआ। इस युद्ध के दौरान अमृतकलश को राक्षसों से बचाने के लिए उसे कभी प्रयाग, कभी उज्जैन, कभी हरिद्वार और कभी गोदावरी तट पर नासिक में छिपाया गया। इन चारों स्थलों पर अमृतकलश से अमृत के बिन्दु छलक कर गिरे। इसीलिए इन चारों स्थलों पर बारह सौर वर्षों में एक-एक बार कुम्भ पर्व मनाया जाता है। इस अमृतकलश को देवासुरसंग्राम के दिनों में सूर्य ने फूटने से बचाया और गुरु (बृहस्पति) ने इसकी देखभाल (सुरक्षा) की। यही कारण है कि—इन दोनों की विशेष राशियों में स्थिति के समय इन चार स्थलों पर कुम्भपर्व मनाये जाते हैं। कहीं ऐसा भी लिखा है कि—दैत्य-देवों की छीना-झपटी में अमृतकलश से अमृत की चार बूंदें हरिद्वार आदि में गिरीं, इसलिए इन स्थलों पर कुम्भपर्व मनाये जाते हैं।

कुम्भ राशिस्थ बृहस्पति के समय जिस दिन सूर्यदेव मेष राशि में प्रवेश करते हैं, उस दिन हरिद्वार में कुम्भपर्व मनाया जाता है। इस दिन हरिद्वार में गंगास्नान से मोक्ष की प्राप्ति होती है—

"कुम्भराशिगते जीवे मेषराशिगते रवौ।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति-वर्जनम्॥"

इस वर्ष (संवत् 2078 वि. में) 13 अप्रै., 2021 ई. को 26 घं. 31 मि., यानी 14 अप्रैल, 2021 ई. के दिन भा. स्टैं. टा. अनुसार 2 बजकर 31 मिनट पर सूर्यदेव मेषराशि में प्रविष्ट होंगे। इस समय बृहस्पति कुम्भ राशि में होगा। इसलिए इस दिन (13 अप्रैल को) शास्त्रानुसार हरिद्वार में कुम्भ-महापर्व पर गंगास्नान एवं दान, जप से महापुण्य प्राप्त होगा। मेष संक्रान्ति का पुण्यकाल अगले दिन (14 अप्रैल, 2021 ई. को) मध्याह्न तक रहेगा—**"मध्यरात्रात् परतः संक्रान्तौ परदिनस्य पूर्वार्धं पुण्यम्।"** (अर्थात् यदि संक्रान्ति अर्धरात्रि के बाद हो तो उसका पुण्यकाल दूसरे दिन के पूर्वार्ध में रहता है) —(धर्मसिन्धु)। क्योंकि संक्रान्ति के पुण्यकाल में भी तीर्थस्थानों, पवित्र नदियों में स्नान एवं दान-जप आदि का विशेष महत्त्व शास्त्रों में स्थान-स्थान पर वर्णित है, अतः हरिद्वार के कुम्भपर्व पर एकत्रित धार्मिक लोगों को 14 अप्रैल, सन् 2021 ई. को भी मेष संक्रान्ति के पुण्यकाल में (सूर्योदय से पहले अरुणोदयकाल से लेकर मध्याह्न तक) हरिद्वार में गंगास्नान, दान-जप आदि करने से चूकना नहीं चाहिए।

यहां विशेष शास्त्रीय निर्देश के अनुसार बेशक हरिद्वार के इस कुम्भपर्व का वास्तविक योग 13 अप्रैल, 2021 ई. को बना है, किन्तु 14 अप्रैल, 2021 ई. को मेष संक्रान्ति के पुण्यकाल में भी स्नान-दानादि का विशेष महत्त्व है। हालांकि इस दिन पुण्यकालानन्तर भी सारा दिन स्नान-दानादि का माहात्म्य समानरूप से माना गया है, अतः श्रद्धालु जनता इस दिन पुण्यकालरहित काल में भी धर्मकृत्यों का सम्पादन निःसन्देह कर सकती है।

ध्यान रहे कि—इस हरिद्वार कुम्भमहापर्व का प्रमुख शाही स्नान (जिसमें पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य एवं अखाड़ों के प्रमुख साधु-सन्त, महन्तश्री आदि गंगा में स्नान करते हैं) 13 अप्रैल को ही होगा।

कुम्भपर्व पर स्नान का माहात्म्य

कुम्भपर्व पर समस्त भारत ही नहीं, विश्व के विभिन्न देशों से असंख्य ब्रह्मनिष्ठ, तपोधन महात्मा लोग हरिद्वार में एकत्र होकर गंगा में स्नान करने के लिए अपने-अपने सम्प्रदाय के महात्माओं के साथ विशिष्ट साज-सज्जा के साथ शोभायात्रा के रूप में निकलते हैं, जिनके दर्शन से धार्मिक लोग अपने जीवन को कृत-कृत्य करते हैं। इस अवसर पर तपःपूत मूर्धन्य महान् आत्माओं का यह अपूर्व सम्मेलन वस्तुतः दर्शनीय होता है। इस महापर्व पर श्रीगंगाजी में स्नान से मोक्ष की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की लौकिक कामनाओं की उपलब्धि की शास्त्रों में चर्चा है। शास्त्र कहते हैं—इस पर्व पर गंगास्नान

से उपलब्ध होने वाले माहात्म्य का बखान करना तो ब्रह्माजी के लिए भी सम्भव नहीं—

"कुम्भराशिगते जीवे यद्दिने मेषगो रविः।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति-वर्जनम्॥
लोके 'कुम्भ' इति ख्यातः जानीयात् सर्वकामदः।
गंगायां स्नानमाहात्म्यं नालं वक्तुं चतुर्मुखः॥"

एक परम्पराप्राप्त वाक्य में तो कुम्भपर्व पर किये गये गंगास्नानजन्य फल को हजारों अश्वमेध एवं सैकड़ों वाजपेय यज्ञों तथा समस्त पृथ्वी की लाख बार की गयी प्रदक्षिणा से प्राप्त फल से भी कहीं बढ़कर बतलाया गया है—

"अश्वमेध – सहस्राणि वाजपेयशतानि च।
लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भस्नानेन तत्फलम्॥"

सन् 2021 ई. में हरिद्वार कुम्भ-महापर्व के विशेष स्नानदिन

कुम्भपर्व पर स्नान-दान से पुण्यार्जन करने के इच्छुक असंख्य श्रद्धालु लोग तो कुम्भपर्व के प्रधान स्नान-दिन से दो-अढाई मास पूर्व ही श्रीगंगा के तट पर आ बसते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए पुण्यार्जन-निमित्त किये जा रहे तीर्थप्रवास के इन दिनों में अनेक विशेष पर्व आते हैं, जिनमें गंगास्नान का परम्परया बहुत विशेष माहात्म्य माना गया है। इन स्नान-दिनों को कुम्भपर्व का ही अंग माना गया है। **इस वर्ष हरिद्वार के इस कुम्भपर्व का प्रमुख स्नान तो 13 अप्रैल को ही होगा, लेकिन इसके अंगभूत अन्य स्नानदिन (जिनमें धार्मिक लोग गंगास्नान करके परमपुण्य प्राप्त कर सकेंगे) इस प्रकार है—**

1. माघी अमा (11 फर., 2021 ई.)—इस दिन को 'मौनी अमा' के रूप में माना जाता है और इस दिन अमा का प्रभुत्त्व सारा दिन विद्यमान है, अतः इस अवधि में स्नान-दानादि से धर्मनिष्ठ सज्जनों को बिल्कुल चूकना नहीं चाहिए।

2. वसन्त पंचमी (16 फरवरी)।

3. आरोग्य(रथ) सप्तमी (18 फरवरी)।

4. भीष्माष्टमी (20 फरवरी)।

5. माघी पूर्णिमा (27 फरवरी)।

6. श्री महाशिवरात्रि व्रतदिन (11 मार्च)—यह कुम्भपर्व का विशेष स्नानदिन है। इस दिन **'प्रथम शाही स्नान'** होगा, जिसमें दशनाम सम्प्रदाय के संन्यासी स्नान करते हैं। इस दिन स्नान-दानादि का विशेष माहात्म्य शास्त्रप्रतिपादित है, अतः इस दिन स्नान-दान से धर्मप्रवृत्त लोगों को पुण्यार्जन अवश्य करना चाहिए।

7. शनैश्चरी अमा (13 मार्च)।

8. मीन संक्रान्ति (14 मार्च)।

9. महाविषुवदिन (20 मार्च)।

10. चैत्री अमावस/सोमवती अमावस (12 अप्रैल)—यह भी कुम्भपर्व का विशेष स्नानदिन है। इस दिन कुम्भपर्व का **'द्वितीय शाही स्नान'** होगा, जिसमें षड्दर्शन के संन्यासी स्नान करते हैं।

11. मेष संक्रान्ति (13 अप्रैल)—**कुम्भपर्व का यह प्रमुख स्नानदिन है, जहां 'तृतीय(प्रमुख)शाही' स्नान होगा।** इस स्नान में षड्दर्शन के शंकाराचार्यादि सन्त-महात्मा अपने विद्वान् शिष्यों सहित शान-शौकत से भाग लेते हैं। **ध्यान दें**—इस दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा/नवरात्र/नववर्ष-प्रारम्भदिन भी है, जिससे इस कुम्भपर्व के स्नानादि का माहात्म्य और भी बढ़ जाता है। **ध्यान रहे**—जैसा कि पीछे भी लिख आये हैं कि—मेष संक्रान्ति-पुण्यकाल अगले दिन (14 अप्रैल, 2021 ई. को) मध्याह्न तक रहेगा, अतः 14 अप्रैल को भी धर्मिष्ठ जनता को स्नान-दानादि सम्पादित कर पुण्यार्जन अवश्य करना चाहिए।

12. श्रीरामनवमी (21 अप्रैल)।

13. चैत्री पूर्णिमा (27 अप्रैल)।

14. भौमवती अमा (11 मई)।

15. वृषसंक्रान्ति एवं श्री परशुराम जयन्ती/अक्षय तृतीया (14 मई)।

16. श्रीशंकराचार्य जयन्ती (17 मई)।

17. श्रीगंगा-जन्म (18 मई)।

18. वैशाखी पूर्णिमा (कुम्भपर्व का अन्तिम स्नानदिन) (26 मई)।

इन स्नानदिनों के अतिरिक्त कुम्भपर्व पर हरिद्वार में प्रवास करने वाले धार्मिक जनों को सभी एकादशी व्रतों के दिनों अथवा अन्य विशेष पर्वदिनों में भी गंगास्नान का पुण्य प्राप्त करना चाहिए।

कुम्भपर्व पर गंगास्नान-पूजन-विधि

(प्रियव्रत शर्मा द्वारा रचित "व्रत-पर्व विवेक" से उद्धृत)

नित्य स्नान, पूजा आदि के पश्चात् प्रमुख स्नान के दिन (13 अप्रैल, 2021 ई. को) अरुणोदयकाल में स्नान से पूर्व स्नानकर्त्ता यह संकल्प करे—

ओम् विष्णुः विष्णुः विष्णुः अद्य ब्रह्मणो वयसो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराह-कल्पे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे राक्षस-नामसंवत्सरे मेषसंक्रान्तिपर्वणि . कुम्भस्थे गुरौ भौमवासरे अमुकगोत्रः अमुकनामाऽहम् अद्यावधि बोधाबोधपूर्वं कृतानां पापानां मार्जनाय जन्म-मरणावर्त्तान्मुक्तये च भगवत्या गंगायाः श्रीशिवस्य च षोडशोपचार-पूजनं विधाय गंगायाः पावनधारायाम् इह हरिद्वारे स्नानमाचरिष्यामि।

इस संकल्प के अनन्तर भगवत्स्मरणपूर्वक गंगास्नान करें। इस कुम्भ महापर्व के पर्वदेव **'शिव और गंगा'** हैं, अतः इस दिन पापापहारिणी भगवती गंगा एवं जगद्रक्षक भगवान् शिव की षोडशोपचार पूजा करके गंगा में पुष्पांजलि-अर्पणपूर्वक स्नान करते हुए यह मन्त्र पढ़ें—**"ओम् पापानि हर मे गंगे मुक्तिं देहि परां गतिम्।"**

(ध्यान रहे—कुम्भपर्व की अन्य तिथियों में भी उक्त विधि का ही अनुसरण धर्मनिष्ठ व्यक्ति को करना चाहिए। यदि स्नान अरुणोदय में न किया जा सके तो दिन के किसी भी भाग में स्नान किया जा सकता है किंवा स्नानकर्ता षोडशोपचार पूजा करने में यदि उस समय असमर्थ हो तो पंचोपचार अथवा मानसिक पूजा ही उसे उस समय कर लेनी चाहिए।)

स्नानानन्तर गंगा के तट पर बैठकर **"ॐ नमः शिवाय"** का जाप तथा **"गंगालहरी"** एवं **"शिव-स्तोत्र"** आदि का पाठ करना चाहिए। आगे दिये जा रहे भगवान् शिव के **'पंचाक्षरस्तोत्र'** एवं **'श्रीगंगाष्टक'** का पाठ भी इस दिन अभीष्ट फलप्रद माना जाता है।

श्रीशिव-पंचाक्षर-स्तोत्र

(श्रीमच्छङ्कराचार्य विरचित)

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै 'न' काराय नमः शिवाय॥१॥
मन्दाकिनीसलिलचन्दनचर्चिताय नन्दीश्वरप्रमथनाथमहेश्वराय।
मन्दारपुष्पबहुपुष्पसुपूजिताय तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय॥२॥
शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्दसूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय।
श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय॥३॥
वसिष्ठ-कुम्भोद्भव- गौतमार्य-मुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय।
चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय॥४॥
यक्षस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै 'य' काराय नमः शिवाय॥५॥
पंचाक्षरमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसन्निधौ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥६॥

श्रीगङ्गाष्टकम्

(महर्षि वाल्मीकिकृत)

मातः शैलसुतासपत्नि वसुधाशृङ्गारहारावलि
स्वर्गारोहणवैजयन्ति भवतीं भागीरथि प्रार्थये।
त्वत्तीरे वसतस्त्वदम्बु पिबतस्त्वद्वीचिषु प्रेङ्खत-
स्त्वन्नाम स्मरतस्त्वदर्पितदृशः स्यान्मे शरीरव्ययः॥१॥
त्वत्तीरे तरुकोटरान्तरगतो गङ्गे विहङ्गो वरं
त्वन्नीरे नरकान्तकारिणि वरं मत्स्योऽथवा कच्छपः।
नैवान्यत्र मदान्धसिन्धुरघटासङ्घट्टघण्टारण-
त्कारत्रस्तसमस्तवैरिवनितालब्धस्तुतिर्भूपतिः ॥२॥

उक्षा पक्षी तुरग उरगः कोऽपि वा वारणो वा
वारीणः स्यां जननमरणक्लेशदुःखासहिष्णुः।
न त्वन्यत्र प्रविरलरणत्कङ्कणक्वाणमिश्रं
वारस्त्रीभिश्चमरमरुता वीजितो भूमिपालः॥३॥

काकैर्निष्कुषितं श्वभिः कवलितं गोमायुभिर्लुण्ठितं
स्त्रोतोभिश्चलितं तटाम्बुलुलितं वीचीभिरान्दोलितम्।
दिव्यस्त्रीकरचारु-चामर-मरुत्संवीज्यमानः कदा
द्रक्ष्येऽहं परमेश्वरि त्रिपथगे भागीरथि स्वं वपुः॥४॥

अभिनवबिसवल्ली पादपद्मस्य विष्णो-
र्मदनमथनमौलैः मालतीपुष्पमाला।
जयति जयपताका काप्यसौ मोक्षलक्ष्म्याः
क्षपितकलिकलङ्का जाह्नवी नः पुनातु॥५॥

एतत्ताल-तमाल-सालसरल - व्यालोलवल्लीलता-
च्छन्नं सूर्यकरप्रतापरहितं शङ्खेन्दु-कुन्दोज्ज्वलम्।
गन्धर्वामर-सिद्ध- किन्नरवधूतुङ्ग-स्तनास्फालितं
स्नानाय प्रतिवासरं भवतु मे गाङ्गं जलं निर्मलम्॥६॥

गाङ्गं वारि मनोहारि मुरारिचरणच्युतम्।
त्रिपुरारिशिरश्चारि पापहारि पुनातु माम्॥७॥

पापापहारि दुरितारि तरङ्गधारि
शैलप्रचारि गिरिराजगुहाविदारि।
झङ्कारकारि हरिपादरजोऽपहारि
गाङ्गं पुनातु सततं शुभकारि वारि॥८॥

गङ्गाष्टकं पठति यः प्रयतः प्रभाते
वाल्मीकिना विरचितं शुभदं मनुष्यः।
प्रक्षाल्य गात्र-कलिकल्मष-पङ्कमाशु
मोक्षं लभेत्पतति नैव नरो भवाब्धौ॥९॥

ग्रहण-विवरण (सं. 2078 वि.)

गणक-परिलेखक—प्रियव्रत शर्मा, ग्रहणफल—इन्दुशेखर शर्मा,

इस वर्ष (सं. 2078 वि.) में भूमण्डल पर निम्नांकित चार ग्रहण घटित होंगे—

1. खग्रास चन्द्रग्रहण (26 मई, 2021 ई.)
2. कंकणाकृति सूर्यग्रहण (10 जून, 2021 ई.)
3. खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (19 नवं., 2021 ई.)
4. खग्रास सूर्यग्रहण (4 दिसं., 2021 ई.)

नोट करें—उल्लिखित चारों ग्रहणों में से केवल 'खग्रास चन्द्रग्रहण' पूर्वी भारत एवं 'खण्डग्रास चन्द्रग्रहण' पूर्व एवं उ.भारत में ग्रस्तोदय (छायाग्रहण) रूप में ही दिखाई देंगे। यद्यपि 'सूर्य सिद्धान्त' के अनुसार ये ग्रहण 'अंगुलाल्पत्वादनादेश्य' लिखे हैं। फिर भी ये ग्रहण आंशिक रूप में जिस भाग में दृश्य होंगे वहां उसका वेध भी लगेगा।

ध्यान दें—इन दोनों आंशिक चन्द्रग्रहणों के बिम्ब पूर्वी भारत के अन्तिम सीमाक्षेत्र के हैं। अतः इनका विशेष प्रभाव भारत के अन्य भागों में कहीं भी नहीं होगा।

1. खग्रास चन्द्रग्रहण (26 मई, सन् 2021 ई.)

वैशाख शुक्ल पूर्णिमा, बुधवार के दिन, अनुराधा नक्षत्र एवं वृश्चिक राशि में यह ग्रहण खण्डग्रास-रूप में पूर्वी भारत, आसाम की ओर ग्रहस्तोदय दिखाई देगा।

यह ग्रहण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया, पैसिफिक सागर और अमेरिका में दिखाई देगा। भा.स्टैं.टा. के अनुसार इसका प्रारम्भ-समाप्ति निम्नांकित है—

छाया-ग्रहण-स्पर्श	14 घं. 17 मि. 42 से.
ग्रहण-स्पर्श	15 घं. 15 मि. 0 से.

ग्रहण चित्र—1
(26-05-2021 ई. का दृश्य खण्डग्रास चन्द्रग्रहण

ग्रहण-सम्मीलन	16 घं. 41 मि. 27 से.	भा.स्टैं.टा. (26 मई, '21 ई.)
ग्रहण-मध्य	16 घं. 48 मि. 42 से.	
ग्रहण-उन्मीलन	16 घं. 55 मि. 57 से.	
ग्रहण समाप्त	18 घं. 22 मि. 24 से.	

छाया-ग्रहण समाप्त	19 घं. 19 मि. 42 से.
खग्रास-समय	0 घं. 14 मि. 30 से.
खण्डग्रास-समय	3 घं. 7 मि. 24 से.
छाया-ग्रहण-समय	5 घं. 2 मि. 00 से.
क्रान्तिवृत्त में प्रतियुति	16 घं. 43 मि. 52 से.
ग्रहण का ग्रासमान	1.0095
छाया ग्रहण का ग्रासमान	1.9541

2. कंकणाकृति सूर्यग्रहण (10 जून, सन् 2021 ई.)

ज्येष्ठ कृष्ण अमावस, गुरुवार के दिन, मृगशिरा नक्षत्र और वृष राशि में यह ग्रहण घटित होगा। यह ग्रहण खण्डग्रास रूप में उत्तरी अमेरिका, यूरोप एवं एशिया में दिखाई देगा। लेकिन कंकणाकृतिरूप उत्तर कैनेडा, ग्रीनलैण्ड एवं रसिया में दिखाई देगा। **यह ग्रहण भारत में कहीं भी दृश्य न होने से यहां इसका ग्रहण-वेध नहीं माना जायेगा।**

इस ग्रहण की क्रमिक स्थिति निम्नांकित है–

ग्रहण-स्पर्श	13 घं. 42 मि. 20 से.	
ग्रहण-सम्मीलन	15 घं. 19 मि. 48 से.	
ग्रहण-मध्य	16 घं. 11 मि. 56 से.	
ग्रहण-उन्मीलन	16 घं. 53 मि. 00 से.	भा.स्टैं.टा.
ग्रहण समाप्त	18 घं. 41 मि. 21 से.	(10 जून,
क्रान्तिवृत्त में युति	16 घं. 21 मि. 39 से.	2021 ई.)
भूमध्यरेखा में युति	16 घं. 11 मि. 05 से.	
खग्रास-समय	0 घं. 03 मि. 51 से.	
ग्रहण का ग्रासमान	0.9435	
ग्रहण का आच्छादन	0.8903	

ग्रहण की मध्यवर्ती रेखा की चौड़ाई 526.8 कि. मी.

यह ग्रहण उत्तर शरीय है।

ग्रहणचित्र-2
(10 जून, 2021 ई.)

3. खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (19 नवम्बर, सन् 2021 ई.)

यह ग्रहण 18/19 नवम्बर, सन् 2021 ई. में कार्तिक पूर्णिमा, शुक्रवार को कृत्तिका नक्षत्र एवं वृष राशि में घटित होगा। यह ग्रहण पूर्व एवं उ.भारत में **ग्रस्तोदय-छाया-ग्रहणरूप** में दृश्य होगा। जबकि पूर्वी भारत में 96 अंश 23 कला पूर्व एवं 28 अंश 30 कला उत्तर के आसपास ग्रस्तोदयरूप में 01 से 05 मि. तक खण्डग्रासरूप में दृश्य होगा। यह अमेरिका, उत्तरी यूरोप, पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पैसिफिक सागर में खण्डग्रासरूप में दृश्य होगा।

भा.स्टैं.टा. अनुसार इस ग्रहण के प्रारम्भादि इस प्रकार हैं–

छाया-ग्रहण का स्पर्श	11 घं. 32 मि. 09 से.	
ग्रहण-स्पर्श	12 घं. 48 मि. 42 से.	
ग्रहण-मध्य	14 घं. 32 मि. 55 से.	
ग्रहण समाप्त	16 घं. 17 मि. 6 से.	
छायाग्रहण समाप्त	17 घं. 33 मि. 43 से.	
खण्डग्रास-समय	3 घं. 28 मि. 24 से.	भा.स्टैं.टा.
छायाग्रहण-समय	6 घं. 01 मि. 34 से.	(19 नवम्बर,
क्रान्तिवृत्त में प्रतियुति	14 घं. 27 मि. 00 से.	2021 ई.)
भूमध्य रेखा में प्रतियुति	14 घं. 14 मि. 00 से.	
ग्रहण का ग्रासमान	0.9742	
छायाग्रहण का ग्रासमान	2.0770	

यह ग्रहण उत्तर शरीय है।
छायाग्रहण का ग्रासमान 2.0770

यह ग्रहण उत्तर शरीय है।

ग्रहणचित्र-3
(19-11-2021, खण्डग्रास चन्द्रग्रहण)

4. खग्रास सूर्यग्रहण (4 दिसम्बर, सन् 2021 ई.)

यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं। 4 दिसम्बर, सन् 2021 ई., मार्गशीर्ष कृष्ण अमावस, शनिवार के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र व वृश्चिक राशि में घटित होगा। यह ग्रहण खण्डग्रास के रूप में अंटार्कटिका के कुछ भाग में, दक्षिण अफ्रीका एवं दक्षिण अटलाण्टिक में दिखाई देगा, लेकिन खग्रासरूप में अंटार्कटिका में ही दिखाई देगा।

ग्रहण की क्रमिक-स्थिति-समय (भा.स्टैं.टा.)—

ग्रहण-स्पर्श	10 घं. 59 मि. 16 से.	
ग्रहण-सम्मीलन	12 घं. 30 मि. 06 से.	
ग्रहण-मध्य	13 घं. 03 मि. 27 से.	
ग्रहण-उन्मीलन	13 घं. 30 मि. 45 से.	
ग्रहण समाप्त	15 घं. 07 मि. 29 से.	भा.स्टैं.टा.
क्रान्तिवृत्त में युति	13 घं. 13 मि. 00 से.	(4 दिसम्बर,
भूमध्यरेखा में युति	13 घं. 26 मि. 10 से.	2021 ई.)
खग्रास-समय	0 घं. 01 मि. 54 से.	
ग्रहण का ग्रासमान	1.0368	
ग्रहण का आच्छादन	1.0749	

ग्रहण की मध्यवर्ती रेखा (मार्ग) की चौड़ाई 418.8 कि.मी.

यह ग्रहण दक्षिण शरीय है।

ग्रहणचित्र-4
(4 दिसं., 2021 ई.)

खग्रासरूप में अण्टार्कटिका में ही यह 4 दिसं. का सूर्यग्रहण दिखाई देगा।

आगामी वर्ष (सं. 2079 वि.) में भारत में दृश्य-अदृश्य ग्रहण

आगामी वर्ष में भूगोल पर चार ग्रहण घटित होंगे—

1. 1 मई-सूर्यग्रहण,
2. 18 मई-चन्द्रग्रहण,
3. 25 अक्तूबर-सूर्यग्रहण,
4. 8 नवम्बर-चन्द्रग्रहण

नोट—इनमें से 25 अक्तूबर का सूर्यग्रहण एवं 8 नवम्बर का चन्द्रग्रहण ही भारत में दिखाई देंगे।

संवत् 2078 वि. की कुल जन्म-वर्ष-प्रश्न-मुहूर्त्त-कुण्डलियां

इन कुण्डलियों के श्रमसाध्य निर्माण में पूर्ण सहयोग के लिए "श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय"—कुराली (पं.) के अनुभवी कार्यकर्त्ता ग्राम सुन्हाड़—सौर, सोलन (हि.प्र.) निवासी प्रबुद्ध ज्योतिर्विद्वान् आचार्य श्रीकृष्ण शर्मा, शास्त्री, M.A., साहित्याचार्य, वेदाचार्य को आशीर्वाद पुरस्सर धन्यवाद दिये बिना मैं नहीं रह सकता।—प्रियव्रत शर्मा

यद्यपि जातकपद्धति एवं ताजिक ग्रन्थों में द्वादश-भाव-साधनपूर्वक बनायी गयी भावकुण्डली द्वारा भावफलादेश कहने का निर्देश है, तथापि लगभग सभी दैवज्ञ जातक-जन्मकालिक, प्रश्नकालिक, वर्षप्रवेश-कालिक तथा विवाहादि मुहूर्त्तकालिक आदि राशि-कुण्डलियों को ही फलादेशार्थ प्रयुक्त करने की परम्परा बनाये हुए हैं। जन्म, प्रश्न, वर्षप्रवेश या मुहूर्त्तकालीन लग्नराशि को प्रथम भाव राशि तथा तदुत्तरवर्ती राशियों को क्रमश: द्वितीय आदि भावों की राशियां मानकर बनायी गयी जन्मकुण्डली द्वारा ही समस्त फलादेश कहने का बहुत बड़ा सम्प्रदाय फलित ज्योतिष में व्यापक प्रभाव बनाये हुए है। सच बात तो यह है—फलित में भावचक्र तो केवल सिद्धान्तरूप में ही दिखाई पड़ता है, इसका प्रयोगात्मक-रूप तो लगभग लुप्त-सा ही हो गया है। इसे दृष्टि में रखते हुए यहां सं. 2078 वि. में बनने वाली सभी (कुल 206) कुण्डलियां दी जा रही हैं। **"किस तारीख के कितने बजे से, किस तारीख के कितने बजे तक"**—कौन-सी कुण्डली बनती है (यानी सूर्यादि ग्रह किन-किन राशियों में स्थित हैं), यह भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम अनुसार प्रत्येक कुण्डली के ऊपर यहां निर्दिष्ट है। इन कुण्डलियों के आधार पर दैवज्ञ लोग इस वर्ष में उत्पन्न होने वाले किसी भी जातक की जन्मकुण्डली (जन्मकालिक ग्रहस्थिति—कुण्डली), इस वर्ष घटित होने वाले वर्षप्रवेश-कालानुसारी वर्षप्रवेश-कुण्डली (वर्षप्रवेश- कालिक ग्रहस्थिति-कुण्डली) तथा अभीष्टकालिक प्रश्नकुण्डली (प्रश्नकालिक ग्रहस्थिति-कुण्डली) एवं अभीष्ट विवाहादि मुहूर्त्तकालिक ग्रहस्थिति-कुण्डली तुरन्त जान सकेंगे और तात्कालिक स्थानीय लग्न ज्ञात कर इन ग्रहस्थिति-कुण्डलियों को लग्नकुण्डलियां अनायास ही बना सकेंगे।

ध्यान दें—यहां दी गयीं ये कुण्डलियां विवाहादि-मुहूर्त्तकालिक लग्नों के निर्णय में भी अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई हैं। लग्ननिर्णयार्थ अपेक्षित ग्रहस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यहां दी गयीं इन कुण्डलियों द्वारा दैवज्ञ स्वयं भी लग्न की शुद्धि-अशुद्धि का यथार्थ निर्णय अत्यन्त आसानीपूर्वक अनायास ही कर सकते हैं।

क्योंकि, आगे दी जा रही ये सभी कुण्डलियां भारतीय स्टैण्डर्ड टाईमानुसार हैं, अत: भारत में इन्हें बिना किसी परिवर्तन के प्रयोग में लाया जायेगा। यदि इन्हें भारत से अन्य किसी भी देश के लिए प्रयोग में लाना हो, तब उस देश के स्थानीय स्टैण्डर्ड टाइम को केवल भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम में बदलकर इन्हें तुरन्त प्रयोग में लाइये।

स्पष्टता के लिए आगे उदाहरण दे रहे हैं। यहां पहले भारतस्थलीय उदाहरण लेते हैं—

उदाहरण (1)—चण्डीगढ़ (U.T.) में 15 अप्रैल, 2021 ई. को 10 घं. 50 मि. (भा.स्टैं. टा.) पर उत्पन्न होने वाले जातक की जन्मकुण्डली ज्ञात करनी है?

क्योंकि, इस जातक का जन्म **"15 अप्रैल, 00 घं. 9 मि. से 16 अप्रैल 20 घं. 55 मि."** के मध्य हुआ है, अत: इसकी जन्मकालिक कुण्डली (ग्रहस्थिति-कुण्डली) यहां दी गयी इसी कालावधि वाली कुण्डली के अनुरूप होगी। **किंच**—चण्डीगढ़ में 15 अप्रैल को 10 घं. 50 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर मिथुन लग्न है। अत: इस जातक की जन्मलग्न-कुण्डली यह बनी—

ध्यान दें—यहां दी गयीं ये कुण्डलियां विवाहादि-मुहूर्त्तकालिक लग्नों के

जातक की जन्मलग्न-कुण्डली यह बनी—

अब भारतेतर देश का उदाहरण लेते हैं—

उदाहरण (2)—15 जून, 2021 ई. को Madrid (Spain) में 08 घं. 30 मि. पर पैदा होने वाले जातक की जन्मलग्नकुण्डली ज्ञात करनी है?

Madrid (Spain) में D.S.T. (ग्रीष्मकालीन समय) चलता है, जो क्षेत्रीय स्टैं.टा. से एक घण्टा आगे रहता है। इन दिनों (गर्मियों में) यह लागू है। **स्पष्ट है**—इस जातक का यह जन्मसमय D.S.T. अनुसार है। अत: Spain स्टैं.टा. अनुसार इस समय इस जातक का जन्मकाल 7 घं. 30 मि. होगा। Madrid (Spain) के स्टैं.टा. से भा.स्टैं.टा. 4 घं. 30 मि. आगे रहता है, अत: इस जातक की जन्मकालिक भारतीय तारीख 15 जून, 2021 ई. और जन्मकाल 12 घं. 00 मि. (भा.स्टैं.टा.) बने। क्योंकि, इस जातक का जन्म भा.स्टैं.टा. अनुसार **"15 जून, 6 घं. 1 मि. से 15 जून 21 घं. 41 मि."** के मध्य हुआ है, अत: इसकी जन्म-कालिक-कुण्डली (ग्रहस्थिति-कुण्डली) यहां दी गयी इसी कालावधि वाली कुण्डली के अनुरूप होगी। **किंच**—Madrid में इसके जन्म के समय लग्न मिथुन होगा। तदनुसार इसकी कुण्डली यह बनेगी—

अब वर्षकुण्डली का उदाहरण ले रहे हैं—

उदाहरण (3)—भारत (हि.प्र.), सोलन में 15 अगस्त, 1974 ई. (गुरुवार) को 11 घं. 14 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर जन्मे एवं सम्प्रति मोहाली (पं.) में रहने वाले जातक की ई. सन् 2021-22 की वर्षकुण्डली जाननी है?

इस जातक के गताब्द यहां 47 मिले और 48वां वर्षप्रवेश 15 अगस्त, 2021 ई. (रविवार) को 12 घं. 25 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर होगा।

क्योंकि, इस जातक का वर्षप्रवेश **"13 अगस्त 19 घं. 28 मि. से 15 अगस्त 22 घं. 44 मि."** के मध्य हुआ है, अत: इसकी वर्षकुण्डली (48वें वर्ष की) यहां दी गयी इसी कुण्डली अनुरूप होगी। **किंच**—इस जातक के निवासस्थान मोहाली (पं.) में **इस समय** (15 अगस्त, 2021 ई. को 12 घं. 25 मि. पर) तुला लग्न है, अत: इस जातक की वर्षकुण्डली यह बनेगी—

अब प्रश्नकुण्डली का उदाहरण भी ले लेते हैं—

उदाहरण (4)—मान लें, 13 अप्रैल, 2021 ई. को (नव संवत्सर 2078 वि. के प्रथम दिवस पर) 11 घं. 15 मि. (भा.स्टैं. टा.) पर आपके पास चण्डीगढ़ (U.T.), भारत में आकर कोई प्रश्नकर्त्ता कार्यसिद्धि/असिद्धि का प्रश्न करता है। इसकी प्रश्नकुण्डली जाननी है?

यहां प्रश्नकालिक तारीख 13 अप्रैल, 2021 ई. और प्रश्नकाल 11 घं. 15 मि. आगे इस स्तम्भ में दिये गये **"13 अप्रैल 6 घं. 1 मि. से 14 अप्रैल 1 घं. 13 मि."** के मध्य पड़ता है, अत: यहां यह प्रश्न-कुण्डली इसी अवधि के अन्तर्गत आने वाली इस कुण्डली के अनुरूप होगी। **किंच**—यहां प्रश्नस्थल (चण्डीगढ़) में इस समय लग्न मिथुन है, अत: यहां इस प्रश्नकर्त्ता की कुण्डली इस तरह बनेगी—

आगे मुहूर्त्तकुण्डली का उदाहरण ले रहे हैं—

उदाहरण (5)—हमारे इस पंचांग (श्रीमार्त्तण्ड) में 25 अप्रैल, 2021 ई. को पृष्ठ 254 पर दिये सिंह लग्न वाले विवाहमुहूर्त्त की कुण्डली जाननी है?

इस लग्न (सिंह) का काल इस दिन (25 अप्रैल, 2021 ई. को) चण्डीगढ़ में 13 घं. 19 मि. से 15 घं. 39 मि. तक है और यह लग्नकाल इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिये गये **"24 अप्रै. 11 घं. 55 मि. से 26 अप्रै. 12 घं. 30 मि."** के मध्य पड़ता है, अत: यह मुहूर्त्त-कुण्डली (सिंह लग्न की) यहां दी इसी कुण्डली के अनुरूप इस तरह बनेगी—

इस प्रकार पाठक समझ गये होंगे—जन्म, वर्षप्रवेश, प्रश्न, मुहूर्त्त आदि कालिक लग्नकुण्डलियां बनाना अत्यन्त सरल है।

ध्यान रहे—कुण्डली की ग्रहस्थिति (ग्रहों की राशि आदि) स्थानभेद से बिल्कुल नहीं बदलती, केवल लग्न ही बदला करता है।

13 अप्रैल से 23 मई, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13 अप्रैल 6 घं. 1 मि. से 14 अप्रैल 1 घं. 13 मि.	चं. शु.	रा. मं.						के.		श.	गु.	सू. बु.
14 अप्रैल 1 घं. 14 मि. से 14 अप्रैल 2 घं. 30 मि.	चं. शु.	रा.	मं.					के.		श.	गु.	सू. बु.
14 अप्रैल 2 घं. 31 मि. से 15 अप्रैल 0 घं. 8 मि.	सू. चं. शु.	रा.	मं.					के.		श.	गु.	बु.
15 अप्रैल 0 घं. 9 मि. से 16 अप्रैल 20 घं. 55 मि.	सू. शु.	रा. चं.	मं.					के.		श.	गु.	बु.
16 अप्रैल 20 घं. 56 मि. से 17 अप्रैल 13 घं. 08 मि.	बु. शु. सू.	रा. चं.	मं.					के.		श.	गु.	
17 अप्रैल 13 घं. 09 मि. से 20 अप्रैल 0 घं. 27 मि.	बु. शु. सू.	रा.	मं. चं.					के.		श.	गु.	
20 अप्रैल 0 घं. 28 मि. से 22 अप्रै. 8 घं. 14 मि.	बु. सू. शु.	रा.	मं.	चं.				के.		श.	गु.	
22 अप्रै. 8 घं. 15 मि. से 24 अप्रै. 11 घं. 54 मि.	सू. बु. शु.	रा.	मं.		चं.			के.		श.	गु.	
24 अप्रै. 11 घं. 55 मि. से 26 अप्रै. 12 घं. 30 मि.	सू. बु. शु.	रा.	मं.			चं.		के.		श.	गु.	
26 अप्रै. 12 घं. 31 मि. से 28 अप्रै. 11 घं. 54 मि.	सू. शु. बु.	रा.	मं.				चं.	के.		श.	गु.	
28 अप्रै. 11 घं. 55 मि. से 30 अप्रै. 12 घं. 06 मि.	सू. शु. बु.	रा.	मं.					के. चं.		श.	गु.	
30 अप्रै. 12 घं. 07 मि. से 1 मई 5 घं. 40 मि.	सू. बु. शु.	रा.	मं.					के.	चं.	श.	गु.	
1 मई 5 घं. 41 मि. से 2 मई 14 घं. 44 मि.	सू. शु.	रा. बु.	मं.					के.	चं.	श.	गु.	
2 मई 14 घं. 45 मि. से 4 मई 13 घं. 25 मि.	सू. शु.	रा. बु.	मं.					के.		चं. श.	गु.	
4 मई 13 घं. 26 मि. से 4 मई 20 घं. 42 मि.	सू.	रा. बु. शु.	मं.					के.		श. चं.	गु.	
4 मई 20 घं. 43 मि. से 7 मई 5 घं. 53 मि.	सू.	रा. बु. शु.	मं.					के.		श.	चं. गु.	
7 मई 5 घं. 54 मि. से 9 मई 17 घं. 27 मि.	सू.	रा. बु. शु.	मं.					के.		श.	गु.	चं.
9 मई 17 घं. 28 मि. से 12 मई 6 घं. 17 मि.	सू. चं.	रा. बु. शु.	मं.					के.		श.	गु.	
12 मई 6 घं. 18 मि. से 14 मई 19 घं. 12 मि.	सू.	शु. रा. बु. चं.	मं.					के.		श.	गु.	
14 मई 19 घं. 13 मि. से 14 मई 23 घं. 23 मि.	सू.	शु. रा. बु.	चं. मं.					के.		श.	गु.	
14 मई 23 घं. 24 मि. से 17 मई 6 घं. 51 मि.		रा. बु. सू. शु.	चं. मं.					के.		श.	गु.	
17 मई 6 घं. 52 मि. से 19 मई 15 घं. 47 मि.		रा. बु. सू. शु.	मं.	चं.				के.		श.	गु.	
19 मई 15 घं. 48 मि. से 21 मई 21 घं. 05 मि.		रा. सू. बु. शु.	मं.		चं.			के.		श.	गु.	
21 मई 21 घं. 06 मि. से 23 मई 23 घं. 02 मि.		रा. सू. बु. शु.	मं.			चं.		के.		श.	गु.	

23 मई से 3 जुलाई, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
23 मई 23 घं. 3 मि. से 25 मई 22 घं. 54 मि.		सू.बु.रा.शु.	मं.				चं.	के.		श.	गु.	
25 मई 22 घं. 55 मि. से 26 मई 8 घं. 55 मि.		सू.बु.रा.शु.	मं.					चं. के.		श.	गु.	
26 मई 8 घं. 56 मि. से 27 मई 22 घं. 28 मि.		सू.रा.शु.	बु. मं.					के. चं.		श.	गु.	
27 मई 22 घं. 29 मि. से 28 मई 23 घं. 59 मि.		रा.सू.शु.	बु. मं.					के.	चं.	श.	गु.	
28 मई 24 घं. 00 मि. से 29 मई 23 घं. 38 मि.		रा. सू.	बु. मं. शु.					के.	चं.	श.	गु.	
29 मई 23 घं. 39 मि. से 1 जून 3 घं. 57 मि.		सू. रा.	बु. मं. शु.					के.		श. चं.	गु.	
1 जून 3 घं. 58 मि. से 2 जून 6 घं. 50 मि.		रा. सू.	शु. बु. मं.					के.		श.	गु. चं.	
2 जून 6 घं. 51 मि. से 3 जून 2 घं. 12 मि.		रा. सू.	बु. शु.	मं.				के.		श.	गु. चं.	
3 जून 2 घं. 13 मि. से 3 जून 12 घं. 06 मि.		सू. रा. बु.	शु.	मं.				के.		श.	गु.	चं.
3 जून 12 घं. 07 मि. से 5 जून 23 घं. 26 मि.		सू. रा. बु.	शु.	मं.				के.		श.	गु.	चं.
5 जून 23 घं. 27 मि. से 8 जून 12 घं. 22 मि.	चं.	सू. रा. बु.	शु.	मं.				के.		श.	गु.	
8 जून 12 घं. 23 मि. से 11 जून 1 घं. 08 मि.		सू.चं.रा.बु.	शु.	मं.				के.		श.	गु.	
11 जून 1 घं. 09 मि. से 13 जून 12 घं. 31 मि.		रा. बु. सू.	चं. शु.	मं.				के.		श.	गु.	
13 जून 12 घं. 32 मि. मे 15 जून 6 घं. 00 मि.		रा.बु.सू.	शु.	चं. मं.				के.		श.	गु.	
15 जून 6 घं. 01 मि. से 15 जून 21 घं. 41 मि.		बु. रा.	शु. सू.	चं. मं.				के.		श.	गु.	
15 जून 21 घं. 42 मि. से 18 जून 4 घं. 06 मि.		रा. बु.	शु. सू.	मं.	चं.			के.		श.	गु.	
18 जून 4 घं. 07 मि. से 20 जून 7 घं. 41 मि.		रा. बु.	सू. शु.	मं.		चं.		के.		श.	गु.	
20 जून 7 घं. 42 मि. से 22 जून 8 घं. 58 मि.		बु. रा.	सू. शु.	मं.			चं.	के.		श.	गु.	
22 जून 8 घं. 59 मि. से 22 जून 14 घं. 20 मि.		बु. रा.	सू. शु.	मं.				चं. के.		श.	गु.	
22 जून 14 घं. 21 मि. से 24 जून 9 घं. 09 मि.		रा. बु.	सू.	शु. मं.				चं. के.		श.	गु.	
24 जून 9 घं. 10 मि. से 26 जून 9 घं. 54 मि.		बु. रा.	सू.	शु. मं.				के.	चं.	श.	गु.	
26 जून 9 घं. 55 मि. से 28 जून 12 घं. 58 मि.		बु. रा.	सू.	शु. मं.				के.		चं. श.	गु.	
28 जून 12 घं. 59 मि. से 30 जून 19 घं. 42 मि.		बु. रा.	सू.	शु. मं.				के.		श.	गु. चं.	
30 जून 19 घं. 43 मि. से 3 जुलाई 6 घं. 12 मि.		बु. रा.	सू.	शु. मं.				के.		श.	गु.	चं.

3 जुलाई से 11 अगस्त, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

समय	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
3 जुलाई 6 घं. 13 मि. से 5 जुलाई 18 घं. 58 मि.	चं.	बु. रा.	सू.	शु. मं.				के.		श.	गु.	
5 जुलाई 18 घं. 59 मि. से 7 जुलाई 11 घं. 04 मि.		बु. रा. चं.	सू.	शु. मं.				के.		श.	गु.	
7 जुलाई 11 घं. 05 मि. से 8 जुलाई 7 घं. 40 मि.		चं. रा.	सू. बु.	शु. मं.				के.		श.	गु.	
8 जुलाई 7 घं. 41 मि. से 10 जुलाई 18 घं. 36 मि.		रा.	सू. चं. बु.	शु. मं.				के.		श.	गु.	
10 जुलाई 18 घं. 37 मि. से 13 जुलाई 3 घं. 13 मि.		रा.	सू. बु.	शु. चं. मं.				के.		श.	गु.	
13 जुलाई 3 घं. 14 मि. से 15 जुलाई 9 घं. 38 मि.		रा.	सू. बु.	शु. मं.	चं.			के.		श.	गु.	
15 जुलाई 9 घं. 39 मि. से 16 जुलाई 16 घं. 52 मि.		रा.	सू. बु.	शु. मं.		चं.		के.		श.	गु.	
16 जुलाई 16 घं. 53 मि. से 17 जुलाई 9 घं. 25 मि.		रा.	बु.	शु. सू. मं.		चं.		के.		श.	गु.	
17 जुलाई 9 घं. 26 मि. से 17 जुलाई 14 घं. 06 मि.		रा.	बु.	सू. मं.	शु.	चं.		के.		श.	गु.	
17 जुलाई 14 घं. 07 मि. से 19 जुलाई 16 घं. 52 मि.		रा.	बु.	सू. मं.	शु.		चं.	के.		श.	गु.	
19 जुलाई 16 घं. 53 मि. से 20 जुलाई 17 घं. 54 मि.		रा.	बु.	सू. मं.	शु.			चं. के.		श.	गु.	
20 जुलाई 17 घं. 55 मि. से 21 जुलाई 18 घं. 28 मि.		रा.	बु.	सू.	मं. शु.			चं. के.		श.	गु.	
21 जुलाई 18 घं. 29 मि. से 23 जुलाई 19 घं. 56 मि.		रा.	बु.	सू.	शु. मं.			के.	चं.	श.	गु.	
23 जुलाई 19 घं. 57 मि. से 25 जुलाई 11 घं. 39 मि.		रा.	बु.	सू.	मं. शु.			के.		चं. श.	गु.	
25 जुलाई 11 घं. 40 मि. से 25 जुलाई 22 घं. 46 मि.		रा.		बु. सू.	मं. शु.			के.		श. चं.	गु.	
25 जुलाई 22 घं. 47 मि. से 28 जुलाई 4 घं. 32 मि.		रा.		सू. बु.	शु. मं.			के.		श.	गु. चं.	
28 जुलाई 4 घं. 33 मि. से 30 जुलाई 14 घं. 01 मि.		रा.		सू. बु.	शु. मं.			के.		श.	गु.	चं.
30 जुलाई 14 घं. 02 मि. से 2 अगस्त 2 घं. 21 मि.	चं.	रा.		सू. बु.	शु. मं.			के.		श.	गु.	
2 अगस्त 2 घं. 22 मि. से 4 अगस्त 15 घं. 06 मि.		चं. रा.		बु. सू.	शु. मं.			के.		श.	गु.	
4 अगस्त 15 घं. 07 मि. से 7 अगस्त 1 घं. 53 मि.		रा.	चं.	सू. बु.	मं. शु.			के.		श.	गु.	
7 अगस्त 1 घं. 54 मि. से 9 अगस्त 1 घं. 33 मि.		रा.		सू. बु. चं.	शु. मं.			के.		श.	गु.	
9 अगस्त 1 घं. 34 मि. से 9 अगस्त 9 घं. 49 मि.		रा.		सू. चं.	मं. बु. शु.			के.		श.	गु.	
9 अगस्त 9 घं. 50 मि. से 11 अगस्त 11 घं. 31 मि.		रा.		सू.	शु. बु. मं. चं.			के.		श.	गु.	
11 अगस्त 11 घं. 32 मि. से 11 अगस्त 15 घं. 22 मि.		रा.		सू.	बु. चं. मं.	शु.		के.		श.	गु.	

11 अगस्त से 20 सितम्बर, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

11 अगस्त 15 घं. 23 मि. से 13 अगस्त 19 घं. 27 मि.	13 अगस्त 19 घं. 28 मि. से 15 अगस्त 22 घं. 44 मि.	15 अगस्त 22 घं. 45 मि. से 17 अगस्त 1 घं. 16 मि.	17 अगस्त 1 घं. 17 मि. से 18 अगस्त 1 घं. 34 मि.	18 अगस्त 1 घं. 35 मि. से 20 अगस्त 4 घं. 20 मि.	20 अगस्त 4 घं. 21 मि. से 22 अगस्त 7 घं. 56 मि.
22 अगस्त 7 घं. 57 मि. से 24 अगस्त 13 घं. 37 मि.	24 अगस्त 13 घं. 38 मि. से 26 अगस्त 11 घं. 19 मि.	26 अगस्त 11 घं. 20 मि. से 26 अगस्त 22 घं. 27 मि.	26 अगस्त 22 घं. 28 मि. से 29 अगस्त 10 घं. 18 मि.	29 अगस्त 10 घं. 19 मि. से 31 अगस्त 23 घं. 10 मि.	31 अगस्त 23 घं. 11 मि. से 3 सितम्बर 10 घं. 18 मि.
3 सितम्बर 10 घं. 19 मि. से 5 सितम्बर 18 घं. 05 मि.	5 सितम्बर 18 घं. 06 मि. से 6 सितम्बर 00 घं. 49 मि.	6 सितम्बर 00 घं. 50 मि. से 6 सितम्बर 3 घं. 57 मि.	6 सितम्बर 3 घं. 58 मि. से 7 सितम्बर 22 घं. 48 मि.	7 सितम्बर 22 घं. 49 मि. से 10 सितम्बर 1 घं. 43 मि.	10 सितम्बर 1 घं. 44 मि. से 12 सितम्बर 4 घं. 11 मि.
12 सितम्बर 4 घं. 12 मि. से 14 सितम्बर 7 घं. 03 मि.	14 सितम्बर 7 घं. 04 मि. से 14 सितम्बर 14 घं. 28 मि.	14 सितम्बर 14 घं. 29 मि. से 16 सितम्बर 10 घं. 41 मि.	16 सितम्बर 10 घं. 42 मि. से 17 सितम्बर 1 घं. 12 मि.	17 सितम्बर 1 घं. 13 मि. से 18 सितम्बर 15 घं. 24 मि.	18 सितम्बर 15 घं. 25 मि. से 20 सितम्बर 21 घं. 49 मि.

20 सितम्बर से 1 नवम्बर, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
20 सितम्बर 21 घं. 50 मि. से 22 सितम्बर 8 घं. 18 मि.		रा.				बु. मं. सू.	शु.	के.		गु. श.		चं.
22 सितम्बर 8 घं. 19 मि. से 23 सितम्बर 6 घं. 42 मि.		रा.				सू. मं.	बु. शु.	के.		गु. श.		चं.
23 सितम्बर 6 घं. 43 मि. से 25 सितम्बर 18 घं. 15 मि.	चं.	रा.				सू. मं.	शु. बु.	के.		गु. श.		
25 सितम्बर 18 घं. 16 मि. से 28 सितम्बर 7 घं. 13 मि.		रा. चं.				सू. मं.	बु. शु.	के.		गु. श.		
28 सितम्बर 7 घं. 14 मि. से 30 सितम्बर 19 घं. 03 मि.		रा.	चं.			सू. मं.	बु. शु.	के.		गु. श.		
30 सितम्बर 19 घं. 04 मि. से 2 अक्तूबर 2 घं. 45 मि.		रा.		चं.		सू. मं.	बु. शु.	के.		गु. श.		
2 अक्तूबर 2 घं. 46 मि. से 2 अक्तूबर 9 घं. 45 मि.		रा.		चं.		मं. सू. बु.	शु.	के.		गु. श.		
2 अक्तूबर 9 घं. 46 मि. से 3 अक्तूबर 3 घं. 33 मि.		रा.		चं.		मं. सू. बु.		शु. के.		गु. श.		
3 अक्तूबर 3 घं. 34 मि. से 5 अक्तूबर 8 घं. 15 मि.		रा.			चं.	बु. सू. मं.		शु. के.		गु. श.		
5 अक्तूबर 8 घं. 16 मि. से 7 अक्तूबर 10 घं. 16 मि.		रा.				चं. सू. मं. बु.		शु. के.		गु. श.		
7 अक्तूबर 10 घं. 17 मि. से 9 अक्तूबर 11 घं. 18 मि.		रा.				मं. सू. बु.	चं.	शु. के.		श. गु.		
9 अक्तूबर 11 घं. 19 मि. से 11 अक्तूबर 12 घं. 54 मि.		रा.				मं. सू. बु.		शु. चं. के.		गु. श.		
11 अक्तूबर 12 घं. 55 मि. से 13 अक्तूबर 16 घं. 04 मि.		रा.				सू. बु. मं.		शु. के.	चं.	गु. श.		
13 अक्तूबर 16 घं. 05 मि. से 15 अक्तूबर 21 घं. 14 मि.		रा.				सू. बु. मं.		शु. के.		चं. गु. श.		
15 अक्तूबर 21 घं. 15 मि. से 17 अक्तूबर 13 घं. 11 मि.		रा.				सू. मं. बु.		शु. के.		गु. श.	चं.	
17 अक्तूबर 13 घं. 12 मि. से 18 अक्तूबर 4 घं. 31 मि.		रा.				मं. बु.	सू.	शु. के.		गु. श.	चं.	
18 अक्तूबर 4 घं. 32 मि. से 20 अक्तूबर 14 घं. 00 मि.		रा.				बु. मं.	सू.	शु. के.		गु. श.		चं.
20 अक्तूबर 14 घं. 01 मि. से 22 अक्तूबर 2 घं. 00 मि.	चं.	रा.				बु. मं.	सू.	शु. के.		गु. श.		
22 अक्तूबर 2 घं. 01 मि. से 23 अक्तूबर 1 घं. 37 मि.	चं.	रा.				बु.	सू. मं.	शु. के.		गु. श.		
23 अक्तूबर 1 घं. 38 मि. से 25 अक्तूबर 14 घं. 35 मि.		रा. चं.				बु.	मं. सू.	शु. के.		गु. श.		
25 अक्तूबर 14 घं. 36 मि. से 28 अक्तूबर 3 घं. 04 मि.		रा.	चं.			बु.	सू. मं.	शु. के.		गु. श.		
28 अक्तूबर 3 घं. 05 मि. से 30 अक्तूबर 12 घं. 50 मि.		रा.		चं.		बु.	सू. मं.	शु. के.		गु. श.		
30 अक्तूबर 12 घं. 51 मि. से 30 अक्तूबर 16 घं. 09 मि.		रा.			चं.	बु.	सू. मं.	शु. के.		गु. श.		
30 अक्तूबर 16 घं. 10 मि. से 1 नवम्बर 18 घं. 38 मि.		रा.			चं.	बु.	सू. मं.	के.	शु.	गु. श.		

1 नवम्बर से 10 दिसम्बर, सन् 2021 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1 नवम्बर 18 घं. 39 मि. से 2 नवम्बर 9 घं. 51 मि.		रा.				चं. बु.	मं. सू.	के.	शु.	गु. श.		
2 नवम्बर 9 घं. 52 मि. से 3 नवम्बर 20 घं. 52 मि.		रा.				चं.	सू. बु. मं.	के.	शु.	गु. श.		
3 नवम्बर 20 घं. 53 मि. से 5 नवम्बर 21 घं. 03 मि.		रा.					सू. मं. बु. चं.	के.	शु.	गु. श.		
5 नवम्बर 21 घं. 04 मि. से 7 नवम्बर 21 घं. 03 मि.		रा.					सू. बु. मं.	चं. के.	शु.	गु. श.		
7 नवम्बर 21 घं. 04 मि. से 9 नवम्बर 22 घं. 35 मि.		रा.					मं. बु. सू.	के.	शु. चं.	गु. श.		
9 नवम्बर 22 घं. 36 मि. से 12 नवम्बर 2 घं. 50 मि.		रा.					मं. बु. सू.	के.	शु.	चं. गु. श.		
12 नवम्बर 2 घं. 51 मि. से 14 नवम्बर 10 घं. 10 मि.		रा.					मं. बु. सू.	के.	शु.	गु. श.		चं.
14 नवम्बर 10 घं. 11 मि. से 16 नवम्बर 13 घं. 01 मि.		रा.					मं. बु. सू.	के.	शु.	गु. श.		चं.
16 नवम्बर 13 घं. 02 मि. से 16 नवम्बर 20 घं. 13 मि.		रा.					मं. बु.	सू. के.	शु.	गु. श.		चं.
16 नवम्बर 20 घं. 14 मि. से 19 नवम्बर 8 घं. 12 मि.	चं.	रा.					मं. बु.	सू. के.	शु.	गु. श.		
19 नवम्बर 8 घं. 13 मि. से 20 नवम्बर 23 घं. 20 मि.		रा. चं.					मं. बु.	सू. के.	शु.	गु. श.		
20 नवम्बर 23 घं. 21 मि. से 21 नवम्बर 4 घं. 49 मि.		रा. चं.					मं. बु.	सू. के.	शु.	श.	गु.	
21 नवम्बर 4 घं. 50 मि. से 21 नवम्बर 21 घं. 08 मि.		रा. चं.					मं.	सू. बु. के.	शु.	श.	गु.	
21 नवम्बर 21 घं. 09 मि. से 24 नवम्बर 9 घं. 48 मि.		रा.	चं.				मं.	बु. सू. के.	शु.	श.	गु.	
24 नवम्बर 9 घं. 49 मि. से 26 नवम्बर 20 घं. 35 मि.		रा.		चं.			मं.	सू. बु. के.	शु.	श.	गु.	
26 नवम्बर 20 घं. 36 मि. से 29 नवम्बर 4 घं. 02 मि.		रा.			चं.		मं.	सू. बु. के.	शु.	श.	गु.	
29 नवम्बर 4 घं. 03 मि. से 1 दिसम्बर 7 घं. 44 मि.		रा.				चं.	मं.	के. बु. सू.	शु.	श.	गु.	
1 दिसम्बर 7 घं. 45 मि. से 3 दिसम्बर 8 घं. 25 मि.		रा.					मं. चं.	के. बु. सू.	शु.	श.	गु.	
3 दिसम्बर 8 घं. 26 मि. से 5 दिसम्बर 5 घं. 56 मि.		रा.					मं.	के. चं. बु. सू.	शु.	श.	गु.	
5 दिसम्बर 5 घं. 57 मि. से 5 दिसम्बर 7 घं. 46 मि.		रा.						बु. चं. के. मं. सू.	शु.	श.	गु.	
5 दिसम्बर 7 घं. 47 मि. से 7 दिसम्बर 7 घं. 43 मि.		रा.						बु. के. मं. सू.	चं. शु.	श.	गु.	
7 दिसम्बर 7 घं. 44 मि. से 8 दिसम्बर 13 घं. 51 मि.		रा.						बु. के. मं. सू.	शु.	चं. श.	गु.	
8 दिसम्बर 13 घं. 52 मि. से 9 दिसम्बर 10 घं. 08 मि.		रा.						बु. के. मं. सू.		शु. चं. श.	गु.	
9 दिसम्बर 10 घं. 09 मि. से 10 दिसम्बर 6 घं. 05 मि.		रा.						बु. के. मं. सू.		शु. श.	गु. चं.	

10 दिसम्बर से 22 जनवरी, सन् 2021-22 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
10 दिसम्बर 6 घं. 06 मि. से 11 दिसम्बर 10 घं. 15 मि.		रा.						मं. के. सू.	बु.	श. शु.	गु. चं.	
11 दिसम्बर 10 घं. 16 मि. से 14 दिसम्बर 2 घं. 03 मि.		रा.						मं. के. सू.	बु.	श. शु.	गु.	चं.
14 दिसम्बर 2 घं. 04 मि. से 16 दिसम्बर 3 घं. 43 मि.	चं.	रा.						मं. के. सू.	बु.	शु. श.	गु.	
16 दिसम्बर 3 घं. 44 मि. से 16 दिसम्बर 14 घं. 19 मि.	चं.	रा.						मं. के.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
16 दिसम्बर 14 घं. 20 मि. से 19 दिसम्बर 3 घं. 20 मि.		रा. चं.						मं. के.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
19 दिसम्बर 3 घं. 21 मि. से 21 दिसम्बर 15 घं. 45 मि.		रा.	चं.					मं. के.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
21 दिसम्बर 15 घं. 46 मि. से 24 दिसम्बर 2 घं. 40 मि.		रा.		चं.				के. मं.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
24 दिसम्बर 2 घं. 41 मि. से 26 दिसम्बर 11 घं. 12 मि.		रा.			चं.			के. मं.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
26 दिसम्बर 11 घं. 13 मि. से 28 दिसम्बर 16 घं. 42 मि.		रा.				चं.		मं. के.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
28 दिसम्बर 16 घं. 43 मि. से 29 दिसम्बर 11 घं. 31 मि.		रा.					चं.	मं. के.	सू. बु.	श. शु.	गु.	
29 दिसम्बर 11 घं. 32 मि. से 30 दिसम्बर 7 घं. 59 मि.		रा.					चं.	मं. के.	सू.	शु. श. बु.	गु.	
30 दिसम्बर 8 घं. 00 मि. से 30 दिसम्बर 19 घं. 06 मि.		रा.					चं.	मं. के.	सू. शु.	श. बु.	गु.	
30 दिसम्बर 19 घं. 07 मि. से 1 जनवरी 19 घं. 16 मि.		रा.						चं. मं. के.	सू. शु.	श. बु.	गु.	
1 जनवरी 19 घं. 17 मि. से 3 जनवरी 18 घं. 51 मि.		रा.						मं. के.	सू. शु. चं.	बु. श.	गु.	
3 जनवरी 18 घं. 52 मि. से 5 जनवरी 19 घं. 52 मि.		रा.						मं. के.	सू. शु.	श. बु. चं.	गु.	
5 जनवरी 19 घं. 53 मि. से 8 जनवरी 0 घं. 14 मि.		रा.						मं. के.	सू. शु.	बु. श.	गु. चं.	
8 जनवरी 0 घं. 15 मि. से 10 जनवरी 8 घं. 48 मि.		रा.						मं. के.	सू. शु.	बु. श.	गु.	चं.
10 जनवरी 8 घं. 49 मि. से 12 जनवरी 20 घं. 44 मि.	चं.	रा.						मं. के.	शु. सू.	श. बु.	गु.	
12 जनवरी 20 घं. 45 मि. से 14 जनवरी 14 घं. 28 मि.		रा. चं.						मं. के.	शु.	श. बु. सू.	गु.	
14 जनवरी 14 घं. 29 मि. से 15 जनवरी 9 घं. 49 मि.		रा. चं.						मं. के.	शु.	बु. सू. श.	गु.	
15 जनवरी 9 घं. 50 मि. से 16 जनवरी 16 घं. 30 मि.		रा. चं.						मं. के.	शु.	बु. सू. श.	गु.	
16 जनवरी 16 घं. 31 मि. से 17 जनवरी 22 घं. 01 मि.		रा.	चं.					के.	मं. शु.	बु. श. सू.	गु.	
17 जनवरी 22 घं. 02 मि. से 20 जनवरी 8 घं. 23 मि.		रा.		चं.				के.	मं. शु.	बु. सू. श.	गु.	
20 जनवरी 8 घं. 24 मि. से 22 जनवरी 16 घं. 47 मि.		रा.			चं.			के.	मं. शु.	बु. श. सू.	गु.	

22 जनवरी से 8 मार्च, सन् 2022 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
22 जनवरी 16 घं. 48 मि. से 24 जनवरी 23 घं. 07 मि.		रा.				चं.		के.	शु. मं.	श. सू. बु.	गु.	
24 जनवरी 23 घं. 08 मि. से 27 जनवरी 3 घं. 11 मि.		रा.					चं.	के.	शु. मं.	श. बु. सू.	गु.	
27 जनवरी 3 घं. 12 मि. से 29 जनवरी 5 घं. 06 मि.		रा.						चं. के.	शु. मं.	सू. बु. श.	गु.	
29 जनवरी 5 घं. 07 मि. से 31 जनवरी 5 घं. 44 मि.		रा.						के.	शु. मं. चं.	श. सू. बु.	गु.	
31 जनवरी 5 घं. 45 मि. से 2 फरवरी 6 घं. 44 मि.		रा.						के.	शु. मं.	श. सू. बु. चं.	गु.	
2 फरवरी 6 घं. 45 मि. से 4 फरवरी 10 घं. 01 मि.		रा.						के.	शु. मं.	बु. श. सू.	चं.	गु.
4 फरवरी 10 घं. 02 मि. से 6 फरवरी 17 घं. 08 मि.		रा.						के.	शु. मं.	बु. सू. श.	गु.	चं.
6 फरवरी 17 घं. 09 मि. से 9 फरवरी 4 घं. 08 मि.	चं.	रा.						के.	शु. मं.	सू. बु. श.	गु.	
9 फरवरी 4 घं. 09 मि. से 11 फरवरी 17 घं. 04 मि.		रा. चं.						के.	शु. मं.	सू. बु. श.	गु.	
11 फरवरी 17 घं. 05 मि. से 13 फरवरी 3 घं. 26 मि.		रा.	चं.					के.	शु. मं.	सू. श. बु.	गु.	
13 फरवरी 3 घं. 27 मि. से 14 फरवरी 5 घं. 17 मि.		रा.	चं.					के.	शु. मं.	बु. श.	गु.	सू.
14 फरवरी 5 घं. 18 मि. से 16 फरवरी 15 घं. 12 मि.		रा.		चं.				के.	शु. मं.	श. बु.	सू.	गु.
16 फरवरी 15 घं. 13 मि. से 18 फरवरी 22 घं. 45 मि.		रा.			चं.			के.	शु. मं.	बु. श.	सू.	गु.
18 फरवरी 22 घं. 46 मि. से 21 फरवरी 4 घं. 30 मि.		रा.				चं.		के.	शु. मं.	श. बु.	सू.	गु.
21 फरवरी 4 घं. 31 मि. से 23 फरवरी 8 घं. 54 मि.		रा.					चं.	के.	शु. मं.	श. बु.	सू.	गु.
23 फरवरी 8 घं. 55 मि. से 25 फरवरी 12 घं. 06 मि.		रा.						के. चं.	शु. मं.	श. बु.	सू.	गु.
25 फरवरी 12 घं. 07 मि. से 26 फरवरी 15 घं. 49 मि.		रा.						के.	शु. मं. चं.	श. बु.	सू.	गु.
26 फरवरी 15 घं. 50 मि. से 27 फरवरी 10 घं. 16 मि.		रा.						के.	चं.	बु. श. मं. शु.	गु.	सू.
27 फरवरी 10 घं. 17 मि. से 27 फरवरी 14 घं. 20 मि.		रा.						के.	चं.	शु. मं. श. बु.	गु.	सू.
27 फरवरी 14 घं. 21 मि. से 1 मार्च 16 घं. 30 मि.		रा.						के.		बु. शु. श. चं. मं.	गु.	सू.
1 मार्च 16 घं. 31 मि. से 3 मार्च 20 घं. 02 मि.		रा.						के.		शु. बु. श. मं.	चं. गु.	सू.
3 मार्च 20 घं. 03 मि. से 6 मार्च 2 घं. 28 मि.		रा.						के.		शु. बु. मं. श.	गु.	चं. सू.
6 मार्च 2 घं. 29 मि. से 6 मार्च 11 घं. 19 मि.	चं.	रा.						के.		शु. बु. मं. श.	गु.	सू.
6 मार्च 11 घं. 20 मि. से 8 मार्च 12 घं. 29 मि.	चं.	रा.						के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.

8 मार्च से 2 अप्रैल, सन् 2022 ई. (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

समय	भाव 2	भाव 3–7	भाव 8	भाव 9	भाव 10	भाव 11	भाव 12
8 मार्च 12 घं. 30 मि. से 11 मार्च 1 घं. 01 मि.	रा. चं.		के.		शु. श. मं.	गु. बु.	सू.
11 मार्च 1 घं. 02 मि. से 13 मार्च 13 घं. 28 मि.	रा.	चं. 3	के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.
13 मार्च 13 घं. 29 मि. से 15 मार्च 0 घं. 15 मि.	रा.	4 चं.	के.		शु. मं. श.	गु. बु.	सू.
15 मार्च 0 घं. 16 मि. से 15 मार्च 23 घं. 31 मि.	रा.	4 चं.	के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.
15 मार्च 23 घं. 32 मि. से 18 मार्च 6 घं. 31 मि.	रा.	चं. 5	के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.
18 मार्च 6 घं. 32 मि. से 20 मार्च 11 घं. 09 मि.	रा.	6 चं.	के.		मं. शु. श.	बु.	सू. गु.
20 मार्च 11 घं. 10 मि. से 22 मार्च 14 घं. 32 मि.	रा.	7 चं.	के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.
22 मार्च 14 घं. 33 मि. से 24 मार्च 10 घं. 55 मि.	रा.		चं. के.		मं. शु. श.	गु. बु.	सू.
24 मार्च 10 घं. 56 मि. से 24 मार्च 17 घं. 28 मि.	रा.		चं. के.		मं. शु. श.	गु.	बु. सू.
24 मार्च 17 घं. 29 मि. से 26 मार्च 20 घं. 27 मि.	रा.		के.	चं.	शु. श. मं.	गु.	सू. बु.
26 मार्च 20 घं. 28 मि. से 28 मार्च 23 घं. 53 मि.	रा.		के.		मं. चं. शु. श.	गु.	बु. सू.
28 मार्च 23 घं. 54 मि. से 31 मार्च 4 घं. 31 मि.	रा.		के.		मं. शु. श.	गु.	बु. सू. चं.
31 मार्च 4 घं. 32 मि. से 31 मार्च 8 घं. 38 मि.	रा.		के.		शु. मं. श.	गु.	चं. बु. सू.
31 मार्च 8 घं. 39 मि. से 2 अप्रैल 6 घं. 15 मि.	रा.		के.		श. मं.	शु. गु.	चं. बु. सू.

परमपूज्य श्रीप्रियव्रत शर्माजी का महाप्रयाण

श्रीमार्तण्ड पंचांग-समूह के वरिष्ठ सम्पादक, विश्वप्रसिद्ध, माता सरस्वती के वरद पुत्र, सदैव सारस्वत कार्यों में बिना अनुशंसा-प्रशंसा से रंचमात्र भी निरीह, संस्कृत-संस्कृति के अहर्निश-पोषक, ज्योतिष-शास्त्र के पारंगत-तलान्तस्पर्शी प्रकाण्ड विद्वान्, साहित्य-धर्मशास्त्र एवं सिद्धान्त-ज्योतिष के मर्मज्ञ श्रीप्रियव्रत शर्मा जी के स्वर्गारोहण से भारतीय ज्योतिष-क्षितिज एवं उद्भट विद्वान् समाज में असह्य शून्यता अनुभव हो रही है। श्री प्रियव्रत जी के 6 दिसम्बर, सन् 2019 ई. को महाप्रयाण से आर्षविद्या के समुपासक अवाक् रह गये हैं।

श्रीप्रियव्रत शर्मा जी ने पंजाब विश्वविद्यालय से शास्त्री, महाराज संस्कृत कॉलेज, जयपुर से प्रथम श्रेणी में साहित्याचार्य परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं। आपने **सिद्धान्त ज्योतिष का अध्ययन** बनारस हिन्दु यूनिवर्सिटी के ज्योतिष-विभागाध्यक्ष, पोस्टाचार्य, सिद्धान्त-फलित ज्योतिषाचार्य स्व. श्री अच्युतानन्द झा जी की सन्निधि में किया। तत्पश्चात् पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ से M.A. (संस्कृत) की उपाधि भी प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। आपके गणित, फलित एवं धर्मशास्त्रीय मौलिक अनुसन्धानपूर्ण लगभग 500 लेख हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 250 कठिनतम फलित-सिद्धान्त-मुहूर्त एवं धर्मशास्त्रीय ऐसी समस्याओं के समाधान का श्रेय भी आपको प्राप्त है, जोकि भारतीय दैवज्ञों को बुरी तरह उलझाये हुए थीं। प्रत्येक समाधान अपने-आप में एक मौलिक लेख है।

आपने निम्नांकित मौलिक ग्रन्थों की रचना की है

1. क्षयाधिमास विमर्श, 2. अयनदोलन विमर्श एवं क्षयमास निर्णय, 3. भारतीय पंचांगविवाद में अशास्त्रीय साहित्य का प्रकाशन, 4. शास्त्रीय पंचांग मीमांसा, 5. हैली धूम्रकेतु एवं उसका विश्व पर प्रभाव, 6. ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन, 7. गणक मार्त्तण्ड (110 वर्षीय पंचांग), 8. भारतीय वास्तुशास्त्र के सिद्धान्त (अप्रकाशित), 9. विश्व-लग्न सारणी, 10. हमारे अवतार एवं महापुरुषों की कृत्रिम जन्मकुण्डलियां (अप्रकाशित), 11. फलित-शास्त्र के निराधार सिद्धान्त (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) (अप्रकाशित), 12. व्रतपर्व विवेक, 13. मुहूर्त्त गजानन, 14. शताब्दी ग्रहभोगांश, 15. ग्रहोदयास्तनिर्णय, 16. लघु लग्नसारणी, 17. भारतीय लग्ननिर्णय, 18. शताब्दी विश्वकुण्डली दर्पण, 19. ग्रहणादर्श (अप्रकाशित), 20. भारतीय चन्द्रोदयास्त (अप्रकाशित), 21. नव्य जातक पद्धति (अप्रकाशित), 22. समस्या एवं समाधान (अप्रकाशित), 23. ज्योति-निबन्धमाला (अप्रकाशित), 24. मेघमाला (व्याख्यान ग्रन्थ) (अप्रकाशित)।

फलित-ज्योतिष में निर्मूल विचारपद्धतियों की शास्त्रीय तर्कसंगत आलोचना करने के कारण विद्वत् परिषदों में आपको **'क्रान्तिकारी ज्योतिर्विद्'** माना जाता रहा है। श्री शर्मा H.P. की शिक्षासेवा में **प्रथम श्रेणी के 'राजपत्रित अधिकारी'** (H.P.P.E.S.) रहे हैं। सन् 1989 में आप वरिष्ठ प्राध्यापक पद गवर्नमेण्ट कॉलेज, सोलन से सेवानिवृत्त हुए, तत्पश्चात् सरस्वती-सेवा में ही अहर्निश लगे रहे हैं।

श्री शर्माजी की ज्योतिष-योग्यता एवं साहित्यिक प्रतिभा का सम्मान करते हुए **" पं. गोस्वामी गिरधारी लाल फाउण्डेशन, दिल्ली" के तत्त्वावधान में आपको भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री ज्ञानी जैलसिंह जी ने 'ज्योतिष सम्राट्' पदवी से अलंकृत किया।** भारत सरकार की **Positional Astronomy Centre** द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले **Indian Nautical Almanac** की 'व्रतपर्व-

निर्णायिका-समिति' के भी आप सम्मानित सदस्य रहे हैं।

भारत के सभी पंचांगकर्त्ता गहनचर्चा आदि में आपके निर्णय को ही अधिमान देते रहे हैं।

महागुजरात पंचांग विद्वत् परिषद्, नवरंगपुरा, अहमदाबाद ने आपके शिवलोकगमन पर हार्दिक दु:ख व्यक्त करते हुए लिखा है—" श्री प्रियव्रत जी के जाने से खगोलवेत्ताओं एवं मूर्धन्य पण्डितों की शृंखला में भारी कमी हुई है। भारत के सभी पंचांगकर्त्ता चिरंकाल तक आपकी स्मृति एवं आपके द्वारा दिये गये ज्ञान से लाभान्वित होते रहेंगे।" इसी प्रकार **सनातन धर्मसभा सोलन** ने भी आपके न रहने पर गहन दु:ख व्यक्त किया है और असंख्य ज्योतिष-प्रेमियों के शोक-सन्देश/संवेदनापत्र प्राप्त हुए हैं। सचमुच आपका इहलोक से गमन है ही एक अपूरणनीय क्षति, जिसका भरण हो पाना शीघ्र शायद ही सम्भव है।

आखिर में, मैं आपका अनुज एवं समस्त मार्त्तण्ड परिवार, आपके वैदुष्य की थाह को समझने में कुछ तो चूक ही गया। कोई प्रखर पण्डित पैदा होगा, जोकि आपकी कृतियों एवं आपके वैदुष्य का मूल्यांकन जरूर कर सकेगा—

" उत्पत्स्यतेऽस्ति तव कोऽपि समानधर्मा कालोह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी।" इन भावनाभरे शब्दों से आपको सादर प्रणाम करता हुआ दु:ख-भरे हृदय से विराम लेता हूं।

शोकसंतप्त एवं दुखी हृदय
इन्दुशेखर शर्मा,
संयमी शर्मा एवं समस्त परिवार
एवं समस्त मार्त्तण्ड पंचांग कार्यालयीय कर्मचारी वर्ग

– – –

(पृष्ठ 87 का शेष)

पारणा के दिन आसन बिछाकर गणेश-बटुक तथा कन्याओं को एक पंक्ति में बैठाकर पहले गणपति-ध्यान करें। फिर **'ॐ बटुकाय नम:'** से बटुक का, फिर **'ॐ कुमार्यै नम:'** से कन्याओं का पूजन करें। बाद में हाथ में पुष्प लेकर निम्नांकित मन्त्र से प्रार्थना करें;—

" मन्त्राक्षर-मयीं लक्ष्मीं मातृणां रूप-धारिणीम्।
नवदुर्गात्मिकां साक्षात् कन्यामावाहयाम्यहम्॥
जगत् पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्व-शक्ति-स्वरूपिणि।
पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोऽस्तु ते॥"

विसर्जन—विसर्जन से पूर्व कड़ाही (हलवा) बनाकर अन्नपूर्णा का ध्यान करके ज्योति:प्रकाश करके ही कन्या-पूजन करें। विसर्जन से पूर्व भगवती माता की गन्ध, अक्षत, पुष्प आदि से पूजा करके निम्न प्रार्थना करें—

" रूपं देहि यशो देहि भाग्यं भगवति देहि मे।
पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान् कामांश्च देहि मे॥"

इस प्रकार प्रार्थना करके हाथों में अक्षत एवं पुष्प लेकर भगवती का निम्नमन्त्र से विसर्जन करें;—

" गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठे स्वस्थानं परमेश्वरि।
पूजाराधन-काले च पुनरागमनाय च॥"

– – –

शनि की साढेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पादविचार और गुरु-राहु का गोचरफल (सं. 2078 वि.)

लेखक—इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,

जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो तो ढैय्या और साढेसाती का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढेसाती व ढैय्या महान् अशुभ, चिन्ता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु-पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैय्या, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख-सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ; कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है।

शनि की साढेसाती किसे कहते हैं? समझ लें—शनि की गोचर स्थिति को ध्यान में रखते हुए जब किसी व्यक्तिविशेष की जन्मराशि किंवा नामराशि से पहले, दूसरे या बारहवें स्थान में शनि हो तो गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार जातक 'साढेसाती' के प्रभाव में रहता है, अर्थात् उस व्यक्ति पर साढेसाती चल रही होती है—

"द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः।
सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुःखैर्युतो भवेत्॥"

व्यक्तिविशेष के लिए साढेसाती का फल इस प्रकार लिखा है—

"राशौ द्वादशे मूर्ध्नि जन्महृदये पादौ द्वितीये शनिः।
नानाक्लेशकरो हि दुर्जनभयं पुत्रान् पशून् पीडयेत्॥"

"शनि की ढैय्या" किसे कहते हैं? यह भी जान लें—गोचर अनुसार किसी व्यक्तिविशेष की जन्म राशि किंवा नामराशि से जब शनिदेव चौथे या आठवें स्थान पर हों तो उस व्यक्तिविशेष पर 'शनि की ढैय्या' चल रही है, ऐसा जानें। ढैय्या का फल इस प्रकार है—

"ढैय्या तु प्रददाति वै रविसुतश्चेद्राशेश्चतुर्थाष्टमे।
व्याधिं बन्धुविरोध-विदेशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्॥"

ध्यान दें—शुभ एवं क्रूरग्रहविचार में गुरु-शुक्र स्थितिविशेष-विचार से शुभ एवं शनि-मंगल अशुभ फलप्रद माने गये हैं—

"तेषामतीव शुभदौ गुरु-दानवेज्यौ।
क्रूरौ दिवाकरसुत-क्षितिभौ भवेताम्॥"

—*(फलितमार्त्तण्ड)*

शनि के लगभग अढाई वर्ष तक एक ही राशि में संचार करने के कारण इसे 'मन्द' किंवा 'शनैश्चरति इति शनिः' की संज्ञा दी गयी है। लेकिन शनिग्रह की वक्र एवं मार्गी गति के कारण अनेकदा अपने अढाई वर्ष के काल में न्यूनाधिकता भी कर देता है। कभी-कभी शनि अपनी वक्र-मार्ग गति एवं शनि के अतिचार के कारण एक वर्ष में दो राशियों को भी स्पर्श कर लेता है, जोकि मेदिनी ज्योतिष एवं तत्तद्-राशि के व्यक्ति एवं देश के लिए कठिन परिस्थितियों को जन्म देता है।

अनेकदा शनि-मंगल दोनों क्रूर ग्रह वर्ष में वक्रगति से चलें या दोनों में से कोई एक वक्रगति से चलकर एकराशि-सम्बन्ध बना ले तो अधिक नेष्ट फलप्रद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में जातकविशेष को साढेसाती किंवा ढैय्या शारीरिक कष्ट, वायु-रक्त-पित्त-विकार, त्वचारोग, आर्थिक संकट, शत्रुपक्ष से मानसिक परेशानी, दुर्घटना से हानि आदि फल करते हैं। देश-विशेष के लिए राजनीतिज्ञों में विरोध, सत्तासंघर्ष, प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु, आर्थिक/ सामाजिक अव्यवस्था, असन्तोष, भूकम्प, तूफान, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप, सीमाप्रान्तों पर अशान्ति आदि आपदाएं उपस्थित करता है—"क्रूराः वक्राः महाक्रूराः"।

शनि-पादविचार

"जन्मांग-रुद्रेषु सुवर्णपादं द्विपञ्चनन्दे रजतस्य पादम्।
त्रि-सप्त-दिक् ताम्रपादं वदन्ति शेषेषु राशिष्विह लौहपादम्॥"

पादफल-विचार—

"लौहे धनविनाशः स्यात् सर्वं दुःखं च काञ्चने।
ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं च राजते भवेत्॥"

शनि के राशि-परिवर्तन के समय यदि चन्द्र 1, 6, 11 स्थान में हो तो स्वर्णपाद; 2, 5, 9 स्थान में हो तो रजतपाद; 3, 7, 10 स्थान में चन्द्र हो तो ताम्रपाद। यदि शनि के राशि-परिवर्तन के समय चन्द्र 4, 8, 12 में हो तो लौहपाद होता है। स्वर्णपाद सभी प्रकार के दुःखों को देने वाला, रजतपाद सुख-सौभाग्यप्रद, ताम्रपाद मध्यम फलद एवं लौहपाद धन-धान्य का नाशक होता है।

मकर राशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का विचार

संवत् 2076 वि. में 24 जनवरी, सन् 2020 ई. को उ.षा. नक्षत्र एवं मकरस्थ चन्द्र के समय 9 घं. 52 मि. पर शनिदेव मकर राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2078 वि. के अन्त तक मकर राशि में ही रहेंगे।

मकरराशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का फल

(24 जनवरी, सन् 2020 ई. से संवत् 2078 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	ढैय्या या साढेसाती	पाद	साढेसाती		शुभाशुभ फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मिथुन	ढैय्या	लौहपाद	—	—	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, स्त्री-कष्ट, पुत्र किंवा पशुपीड़ा, व्यापार में हानि एवं आर्थिक संकट का सामना करना पड़े।
तुला	ढैय्या	लौहपाद	—	—	शरीर कष्ट, रक्तविकार, स्त्री-पुत्र-कष्ट, व्यापार में हानि, आर्थिक संकट एवं पशुपीड़ा हो।
धनु	साढेसाती	रजतपाद	पाद	उतरती	व्यापार में प्रगति, धन-धान्य-समृद्धि, सुख-सम्पदालाभ, प्रभाव क्षेत्र बढ़े, घर में मंगलकृत्य हों, राजपक्ष से सम्मान।
मकर	साढेसाती	सुवर्णपाद	हृदय	—	शत्रु प्रबल, निज-जन-विरोध, रोगभय, परिवार में क्लेश, धनहानि हो, चिन्ता आदि से कष्टप्रद समय।
कुम्भ	साढेसाती	लौहपाद	मस्तक	चढ़ती	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, स्त्री-पुत्र-पशुपीड़ा, व्यापार में हानि, राजपक्ष से भय-कष्ट, आर्थिक संकट भी रहे।

नोट—यहां दिये गये कोष्ठक में जिन राशियों का निर्देश (ज़िक्र) नहीं किया गया है, उन राशि वाले जातकों के लिए इस साल सं. 2078 वि. में मकर राशिस्थ शनि की समयावधि में साढेसाती या ढैय्या नहीं है, यह समझ लें।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का सामान्यतया अशुभ फल कब होगा—

मेष राशि वालों के बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। **वृष** को पहले अढाई वर्ष, **मिथुन** को अन्त के अढाई वर्ष, **कर्क** को बीच के अढाई वर्ष, **सिंह** को पहले 5 वर्ष, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। **कन्या** को पहले 5 वर्ष, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **तुला** को आखिर के अढाई वर्ष, **वृश्चिक** को अन्तिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **धनु** को प्रारम्भ के अढाई वर्ष, **मकर** को पहले 5 वर्ष, उनमें भी पहले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। **कुम्भ** को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषतः अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। **मीन** को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभ फल देने वाले होते हैं।

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय

शनि की साढेसाती/ढैय्या के नेष्टफल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23,000 की संख्या में विधिपूर्वक जाप करें। तदुपरान्त दशांश हवनादि करें। शनिवार के दिन सतनाजा-दान, लौहपात्र में तैलदान, शनिस्तोत्र का पाठ करना/कराना श्रेयस्कर रहता है। इसके अतिरिक्त शुभ वेला में **'नीलम'** रत्न एवं **'शनियन्त्र'** धारण करना भी आश्चर्यजनक रूप से लाभप्रद रहता है। परन्तु रत्नधारण करने से पूर्व शनि के अंशादि का अध्ययन करवाकर किसी दैवज्ञ का परामर्श ले लेना श्रेयस्कर होगा।

शनि का बीज मन्त्र—"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।"

प्रतिदिन 3 माला मन्त्रजाप करें। मन्त्रजाप से पहले **"अमुक मासे, अमुक पक्षे, अमुक तिथौ, शनैश्चर-नेष्टफलशान्त्यर्थम् शनि-मन्त्रजापमहं करोमि"**—इस प्रकार संकल्प करके शनि-मन्त्रजाप करें।

शनिवारी अमावस वाले दिन सूर्यास्तसमय (गोधूलि वेला में) शनि-मन्त्रजाप, स्तोत्र-पाठ करें एवं तेल में मुंह देखकर, उसमें एक लौंग डालकर दान करें और सायंकाल पीपल के नीचे दीपक जलायें।

मन्त्रजाप की विधि—अनुष्ठान शनिवार को करें। सूर्यास्त-समय स्नान करके कम्बलासन पर बैठकर, पश्चिमाभिमुख होकर (पश्चिम की तरफ मुंह करके) लोहे के खुले बर्तन में जौ, लौंग एवं काले तिल प्रत्येक 200 ग्राम लेकर एक अंजलिभर चावल और 7 सुपारी रखें। मौली, धूप, लाल चन्दन, दो अपूप (पूड़े) भी सामने रख लें। मिट्टी के बर्तन में तेल का दीपक प्रज्वलित करें एवं एक स्टील का लोटा तेल से भरकर सामने रखकर **"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः"**—इस मन्त्र का कुल 23 हज़ार जाप करें। मन्त्रजाप पूर्ण होने के बाद सारी सामग्री, जो सामने रखी थी, को जलप्रवाह कर दें। तेलभरी गड़वी (लोटा) में लौंग डालकर शनि वाले डकौत को दें। सामग्री को जलप्रवाह करते समय निम्नांकित मन्त्र का उच्चारण करें—

"ॐ नमः कृष्णाय नीलाय शिति-कण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्नि-रूपाय कृतान्ताय च ते नमः॥"

इस मन्त्रोच्चारण के बाद "दूर जाते हुए शनि को पृष्ठभाग" से नमस्कार करके घर को जायें। किसी अच्छे विद्वान् दैवज्ञ के परामर्श से (कुण्डली दिखाकर) 'नीली' या 'नीलम' नग धारण करना भी ठीक रहेगा।

'नीलम' रत्न का काम देने वाली वनौषधि

शनिदोष-निवारण के लिए अनेक व्यक्ति 'नीलम' धारण करते हैं, परन्तु सबको अनुकूल बैठने वाला शुद्ध 'नीलम' रत्न बहुत कम मिलता है। उसकी भले-बुरे की परीक्षा भी कठिन है और यह रत्न बहुमूल्य (महंगा) होता है। अतः सर्वसाधारण मनुष्य खरीद नहीं सकते। ऐसे व्यक्ति नीलम के अभाव में '**बिच्छू बूटी**' की जड़ का प्रयोग करें। बिच्छू बूटी हिमाचल प्रदेश में बहुत होती है। कोमल कांटेदार पत्तों को स्पर्श करने से वृश्चिकदंश जैसी पीड़ा होने लगती है। अतः इसका नाम बिच्छू बूटी है। शुक्लपक्ष शनिवार को प्रातः (यदि पुष्य नक्षत्र भी मिल जाये तो अत्युत्तम) बिच्छू बूटी की जड़ उखाड़कर ले आयें। पहले दिन शुक्रवार की सन्ध्या को निमन्त्रण दे आयें। इस जड़ के टुकड़े को चांदी के तावीज में भरकर शनिमन्त्र से धारण करें। यह हर व्यक्ति का शनिदोष निवारण करती है।

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ वैदिक मन्त्र

"ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। शं शनये नमः ॐ॥"

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ शनैश्चर-स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच—

"ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते।
नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च।
नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते।
प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥"

इस स्तोत्र का पाठ शनिवार को पीपल के नीचे बैठकर एवं अन्य दिनों में भगवान् शंकर से प्रार्थनापूर्वक शिवमन्दिर या घर में भी बैठकर प्रातः करने से साढ़ेसाती व ढैय्या की दुःखद पीड़ा नहीं होती है, अनुभूत है।

शनिजन्य नेष्टफल-परिहारार्थ तुलादान करायें—

विधि—शनि ग्रह से पीड़ित व्यक्ति अपने जन्मदिन पर या शनैश्चरी अमावस शनिवार को दिन में लगभग 11/12 बजे गेहूं, काले चने, चावल, बाजरा, कालीदाल (माह), जौ, मूंग आदि (सात) अनाजों से अपने वजन के बराबर तौल कर दान (तुलादान) करें। साथ ही तेल में मुंह देखकर दक्षिणासहित शनि का दान लेने वाले (ढौंसी) को दे दें। बाद में तुलादान के समय पहने हुए कपड़े भी स्नान करके, दान कर दें।

नोट—तुलादान से पहले यदि कोई बहुमूल्य आभूषण आदि शरीर पर धारण किया हुआ हो, वह भी पहले ही उतार दें, अन्यथा वह भी दान करना होगा।

संवत् 2078 वि. में गुरु ग्रह का गोचर फल

गुरुदेव का कुम्भ राशि में प्रवेश

गत. सं. 2077 में चैत्र कृष्ण नवमी, मंगलवार, तदनुसार 6 अप्रैल, 2021 ई. को 0 घं. 25 मि. पर उ.षा. नक्षत्र, सिद्ध योग एवं मकरस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव कुम्भ राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2078 वि. में 14 सितम्बर, 2021 ई. तक कुम्भ राशि में ही रहेंगे।

कुम्भ राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(6 अप्रैल से संवत् 2078 वि. में 14 सितं., 2021 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय	आधि-व्याधि

गुरु का पुनः मकर राशि में प्रवेश

सं. 2078 वि. में भाद्र. शुक्ल नवमी, मंगलवार, तदनुसार 14 सितं., 2021 ई. को मूल नक्षत्र एवं धनुःस्थ चन्द्र के समय 14 घं. 34 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर वक्रगति से गुरु पुनः मकर राशि में प्रवेश करके 20 नवं., 2021 ई. तक मकर राशि में ही रहेगा।

मकर राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(14 सितं. से 20 नवं., 2021 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	धनलाभ	धनलाभ होकर हानि	कष्ट	धनलाभ	भय	आधि-व्याधि	प्रगति

मकर राशिस्थ गुरु का विश्व पर प्रभाव

"मकरे च गुरौ चैव दुर्भिक्षं घोर-दारुणम्।
विग्रहं यान्ति राजानः त्रिमासान्ते शुभं भवेत्॥"

अर्थात्—राजनीतिज्ञों में विग्रह (वैमनस्य), कहीं घोर दुर्भिक्ष पड़े। तीन मास बाद सुभिक्ष रहे।

कुम्भ राशि में गुरु का पुनः प्रवेश

सं. 2078 वि. में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया, शनिवार, तदनुसार 20 नवं., 2021 ई. को रोहिणी नक्षत्र एवं वृषस्थ चन्द्र के समय 23 घं. 15 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर गुरुदेव मार्गी गति से पुनः कुम्भ राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2078 वि. के अन्त तक कुम्भ राशि में ही रहेंगे।

कुम्भ राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(20 नवम्बर से संवत् 2078 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शारीरकष्ट	धनलाभ	भय	आधि-व्याधि

गुरुजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ उपाय

गुरुग्रह जन्मांग में या गोचर में नेष्टफलप्रद हो तो—गुरुवार को (विशेषतः गुरुवारी अमावस वाले दिन) केले के वृक्ष को सींचना चाहिए। पीली वस्तु (चना, पीला फल, हल्दी) को पीले कपड़े में बांधकर दान करें। सोना, गुड़, शर्करा, लड्डू आदि द्वारा वृद्ध ब्राह्मण का यथाशक्ति सम्मान करें। गुरु ग्रह के बीजमन्त्र का 19 हज़ार जाप करें। **गुरु का जपनीय बीज मन्त्र यह है**—"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।" केसर किंवा हल्दी का तिलक धारण करें। पीला 'पुखराज' 5/7 रत्ती पुरुष दायें हाथ की एवं स्त्रियां बायें हाथ की तर्जनी अंगुली में धारण करें।

सं. 2078 वि. में वृषस्थ राहु का शुभाशुभ फल

सं. 2077 वि. में आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी बुधवार, तदनुसार 23 सितम्बर, सन् 2020 ई. को ज्येष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान् योग, वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय राहु 12 घं. 16 मि. (I.S.T.) पर वृष राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2078 वि. के अन्त तक वृष राशि में ही रहेगा।

वृष राशिस्थ राहु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(संवत् 2078 वि. के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	कलह	भय	विनाश	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	सुख	धनहानि	अपमान	सौभाग्य

राहु जन्मांग या गोचर में नेष्ट फलप्रद हो तो—कम्बल, तिल-तैल, नारियल, लौंग एवं काले या भूरे रंग के वस्त्र में सतनाजा बांधकर दक्षिणासहित सायंकाल के समय दान करें। साथ ही कम्बलासन पर बैठकर राहु के **बीजमन्त्र (ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः)** का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। शान्ति रहेगी। दैवज्ञ के परामर्श से राहुशान्त्यर्थ **'गोमेद'** नग 5/7 रत्ती भी धारण कर लेना हितकर रहेगा।

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. 2078 वि.)

(संसार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगोचर के अनुसार सर्वेक्षण)

★ संवत् 2078 वि. 'राक्षस-नामक' संवत्सर है। इस संवत्सर में प्राकृतिक आपदा से जनहानि हो एवं खाद्य पदार्थों की कमी अनुभव होगी। उग्रवाद एवं देश में साम्प्रदायिक उपद्रवों से अशान्ति भी सम्भव है।

★ इस संवत्सर का राजा एवं मन्त्री—दोनों पद 'मंगल' को प्राप्त हैं, अत: यह संवत्सर प्रधान नेताओं के लिए विषम परिस्थितियों को लेकर आ रहा है।

★ चूंकि क्रूर ग्रह मंगल इस संवत्सर में बली है, अत: सीमान्त-प्रदेशों में उग्रवादजन्य गतिविधियों को कण्ट्रोल करने के लिए सैन्यबल का प्रयोग अनिवार्य रहेगा।

★ 2 जून से 20 जुलाई 2021 ई. तक शनि-मंगल की स्थिति भयंकर अग्निकाण्ड एवं उग्रवाद से भारी हानि का संकेत देती है।

★ 20 जून से 18 अक्तूबर 2021 ई. तक का समय यान-दुर्घटनाकारक एवं प्रधान नेतृत्व के लिए भयावह है।

★ 14 सितं. से 19 नवं. 2021 ई. के मध्य महामारी आदि से विषम स्थिति रहे।

★ 22 फर., 2022 ई. से सं. 2078 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति भारत के सीमाप्रान्तों की सुरक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। कोई विरोधी देश अचानक युद्धात्मक स्थिति से वातावरण अशान्त कर सकता है। इसी दौरान भारी प्राकृतिक आपदा से जन-धनहानि के योग भी बनते हैं।

★ उल्लिखित समयावधि में प्रधान नेताओं को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा।

आकर्षण-विकर्षण से प्रभावित अनन्तकोटि खगोलीय पिण्ड अपनी वक्र-मार्ग, अतिचार, मन्द आदि अनेकविध गतियों द्वारा भौतिक किंवा ऐहलौकिक क्रिया-कलापों में सामयिक परिवर्तनों से ज्योतिषशास्त्र की वैज्ञानिकता का साक्षित्व अनन्तकाल से ही प्रस्तुत करते आ रहे हैं। प्रत्येक पिण्ड उस जगत् पिता की अदृश्य-अलौकिक-शक्ति से प्रभावित होकर सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्रभावित करता है। प्रभावित वर्ग ग्रहों की गति एवं प्रकृति के अनुरूप ही कर्मानुष्ठान करने को प्रेरित होता है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम 'भवितव्यता' किंवा 'ईश्वरेच्छा' कहकर स्वीकार करने को विवश हैं।

इस प्रकार इस ग्रहगति से प्रभावित व्यक्ति किंवा घटनाचक्र की स्थिति तीव्र वायुवेग से प्रभावित एक तिनके की भांति होती है, जो एक ही क्षण में अपने अस्तित्व को खोकर वायुवेग से प्रताड़ित होकर, तदनुसार (वायुवेग के अनुकूल दिशा में) चलने को विवश हो जाता है। स्पष्ट है कि—

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता है। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक भी अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाये, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्नि-ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।" यह नियामक विधान किसी अदृश्य सत्ता के अस्तित्व को प्रमाणित करता है। इसी प्रकार यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रभु के एक निश्चित विधान के अनुसार ही चल रहा है। इस विधान का साक्षात् कृतधर्मा ऋषियों ने जो अध्ययन व चिन्तन किया है, उसका परिणाम ही 'ज्योतिष' है। ज्योतिष के अनुसार ब्रह्माण्ड के सभी क्रिया-कलाप ग्रहों द्वारा नियन्त्रित हैं। आकाश में जो भी ग्रह-नक्षत्र हैं, उनसे यह पृथ्वी किंवा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अप्रभावित नहीं रहते—यह ज्योतिष का एक मूलभूत सिद्धान्त है।

इस सिद्धान्त की प्रामाणिकता में सन्देह करना तो दुराग्रह ही है। विज्ञान, कार्य-कारण के सिद्धान्त पर ही आधारित है। परन्तु आज भी असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे

हैं। सिद्धान्तों के व्यभिचार-मात्र से शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य-सिद्धान्तों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार कालात्मा सूर्य को सब ग्रहों का प्रधान माना गया है। **'शुक्ल यजुर्वेद'** की इस ऋचा पर ध्यान दें—

"आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।
हिरण्येन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन्॥"

अर्थात्—सूर्यनारायण सम्पूर्ण भुवनों को देखते हुए परिभ्रमण करते हैं। सभी ग्रहों में एकमात्र सूर्यदेव ही तो हैं, जो प्रत्यक्षरूप से दृष्टिगोचर होते रहते हैं। सम्पूर्ण दिशाओं को प्रकाश देने वाला कालात्मा—सूर्य, स्थावर, जंगम जगत्, ग्रह, पृथ्वी, जल, वायु आकाश किंवा समस्त भूचक्र का भेद जानता है। सूर्य की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तर होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अत: स्पष्ट है, कि आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीय घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इस तथ्य को वैज्ञानिक-विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

ज्योतिष शायद सबसे पुराना विषय है और एक अर्थ में सबसे ज्यादा उपेक्षित विषय भी। उपेक्षित इसलिए, कि—फलितशास्त्र में शोध के लिए शासन उपेक्षा भाव लिये है। मनुष्य जाति के इतिहास की जितनी भी खोज हो सकती है, उसमें ऐसा कोई भी समय नहीं था, जबकि ज्योतिष मौजूद न रहा हो। इसलिए इसे पुरातनतम भी माना गया है।

बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भौतिक ज्योतिष की अनेक शाखाओं का विकास हुआ है, जिनके आधार पर फलित शास्त्र की सत्यता के बारे में प्रमाण मिलते ही जा रहे हैं। सूर्य-कलंक-चक्रों, चन्द्रमा एवं ज्वारभाटा-सम्बन्धी सिद्धान्तों के परिशीलन तथा ग्रहों के आकर्षण-सिद्धान्त की प्रक्रिया के आधार पर विवेचन करने से प्राणीशास्त्र-वनस्पतिशास्त्र एवं प्रकृति के प्रत्येक पहलु पर ग्रहों का प्रभाव सत्य सिद्ध हो चुका है। यही कारण है, कि—आजकल के वैज्ञानिक युग में पाश्चात्य एवं पूर्वीय सभी देशों में इस शास्त्र के प्रति आस्था प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस विषय में हम मिन्नेसोटा विश्वविद्यालय (अमेरिका) (University of Minnesota) में डा. मार्क ग्रोबार्ड (Dr. Mark Graubard) के तत्त्वाधान में हुए फलित शास्त्रसम्बन्धी शोध के परिणामों का विवेचन ग्राफ द्वारा प्रस्तुत करना उचित समझते हैं।

आलेख—(पाश्चात्त्य देशों में फलित ज्योतिष पर विश्वास में वृद्धि तथा न्यूनता का समय-सापेक्ष आलेख)

(0 ई.पू. स्वल्पान्तर से छोड़ दिया गया है।)

यहां प्रस्तुत आलेख में पाश्चात्य जनता एवं विद्वानों के फलित-ज्योतिष पर विश्वास को अंकित किया गया है। इस आलेख से स्पष्ट है कि ईसा पूर्व कुछ शताब्दियों में अफ्रीकन-पैगान-धर्मद्वारा फलितशास्त्र का विरोध होने पर भी फलितशास्त्र के प्रति विद्वानों की निष्ठा यथावत् बनी रही है। पांचवीं शताब्दी में क्रिश्चियनधर्म द्वारा फलित ज्योतिष का विरोध होने पर यद्यपि आस्था कुछ कम हुई थी, परन्तु यह क्रिश्चियनों का प्रभाव भी स्थायी न रह सका। ज्यों ही शिक्षा का क्षेत्र बढ़ता गया, फलितशास्त्र पर 1500 ई. के लगभग लोगों की निष्ठा पुन: दृढ़ होकर पूर्वस्थिति को प्राप्त हो गयी। 17वीं शताब्दी से अब तक विरोध न होने पर भी एकमात्र उपेक्षावृत्ति के कारण लोगों में आस्था की कमी देखी गयी है। परन्तु साथ ही साथ नये मौलिक विचार एवं नये ज्योतिष सिद्धान्तों का सूत्रपात हो जाने से इस शास्त्र के प्रति आस्था बढ़ती गयी है और ये विद्वान् लोग इस शास्त्र में विशेष परिवर्तन से नये रूप की आशा रखते हैं।

ऋग्वेद् में पचानवें हज़ार वर्ष पूर्व ग्रहनक्षत्रों का वर्णन उपलब्ध है। महर्षियों द्वारा प्रस्फुरित इस शास्त्र पर गुरु-शिष्यपरम्परया चिन्तन व संशोधन-संवर्धन होते रहे हैं। प्रत्येक ग्रह जब अपनी गतिस्थिति में अन्तर लाता है, तभी विश्व का घटनाचक्र प्रभावित होता देखा गया है। इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र-मार्ग आदि के ही परिणाम हैं। इस ग्रहगतिजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, **"श्रीमार्त्तण्ड पंचांग"** के माध्यम से अपने प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित कर देते हैं और यह इस प्रकाशन का

94वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् 2078 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहले हम अपने विद्वान्, प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 93 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 94वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत है।

विगत वर्षों में कुछ सत्यसिद्ध भविष्यवाणियां यहां प्रस्तुत कर देना चाहते हैं। देखिये—

1A. भारत के अन्तरिक्ष विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की भविष्यवाणी—सं. 2075 वि. के पंचांग, पृष्ठ 52, कॉलम 1/2 पर की गयी थी कि—

"गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत इस वर्ष किंवा आगामी वर्षों में अन्तरिक्ष विज्ञान (Space-Science) में आश्चर्यजनक प्रगति करेगा। जिसमें अन्य कुछ देश भी सहायकरूप में मददगार रहेंगे।"

1B. इस संवत् 2077 का सेनाधिपति (दुर्गेश) सूर्य होने से भारत सैन्यबल को सुसमृद्ध करके सर्वोपरि प्राथमिकता-सम्पन्न सशक्त देश बनेगा। **देश अन्तरिक्ष विज्ञान में भी आश्चर्यजनक चमत्कारों से नवीन शस्त्रास्त्रों के परीक्षण से आश्चर्यजनक प्रगति करेगा।**

इन भविष्यवाणियों की सत्यता को समाचारपत्रों ने इस प्रकार प्रसारित किया—

ISRO continues to make India proud

It was yet another year of jubilation for Indian Space Research Organisation (ISRO) for it achieved a historic feat of having launched a massive 104 satellites using its Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV).

इसके अतिरिक्त भारत की अन्तरिक्ष विज्ञान में प्रगति से चीन एवं पाक भी प्रभावित हुए हैं।

2. 12 अप्रैल, सन् 2018 ई. को हरिकोटा में I.R.N.S.S.-1 आई. का परीक्षण सफल, सदमे में चीन-पाक (पंजाब केसरी 13/4/18)

Space-Science की इस सफलता की भविष्यवाणी श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में 4 जून, 2017 को की गयी थी, जोकि आश्चर्यजनक-रूप से सत्य सिद्ध हुई।

3. श्री मार्त्तण्ड पंचांग सं. 2076 वि. पृ. 55 पर जगत् लग्नेश कुण्डली के आधार पर स्पष्ट भविष्यवाणी इस प्रकार की गयी थी—

वर्षेश लग्न में राहु एवं शनि की परिधि में ही सभी प्रभावी ग्रह हैं। अतः कुछ राष्ट्रों में प्राकृतिक आपदा (प्राकृतिक प्रकोप), अग्निकाण्ड, भयंकर तूफान, भूकम्प आदि से मई 2019 तक भारी जनधनहानि के योग बन रहे हैं।

तदनुसार अनेक राष्ट्रों एवं प्रान्तों में भयंकर समुद्री तूफान, जलप्रलय किंवा भयंकर प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा।

4. कोरोना महामारी से सन् 2020 ई. का पूर्वार्द्ध व इससे आगे आने वाला समय और भी भयंकर रहेगा—यह भविष्यवाणी सं. 2077 वि. के पंचांग में पृ. 50 पर, कॉलम 1 में स्पष्ट की गयी है, पढ़ें:

"अग. सन् 2020 ई. के लगभग से शनि-मंगल की दृष्टि और दशम-चतुर्थ-सम्बन्ध होने से भारत में हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखण्ड आदि प्रान्तों में भयंकर प्राकृतिक आपदा (महामारी कोरोना) से जनधनहानि सम्भव है, भगवान् रक्षा करें।"

5. भारत सरकार द्वारा पुरातन एवं देशहित के विपरीत परिस्थितियों के दूर करने के लिए मुस्लिम-विवाहप्रथा के दोष एवं विदेशी व्यक्तियों के बहिर्गमन की नीति (CAA) से भारतसरकार को देशव्यापी उपद्रवों एवं शाहीनबाग आदि पर भारी संकटों का सामना करना पड़ा है—इस भविष्यवाणी को सं. 2077 वि.के पंचांग में पृ. 50 पर निम्नांकित शब्दों में लिखा गया था—

"कर्क लग्न पर शनि एवं मंगल की पूर्ण दृष्टि भी है। यह दृष्टिसम्बन्ध लगभग 3 मई तक प्रभावी रहेगा। यह समय देश की पुरातन एवं देशहित के विपरीत नयी परिस्थितियों को दूर करने के लिए कठिन परिस्थितियों का संकेत देता है।"

6. सं. 2077 वि. में चीन-अमेरिका एवं कुछ अन्य देशों के साथ कोरोना महामारी के कारण अघोषित युद्ध जैसी स्थिति रही है। इस भविष्यवाणी को सं. 2077 वि. के श्रीमार्तण्ड पंचांग में निम्नांकित शब्दों में लिखा गया था, पढ़ें पृ. 51, कॉलम 1 पर।

"इस वर्ष (सं. 2077 वि. में) शनि-मंगल-सूर्य एवं शुक्र की स्थिति वर्ष के मध्य उत्तर एवं दक्षिण की ओर से शत्रुदेश की गतिविधि अघोषित युद्ध जैसा वातावरण बना सकती है; भारतीय सैन्यबल सशक्त सिद्ध होगा। वर्षप्रवेश-कुण्डली में शनि की सूर्य

एवं मंगल पर दृष्टि पाक में आन्तरिक क्रान्ति किंवा विभाजन का संकेत देती है।"

7. सं. 2077 वि. में भाजपा शीर्षक के अन्तर्गत पृ. 52, कॉलम 1 पर स्पष्ट रूप से भाजपा के लिए भारी समस्याओं वाला लिखा था; तदनुसार भाजपा-नेतृत्व को देश की सुधारात्मक नीति के कारण दिल्ली आदि में हिन्दु-मुस्लिम उपद्रव एवं जामिया J.N.U. आदि में होने वाली विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। पंचांग पृ. 52 पर सत्यापित भविष्यवाणी यह थी, पढ़ें—

"अब आगामी गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार धनु:स्थ गुरु एवं मकरस्थ शनि भी भाजपा के सामने परीक्षा की घड़ी उपस्थित करेगा। क्योंकि समय-समय पर शनि-मंगल किंवा शनि-राहु का एक साथ रहना भारी समस्याओं को उपस्थित करेगा। इस समयावधि में प्रधान नेताओं की सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा।"

8. प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के बारे में सं. 2077 वि. में जो अंकित किया था, वह अक्षरशः सत्य सिद्ध हुआ है, पढ़ें पृ. 52, कॉलम 2 पर इन, पंक्तियों में—

"चतुर्थ-भाव (सहयोगी वर्ग) में मौजूद गुरु की मदद से **अनेक समस्याओं को हल करने का श्रेय भी मोदी को अवश्य मिलेगा। ताकतवर देशों से सन्तुलन साधने की क्षमता से श्री मोदी को गौरव प्राप्त होगा। अपने शपथग्रहण में 'बिम्सटेक देशों' को न्योता विश्व में भारत की धाक जमाने का प्रथम चरण है, जो देश को यश-मान देकर प्रतिष्ठित देशों की श्रेणी में स्थापित करेगा। श्री मोदी की विदेशनीति से भारत गौरवान्वित एवं प्रगतिपथ पर अग्रसर रहेगा; इसमें सन्देह नहीं।**

श्री मोदी की 30 मई को सायं 7 बजे शपथ-ग्रहणकालीन ग्रहस्थिति के निरीक्षण से स्पष्ट है कि—वृश्चिक लग्नस्थ गुरु की मीनस्थ चन्द्र एवं कर्मेश सूर्य पर विशेष दृष्टि है। **अतः श्री मोदी महाभाग को देश की आन्तरिक एवं बाह्य समस्याओं को हल करने के लिए आश्चर्यजनक सफलता मिलेगी। देश प्रतिष्ठित देशों की श्रेणी में आर्थिक एवं राजनैतिक दृष्टि से श्रेय प्राप्त करेगा।"**

तीन तलाक का निरस्तीकरण, धारा 370/35A का जम्मू-कश्मीर से हटा इस प्रान्त को नयी दिशा देना और श्रीराम मन्दिर-निर्माणारम्भ-प्रक्रिया का श्रीगणेश आदि बड़े कार्य श्रीमोदीजी व देश-प्रेमियों के लिए गौरव की बात है।

9. यूरोपीय देशों के बारे में सं. 2077 वि. के पंचांग में पृ. 46, कॉलम 1 पर की गयी भविष्यवाणी भी कम आश्चर्यजनक नहीं। पढ़ें, यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1)—

"अणुशस्त्र, सीमाविवाद, शस्त्रास्त्रों की मारक-क्षमताजन्य उन्माद एवं शक्ति-सम्पन्नता प्रदर्शन से हालात बिगड़ेंगे। यूरोप के देशों में विचार-वैमनस्य से द्विधाविभक्त किंवा विशेष ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति घातक रहेगी, इससे विश्वशान्ति को भी खतरा पैदा हो सकता है।"

उ.कोरिया, चीन एवं यू.एस.ए. आदि शस्त्रास्त्र-परीक्षण करके विश्वशान्ति को चुनौती देते रहे हैं।

10. जम्मू-कश्मीर शीर्षक के अन्तर्गत सं. 2077 वि. में अंकित निम्नांकित पंक्तियों की सत्यता स्वतः सिद्ध है। पढ़ें, पृ. 54, कॉलम 1 पर—

" संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि पर मंगलयुत 'शनि की दृष्टि' होने से कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त-प्रदेशों में भारत के साथ पाक-चीन, जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

कश्मीर में प्रतिदिन उग्रवादजन्य अपराध एवं सैन्य संघर्ष प्रायः होते रहते हैं। तथा तिब्बत-लद्दाख-मिजोरम आदि में चीन का दखल भी जगजाहिर है। अभी 13 मई के पंजाब केसरी समाचार पत्र में समाचार था—" **पूर्वी लद्दाख में दिखे चीनी हैलीकॉप्टर" जवाब में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने भी वायुसीमा में उड़ान भरी।"** इस प्रकार उल्लिखित सं. 2077 वि. की पंक्तियों की सत्यता स्पष्ट हो गयी है।

हालांकि चाइना द्वारा किये इस युद्धोन्माद में स्वयं चीन ही सर्वत्र घिरा दिखा और विश्व के अधिकतरदेश भारत के समर्थन में दिखाई दिये। यह सभी जानते ही हैं।

पाठको! स्थानाभाव के कारण इस वर्ष की सभी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा नहीं कर पा रहे हैं, विद्वान् पाठक स्वयं ही मूल्यांकन करें।

मार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गयीं या की जा रहीं भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता-जनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों किंवा विदेशों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2078 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान '**कार्य-कारण के सिद्धान्त**' को ही प्राथमिकता प्रदान करता है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक भी अपने-आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। अत: सिद्धान्तों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्यसिद्धान्तों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर 'लोकतान्त्रिक राज्य' की स्थापना के लिए प्रधानमन्त्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म-स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवं शासनतन्त्र पर पड़ता है, उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुरूप संसार में जो उलट-फेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं; इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा निर्दिष्ट संकेतों के आधार एवं वि. सं. 2078 की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ आगामी घटनाओं के बारे में यहां लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

संवत् 2078 वि. के प्रारम्भ में बार्हस्पत्यमान से 'राक्षस' नामक संवत्सर है। संहिता-ग्रन्थ के अनुसार इसका फल इसप्रकार है—

"राक्षसः क्षयकरोऽनलस्तथा, ग्रीष्मधान्य-जननोऽत्र राक्षसो वह्निकोप-मरक प्रदोऽनलः।"

अर्थात्—राक्षस संवत्सर में सर्वत्र प्राकृतिक प्रकोप (रोग) व अग्निकाण्ड, जल प्रलय व अवर्षण आदि से हानिकारक दृश्य दिखाई देंगे। विशेषतया राक्षस संवत्सर में ग्रीष्मसस्य अच्छे होने पर भी जनता लाभान्वित नहीं होती।

एक अन्य संहिता ग्रन्थ में 'राक्षस' संवत्सर का फल इसप्रकार लिखा है—

"नश्यन्ति सर्वसस्यानि रोगार्तिश्च महर्घता।
प्रजानाशो भयं घोरं राक्षसे गौरि! पीड़नम्॥"

अर्थात्—राक्षस नामक (इस) संवत्सर में अनेकत्र खड़ी फसलों को अतिवर्षण किंवा अवर्षण से दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। पेयजल की समस्या रहे किंवा प्राकृतिक प्रकोप से जनता स्थानान्तरण के लिए विवश भी हो सकती है। महंगाई बढ़ेगी। देश में अनेकत्र प्रकृति-विपर्यय के लक्षणों एवं अनेकविध रोगों से जनता परेशान रहे। अनैतिक कृत्यों किंवा भूकम्प, सीमाप्रान्तों पर उग्रवादजन्य गतिविधि से जनधनहानि के योग भी दृष्टिगोचर हों।

'वर्षप्रबोध' ग्रन्थानुसार भी इसी प्रकार का फल है—

"स्व-स्व कार्ये रताः सर्वे, मध्य-सस्यार्घवृष्टयः।
राक्षसाब्देऽखिला लोका राक्षसा इव निष्क्रियाः॥"

तात्पर्य यह है कि—वर्षा मध्यम, खाद्यान्न महंगे हों, जनता एवं कुछ सीमावर्ती देश के जनजीवन के लिए वर्ष भारी कष्टप्रद रहे।

अर्थात्—राक्षसी वृत्ति के (उग्रवादी) लोकनिरीह लोगों के जीवन के लिए खतरा बने रहेंगे।

मेघ महोदयानुसार 'राक्षस' नामक संवत्सर का फल इसप्रकार है—

"राक्षसे शुक्रः स्वामी, धान्य-संग्रहः कार्यः, चैत्रे कारकाः पतन्ति, वैशाखे-ज्येष्ठे च तैलं महर्घम्, गुड़-खण्डादिकं महर्घम्, श्रावणेऽल्प-मेघः, अन्नं महर्घम्, भाद्रपदे महामेघः, कार्त्तिके रोगार्तिः, मार्गशीर्षादि चत्वारो मासाः महर्घाः, मार्गे सुखं सुभिक्षम्।"

संक्षेप में—इस संवत्सर में आपात स्थिति का सामना करने के लिए अन्न-संग्रह करना चाहिए। अकालिक वर्षा व ओलावृष्टि से हानि सम्भव है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड एवं अन्य जन-जीवनोपयोगी वस्तुएं महंगी हों। श्रावण एवं भाद्रपद में कहीं दुर्भिक्ष, कहीं बाढ़ आदि व प्रकृति विपर्यय किंवा महामारी से जनधनहानि का भय है।

संवत् 2078 वि. के राजा एवं मन्त्री का पद मंगल ग्रह को प्राप्त है। साथ ही मेघेश (बादल-वर्षा के स्वामी) का पद भी मंगल ग्रह को ही प्राप्त है। मंगल का इन तीन महत्त्वपूर्ण पदों पर होना देश एवं देश की शान्ति-सुरक्षा की दृष्टि से भयावह है।

'बृहत्संहिता' अनुसार राजा मंगल का फल इसप्रकार है—

"वातोद्धतश्चरति वह्निरति प्रचण्डो, ग्रामान् वनानि नगराणि च सन्दिधिक्षुः।
हाहेति दस्युगणपात-हता रटन्ति, निःस्वीकृता विपशवो मुनि-मर्त्यसंघाः॥"

अर्थात्—इस वर्ष भयंकर अग्निकाण्डों से नगर-पतन व जंगलों को हानि पहुंचेगी। जनधनहानि अधिक होगी। तूफानों व प्राकृतिक प्रलयंकारी घटनाओं से अनेकत्र हानि हो।

किञ्च—इस वर्ष कुछ प्रान्त बाढ़ग्रस्त एवं कुछ प्रान्त दुर्भिक्षग्रस्त रहेंगे। राजनीतिज्ञ जनता के अनुरूप व्यवहार वाले सिद्ध न हों।

'संवत्सरसंहिता' के अनुसार संवत्सरेश मंगल का फल ठीक उपरोक्त आशय को ही व्यक्त करता है—

"अग्नि-तस्कर-रोगाद्यो नृप-विग्रह-दायकः।
गत-सस्यो बहुव्यालो भौमाब्दो बालहा भृशम्॥"

सं. 2078 वि. में मन्त्री पद भी मंगल को ही प्राप्त है। मंगल के मन्त्री होने से चौरादि अनैतिक कृत्य करने वाले व्यक्तियों एवं नानाविद्य रोगों से जनता परेशान रहेगी। कुछ सीमान्त-क्षेत्रों में उग्रवादजन्य अशान्ति रहे—

"अवनिजे ननु मन्त्रिपदं गते-
भवति दस्यु-गदारिज-वेदना।
जनपदेषु क्वचित् सुखिनो जना-
न गोषु पयो द्विजकर्म च॥"

इस वर्ष राजा-मन्त्री—दोनों पद क्रूर ग्रह मंगल को प्राप्त होने से—

"स्वयं राजा स्वयं मन्त्री अग्नि-चौरादिजं भयम्।"—

इस प्रमाणानुसार इस वर्ष भयंकर अग्निकाण्डों से महानगरों, जंगलों एवं बड़े कारखानों में भारी हानि के योग हैं एवं चोर एवं ड्रग आदि के व्यापारी भी सक्रिय रहेंगे। शासनतन्त्र को सावधान रहना होगा।

इस संवत् का मेघेश भी मंगल है, अतः इस वर्ष कहीं जलाप्लाव, कहीं सूखा (दुर्भिक्ष) होने से कृषक वर्ग परेशान रहे। अनेकत्र पेयजल का संकट बनेगा।

इस वर्ष जून-जुलाई में शनि-मंगल का समसप्तक एवं लगभग सितम्बर-मध्य से 20 नवं. तक वक्री गुरु का शनि के साथ मेल भारतीय गणतन्त्र में अघटित घटनाओं का सूचक है, प्रधान नेताओं की सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा। लेकिन यह संवत् भारत को महाशक्ति-सम्पन्न/सर्वसमर्थ बनाने वाला अवश्य है।

संवत् 2078 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत्-लग्नकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार सांसारिक घटनाओं पर एक नज़र

इस वर्ष जगत् लग्न का उदय मकर लग्न में हुआ है। जगत् नाम राशि भी मकर ही है, अतः यह वर्ष विश्व की जीवनशैली में आश्चर्यजनक परिवर्तन करने वाला है।

गत सं. 2077 वि. के 'श्रीमार्तण्ड पंचांग' में जगत्-लग्नकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार स्पष्ट घोषणा की थी कि—

"भारत की प्रभावराशि मकर में क्रूर ग्रहों की स्थिति काफी कठिन परिस्थितियों को उपस्थित करने वाली है। संवत् के शुरु से 3 मई सन् 2020 ई. तक एवं आगे 13 मई को गुरु के वक्रत्वकाल में लगभग अगस्त तक के समय में धार्मिक एवं साम्प्रदायिक कलह से सचेत रहना होगा।

वर्षेश कुण्डली में सभी ग्रह राहु एवं केतु से घिरे और संवत्सर के मन्त्री चन्द्र की परिधि में हैं। अतः इस वर्ष कुछ राष्ट्र भूकम्प, तूफान, अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक आपदा से भयंकर जन-धनहानि की चपेट में आ सकते हैं। यह स्थिति मई से सितम्बर के मध्य सम्भव है।"

तदनुसार देहली एवं देश के अन्य भागों में साम्प्रदायिक अग्निकाण्ड एवं प्राकृतिक आपदा (कोरोना महामारी), भूकम्प, सैन्यसंघर्ष आदि से जो जनधनहानि हुई है, वह सर्वविदित है।

इस सं. 2078 वि. में जगत् लग्नकुण्डली में भारत की प्रभावराशि मकर में मकरेश शनि की स्थिति शुभ है।

ध्यान देने योग्य बात तो यह है कि—शनि का शत्रु मंगल नीचाकांक्षी होने पर भी गुरु-दृष्ट है, अत: इस कुण्डली में शनि-मंगल का षडष्टकयोग होने पर भी विपक्षी पार्टियां सत्तारूढ़ दल द्वारा देश-हितार्थ किये गये निर्णय किंवा योजनाओं को निरस्त नहीं कर सकेंगी। परिणामस्वरूप, देश आर्थिक संकट से निकलकर चहुंमुखी प्रगतिपथ पर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर रहेगा। भारी विषम परिस्थिति में भी भारत विश्ववन्द्य एवं महाशक्ति व आर्थिक सामर्थ्य के रूप में उदित होगा।

जगत् लग्नकुण्डली की ग्रहस्थिति का चिन्तन करने से ज्ञात होता है कि—अफ्रीकन देश, पाक, टर्की, अफगानिस्तान, चीन, पाक-अधिकृत कश्मीर, गिलगित, सिन्ध, बाल्टिस्तान आदि में आन्तरिक समस्याएं कहीं सिविल वार का रूप लेकर अशान्ति का कारण बनेंगी। चीन की नामराशि मेष का स्वामी मंगल नीचाकांक्षी है, अत: यू.एस.ए. के साथ व्यापारिक सम्बन्ध विषम/विकट रूप धारण कर सकते हैं, जिससे विश्वजनीन शान्ति को खतरा पैदा हो सकता है। **सं. 2078 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सूर्य-शुक्र की पोजीशन,इस संवत् में मंगल के राजा-मन्त्री दोनों पदों पर अधिष्ठित होने एवं राहुजन्य नेष्टफल-स्वरूप चीन की विस्तारवादी नीति, पाक के उग्रवाद एवं उ.कोरिया आदि की स्वच्छन्दता से सीमाप्रान्तों पर सभी को विशेष सावधान रहना होगा। इस वर्ष कहीं घोषित किंवा अघोषित युद्धात्मक स्थिति से भारत को भी सावधान रहना होगा।**

वर्षलग्नकुण्डली के अनुसार वैशाख, आषाढ़ से आश्विन के मध्य किंवा फाल्गुन में कहीं महामारी, भूकम्प, भयंकर बाढ़ (सुनामी) या कहीं सूखाग्रस्त रहने से जनधनहानि के योग भी बनते हैं।

शनि की दृष्टि एवं गति के आधार पर किसी मुस्लिम-राष्ट्रविशेष की नीति शक्ति-सम्पन्न राष्ट्र की मदद से सीमाप्रान्त अशान्त रहेंगे। शनि की स्थिति कहीं युद्धात्मिका स्थिति बना सकती है;—

"मारिर्दक्षिण-देशे स्यात् तथा बंगेष्पुपद्रव:।
लोके दु:खं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रह:॥"

संवत् 2078 वि. की ग्रहस्थिति का यूरोप के देशों पर प्रभाव (एक संक्षिप्त सर्वेक्षण)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1)

(1 जनवरी से 31 दिसम्बर, सन् 2021 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1) की ग्रहस्थिति के अनुसार शुक्र-केतु एवं राहु के अर्धवलय में ग्रहबाहुल्य होने से सशक्त यूरोपीय देशों की अस्मिता कहीं युद्धात्मक स्थिति बना सकती है। इस कुण्डली में गुरु के क्षेत्र में **'बुधादित्य योग'** एवं शनियुत नीचस्थ गुरु की स्थिति में अशान्त वातावरण एवं उग्रवादजन्य अपराधों से मुक्त होने में अनेक राष्ट्रों का सहयोग तो प्राप्त होगा, लेकिन कुछ शस्त्रास्त्र-परीक्षण से सम्बन्धित मसले अशान्ति का कारण भी बनेंगे। जिससे विश्वव्यापी उग्रवाद के पोषक तत्त्वों को सबक भी मिलेगा।

कुण्डली नं. 1 की कुछ दिन पूर्व की ग्रहस्थिति से पूर्ववर्ती वातावरण अधिक चिन्तनीय मालूम देता है। कोरिया, पाक, चीन, रूस, ईरान आदि देश अमेरिका के प्रभुत्व को क्षीण करने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, उ.कोरिया किंवा चीन आदि द्वारा सुदूर मारक शस्त्रास्त्रों के परीक्षण से वातावरण को अशान्त कर सकते हैं। भारत की भूमिका इस क्षण में प्रशंसनीय रहेगी।

अमेरिका इस वर्ष ईरान, अफगानिस्तान आदि में संघर्षात्मक रुख अपना सकता है, लेकिन स्थिति को गुरुग्रह संयत रखेगा, फिर भी कुछ देश शस्त्रास्त्रों के निर्माण को गुप्तरूप से जारी ही रखेंगे।

यह वर्ष कहीं युद्धात्मक स्थिति, प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, अग्निकाण्ड, तूफान व अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से यूरोप में जनधनहानि करे, ऐसी ग्रहस्थिति दृष्टिगोचर हो रही है।

प्रकृति के दोहन एवं पर्यावरण से सम्बन्धित समस्याएं भी विश्व के यूरोपीय देशों को संकटमय स्थिति का समाधान ढूंढ़ने के लिए विवश कर देंगी।

परिणामस्वरूप, उ. कोरिया, चीन, पाक, ईरान आदि अन्य मुस्लिम देश शस्त्रों की **मारक-** क्षमता को बल देने वाले हथियारों के निर्माण में लगे रहेंगे। इस कुण्डली नं. 1 **के** अन्तिम चरणों की ग्रहस्थिति एवं आगे की ग्रहस्थिति तो विश्वशान्ति को क्षुब्ध करने **वाली ही है।** सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 2

(1 जनवरी से 31 दिसम्बर, सन् 2022 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 2 की **ग्रहस्थिति** का अनुशीलन करने से स्पष्ट ज्ञात **होता है** कि—लग्नेश एवं कर्मेश बुध, शनि के **क्षेत्र में** शनि के साथ है। अत: यूरोपीय इटली, **फ्रांस**, जर्मनी आदि समर्थ देश भी आर्थिक मन्दी **की गिरफ्त** में आ सकते हैं। 19 दिसं., सन् 2021 ई. को धनेश एवं नवमेश शुक्र वक्रगति से चलने लगेगा, साथ ही लग्नेश-कर्मेश बुध के भी लगभग 14 जनवरी, सन् 2022 ई. को वक्री होने से यूरोपीय देशों के लिए भारी युद्धात्मक किंवा विपदात्मक स्थिति बन सकती है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सूर्य शनि की स्थिति जनवरी, 2022 ई. से आगे संवत् 2078 वि. के अन्त किंवा आगे तक 6 से 8 महीने की ग्रहस्थिति के अनुसार **मिथुन-प्रभावराशि** देश अमेरिका के प्रभुत्व को क्षीण करे एवं **महाशक्ति की होड़ में ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, अमेरिका, उ. कोरिया, रूस के साथ चीन द्वारा विकसित शस्त्रास्त्रों के विरुद्ध आवाज उठेगी।** परिणाम संघर्षात्मक स्थिति को जन्म देंगे। चीन, **रूस**, जर्मनी किंवा जापान आदि में परस्पर शस्त्रास्त्रों की होड़ से विश्वशान्ति भंग हो सकती है।

यूरोपीय देशों की कुण्डली (2)
(1 जन., 2022 ई. से सं. 2078 के अन्त तक)
(मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)

5, 8 मं. के., 7, 6, 4, 9 सू. शु. चं., 3, 10 बु. श., 12, 2 रा., गु. 11, 1

लगभग 26 फर., 2022 ई. के बाद 7 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक शनि-मंगल का मकर राशि में योग यूरोपीय देशों की नीति विश्वव्यापी अशान्ति किंवा अघोषित युद्ध का वातावरण बना सकती है। गुरु, शुक्र एवं शनि, मंगल की स्थिति इस संवत् 2078 वि. में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, तूफान, किंवा अग्निकाण्ड आदि से अप्रत्याशित जनधनहानि के योग बनाती है।।

संवत् 2078 वि. में मुस्लिम राष्ट्रों के हालात

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 1)

हिजरी सन् 1442 (1 मुहर्रम)

संवत् 2077 वि. में भाद्रपद शुक्ल तृतीया शुक्रवार, तदनुसार 21 अगस्त, सन् 2020 ई. को 1 मुहर्रम, हिजरी सन् 1442 का आगाज हुआ था। इसलिए इस हिजरी सन् का बादशाह **शुक्र** है।

शुक्रवारी गुर्रा होने से महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। घी, गुड़, खाण्ड आदि में विशेष तेजी रहे। जून से अगस्त के अन्त तक साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ेगा। उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों से जनता स्थानान्तरण को विवश हो। रोग एवं प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन त्रस्त रहे।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (1)
हिज़री सन् 1442 (1 मुहर्रम)

12, 1 मं., 11, श. 10, 9 गु. के., 2, 8, 3 शु. रा., 4, 5 सू. बु., 6 चं., 7

21 अगस्त, सन् 2020 ई., शुक्रवार, 18 घं. 54 मि. (सूर्यास्त समय) (I.S.T.)

कुण्डली नं. (1) में लग्नेश शनि व्यय स्थान में मंगल के साथ दशम-चतुर्थसम्बन्ध में होने से ईरान, पाक में मौजूद उग्रवाद के स्वयंभू नेताओं के लिए भयावह स्थिति बने। भारत की प्रभावराशि मकर में शनि स्वस्थ होने से भारत का प्रभावक्षेत्र बढ़े। मुस्लिम राष्ट्रों पर विशेष शान्त्यर्थ प्रयास होते रहेंगे।

भारत की प्रभावराशि के प्रबल एवं मंगल के स्वस्थ होने से भारत अपने शत्रुभूत मुस्लिम राष्ट्रविशेष को हतप्रभ कर देगा। लेकिन कश्मीर के अंगभूत गिलगित, बाल्टिस्तान एवं पाक के पख्तूनिस्तान आदि में तथा सीमाप्रान्तीय विवादों पर भारत का पाक एवं चीन के साथ परस्पर विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कूटनीति किंवा युद्धात्मक स्थिति से ही कश्मीर की समस्या का हल सम्भव है।

कुण्डली नं. 1 के सप्तम भाव में '**बुधादित्य योग**' तो श्रेष्ठ है, लेकिन बुध पाक **की प्रभावराशि कन्या का स्वामी है। कन्याराशि के स्वामी बुध पर गुरु की दृष्टि**

भी है। अतः मुस्लिम राष्ट्रनायकों की नीति एवं भारत के साथ व्यवहार में सुधार सम्भव है।

20 फरवरी, 2020 ई. के बाद संवत् 2077 के अन्त तक की ग्रहस्थिति, षड्ग्रही-योग एवं राहु-मंगल का समसप्तक पाक, अफ़गानिस्तान, पख्तूनिस्तान, गिलगित, कश्मीर आदि में चिन्तनीय स्थिति बनायेगा। इस दौरान प्राकृतिक प्रकोप एवं अनेकत्र उग्रवादजन्य अपराधों से जनधनहानि के योग हैं।

22 मार्च, सन् 2020 ई. के बाद 4 मई, सन् 2020 ई. तक शनि-मंगल की मकर राशि में स्थिति मुस्लिम राष्ट्रों के लिए अघटित घटना का संकेत देती है। **क्योंकि शनि, मंगल, गुरु का एक साथ, एक राशि में रहना पाक-प्रधान-नेतृत्व के भयावह परिस्थिति बनायेगा।** सिन्ध, गिलगित एवं POK में भयंकर परिस्थिति से निपटना प्रधान नेता को सम्भव न होगा। परिणाम दूरगामी होंगे–

"मकरस्थो यदा भौमः क्रूर-ग्रह-समन्वितः।
त्रिभागशेषा पृथिवी मांस-शोणित-कर्दमैः॥"

सं. 2077 वि. की मार्गशीर्ष कृ. पक्ष द्वादशी का क्षय भी पाक, इराक, ईरान एवं उ.कोरिया, चीन आदि देशों के लिए भयावह है;–

"मार्गशीर्षादि-मासेषु कृष्ण पक्षे तिथिक्षयः।
छत्रभंगं विजानीयात् दुर्भिक्षं वा समादिशेत्॥"

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 2)

10 अगस्त को मंगलवार वाले दिन 1 मुहर्रम प्रारम्भ होगा। इस हिजरी सन् का राजा मंगल मुस्लिम देशों की शासनसत्ता एवं जनजीवन में भारी उलटफेर करने वाला है। क्योंकि मुस्लिम कुण्डली नं. 2 में **मकरस्थ शनि का सूर्य, बुध के साथ समसप्तक एवं शुक्र-मंगल का शनि के साथ षडष्टक यहां के प्रधान नेता के लिए परीक्षा की घड़ी सिद्ध करेगा, क्योंकि 10 अग. (हिजरी सन् के प्रारम्भ) से ही शुक्र-शनि वक्रगति से चल रहे हैं और 14 अग. के लगभग क्रूर शनि के साथ गुरु भी वक्रगति**

मुस्लिम देशों की कुण्डली (2)
हिज़री सन् 1443 (1 मुहर्रम)

10 अगस्त, सन् 2021 ई., मंगलवार,
19 घं. 24 मि. (सूर्यास्तसमय) (I.S.T.)

से मकर राशि में ही मेल करता है। इस प्रकार सूर्य-बुध का नीच गुरु व शनि के साथ समसप्तक बनता है। अतः

"क्रूराणां सह यौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्।
अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा महत्यपि॥"

इस वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार लगभग 5 सितं. को मंगल पाक की प्रभावराशि कन्या में आयेगा। अतः अक्तूबर 2021 ई. तक पाक के ब्लूचिस्तान, सिन्ध एवं कुछ अन्य प्रान्तों में भयंकर अराजकता के परिणामस्वरूप पाक में सिविलवार सम्भव है और इस दौरान प्रधान शासक को अपना पदत्याग करने को बाध्य भी होना पड़ सकता है। सैन्य-संघर्ष आन्तरिक अशान्ति को शान्त नहीं कर सकेगा। POK, बलूचिस्तान, सिन्ध आदि में सैनिक अत्याचार एवं अनाचार पाक के विखण्डन का कारण बन जायें तो कोई आश्चर्य नहीं। हां, सबसे कठिन परिस्थिति तो 21 अक्तूबर से 4 दिसम्बर, सन् 2021 ई. के लगभग तक है। इसमें मुस्लिम राष्ट्रों को (विशेषतः पाक को) भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। चीन की विस्तारवादी नीति पाक पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफल रहेगी, परिणामस्वरूप, चीनी भाषा का अध्ययन यहां पाक के कुछ प्रान्तों में अनिवार्य होगा।

पाक की इस संवत् 2078 वि. की ग्रहस्थिति की विषमता से संकेत मिलता है, कि–इस वर्ष **'पाक अधिकृत कश्मीर'** पाक से विलग हो सकता है। परिणामस्वरूप, पाक को चीन आदि कुछ देश अपनी स्वार्थपरक नीति से छद्म युद्ध के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जोकि पाक के लिए हानिकारक रहेगा।

संवत् 2078 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत-सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

सभी शुभाशुभ घटनाएं मनुष्य की पहुंच से बाहर समझी जाती हैं, लेकिन जो रहस्य साधारणतः इन्द्रियों की पहुंच से बाहर हैं अथवा भूत-भविष्य के गर्भ में निहित हैं, वे ज्योतिषशास्त्र-द्वारा प्रत्यक्ष जान लिये जाते हैं। हमारे ऋषियों ने वेद-चक्षु इस ज्योतिषशास्त्र की रचना की है, जोकि भारत के लिए गौरव की बात है–

"ज्योतिषामयनं साक्षाद् यत्तद्ज्ञानमतीन्द्रियम्।
प्रणीतं भवता येन पुमान् वेद परावरम्॥"–(श्रीमद्भागवतपुराण)

इस प्रकार जगत्पिता की अदृश्य, अलौकिक शक्ति ग्रहों के आकर्षण-विकर्षण के आधार पर ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम **"भवितव्यता"** किंवा **"ईश्वरेच्छा"** कहकर स्वीकार करते हैं।

स्वतन्त्र भारत का 74वां वर्ष

(14 अगस्त, सन् 2020 ई. 13 अगस्त, 2021 ई. तक)

स्वतन्त्र भारत का 74वां वर्ष

10 श.
8
9 गु. के.
11
7
12 मं.
6
1
3 शु. रा.
5
4 बु.सू.
2 चं.

14 अग., 2020 ई.,
17 घं.9 मि. (I.S.T.).

स्वतन्त्र भारत के 74वें वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की प्रभावराशि मकरस्थ शनि की मीन राशिस्थ मंगल पर दृष्टि आर्थिक और सामाजिक अनेक समस्याओं को जन्म देने वाली है, लेकिन लग्नस्थ गुरु-केतु सभी समस्याओं को हल करेंगे, क्योंकि केन्द्रस्थ केतु केन्द्रेश गुरु के साथ हैं—

" यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा निवसेतां त्रमोग्रहौ।
नाथेनान्यतरेणापि सम्बन्धाद् योगकारकौ॥"

लेकिन गुरु-केतु का शुक्र-राहु के साथ समसप्तक होने से अनेक राष्ट्रीय समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, पुनरपि, स्वतन्त्र भारत के 74वें वर्ष की कुण्डली में नवमेश सूर्य एवं दशमेश बुध का 8वें भाव में **'बुधादित्य योग'** प्रधान नेता द्वारा प्रभावशाली ढंग से सभी वर्गों का विश्वास जीतकर समस्याओं का समाधान करने में सफल करता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत के अन्तरिक्ष विज्ञान में विश्व के प्रतिष्ठित देशों में अग्रणी कोटि में आने के योग हैं। अमेरिका, जापान, चीन आदि प्रतिष्ठित देश भी भारत की प्रभुसत्ता से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे।

श्री मोदीजी के प्रधान-मन्त्रित्वकाल में भारत सबसे तेज विकास वाला प्रगतिप्रद देश रहेगा। लेकिन औद्योगिक चाल को सुचारु, सुव्यवस्थित रखने में काफी प्रयास करने होंगे। अनेक देशों द्वारा भारत में औद्योगिक निवेश से भारत में बेरोजगारी घटेगी एवं भारत एक समृद्ध एवं सशक्त देशों की कोटि में नजर आयेगा, यह गर्व की बात होगी। समर्थ शक्तिशाली देशों में भारत की स्थिति से सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

मकरस्थ शनि की स्वतन्त्र भारत की प्रारम्भिक अवस्था में सूर्य-बुध के साथ सम-सप्तक होने से मकरस्थ शनि का फल इस प्रकार अनुभव होगा—

" पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति पथिभयं सर्वरोगाद्विनाशः।
चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

74वें वर्ष के प्रारम्भ में विपक्षी दल शासनतन्त्र में बाधक रहें। देश में चिकित्सा-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना होगा। रास्ते में चोर-उचक्कों को भी नियन्त्रित करना होगा। इन स्थितियों में देश को प्राथमिक दृष्ट्या सुनियन्त्रित करना होगा।

अग. सन् 2020 ई. के लगभग से शनि-मंगल की दृष्टि और दशम-चतुर्थ-सम्बन्ध होने से भारत में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा से भयंकर जनधनहानि सम्भव है, भगवान् रक्षा करें।

इस संवत् के कठिन क्षण—

इस संवत् की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार 25 मार्च से 4 मई तक एवं 18 जून, 2020 ई. से **15 अग. तक, आगे 4 अक्तू. से 24 दिसम्बर, 2020 ई. तक एवं फर., सन् 2021 ई. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक और सं. 2078 वि. के प्रारम्भिक कुछ मासों तक की ग्रहस्थिति अनेकत्र भीषण प्राकृतिक प्रकोप, सुनामी, भूकम्प एवं धार्मिक/सामाजिक उपद्रव किंवा उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड का संकेत देती है। इस समय अनेक देशों में घटित इस घटनाचक्र से शासनतन्त्र भी असमर्थ अनुभव करेगा।**

स्वतन्त्र भारत का 75वां वर्ष

(14 अगस्त, सन् 2021 ई. से संवत् 2078 वि. के अन्त तक)

14 अग., 2021 ई.,
23 घं. 18 मि. (I.S.T.).

स्वतन्त्र भारत के 75वें वर्ष की ग्रहस्थिति का परिशीलन करने से स्पष्ट है कि—**शनि-सूर्य का समसप्तक यहां की जनता एवं प्रशासक वर्ग के लिए भारी उलझनों वाला सिद्ध होगा।** देश में आन्तरिक, साम्प्रदायिक उलझनों में विदेशी हाथ होने से कुछ प्रान्तों में संकटापन्न स्थिति बनेगी।

क्योंकि भारत की प्रभावराशि मकर है, शनि-गुरु लगभग अक्तूबर-मध्य तक वक्र गति से चलेंगे, गुरु शनि की राशि कुम्भ में

सम-सप्तक होने से मकरस्थ शनि का फल इस प्रकार अनुभव होगा—

है। इस स्थिति में शुभ मन्त्रणा देने वाला देश भी सहायक सिद्ध न होगा, विदेशनीति में निजीदेश के विपक्षी नेता ही देश के लिए विपरीत परामर्श एवं अविमृश्यकारिता का परिचय देंगे। अपि च—शनि सारा साल मकर राशि में ही रहेगा, गुरु-शुक्र के वक्रत्वकाल में अक्तूबर-मध्य के लगभग तक देश में भयंकर महामारी से जनता परेशान रहेगी। पड़ोसी देश चीन, पाक एवं कुछ अरब देश भी देश के सीमाप्रान्तों पर युद्धात्मक नीति से भारी चिन्तनीय स्थिति बना सकते हैं;—

"पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णा भवति पथिभयं सर्वरोगाद् विनाशः।
चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति पथे सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

14 सितं. को वक्रगति से गुरु मकर राशि में आकर शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध बनायेगा। इस समय शनि भी वक्री ही है। मंगल, सूर्य, बुध के साथ शनि-गुरु का नवपंचम-सम्बन्ध कहीं भयंकर बाढ़, अग्निकाण्ड एवं तूफान आदि से हानि के योग बनायेगा।

21 अक्तूबर को मंगल तुला राशि में आकर 4 दिसं. तक शनि के साथ परस्पर दृष्टिसम्बन्ध बनायेगा। 26 फर., 2022 ई. से संवत् 2078 वि. के अन्त तक शनि-मंगल दोनों मकर राशि में एक साथ चलेंगे। स्पष्ट है कि—21 अक्तूबर से संवत् के अन्त तक देश कश्मीर, बलूचिस्तान, सिन्ध, गिलगित आदि पाक की समस्याओं के कारण भारत चीन, तिब्बत, मिजोरम एवं अन्य सीमावर्ती समस्याओं से चीन की विस्तारवादी नीति से युद्ध जैसी स्थिति से अशान्त रहेगा। इस वर्ष पाक, चीन, नेपाल—ये तीनों देश भारत के लिए समस्यात्मक रहेंगे।

संवत् 2078 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

पाठको! ग्रहगतिजन्य प्रभाव से प्रताड़ित समस्त ब्रह्माण्ड, देश-समाज एवं व्यक्ति की स्थिति ठीक उस तिनके की भांति ही अनुभव की गयी है, जो वायुवेग से प्रताड़ित होकर अपने अस्तित्व को खोकर इधर-उधर भागता फिरता है। 'नैषधचरित' में स्पष्ट लिखा है—

"अवश्य भव्येष्वनवग्रह ग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।
तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशाऽवशात्मना॥"

—(नैषधचरित)

यह बात भी नितान्त सत्य है कि—ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तरण होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है कि—आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है—इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

ग्रहगतिजन्य संकेतों का अध्ययन करके हम मनीषी-महर्षियों के द्वारा निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार भारत की राजनीति एवं अन्य पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों पर अपने विचार लिखने की चेष्टा कर रहे हैं। **विद्वज्जनों के आशीर्वाद की याचना है, क्योंकि ग्रहगतिजन्य संकेतों को ठीक-ठीक पकड़ने में अनेकदा चूक भी हो सकती है। विद्वज्जन स्वयं संकेत को सुधारकर हमें आशीर्वाद दें—प्रार्थना है।**

चैत्र कृष्ण अमावस चन्द्रवार, तदनुसार 12 अप्रैल, सन् 2021 ई. को 8 A.M. पर मीनस्थ चन्द्र के समय वृष लग्न में सं. 2078 वि. (नववर्ष) का प्रवेश होगा। कुण्डलीगत ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नस्थ मंगल, राहु एवं लग्नेश शुक्र का व्यय स्थान में मंगल के क्षेत्र में होना उत्तर दिशा के सीमाप्रान्तों पर भारी अशान्ति का संकेत देता है। संकेत मिलता है कि—उत्तरी प्रान्तों एवं देशों में भयंकर प्राकृतिक (भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट, तूफान आदि) आपदा किंवा उग्रवादजन्य परेशानी से अशान्ति रहे। कश्मीर में उग्रवादजन्य उपद्रवों एवं विस्फोट आदि से जनधनहानि होगी।

13 अप्रैल को मंगल मिथुन राशि में आकर जून 2021 के प्रारम्भ तक शनि के साथ षडष्टकयोग बनाता रहेगा। **इन दिनों रूस, नेपाल, चीन एवं पाक की नीति केवल अमेरिका, भारत एवं पश्चिमी देशों को ही प्रभावित नहीं करेगी, चीन की विस्तारवादी नीति से नेपाल में माओवाद गति पकड़ेगा। पाक अपनी सत्ता को क्षीण करेगा, समुद्री क्षेत्रों में चीन का वर्चस्व छद्म युद्ध का कारण बनेगा। भारत, नेपाल, पाक के सीमाप्रान्त अशान्त रहने से सैन्यबल का प्रयोग अनिवार्य होगा।**

इस वर्ष राजा एवं मन्त्री पद मंगल को ही प्राप्त हैं, अतः इस वर्ष भारत के कुछ प्रान्तों एवं पश्चिमी-उत्तरी देशों में भयंकर अग्निकाण्ड, विस्फोट, हिंसा, साम्प्रदायिक

उपद्रव आदि की घटनाएं एवं भारत देश की आन्तरिक देशद्रोही घटनाएं भी अशान्ति का कारण बनेंगी।

संवत् 2078 में 20 जुलाई, सन् 2021 ई. से संवत् के अन्त तक शनि, मंगल, गुरु की स्थिति निश्चितरूप से किसी देश के मानचित्र में परिवर्तन करेगी, कहीं भयंकर उग्रवाद या युद्धात्मक वातावरण से जनधनहानि के योग भी बन रहे हैं।

ध्यान दें—वर्षप्रवेशकुण्डली में भारत की प्रभावराशिपति मकरेश शनि की उपस्थिति संवत्सर 2078 वि. के अन्त तक मकर में ही रहेगी। अत: भारत के व्यापारक्षेत्र एवं भारत की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए नये आयाम बनेंगे एवं आश्चर्यजनक रूप में विदेशी निवेश भारत में होंगे, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति आगे उत्तरोत्तर सुदृढ़ होती जायेगी। **देश महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर रहेगा।**

भारतीय गणतन्त्र का 72वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र की ग्रहस्थिति
26 जन. 2021 ई., 15 घं.10 मि. (I.S.T.)

4, 2 रा., 5, 3 चं., 1 मं., 6, 12, 7, 9 शु., 11 बु., 8 के., 10 गु.श.सू.

भारतीय गणतन्त्र के 72वें वर्ष का उदय 26 जनवरी, सन् 2021 ई. को 15 घं. 10 मि. (I.S.T.) पर हुआ है। मुन्थेश शनि सूर्य एवं गुरु के साथ निजक्षेत्र में है।

गणतन्त्र का उदय मंगलवार, आर्द्रा नक्षत्र एवं वैधृति योग में होने से प्राकृतिक प्रकोप एवं प्रतिपक्ष की आलोचनात्मक क्षति से विशेष सचेत रहना पड़ेगा। क्योंकि प्रधान नेतृत्व के देश को विश्वगुरु रूप में स्थापित करने के लिए उठाये गये कदमों (प्रोग्रामों) को सीमावर्ती विरोधी देश एवं विपक्षी पार्टियां सहज में न लेकर हा-हुल्ला (विरोध-प्रदर्शन) करेंगी, लेकिन दशाब्दियों पुराने उलझे हुए मसलों को गणतन्त्र की दशा निरस्त करेगी—ऐसा दृष्टिगोचर होता है। जम्मू-कश्मीर की प्रभावराशि मकर और भारत की प्रभावराशि में राश्यैक्य होने से भारत को प्राचीन उलझी हुई समस्याओं का हल करने की स्थिति में लाकर खड़ा करेगा—ऐसा योग है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

अप्रैल से जून, 2021 ई. तक शनि, मंगल का षडष्टक एवं आगे शनि-मंगल का समसप्तक 20 जुलाई, सन् 2021 के लगभग तक और आगे शनि-मंगल का षडष्टक 5 सितं. तक भारतीय गणतन्त्र के लिए उलझनपूर्ण अवश्य है।

इन दिनों जलवायु-विचार से कर्नाटक, आसाम, महाराष्ट्र एवं कुछ अन्य प्रान्तों में कहीं सूखा एवं पेयजल की समस्या रहेगी। सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सरकार को विशेष उपाय एवं संसाधनों को जुटाना होगा। जून से अगस्त, सन् 2021 ई. के मध्य अनेकत्र बाढ़ एवं सीमाओं पर सुरक्षा की दृष्टि से सैन्यबल को सुसन्नद्ध रखना होगा।

गतवर्ष के पंचांग सं. 2077 वि. में पृ. 51, कॉलम 2 पर की गयी भविष्यवाणी की सफलता आप आज के वातावरण से स्पष्ट अनुभव करें;—पढ़ें।

" (सं. 2077 वि. मे) शनि-मंगल की स्थिति चीन, कश्मीर (पाक-अधिकृत) एवं अन्य सन्देहास्पद सीमासुरक्षा का हल अन्ततः बलपूर्वक ही करना पड़ेगा। ऐसी ग्रहस्थिति भावी समय में संकेत देती है।"

आगे 29 अक्तूबर, सन् 2021 ई. से लगभग 4 दिसं. तक शनि-मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध अनेकत्र अग्निकाण्ड एवं भूकम्प आदि से हानि का संकेत देता है। इस समयावधि में उग्रवादजन्य दुर्घटनाओं से हानि के योग भी हैं।

26 फरवरी, सन् 2022 ई. से संवत् के अन्त तक मकर राशि में शनि-मंगल का एकत्र रहना तो मेषराशि-प्रधान, मकरराशि-प्रधान नेताओं एवं कुम्भ, तुला राशिप्रधान नेताओं के लिए उलझनपूर्ण है। सुरक्षा एवं सीमासुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक सावधानी रखनी होगी। इन दिनों प्राकृतिक आपदा, महामारी एवं उग्रवादजन्य जघन्य कृत्यों से सावधान रहना आवश्यक है।

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

भाजपा-स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति

4, 2 शु., गु. 5 रा. मं. श., 3, 1, 6, 12 सू., 7, 9, 11 बु. के., 8 चं., 10

भारतीय जनता पार्टी—स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार शनि, मंगल, राहु एवं गुरु का एकत्र होना भाजपा के लिए संघर्षपूर्ण स्थिति का संकेत देता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 2 जून, सन् 2021 ई. तक शनि-मंगल का षडष्टक एवं 20 जून से 18 अक्तूबर, सन् 2021 ई. तक गुरु- शनि का वक्रगति से चलना भी कहीं वामपंथी एवं क्रिश्चियनों का हिन्दुत्व के विरुद्ध किंवा हिन्दु-मुस्लिम आदि साम्प्रदायिक विवाद देश में शान्ति भंग कर सकता है।

इस वर्ष 21 अक्तूबर से 21 दिसं., 2021 ई. तक, 14 सितं. से 19 नवं. तक तथा 22 फरवरी (सन् 2022 ई.) से **संवत् के अन्त तक शनि-मंगल व शनि-गुरु की स्थिति एवं शनि-मंगल का मकरस्थ होना भारत देश की शासनसत्ता के लिए भारी कठिनतम रहेगा एवं भारत के सीमाप्रान्तों पर युद्धात्मक स्थिति से भारत दशाब्दों से चली आ रही समस्याओं को हल करने में सफलता प्राप्त कर सकेगा। शासन-सत्ता भारत में विकास-क्रान्ति का सूत्रपात करने में भी सफल अवश्य रहेगी।**

कांग्रेस पार्टी—कांग्रेस-स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार भाग्येश एवं कर्मेश सूर्य-बुध व्ययस्थान में होने से अभी समय प्रगतिप्रद नहीं है। क्योंकि 20 जून, 2021 ई. से 18 अक्तूबर तक शनि-गुरु दोनों ही वक्री रहेंगे, अत: राजनैतिक गतिविधि विपक्षी प्रधान पार्टी के तौर पर देश के हित में अनुभव नहीं की जायेगी।

कांग्रेस-स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति

10 मं.
8 सू. बु. नें.
11 रा.
9
7 गु. शु.
12
6 प्लू. यूरे.
1 श. चं.
3
5 के.
2
4

हां, गुरु के मीन राशि में आने पर लगभग 13 अप्रैल, सन् 2022 ई. के बाद सन् 2030 ई. के मध्य कांग्रेस पार्टी पुन: कुछ प्रभाव पकड़ेगी। पार्टी को अभी सुचिर मन्थन की आवश्यकता है।

आम आदमी पार्टी (आप)—पार्टी अध्यक्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार भाग्येश (नवमेश)-दशमेश शनि व्ययस्थान में नीच होकर चन्द्र के साथ है। सप्तमेश एवं व्ययेश मंगल सूर्य के साथ पराक्रम स्थान में नीच है। अत: उक्त ग्रहस्थिति पार्टी अध्यक्ष एवं पार्टी के भविष्य के लिए उज्ज्वल तो नहीं।

प्रशासनात्मक उलझनों एवं अनेक राजनैतिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

इस समय सूर्य में सूर्यान्तर, चन्द्रान्तर, मंगलान्तर एवं राह्वन्तर, जोकि 10-1-2021 ई. तक प्रभावी रहेंगे, यह समय जनता की समस्या को हल करने के लिए बहुत कठिन रहेगा। तत्पश्चात् 19-2-21 ई. से आगे का समय इस पार्टी एवं पार्टी अध्यक्ष के लिए गरिमामय एवं राजनैतिक प्रगतिप्रद रहेगा;—ऐसा ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है।

कुछ प्रतिष्ठित राजतनीतिज्ञ

श्रीनरेन्द्रमोदी महाभाग—श्री नरेन्द्रमोदी जी का जन्म 17 सितं., सन् 1950 में गुजरात स्थित वाड नगर (Vad Nagar) (मेहसाना) में 11 घं. 00 मि. A.M. पर हुआ। इनकी जन्मकालिक ग्रहस्थिति इस प्रकार है—

इस समय चन्द्र में शुक्रान्तर 3-5-2021 ई. तक चलेगा, जोकि देश में व्याप्त अनेक आपदाओं से परेशान रखेगा। **लेकिन भाग्येश चन्द्र लग्न में नीच होकर स्वराशिस्थ मंगल के साथ योग करता है। मंगल जोकि 'रुचक योग' बनाता है, चन्द्रयुति में विशेष प्रभावी नहीं, फिर भी इस समय देश में व्याप्त सभी कठिनाइयों के बावजूद यह योग "शास्त्री- मन्त्र जपाधिकार-कुशलो राजोऽथवा तत्समः"—प्रमाणानुसार श्री मोदीजी को 27-4-2022 ई. के बाद 20-4-2024 ई. तक सात्त्विक, धर्मात्मा होने से भारत को दूरदर्शिता से आत्मनिर्भर, लोकतन्त्र को नयी दिशा देने वाला एवं उपलब्धियों से गौरवान्वित करने वाला सिद्ध होगा।** इनके संरक्षण में देश विश्ववन्द्य एवं सर्व-समर्थ देशों में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकेगा।

श्रीमती सोनिया गांधी—श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मांग में शनि कर्कस्थ (शत्रुक्षेत्र में) एवं लग्नेश चन्द्र व्यय स्थान में है। अत: शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से कष्टप्रद परिस्थिति का संकेत मिलता है। इस वर्ष 20 जून से लगभग 18 अक्तूबर, सन् 2021 ई. तक गुरु-शनि के वक्रत्व काल में एवं 21 अक्तूबर से संवत् 2078 वि. के अन्त तक शनि-मंगल की युति या षडष्टक इनकी सेहत एवं राजनैतिक दृष्टि से काफी उलझनपूर्ण एवं नकारात्मक ऊर्जा का संकेत देते हैं। कांग्रेस पार्टी में विरोधी स्वर भी सिरदर्द बन सकते हैं। पार्टी का नेतृत्व नयी नेत्री या युवा नेता के हाथ में अधिक प्रभावी रहेगा।

श्री राहुल गांधी—श्री राहुल गांधी जी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति में भाग्येश-कर्मेश शनि व्यय स्थान में नीच होकर नीचाकांक्षी मंगल को देख रहा है। इस साल गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार शनि-मंगल का समसप्तक 2 जून से 20 जुलाई, सन् 2021 तक एवं 22 फर. से संवत् 2022 ई. तक शनि-मंगल का मकरराशि (श्री राहुलजी के भाग्य स्थान) में एकत्र रहना इनकी राजनैतिक चर्चा के लिए अभ्युदयकारक प्रतीत नहीं होता; सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

श्रीमती प्रियंका वाड्रा—श्रीमती प्रियंका वाड्रा की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार कर्मेश गुरु स्वस्थ है एवं भाग्येश शनि व्ययस्थान में मित्रक्षेत्री है। गोचर

ग्रहस्थिति के अनुसार श्रीमती प्रियंका को शुक्र की महादशा में गुरु एवं शनि का अन्तर, जोकि 14-3-2022 से 12 जनवरी, सन् 2023 ई. तक प्रभावी रहेगा, इस समयावधि में पार्टी में कुछ ऊर्जा फूंक सकने का अवसर मिलेगा, जिससे पार्टी को कुछ लाभ रहेगा।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि कन्या है। भारतीय गणतन्त्र की 72वें वर्ष की कुण्डली में मीन राशि का स्वामी गुरु मकरराशि में सूर्य-शनि के साथ है। शनि की मीन राशि पर दृष्टि है। संवत् के लगभग आरम्भ से ही शनि-मंगल का षडष्टक 2 जून तक चलेगा एवं 2 जून से 20 जुलाई, 2021 ई. तक शनि-मंगल का समसप्तक बना हुआ है। यहां प्राकृतिक आपदा से कृषिकर्म को हानि पहुंचेगी एवं सरकार को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा।

ध्यान दें—20 जून से 18 अक्तू., 2021 ई. के मध्य गुरु-शनि दोनों वक्रगति से चलेंगे, अत: कुछ अवांछित तत्त्व प्रान्त की शान्ति को भंग कर सकते हैं। 22 फर. सन् 2022 ई. से संवत् के अन्त तक शनि-मंगल का मकर राशि में रहना इस प्रान्त के लिए उलझनपूर्ण है, क्योंकि सीमान्तक्षेत्रों पर एवं आन्तरिक कुछ अव्यवस्था को नियन्त्रित करने के लिए प्रधान नेता को कठोर पग उठाने होंगे।

हरियाणा—इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि मिथुन है। मिथुन राशि का स्वामी बुध सं. 2078 वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली एवं वर्षेशकुण्डली में नीच है। जून से अक्तू. 2021 ई. तक की गोचर ग्रहस्थिति इस प्रान्त में शासकों के समक्ष कठिन परिस्थितियां उपस्थित करेगी, क्योंकि गुरु-शनि दोनों वक्रगति में रहेंगे। यहां 14 सितं. से 19 नवं., 2021 ई. तक शनि-गुरु के मकर में रहने पर राजनीतिज्ञों में परस्पर राजनैतिक वैमनस्य से प्रान्त की योजनाओं को कार्यान्वित करने में कठिनाई पैदा होगी। लेकिन यहां के कुशल शासक सारी स्थिति को नियन्त्रित करने में सफल रहेंगे। प्रान्त कृषि आदि में नयी योजनाओं से प्रगतिपथ पर रहेगा।

हिमाचल प्रदेश—इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि कर्क है। कर्क राशि पर शनि की क्रूर दृष्टि सालभर रहेगी। 2 जून को कर्क राशि में मंगल का प्रवेश एवं शनि-मंगल का समसप्तक लगभग जुलाई 2021 ई. तक चलेगा। **इस ग्रहस्थिति का नेष्ट प्रभाव लगभग 18 अक्तू. 2021 ई. तक कहीं भूकम्प, तूफान, भूस्खलन एवं अन्यविध प्राकृतिक आपदा के रूप में सम्भव है। इस समयावधि में यहां प्रधान शासक को राजनैतिक उलझनों का भी सामना करना पड़ेगा।** पुनरपि, इस प्रान्त की नयी योजनाएं एवं आकर्षण इस प्रान्त के लिए प्रगतिप्रद रहेंगे। बागवानी एवं नयी योजनाएं यहां के प्रधान शासक को यश एवं स्थायीत्व प्रदान करेंगी। प्रधान नेतृत्व की देखरेख एवं केन्द्र की सहायता से यह प्रान्त प्रगतिपथ पर ही अग्रसर रहेगा।

उत्तर प्रदेश—इस प्रान्त की नामराशि वृष एवं प्रभावराशि धनु है। राहु ग्रह सारा साल इस प्रान्त की नामराशि में ही रहेगा एवं धनु राशि का स्वामी गुरु वक्रगति से 14 सितं. से 19 नवं., 2021 ई. तक शनि के साथ मकर राशि में रहेगा।

यह ग्रहस्थिति इस प्रान्त में खाद्य पदार्थों में महंगाई करेगी एवं शासक को समस्या हल करने के लिए केन्द्र से सहायता लेनी होगी—

"मकरस्थो यदा जीवः करोति वक्र-गामिताम्।
महर्घत्वं भवति धान्यस्य नात्र कार्या विचारणा॥"

क्योंकि इस प्रान्त की नामराशि वृष में सारा साल राहु रहेगा एवं दिसं. 2021 से जन. 2022 ई. के लगभग तक राहु-मंगल का समसप्तक इस प्रान्त में उग्रवादजन्य किंवा प्राकृतिक आपदा से भारी संकटापन्न स्थिति पैदा करेगा। महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी, महामारी आदि प्राकृतिक आपदा से भी जनता परेशान रहेगी—

"वृषे राहुर्यदा याति दुःखं सर्वजनेषु च।
दुर्लभानि च धान्यानि नान्यथा ऋषि-भाषितम्॥"

2 जून से 20 जुलाई तक और आगे अक्तू., 2021 ई. तक एवं 22 फर., सन् 2022 ई. से संवत् के अन्त तक का समय इस प्रान्त के लिए कठिन परिस्थितियों वाला है। लेकिन उत्तर प्रदेश का कुशल नेतृत्व स्थिति पर नियन्त्रण करने में यशस्वी रहेगा।

जम्मू-कश्मीर—इस प्रान्त की नामराशि मकर एवं प्रभावराशि तुला है। मकर राशि का स्वामी शनि लगभग 2 जून, 2021 ई. तक मंगल के साथ षडष्टकयोग बनायेगा। आगे शनि-मंगल का समसप्तक जुलाई तक इस प्राप्त में उग्रवादियों द्वारा वातावरण को अशान्त रखेगा। पाक की नीति यहां उग्रवादियों द्वारा प्रसारित नीति पाक के लिए ऐतिहासिक रूप से विघातक सिद्ध होगी। परिणाम पाक-अधिकृत कश्मीर, सिन्ध एवं ब्लूचिस्तान के क्षेत्रों में भी भारी आपदाग्रस्त एवं उग्र-प्रदर्शनों से पाक के लिए स्वयं दु:खदायी सिद्ध होंगे। सम्भव है कि—सं. 2078 वि. के प्रारम्भ के लगभग **किंवा 20 जून से18 अक्तूबर, 2021 के मध्य एवं 22 फर. से संवत् 2078 के अन्त तक पाक के पार्ट के विखण्डन या मानचित्र में परिवर्तन का योग बने। इसी समयावधि में पाक की शासनसत्ता में परिवर्तन के साथ कश्मीर में शान्तिस्थापना करने में भारत को उग्रवादग्रस्त क्षेत्र में शान्ति की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा।**

गत वर्ष के पंचांग सं. 2077 वि. में पृष्ठ 54, कॉलम 1 पर जो जम्मू-कश्मीर शीर्षक के अन्तर्गत हमने स्पष्ट घोषणा की थी, वह अद्यतनीन दृश्य की साक्षी है; पढ़ें—

" संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि पर मंगलयुत 'शनि की दृष्टि' होने से कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त-प्रदेशों में भारत के साथ पाक-चीन, जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

दिल्ली—इस प्रान्त की प्रभावराशि मकर एवं नामराशि मीन है। इस वर्ष मकर राशि में स्थित शनि के साथ मंगल के पहले षडष्टक, फिर शनि-मंगल के समसप्तक एवं अक्तूबर मध्य तक गुरु-शनि के वक्रत्वकाल में दिल्ली में साम्प्रदायिक उपद्रव एवं प्रच्छन्न अराजक तत्त्वों से भारी अशान्ति के योग हैं। शिक्षण-संस्थानों में पनप रहे देशद्रोही एवं कुछ बाह्य साम्प्रदायिक तत्त्वों से अशान्ति को कण्ट्रोल करने में शासनतन्त्र को कठोर पग उठाने पड़ेंगे। आगे 22 फर. से संवत् 2078 के अन्त तक यहां भारी प्राकृतिक प्रकोप एवं संकट से हानि के योग भी हैं। लेकिन भारत पर सुयोग्य शासकों का हाथ सर्वत्र स्थिति को कण्ट्रोल करके देश को प्रगतिपथ ही रखेगा।

देशहितार्थ " भारत की राजनीति पर पुनः सुयोग्य राजनीतिज्ञों का वरद हाथ रहेगा। जनता राजनीतिक वंशवाद से विमुख होती नजर आयेगी और भारत को चहुंमुखी प्रगति की ओर ले जाने वाला नेतृत्व उभरकर देशहित में काम करेगा।"

पाठको! प्रभुकृपा से भूत-भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें—

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र-परम्परावशाद् भवादृशां भारतवासिनां पुरः॥"

लेख पूर्ण होने की तिथि—
1 जून, सन् 2020 ई.
(श्री गंगादशहरा)

शुभचिन्तक—
पं. इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली (मोहाली) पंजाब के इन युवा-कर्मठ विद्वान् कार्यकर्ताओं का पंचांग-प्रकाशन में भारी सहयोग वस्तुतः प्रशंसनीय है—

"श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली" के प्रबन्धक, हमारे पूज्यपिता जी के प्रिय शिष्य चि. प्रेमचन्द शर्मा; ग्राम सुन्हाड़—सौर (सोलन) (हि.प्र.) निवासी श्रीकृष्ण शर्मा, शास्त्री, M.A., साहित्याचार्य, वेदाचार्य; नालाबलोग (पंचकूला) निवासी चि. सुरेशानन्द शर्मा, B.A. एवं चि. रविसन्धु (सुपुत्र राणा रणजीत सिंह जी) श्रीमार्त्तण्ड पंचांग (हिन्दी), बटुक पंचांग एवं शिरोमणि तिथपत्रिका (पंजाबी) के पाण्डु-लिपि-लेखन एवं प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी और आदरभाव से करते हैं। पंचांग के प्रकाशन-कार्य में हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व से भरे इस उत्साहपूर्ण सहयोग से काफी हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय परम-उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह आशीर्वाद है।

—प्रियव्रत शर्मा, इन्दुशेखर शर्मा,
(सम्पादक—श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग)

संवत् 2078 वि. में भारत की जलवायु एवं वर्षा-विचार

आगामी वर्षों की ग्रहस्थिति अनेक प्रान्तों में जलवायु, प्राकृतिक प्रकोप एवं पर्यावरण-विचार से भारी कठिन परिस्थिति को लेकर आ रही है;— पढ़ें इस लेख में

— संयमी शर्मा,

जलवायु एवं वर्षा-विचार के मूलभूत सिद्धान्तों, मानवीय भूलों, प्रबन्धन की अदूरदर्शिता, प्राकृतिक स्रोतों का दोहन एवं प्राकृतिक रहस्यों की उपेक्षा विश्व के लिए जल्दी ही भयावह सिद्ध होगी—इसे जनता, नेतागण एवं देश की प्रबन्धन-समितियों को गम्भीरता से अतिशीघ्र लेना होगा, अन्यथा **"यद्भावी न तद्भावी भावी चेन्न तदन्यथा"**—(जो होना है, वह होना ही है)—यह सोचकर कब तक प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर पाएंगे—यह तो भगवान् ही जानें। **लेकिन ग्रहचाल के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के भयंकर दुष्परिणाम शीघ्र ही स्थावर-जंगम जगत् को विनाश के कगार पर ले जाने वाले मालूम होते हैं।** जलवायु-वर्षा-विचार के साथ इस लेख में एतत्-सम्बन्धित आधारभूत रहस्यों की चर्चा भी सूक्ष्म रूप से की गयी है।

जल, वायु, अनाज किंवा अन्य कृषि उत्पादन—ये जीवनाधायिका-चतुष्टयी ही संवत्सर के फल की दिशा व दशा को निर्धारित करती है। यदि वर्ष के ये चार स्तम्भ सुदृढ़ हों तो वर्ष सुदृढ़, जनजीवन स्वस्थ एवं समृद्ध रहेगा—ऐसी मान्यता है। लेकिन "जल एवं वायु"—ये संवत् के प्रमुख स्तम्भों में से हैं। इन्हीं के आधार पर "अन्नस्तम्भ" की कल्पना की जा सकती है। जलवायु के बिना प्राणियों के जीवनाधायक अन्न की भी उपज सम्भव नहीं। अत: सं. 2078 वि. के जलवायु का ग्रहयोग के आधार पर यहां संक्षिप्त निर्देश नीचे दे रहे हैं। **आशा करते हैं कि—यह संक्षिप्त लेख किसानों/बागवानों के लिए एक दिशा-निर्देशक सिद्ध होगा एवं पर्यावरण में विषाक्त तत्त्वों से वैज्ञानिकों को सावधान रहना होगा, अन्यथा 'ग्लोबल वार्मिंग' से अण्टार्कटिका एवं हिमालय खण्डों में तापमान बढ़ने से आगामी 30/35 वर्ष की ग्रहस्थिति विश्वजनीन भयंकर परिणामों का संकेत देती है।**

गोचर-ग्रहस्थिति के अनुसार उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव, जोकि समस्त विश्व के मौसम को स्थिर रखने में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, 'ग्लोबल वार्मिंग' के कारण उत्तरी ध्रुव में बढ़ रहा तापमान आगे आने वाले लगभग 15/16 वर्षों की ग्रहस्थिति के अनुसार मंगल, शनि, राहु एवं केतु कुछ वर्षों में ही विश्व के लिए खतरे की घण्टी बजा सकते हैं। **कहने का तात्पर्य यह है कि—"ग्लोबल वार्मिंग" विश्व के जलवायु के लिए भयंकर किंवा विपरीत परिस्थितियां बनाएगी। जिससे ध्रुवों के आसपास के देशों को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को ही दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे। अनेकत्र 'ऋतु-विपर्यय' अनुभव होने से वैश्विक तापमान किंवा प्रकृति में महानद और अन्य जलस्रोत सूखने लगेंगे। समुद्र एवं महानदों के तटों पर प्रलयंकारी दृश्य उपस्थित होंगे। वृक्षों से ऑक्सीजन कम प्राप्त होने लगेगी—इत्यादि आश्चर्यजनक परिवर्तन होंगे, जिससे रोग बढ़ेंगे।** मौसम में इस प्रकार के उतार-चढ़ाव प्रकृति के साथ चल रहे खिलवाड़ के कारण जारी हैं। प्रकृति में हो रहे असामान्य किंवा अप्राकृतिक परिवर्तन को समझने में तो आधुनिक वैज्ञानिक भी सकते में हैं। मौसम की अनिश्चितता से कृषिक्षेत्र में सम्भावित जोखिम कम करने के लिए सरकार को व्यापक रणनीति बनानी होगी।

सभी समुदायों के धार्मिक ग्रन्थों में पर्यावरण-हितैषी बनने के लिए कहा गया है। मनुस्मृति में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर की संज्ञा दी गयी है। कुरान कहती है कि जल ही जीवन है। 'वेद' पानी के महत्त्व की गाथाओं से भरे पड़े हैं। ईसाई समुदाय में भी प्रकृति-प्रेम को श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। इस वर्ष की गोचर ग्रह-स्थिति के अनुसार अलनीनो गर्मी को बढ़ायेगा, परिणामस्वरूप कहीं सूखा, कहीं भयंकर बाढ़ से जनधनहानि का संकेत मिलता है। 'अलनीनो' ऐसी प्राकृतिक घटना है, जिससे प्रशान्त महासागर का गर्म पानी उत्तर एवं दक्षिणी अमेरिका की ओर फैलता है। परिणामस्वरूप, पूरी दुनिया का तापमान बढ़ेगा। मौसम का सामान्य जलवायु-चक्र बिगड़ जायेगा, कहीं विनाशकारी बाढ़, कहीं सूखे के हालात बनेंगे। **अमेरिका, चीन एवं भारत आदि में विगत कई वर्षों से बाढ़ एवं उत्तरी भारत में सूखा भी इन्हीं कारणों से सम्भव हुआ है।**

आगे बर्फ के पिघलने से विश्व में समुद्री-तूफान आदि विनाशकारी लीलाएं देखने को भी मिलेंगी। आर्द्रा-प्रवेश-कालीन ग्रहगति के अनुसार जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, मिजोरम आदि में इस वर्ष प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। महाराष्ट्र (मुम्बई) में भी प्राकृतिक प्रकोप दिखाई देगा।

समुद्रतटवर्ती महानगरों एवं विश्व के देशों में इस वर्ष (सं. 2078 वि.) से ही विशेष प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग स्पष्ट रूप से ग्रह स्थिति संकेत देती है।

भारत में वर्षा एवं वायु के योग

जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, लगभग उसी समय से भारत के प्रान्तों में वर्षा का आगमन ग्रहगोचर के अनुसार माना गया है। ज्योतिष-शास्त्रानुसार वर्षा, वायुमण्डल, समुद्री तूफान एवं चक्रवात आदि प्राकृतिक उत्पातों का विचार भी सूर्य के आर्द्राप्रवेश, रोहिणीवास, चतुर्मेघविचार एवं गोचर ग्रहस्थिति पर निर्भर करता है। अतः सर्वप्रथम सूर्य की आर्द्रा-प्रवेशकालीन कुण्डली के आधार पर विचार करते हैं।

सं. 2078 वि. में ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी, मंगलवार, तदनुसार 22 जून, 2021 ई. को 5 घं. 37 मि. (I.S.T.) पर तुलास्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य की आर्द्राप्रवेशकालीन ग्रहस्थिति निम्नांकित है—

सूर्यार्द्रा-प्रवेशकुण्डली

[22 जून, 2021 ई. को 5 घं. 37 मि. (I.S.T.)]

आर्द्राप्रवेश कुण्डली में तृतीयेश सूर्य एवं पंचमेश-व्ययेश शुक्र ये दोनों ग्रह लग्न (केन्द्र) में स्थित हैं। शेष कोई भी ग्रह केन्द्र में नहीं है। प्रातःकाल सूर्योदय के लगभग सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश देश में अनेकत्र भयंकर महामारी का संकेत देता है—

"सूर्योदये रोगकरी स्मृतार्द्रा"—प्रमाणानुसार इस वर्ष सरकार को जल-वायु-विकार से जनता को सुरक्षित रखने एवं रोगों से मुक्ति के लिए विशेष व्यय करना होगा। **किंच**—दिन में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र का प्रवेश भी कहीं भयंकर बाढ़ व अनेकत्र दुर्भिक्ष का संकेत देता है—**"दिवार्द्रां याति चेद्भानुर्जलभक्षण-कारकः।"**

अपि च—सूर्य मंगल(अंगारक)वार वाले दिन आर्द्रा में दाखिल होगा। अतः भीषण गर्मी से यह वर्ष भयंकर रोगों किंवा अग्निकाण्ड आदि से जनता को परेशानीकारक मालूम देता है—

"रवौ भौमे तथा मन्दे रौद्रभं याति भास्करः।
तदा न शुभदः प्रोक्तः शुभदः शेषवासरे॥"

ग्रहस्थिति के अनुसार इस वर्ष किसानों के लिए टिड्डी-दल-प्रकोप किंवा वर्षा की कमी से अनेकत्र राजस्थान, गुजरात, पंजाब एवं प. उ.प्र. में हानि के योग भी हैं।

आर्द्राप्रवेश-कुण्डली में **नीचस्थ मंगल का शनि के साथ समसप्तक-योग इस वर्ष देश में पनप रही देशद्रोही प्रवृत्ति किंवा सीमाप्रान्तों पर भयंकर युद्धात्मक स्थिति का प्रभाव भी जल-वायुविकार एवं जनता को परेशानी का कारण बनेगा।**

इस वर्ष वर्षेश एवं वर्ष का मन्त्री मंगल है और आर्द्राप्रवेशदिन—ये सब मंगलवार को होने से ग्लोबल-वार्मिंग और मौसमचक्र के बदलाव के कारण पारा सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक रहेगा। मई-जून में भी अप्रत्याशित गर्मी रहेगी।

शनि-मंगल की पोजीशन इस वर्ष कहीं भयंकर बाढ़, कहीं अप्रत्याशित दुर्भिक्ष, किंच कहीं कृषि की क्षति से जनधन के लिए हानिप्रद रहेगी।

इस संवत् में रोहिणी का वास तट पर होगा, अत: महानद एवं समुद्रतटवर्ती क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से हानि होगी।

इस वर्ष शनि के मकरस्थ होने से शनि की दृष्टि उत्तर की ओर रहेगी। अत: उत्तरी कोरिया एवं उत्तर दिशावर्ती भारतीय भूखण्ड पर शस्त्रास्त्रों के परीक्षण से पोल्यूशन का प्रकोप बढ़ेगा। सीमाप्रान्त आतंकग्रस्त रहेंगे।

इस वर्ष मेघेश मंगल होने से "**क्वचिदवर्षण-वर्षणजं भयं क्वचिदथो बहुताप-भयप्रद:**"—इस प्रमाण के अनुसार वर्षा, बाढ़, सूखे (दुर्भिक्ष) के कारण जनजीवन त्रस्त रहेगा।

इस संवत् में '**चतुर्मेघों**' में '**संवर्त**' नामक मेघ है,-"**संवर्ते वायुपीड़नम्**"—प्रमाणानुसार कुछ प्रान्तों में वायुवेग एवं भूकम्प आदि से अप्रत्याक्षित हानि के योग हैं।

'**नवमेघों**' में '**आवर्त**' नामक मेघ है,—"**आवर्ते वृष्टिहानि: स्यात्**"—प्रमाणानुसार अनेकत्र दुर्भिक्ष का संकेत मिलता है।

इस वर्ष '**सप्तवायु**'-विचार से '**उद्वह**' नामक वायु होने से कहीं भूकम्प से हानि, वर्षा के दिनों में मेघ-संचार होने पर भी मेघों के इतर-तितर हो जाने से फसलों को हानि पहुंचेगी।

इस वर्ष **जलस्तम्भ** 13.2 प्रतिशत एवं **तृणस्तम्भ** के अभाव होने से इस साल मानसून-समयानुसार वर्षा न होगी, खड़ी फसलों को हानि होने से कृषक परेशान रहें। **पाठको! गर्म हवाओं का प्रकोप आज की ही समस्या नहीं। इसके दूरगामी प्रभावों के प्रति हमें सावधान अभी से रहना होगा। ग्रहगोचर के अनुसार आगामी वर्षों में तापमान दो से चार डिग्री सैल्सियस तक बढ़ सकता है। यह मानवता एवं जीवन्त सृष्टिमात्र के लिए बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिकों को इस बारे में सावधान कर देना उचित समझते हैं।** इस संवत् में '**रोहिणी**' का वास '**तट**' पर होने से कहीं खड़ी फसलें सूखेंगी, कहीं पेयजल का अभाव परेशान करेगा।

अब संवत् 2078 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत का वर्षा-विचार संक्षेप से लिखना उचित समझते हैं—

"वृष्टिमूला कृषि: सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्।
तस्मादादौ प्रयत्नेन वृष्टिज्ञानं समाचरेत्॥"

—(कृषि पाराशर)

सं. 2078 वि. में प्रत्येक मास में वायु-वर्षाविचार इस प्रकार है—

अप्रैल (सन् 2021 ई.)—2, 5, 6, 9, 10, 11, 13, 16, 20, 24, 27, 29 एवं 30 अप्रैल को पू. असम, पू. बिहार, बंगाल एवं बर्मा के कुछ क्षेत्रों में बादलचाल एवं खण्डवृष्टि के योग हैं। उ.भारत में गर्मी बढ़ने लगेगी।

मई (सन् 2021 ई.)—1, 4, 5, 6, 11, 12, 14, 15, 16 एवं 21, 23, 27 से 29 और 31 मई तक शनि-मंगल का षडष्टक कहीं भयंकर सूखे, कहीं अग्निकाण्ड का संकेत देता है। **तथा च**—महाराष्ट्र, भूटान, उड़ीसा, *शिलांग*,

काठमाण्डु, जम्मू-कश्मीर, उ.प्र. के कुछ भाग, उ.खण्ड, बिहार एवं हि.प्र. में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं। 14 से 16 एवं 28 से 31 मई के लगभग विशेष वायुवेग एवं वर्षा के योग हैं।

जून (सन् 2021 ई.)—1, 2, 3, 14 से 18 जून के मध्य, 20, 21, 22, 24, 25, 29 जून के लगभग उ.खण्ड, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर, उ.प्र. एवं उत्तरी भारत के कुछ भागों में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं।

नोट—1, 12, 18, 19 से 22 जून के लगभग तक शनि-मंगल की पोजीशन कहीं भारी बाढ़, समुद्री तूफान, नदी प्रवाह से फसलों को हानि, सीमाप्रान्तों पर अशान्ति एवं आकाशीय बिजली गिरने से पर्वतीय क्षेत्रों में अनेकत्र भूस्खलन एवं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि के योग बनाती है।

जुलाई (सन् 2021 ई.)—जुलाई 5 से 8, 12, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 25, 28, 29 को शनि, गुरु-मंगल एवं सूर्य की पोजीशन अनेक प्रान्तों में भारी बाढ़, वर्षा, कहीं सूखा एवं पेयजल की कमी से भारी परेशानी का संकेत देती है। **किंच**—उड़ीसा, असम, कश्मीर, चण्डीगढ़, दिल्ली एवं केरल, हि.प्र., उ.प्र., उ.खण्ड एवं उ. भारत में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं। कहीं वर्षा, कहीं भयंकर सूखा रहने से दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। **इस मास में सूर्य-शनि का समसप्तक वायुवेग एवं अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप से हानिकारक मालूम देता है।**

अगस्त (सन् 2021 ई.)—इस मास में शनि-सूर्य का समसप्तक एवं शनि-शुक्र का मंगल के साथ षडष्टक 1 से 3, 8 से 19 एवं 24 से 31 अगस्त तक भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं बाढ़, कहीं सूखा व दुर्भिक्ष की स्थिति वरे। कश्मीर, उ.खण्ड, महाराष्ट्र, उ.प्र., चण्डीगढ़ एवं दिल्ली आदि व राजस्थान, बिहार, बंगाल एवं म.प्र. के कुछ क्षेत्रों में कहीं बादलचाल के साथ खण्डवृष्टि हो, हवा का जोर रहे।

इस मास में कहीं भूकम्प, अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग हैं।

सितम्बर (सन् 2021 ई.)—2, 5, 6, 10 से 16 सितं. तक एवं 21, 23, 25 तथा 27 सितम्बर के लगभग नेपाल, दार्जीलिंग, विन्ध्यप्रदेश, उ. प्रदेश, हि. प्र., कश्मीर एवं उत्तराखण्ड में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि हो। हि.प्र., उ. खण्ड एवं कश्मीर के कुछ हिस्सों में हिमपात के समाचार भी मिलेंगे।

नोट—यहां शनि-गुरु की वक्र पोजीशन में सीमाप्रान्त तो अशान्त रहेंगे, साथ ही आगे प्राकृतिक आपदाएं भी जनता के लिए भयावह ही हैं।

अक्तूबर (सन् 2021 ई.)—अक्तू. 2 से 6, 9 से 11, 15 से 22 एवं 30, 31 अक्तूबर को लगभग श्रीलंका, आसाम, बंगाल, उ.प्र., किंवा भारत के पश्चिमी भूभाग पर कहीं बादलचाल, तूफान, किंवा वायुवेग के साथ वर्षा हो। उ.भारत के तापमान में गिरावट आने लगेगी।

नोट—अक्तू. 2, 5, 9, 10, 18, 19, 20 के लगभग भारत के प्रान्त विशेष में प्राकृतिक आपदा किंवा दुर्घटना विशेष से हानि भी सम्भव है।

नवम्बर (सन् 2021 ई.)—2, 6, 7, 9, 13, 14, 16, 19, 20, 21 एवं 29, 30 नवं. के लगभग कश्मीर, उ.खण्ड, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर आदि में बादलचाल रहे, कहीं भारी हिमपात से यातायात अवरुद्ध रहे। उ.भारत (हरियाणा, चण्डीगढ़ आदि) में बादलचाल, खण्डवृष्टि एवं शीतलहर व धुन्ध किंवा दिल्ली आदि में पर्यावरणविक्षोभ से यातायात बाधित हो। शीतलहर से हानि के समाचार मिलें। 21 अक्तू. से 29 नवं. तक धुन्ध आदि व यान-दुर्घटना से हानि सम्भव है।

दिसम्बर (सन् 2021 ई.)—1, 2, 4, 5, 7, 8, 9, 10, 15, 16, 18, 22, 23, 26, 28 एवं 30 दिसम्बर के लगभग, विशेषत: 7 से 10 एवं 18, 20, 22 दिसं. को उ.भारत में वायु, वर्षा एवं धुन्ध के कारण भयंकर शीतलहर चलेगी।

धुन्ध से यातायात अवरुद्ध होगा। कश्मीर, उ.खण्ड, हि.प्र. आदि में जोरदार हिमपात हो एवं भारत के उ.भागों में कहीं खण्डवृष्टि भी हो।

जनवरी (सन् 2022 ई.)—जनवरी 2, 5, 7, 8 एवं 11 से 19 जनवरी तक तथा 22, 23, 24, 29, 30 जनवरी को कहीं वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि हो। उत्तरी भारत के भयंकर शीतलहर की चपेट में आने से अनेकत्र यान-दुर्घटना आदि के अशुभ समाचार मिलेंगे। उ.खण्ड, जम्मू-कश्मीर एवं किसी देश-विशेष व क्षेत्र में हिमखण्ड-स्खलन किंवा शीत लहर से हानि होगी। पर्वतीय प्रान्तों में हिमपात और कहीं बादलचाल/खण्डवृष्टि भी सम्भव है।

फरवरी (सन् 2022 ई.)—2, 3, 5, 6, 7, 12, 13, 16, 19 से 21, 22, 24, 25, 26, 27 एवं 28 फरवरी को हवा का जोर रहे। उ.भारत के कुछ भागों में कहीं बादलचाल किंवा वायुवेग से कहीं खण्डवृष्टि हो। 19 फर. के बाद ऋतु (मौसम) में परिवर्तन अनुभव होने लगेगा।

इस मास के मध्य से वसन्त ऋतु के आगमन से सुहावना वातावरण बनने लगेगा। 26 फर. के बाद शनि मंगल का ऐक्य देश एवं मौसम में विषम परिस्थिति बना सकता है।

मार्च (सन् 2022 ई.)—मार्च 1, 2, 3, 4, 6, 7, 10, 12, 14, 15, 18, 20, 21, 24, 25, 26, 29 एवं 31 के लगभग मध्यप्रदेश, बंगाल, आसाम, मुम्बई, प. राजस्थान एवं कश्मीर में कहीं तेज हवाओं के साथ खण्डवृष्टि हो। उ.भारत में वायुवेग रहे एवं गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगेगा।

जलवायु एवं वर्षा विषयक कुछ विशेष योग—

संवत् 2078 वि. के प्रारम्भ में लगभग 13 अप्रैल से जून 2022 ई. के प्रारम्भ तक शनि-मंगल का षडष्टक भारत के छत्तीसगढ़, बिहार, उ.खण्ड एवं तटवर्ती इलाकों में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, तूफान आदि से हानिप्रद रहे। तत्पश्चात् शनि-मंगल का समसप्तकयोग लगभग 20 जुलाई, 2021 ई. तक एवं 16 जुलाई से 15 अग. तक शनि की सूर्य पर दृष्टि किसी प्रान्त या देश-विशेष में भारी प्राकृतिक आपदा (सुनामी, तूफान, भूकम्प आदि) से भयंकर हानि की सूचक है। इस समय अनेकत्र अनावृष्टि किंवा दुर्भिक्ष से हानि भी सम्भव है—

"क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्।
अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा महत्यपि॥"

20 जुलाई, 2021 ई. से लगभग 5 सितम्बर तक शनि-मंगल का षडष्टक चलेगा—यह समयावधि कहीं समुद्री तूफान, कहीं अतिवर्षण किंवा कहीं दुर्भिक्ष से परेशानी का संकेत देती है।

लगभग 18 जून, 2021 ई. से 9 अक्तू. एवं आगे 19 अक्तू. तक शनि-गुरु वक्रगति से चलने के कारण भारत एवं विश्व के कुछ देशों की जलवायु को प्रभावित करेंगे।

17 अक्तू. एवं लगभग 21 अक्तूबर, सन् 2021 ई. से सूर्य-मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी, साथ ही मंगल का शनि से चतुर्थ-दशमसम्बन्ध भी पर्यावरण एवं जलवायुविचार से परेशानीकारक मालूम देता है।

21 अक्तू., 2021 ई से लगभग 11 दिसं. तक शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध किसी देश-विशेष में भयंकर महामारी से परेशानी वाला रहे—ऐसा योग है।

लगभग 14 जनवरी, 2022 ई. से 11 फर. तक शनि-सूर्य का राश्यैक्य कहीं विषैली गैस के उत्सर्जन से जनधनहानि का संकेतक है।

26 फर. (सन् 2022 ई.) से संवत् 2078 वि. के अन्त तक मकर राशि में शनि-मंगल का एकत्र होना भी देश-विशेष में आन्तरिक अशान्ति, शस्त्रास्त्रों के परीक्षण एवं राजनैतिक हत्याकाण्ड से अशान्ति एवं जलवायु के अप्रत्याशित परिवर्तन से कृषि एवं शासनतन्त्र के लिए चिन्तनीय रहेगा।

— — —

व्यापार-विमर्श (संवत् 2078 वि.)

(संवत् 2078 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं एवं शेयर बाज़ारों में आने वाली तेज़ी एवं मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक–इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियन्त्रण है और सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रहविशेष की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाज़ारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम **'तेज़ी-मन्दी'** कहते हैं।

हम यहां **'व्यापार विमर्श'** में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी-मन्दी का मशवरा अपने ग्राहकों को देते हैं। व्यापारियो ! निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे।

Note: व्यापारियों से निवेदन है कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

संवत् 2078 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी-मन्दी का आकलन

संवत् 2078 वि. में तेज़ी-मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है–

संवत् 2078 वि. का **राजा** एवं **मन्त्री**–ये दोनों महत्त्वपूर्ण पद **'मंगल'** ग्रह को प्राप्त हैं। परिणामस्वरूप इस वर्ष भयंकर आगजनी (अग्निकाण्डों) से जंगलात एवं महानगरों में जनधनहानि के योग बनेंगे। सरहदों पर विरोधी देशों की अतिक्रमणकारी नीति एवं चोर-उचक्कों की नीति से विदेशी व्यापार प्रभावित होगा। पाक, चीन एवं कुछ अन्य मुस्लिम देशों से व्यापारिक सम्बन्ध ठीक न रहने से सोना-चांदी के व्यापार में अप्रत्याशित उछाल आयेगा। कुछ देशों से आयात-निर्यातसम्बन्धी नीति में विषमता के कारण तेल, कॉटन, बादाम, दालों, नमक एवं सूखा मेवा आदि में भारी तेजी से व्यापारी लाभ लेंगे। **ध्यान दें–इस वर्ष मंगल मेघेश भी है, अतः कहीं जोरदार तूफान (झंझावत), कहीं भयंकर दुर्भिक्ष, कहीं बाढ़ आदि से सरकार एवं कुछ अन्य देशों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।**

इस संवत् का दुर्गेश चन्द्र होने से देश को सैन्यशक्ति को समृद्ध बनाना पड़ेगा एवं सीमाप्रान्तों पर विशेष सचेत रहना होगा।

इस वर्ष चतुर्मेघों में **'संवर्त'** एवं नवमेघों में **'आवर्त'** नामक मेघ हैं। स्पष्ट है कि–उड़ीसा, महाराष्ट्र, कर्णाटक, केरल आदि में वायुवेग, तूफान आदि किंवा अतिवर्षण से अनेकत्र हानि हो। कुछ प्रान्तों के दुर्भिक्ष की चपेट में आने से व्यापार जगत् में भारी हलचल रहेगी।

व्यापारी ध्यान दें—संवत् 2078 वि. में ग्रहों के वक्र/मार्ग, युति/प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, ग्वार आदि अनाज; गुड़, दालवाना, विशेषत: रुई, कपास, नरमा, मैंथा, तेल एवं सरसों आदि तिलहन; लाल-कालीमिर्च, जीरा, लौंग, सोना, चांदी में तेजी-मन्दी के भयंकर रिएक्शन्स आएंगे। **दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आयें। आने की असमर्थता में सोना, चांदी, कॉपर आदि मैटल्स में से किसी भी धातु, अनाज, दालवाना, गुड़, शेयर बाज़ार या तिलहन की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक मास की फीस Rs. 5100/- (इक्यावन सौ) रुपये प्रतिजिन्स/ प्रतिधातु के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी-मन्दी की रिपोर्ट प्राप्त करें।**

नोट—संवत् 2078 वि. के प्रारम्भ में शनि-मंगल का षडष्टक एवं जून से लगभग 20 जुलाई, सन् 2021 ई. तक शनि-मंगल का समसप्तक, 5 सितं. तक शनि-मंगल का षडष्टक और आगे लगभग 26 फर., सन् 2022 ई. से संवत् 2078 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति राजनैतिक एवं व्यापारिक दृष्टि से विषम परिस्थितियों वाली है। व्यापारी सावधान रहें। इस समयावधि में व्यापारिक मशवरा लें, उत्तम लाभ ले सकेंगे।

सन् 2021-22 ई. (संवत् 2078 वि.) में व्यापारिक क्षेत्र में विशेष उतार-चढ़ावों का विवरण आगे लिखने का प्रयास कर रहे हैं, व्यापारी लोग पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।

अप्रैल (सन् 2021 ई.)

मासारम्भ में राहु वृष राशि में चल रहा है, जोकि लगभग 13 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। अत: मासारम्भ से ही तिलहन, गुड़, शक्कर, रुई, सोना, चांदी, दालों एवं लोहा, तांबा, निक्कल में अच्छी तेजी का वातावरण रहेगा। क्योंकि कुछ क्षेत्र जलवायु-विचार से चिन्तनीय रहेंगे, अत: अनाजों में विशेष तेजी रहेगी—**"महाभयं च सस्यानां न च वृष्टि: प्रजायते॥"**

2 अप्रैल को बुध उ.भा. और मंगल मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल होगा। तिल, चांदी, रुई में तेजी और अन्य व्यापारिक चीजों में मन्दा रहे।

5 अप्रैल को गुरु धनिष्ठा के तीसरे चरण और कुम्भ राशि में दाखिल होगा। अनेकत्र जलवायु अनुकूल न होने से खड़ी फसलों को हानि पहुंचे, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति से बाजार डांवाडोल रहेंगे;—

"कुम्भ-राशिंगते जीवे मेघ: स्वल्पाम्बु वर्षति।
कृषिनाशं च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे महर्घता॥"

गेहूं, चावल, जौ, चना में तजी का रुख बनेगा। रुई में 6 मास तक तेजी के बाद मन्दी होगी। रुई और सफेद चीजें खरीदकर 6 मास में बेचने से लाभ मिलेगा। तांबा, कांसी, पीतल, लोहा, सीसा, सोना में 3 मास तक मन्दी के बाद तेजी होगी। **ध्यान दें**—5 अप्रैल के लगभग बुध पूर्व में अस्त होगा। इस समय घी, रुई और दालवाना में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

9 अप्रैल को बुध रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। इसलिए 11 दिन में कुसुम्भ, लाल चन्दन, गेरु और लालमिर्च में तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, रुई और चांदी में मन्दी के आसार हैं।

10 अप्रैल को शुक्र अश्विनी नक्षत्र में दाखिल होगा। यह योग अच्छी मन्दी का मालूम होता है। अलसी, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, ऊन, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में मन्दी के योग हैं। सोना, चांदी के व्यापारी पहले घटाबढ़ी के बाद, अन्त में तेजी से लाभ ले सकेंगे।

नोट—10 से 16 अप्रैल तक शेयर बाजार जोरदार तेज रहेंगे।

13 अप्रैल को सूर्यदेव मंगलवार के दिन अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रविष्ट होंगे। साथ ही इसी दिन मंगल मिथुन राशि में दाखिल होगा। **जब मंगल-सूर्य का एक साथ राशिपरिवर्तन होता है, तो सोना-चांदी एवं अनाजों में तेजी के व्यापार से लाभ मिलता है—यह अनुभव में आया है।** ध्यान दें—**अकेला सूर्य मेष राशि में बाजारों में मन्दी करता है।** अत: इस समय यदि बाजार मन्दी के लगें, तो तुरन्त मन्दी में रहें, **तभी लाभ मिलेगा।**

16 अप्रैल को बुध भी मेष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। **व्यापारी इस**

समय तेजी में रहें, क्योंकि बुध-सूर्य का मेल बाजार में जोरदार तेजी का वातावरण बनाता है। सरसों, तारामीरा, रुई, तेल, तिलहन में तेजी से लाभ रहेगा।

इस प्रकार 19 अप्रैल तक बाजारों में तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज़ चलेंगे।

20 अप्रैल के लगभग शुक्र भरणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा एवं शुक्र पश्चिम में उदित होगा। इस समय 13 अप्रैल से शनि-मंगल का षडष्टकयोग भी चल रहा है। यह योग अच्छी तेजी का रहेगा। अत: सोना, चांदी, अफीम, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, अरहर, रुई में घटाबढ़ी के बाद जोरदार तेजी बनेगी। **22 अप्रैल को भरणी नक्षत्र के बुध का मेल भरणी नक्षत्र में शुक्र के साथ होगा। अतः चावल, गेहूं आदि अनाजों में 8 दिन में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।**

24 अप्रैल को मंगल आर्द्रा नक्षत्र में एवं लगभग इसी दिन गुरुदेव धनिष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आकर गेहूं, चना, जौ, चावल, सोना, चांदी में घटाबढ़ी करे, लेकिन रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी रहेगी।

(24 से 27 अप्रैल तक शेयर बाजारों में जोरदार मन्दी एवं तेजी के झटके आयेंगे।)

27 अप्रैल को सूर्य भरणी नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय 28 अप्रैल तक सोना, चांदी, तांबा, मूंगा, पीतल, निक्कल, कांसा आदि में अच्छी तेजी का झटका आयेगा। गेहूं, जौ, चना, चावल, मूंग, मोठ, अलसी, रुई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी तेज रहेंगे।

29 अप्रैल को बुध के कृत्तिका एवं 30 अप्रैल के लगभग वृष राशि में प्रविष्ट होने पर चांदी और अफीम में खास घटाबढ़ी होकर मन्दी रहे, अनाज एवं रुई तेज रहें। तेल, तिलहन में भी तेजी रहे।

नोट—30 अप्रैल के लगभग वृष राशि में बुध पश्चिम में अस्त होगा। वायदा बाजार तेज एवं अनाज मन्दे रह सकते हैं, सावधानी से काम करें।

मई (सन् 2021 ई.)

इस मास की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार शनि-मंगल का षडष्टक चल रहा है, मंगल पर गुरु की दृष्टि है। मासारम्भ में ही शुक्र कृत्तिका में एवं **4 मई के लगभग शुक्र वृष राशि में आकर राहु और बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध भी बना रहा है।** अत: बाजारों में मन्दे की उम्मीद होने पर भी हमारे विचार से बाजार तेज रहेंगे। जौ, चावल, हींग, तेल, तिल, सरसों, रुई, सूत, कपास, चांदी, सोना, हीरा, मोती में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी, सावधान रहें।

(मासारम्भ में शेयर बाजार तेज रहेंगे।)

6 मई को बुध रोहिणी नक्षत्र में दाखिल होगा। दो दिन में रुई, कपास, सोना, चांदी, तिलहन, चावल, गुड़, खाण्ड तेज रहेंगे। राई, तूअर, सण व रेशमी-सूती वस्त्र मन्दे रहेंगे। रुई में तेजी के बाद मन्दी रहे।

(ध्यान दें—6 से 10 मई तक बाजारों में जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज़ रहेंगे, सावधान रहें।)

11 मई को कृत्तिका नक्षत्र का सूर्य घी, सोना, चांदी, रुई, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी का वातावरण करेगा—तुरन्त लाभ लें।

12 मई के लगभग शुक्र के रोहिणी में आने पर अफीम, राई, अरहर एवं ऊन में तो तेजी रहेगी, लेकिन रुई, सूत, कपास, तिलहन, तेल, चावल, गुड़, खाण्ड में मन्दी रहे।

13 मई को वृष राशि में चन्द्रदर्शन होने से सभी अनाज, दालवाना, तेल, तिलहन तेज रहें।

नोट—14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर बुध-शुक्र एवं राहु के साथ मेल करेगा। यह योग हाजर एवं वायदा बाजार में जोरदार लाभ देगा—सावधानी से काम करें।

हमारे विचार से इस समय विशेषतः चांदी, सोना में खास बिकवाली एवं

खरीददारी होगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, सण, बादाम, सुपारी, नारियल, तेल, तिलहन में जोरदार तेजी से लाभ होगा। अनाज एवं दालवाना में भी तेजी से लाभ रहेगा।

15 मई को बुध मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल होकर 8 दिन में रुई में तेजी करेगा तथा चांदी में घटाबढ़ी एवं अनाज, तिलहन में मन्दी करेगा।

16 मई के लगभग मंगल पुनर्वसु नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। इसका प्रभाव लगभग 20 मई तक बाजारों में तेजीकारक रहेगा। यह रुई, चांदी, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन में तेजीकारक रहेगा। **21 मई को शतभिषक् नक्षत्र का गुरु 22 मई तक** गेहूं आदि अनाजों, दालवाना, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना, तांबा, कॉपर आदि में मन्दी एवं तेजी के रिएक्शन से लाभ देगा, सावधानी से काम करें।

23 मई को मृगशिरा नक्षत्र का शुक्र, शनि ग्रह का वक्रगति से चलना एवं शनि-मंगल का षडष्टक—ये योग गेहूं, चना, ज्वार, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन, अनाज, दालवाना में अच्छी तेजी करेंगे। यह तेजी 25 मई तक रहेगी।

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आकर तेल, घी, सरसों आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, मिर्च, सुपारी आदि में अच्छी तेजी से लाभ देगा। चांदी में अचानक मन्दी बन सकती है।

26 मई को बुध मिथुन राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा तथा **शनि के साथ मंगल-बुध का षडष्टकयोग होने से बाजारों में मन्दे की अफवाह होने पर भी बाजार तेजी की तरफ ही रहेंगे, ग्रहस्थिति ऐसी ही बन रही है।** रुई, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, दालों, पेट्रोल, गैस, सरसों, तारामीरा एवं अनाजों में तेजी का वातावरण रहेगा।

नोट करें कि—28 मई के लगभग मिथुनस्थ बुध वक्री होगा और इसी दिन शुक्र भी मिथुन राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा एवं इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। रुई, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, सूत, पाट, वारदाना, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों, अरहर एवं ग्वार आदि में **भयंकर मन्दी या तेजी बनेगी। बाजार का रुख देखकर काम करें। हमारा विचार इस मास के अन्त तक अच्छी तेजी का है।** अलसी, गुड़, घी में जोरदार घटाबढ़ी रहे। गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाजों में तेजी रहेगी।

जून (सन् 2021 ई.)

1 जून को मंगल अपनी नीच राशि कर्क में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनायेगा एवं राहु रोहिणी नक्षत्र के दूसरे चरण में और केतु अनुराधा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आता है, राहु सूर्य एवं वक्री बुध के साथ 2 जून को एक राशिसम्बन्ध भी बना रहा है।

यद्यपि कर्क राशि का मंगल रुई, तेल, तिलहन में मन्दी करता है, परन्तु मौजूदा ग्रहस्थिति से बाजारों में इस समय जोरदार तेजी मालूम देती है। अतः वायदा व्यापारी तेजी का काम करें, लाभ रहेगा। राजनीतिक गतिविधि विषम परिस्थिति बनायेगी, जिससे बाजार तेजी की तरफ ही बढ़ेंगे। रुई, तेल, तिलहन, चांदी, सोना, सभी अनाज, गुड़, शक्कर, मसूर आदि दालों, काला जीरा, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, अफीम, घी एवं तेलों, पैट्रोल-डीजल में तेजी रहेगी।

व्यापारी नोट करें—1 जून के लगभग ही बुध पश्चिम में अस्त होगा। अतः रुई में अचानक जोरदार मन्दी भी आ सकती है, सावधान।

(शेयरों में जोरदार तेजी और मन्दी 1 से 5 जून तक रहेगी।)

3 जून को शुक्र आर्द्रा नक्षत्र में आकर अनाजों में अचानक मन्दी कर सकता है, मन्दी के व्यापारी लाभ में रहेंगे या माल स्टॉक करें। यह चाल 5 जून तक रहेगी।

5 जून को मंगल पुष्य नक्षत्र में आकर 12 दिन में चांदी व रुई में घटाबढ़ी करे, लेकिन सोने में जोरदार तेजी करेगा।

8 जून को सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में आकर लगभग 10 जून तक रुई, सूत, रेशम, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा एवं घी, अलसी आदि तिलहन/तेलों में तेजी का वातावरण बनायेगा। लेकिन 11 जून को मिथुन राशि में चन्द्रदर्शन होने एवं 14 जून को शुक्र के पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने से सरसों, तिल, तेल, अनाज एवं ऊन में मन्दी बनेगी। रुई, चांदी, सोना, धान्य, बिनौला में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

15 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा एवं गुरु की इन पर विशेष नजर रहेगी। लेकिन 18 जून के लगभग गुरु भी वक्री हो रहा है। अतः पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों आदि तिलहन, लोहा, निक्कल, सोना, चांदी, घी, तेल, गुड़, शक्कर, चीनी, गेहूं, चावल आदि अनाजों में अच्छी तेजी का झटका आयेगा। इसी बीच 16 जून को वक्री बुध रोहिणी नक्षत्र में आकर रुई में पहले मन्दी, फिर तेजी कर सकता है।

20 जून के लगभग बुध पूर्व में उदित होगा। बुध का मेल राहु के साथ है। 21 जून को सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल हो रहे हैं एवं 22 जून को शुक्र कर्क राशि में आकर मंगल के साथ मेल करके शनि की दृष्टि में शुक्र, मंगल आ जायेंगे। यह योग जोरदार तेजी का है। गेहूं, चावल, चना, घी, पाट, हैसियन, लालमिर्च, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, जौ, सोना, चांदी, घी, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर तेज रहेंगे। ध्यान दें—22 जून के लगभग रुई में पहले अच्छी मन्दी आयेगी, बाद में तेजी से लाभ मिलेगा। तेजी-मन्दी का यह सिलसिला 23 जून तक चल सकता है।

24 जून को बुध के मार्गी होने पर घी, तेल, तिलहन, गुड़, रुई एवं ऊन में मन्दी का वातावरण रहेगा। बाद में अनाज, रुई में तेजी सम्भव है।

25 जून को शुक्र पुष्य नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। शुक्र-मंगल के मेल पर शनि की दृष्टि है। अतः रुई, सूत, सण, ऊन, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, चांदी एवं सोने आदि धातुओं में तेजी का रुख रहेगा।

28 जून को मंगल आश्लेषा नक्षत्र में दाखिल होगा। नोट रहे कि—शनि-मंगल का समसप्तक चल ही रहा है, इस समय चांदी में झटके की मन्दी आकर, तुरन्त बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे। इस समय चांदी और रुई में मन्दी आने पर माल पकड़े, जल्दी ही लाभ होगा।

29 जून को बुध मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय बुध का मेल राहु के साथ है। मासान्त तक रुई में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी, गेहूं, तिल, सरसों, उड़द भी मन्दे रहें। लेकिन मासान्त में एकदम तेजी बनेगी।

जुलाई (सन् 2021 ई.)

जुलाई मास की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार मिथुनस्थ सूर्य वृषस्थ राहु-बुध एवं कर्कस्थ मंगल-शुक्र से आक्रान्त है। मंगल-शुक्र पर शनि की दृष्टि भी है। अतः शेयर बाजारों एवं सोना-चांदी के व्यापार में भारी उठापटक रहेगी।

5 जुलाई के लगभग पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य के आने पर रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, तेल, घी, सभी तिलहन, लाख, देवदारु, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, हरड़, सुपारी, मंजिष्ठा, केसर एवं करयाणा की सभी चीजें तेज रहेंगी। लेकिन 6 जुलाई को शुक्र के आश्लेषा नक्षत्र में आने पर 18 दिन में रुई, मसूर, चावल में झटके की मन्दी आने के योग हैं, सावधान रहें।

7 जुलाई को बुध मिथुन में दाखिल होकर सूर्य के साथ मेल करेगा। जब भी सूर्य के साथ बुध का मेल होता है, बुध बली एवं जोरदार तेजीकारक हो जाता है—यह अनुभव में आता है। अतः 7 जुलाई के लगभग से 10 जुलाई तक व्यापारी तेजी की तरफ रुख करें। रुई, सोना, चांदी, घी, तेल, दालों, तिलहन में जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज़ आयेंगे, तेजी प्रधान रहेगी।

आगे 11 से 15 जुलाई तक की ग्रहस्थिति मन्दीप्रधान रहेगी। 11 जुलाई को चन्द्रदर्शन एवं 12 जुलाई को आर्द्रा नक्षत्र में बुध के दाखिल होने पर तेल, तिल, गेहूं, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ, रुई में मन्दी का वातावरण रहे। चांदी में तेजी से लाभ मिल सकता है।

16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर नीचस्थ मंगल के साथ एकराशि-सम्बन्ध बनायेगा। ध्यान दें—इस वक्त सूर्य-मंगल पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। मंगल जमीन से होने वाले प्रत्येक कृषिकर्म से सम्बन्ध रखता है। मंगल-सूर्य का प्रभाव मौसम, हवा, बरसात पर विशेषरूप से देखा गया है। कभी-कभी बरसात की कमी या बाढ़ से बाजारों में तूफानी तेजी आ जाती है। शनि-मंगल के योग या दृष्टिसम्बन्ध से बाजारों में जोरदार उठापटक देखी गयी है। इस समय पैदावार कम या खराब होने की अफवाहों से बाजारों में जोरदार तेजी सम्भव है। हमारे विचार से गेहूं आदि अनाज, सोना, तांवा, लोहा, जौ, तेल, तिलहन, घी, चना, खाण्ड, शक्कर में

तेजी के व्यापारी लाभ ले सकेंगे। लेकिन रुई, चांदी में मन्दी का झटका आकर तेजी हो।

17 जुलाई को शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आता है और यहां सूर्य, मंगल एवं शुक्र एकत्र हो जाते हैं। यह योग घी, तेल, तिलहन, दालों एवं मोटे अनाजों में तेजी को बढ़ावा देगा। सोना, तांबा, लाल चन्दन, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेजी रहे। रुई और चांदी में 4-8 दिन मन्दी के बाद तेजी बन सकती है। **इस प्रकार तेजी के बाजारों में 19 जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आकर तेजी को और बढ़ा सकता है।** हमारे विचार से आगामी 14 दिनों में तेल, घी, सरसों आदि तिलहन, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सण, ऊनी वस्त्र, सिक्का एवं सोना, चांदी तेज रहें। रुई में तेजी होकर मन्दी हो।

आगे 2/3 दिन बहुत समझ से व्यापार करने के हैं, क्योंकि 20 जुलाई को बुध पुनर्वसु नक्षत्र में, इसी दिन मंगल मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में, साथ ही गुरु वक्रगति से धनिष्ठा के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। **अतः जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज़ बाजारों में आयेंगे। हमारे विचार से इस समय मंगल का गुरु के साथ समसप्तक होने से कुछ चीजों में मन्दी प्रधान रहेगी।**

चांदी, रुई, कपास, सूत, सण में अच्छी मन्दी रहे। लेकिन मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सरसों, मूंगफली, राई एवं गेहूं आदि अनाजों, सोना, चांदी, तांबा, लोहा, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, रुई, लालमिर्च और घी में तेजी से लाभ मिले।

लगभग 21 जुलाई को बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी में मन्दी, रुई में पहले तेजी, फिर मन्दी, फिर तेजी रहे। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

22 जुलाई को वक्री शनि श्रवण नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर अनाज, अलसी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी करेगा। 23 से 24 जुलाई तक बाजार ऊपर-नीचे रहेंगे।

25 जुलाई को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य से मेल करेगा तथा इनका शनि के साथ समसप्तकयोग बनेगा। बाजार तेज रहेंगे। रुई, चांदी, गुड़, तिलहन, सोना एवं अनाजों में तेजी का रुख रहे।

26 जुलाई के लगभग बुध पुष्य नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय सोना, चांदी में मन्दी के झटके आयेंगे। रुई में घटाबढ़ी से 10/12 टका की मन्दी सम्भव है। मणि, जवाहरात एवं ऊनी कपड़े तेज होंगे। आगे 28 जुलाई को शुक्र पू.फा. नक्षत्र में आकर मासान्त तक गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना, तेल-तिलहन एवं घी में कुछ मन्दी करे।

अगस्त (सन् 2021 ई.)

अगस्त के प्रारम्भ में ही सूर्य-चन्द्र-बुध पर शनि की दृष्टि है। पहले बाजार कुछ मन्दे रहकर एकदम उठेंगे, मन्दी में माल पकड़ें एवं आगे जल्दी ही लाभ मिलेगा। इन दिनों कहीं अनावृष्टि से दुर्भिक्ष की स्थिति बनने से बाजार अचानक तेज होंगे।

2 अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में आकर 14 दिन में सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिलहन, मिर्च, मजीठ एवं नीलम तेज करेगा। इस तेजी में तुरन्त लाभ लेना ठीक रहेगा, वरना मन्दी से हानि सम्भव है।

3 अगस्त को रोहिणी-1 में राहु एवं अनुराधा के तीसरे चरण में केतु के आने पर रुई, सूत, सण, सोना, चांदी आदि धातुएं, मिर्च, चन्दन, केसर तेज रहें, लेकिन अनाज मन्दे रह सकते हैं। 4 से 7 अग. तक बाजार ऊपर-नीचे जा सकते हैं।

8 अगस्त को बुध मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर शुक्र-मंगल के साथ मेल करेगा—इन पर इस समय गुरु की नजर भी रहेगी। अतः चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन तेज रहेंगे। शेयर बाजार मन्दे रहेंगे। इन दिनों शुक्र उ.फा. में आयेगा, जोकि चांदी के बाजार में अचानक मन्दी करेगा।

10 अग. को मंगल पू.फा. में एवं **11 अग. को शुक्र कन्या में आयेगा। यह ग्रहस्थिति वायदा एवं सामान्य बाजारों में जोरदार उठापटक करेगी, बहुत सावधानी से काम करें।** हमारे विचार से तेल, घी, तिलहन एवं गुड़, चीनी, शक्कर व अनाजों में अच्छी तेजी का उछाल आयेगा।

14 अगस्त को अचानक मन्दी का काम करने से लाभ होगा, लेकिन **16 अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में दाखिल होगा। इस समय सूर्य-मंगल-बुध का एकसाथ रहना बाजारों में जोरदार तेजी करेगा।** तेल, तिलहन, चीनी, घी, दालवाना,

गुड़, शक्कर एवं रुई, कपास, ऊन में अच्छी तेजी से लाभ ले सकते हैं।

16/17 अगस्त की ग्रहस्थिति बाजारों में अचानक मन्दे का वातावरण करेगी। यदि चीनी, घी एवं दालवाना में मन्दी आये तो तुरन्त स्टॉक करें, आगे लाभ की स्थिति बनेगी। 17 अगस्त के लगभग बाजार यदि मन्दे हों, तो वायदा व्यापारी तेजी खेलकर लाभ लें।

18 एवं 19 अगस्त को शुक्र एवं वक्री गुरु की स्थिति हाजर एवं वायदा बाजारों में अच्छी पोजीशन का इशारा कर रही है। यह स्थिति 23 अगस्त तक रहेगी।

24 अगस्त को बुध उ.फा. में एवं 26 अग. को कन्या राशि में दाखिल होगा। हमारे विचार से 7 दिन में उड़द, मूंग, मसूर, अरहर आदि में तेजी रहेगी। गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं हल्दी में भी तेजी रहे। रुई और चांदी में मन्दी सम्भव है।

नोट—अगस्त-मासान्त में उत्तम तेजी से हाजर एवं वायदा बाजारों में व्यापारी लाभ में रहेंगे।

30 अगस्त को सूर्य पू.भा. में, 31 अगस्त को शुक्र चित्रा में एवं 31 अगस्त को ही मंगल उ.भा. में प्रविष्ट होगा।

परिणामस्वरूप जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों आदि तिलहन, तेल, घी, गुड़, चीनी, गेहूं, ज्वार, चावल, रुई, ऊन, सूत, सोना तथा दालवाना के बाजार तेज रहेंगे। चांदी में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेजी हो। मासान्त में मक्की, बाजरा, चन्दन, कपूर, अगर, नारियल, जौ, चना भी तेज रहेंगे।

सितम्बर (सन् 2021 ई.)

सितम्बर के प्रारम्भ में लगभग 2 सितम्बर को बुध हस्त नक्षत्र में दाखिल होगा। गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाजों में मामूली मन्दी बनेगी। स्टॉक कर सकते हैं। यह मन्दी लगभग 4 सितम्बर तक उत्तम-मध्यमरूप से चल सकती है।

5 सितम्बर को शुक्र तुला में एवं मंगल कन्या में प्रविष्ट होगा। इस समय शुक्र पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। अतः इन दिनों बाजार जोरदार ऊपर उठेंगे। रुई, सोना, ऊन, सूत, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेजी से लाभ होगा। चांदी में पहले कुछ मन्दी के बाद जोरदार तेजी आयेगी। तेल, तिलहन, गेहूं, चना में तेजी से लाभ रहेगा।

8 सितम्बर को चन्द्रदर्शन होने से अफीम, गुड़, खाण्ड तेज, रुई में घटाबढ़ी रहे। जौ मन्दे हों।

10 सितम्बर को वक्री शनि श्रवण नक्षत्र के प्रथम चरण में आयेगा। इस समय गुरु भी वक्री पोजीशन में है। यह योग राजनैतिक दृष्टि से देश में संवेदनशील वातावरण बनाता है। इसका प्रभाव व्यापार पर भी स्पष्ट नजर आयेगा। इस समय तेजी के व्यापारी लाभ उठायेगे। इस वक्त गेहूं, जौ, चना, चावल, बाजरा, रुई, अलसी, तिलादि, तिलहन, तेल, घी में जोरदार तेजी आयेगी। दालवाना, गुड़, खाण्ड, नमक में भी तेजी आयेगी। स्टॉकिस्ट माल निकालकर, तुरन्त नफा बुक कर लें।

11 सितम्बर का स्वाती नक्षत्र का शुक्र 11 दिन में गुड़, खाण्ड में तेजी एवं अनाजों में मन्दी का वातावरण बना सकता है।

12 सितम्बर को बुध चित्रा नक्षत्र में आयेगा, **इस समय बुध कन्या राशि में मंगल के साथ है।** अतः रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेजी बनेगी। सभी अनाज भी तेज होंगे।

13 सितम्बर को सूर्य उत्तरा-फाल्गुनी में आकर रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, तेल, तिलहन, घी, दालवाना, नारियल, मूंज, बांस, नील में तेजी करेगा। **ध्यान दें—इस समय शनि के साथ सूर्य का षडष्टक भी चल रहा है, अतः तेजी खेलें।**

14 सितम्बर को विशेष नोट करें। 14 सितं. को गुरु वक्री पोजीशन में भारत की प्रभाव राशि मकर में आकर शनि के साथ मेल करेगा। यह योग विशेष है। इस समय रुई के व्यापारी अगर रुई में मन्दी आये तो खूब स्टॉक कर लें, आगे 100 से 125 रुपये की तेजी बनेगी या पहले ही स्टॉक करें, तब लाभ रहेगा। इस समय जौ, चना, गेहूं, चावल, दालों आदि में जोरदार तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा। मूंगफली, तेल, घी, सारे तिलहन, तांबा, सोना, चांदी में भी भयंकर तेजी आयेगी।

16 सितम्बर को सूर्य कन्या राशि में आकर बुध और मंगल के साथ मेल

करेगा। यह योग भी विशेष है। **हमारा अनुभव है कि—जब सूर्य मंगल-बुध के साथ मेल करता है तो रुई, चांदी, सोने के बाजारों में तेजी का विशेष जोश आता है।** व्यापारियों में खरीदने की जोरदार चाल बनती है। कपड़ा, सूत, ऊन में तेजी, एक्सपोर्ट की अफवाहों से कई बाजार तेज होते हैं। **हमारे विचार से इस समय** तेल एवं सारे तिलहन, घी, रुई, सुपारी, चीनी, चावल, गुड़, शक्कर में भारी तेजी से लाभ रहेगा। चांदी, सोना व शेयर बाजार मन्दे रह सकते हैं।

नोट करें कि—20 सितम्बर से आगे 6 अक्तूबर तक सोना, चांदी के व्यापार मन्दे रहेंगे।

21 सितं. को बुध तुला राशि में आयेगा एवं मंगल हस्त में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इस समय रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम तेज रहें। चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला एवं मूंगफली में मन्दी सम्भव है। इन दिनों दालवाना, घी, गुड़, खाण्ड, नमक भी तेज रहेंगे।

25 सितं. को विशाखा नक्षत्र का शुक्र 15 दिन में रुई व अनाजों में मन्दी करे, लेकिन 25 सितं. को कन्या राशि में बुध वक्री होगा, सूर्य-मंगल के साथ बुध का मेल भी है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज होंगे। अनाजों में जोरदार तेजी या झटके की मन्दी सम्भव है, सावधान रहें।

27 सितं. को विशाखा नक्षत्र का शुक्र रुई एवं अनाजों में कुछ मन्दे का वातावरण बनायेगा।

27 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में आयेगा। मंगल एवं वक्री बुध इस समय सूर्य के साथ हैं। मासान्त तक जौ, ज्वार, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी आदि में जोरदार तेजी से अच्छा लाभ मिलेगा।

अक्तूबर (सन् 2021 ई.)

अक्तूबर के प्रारम्भ में ही लगभग 2 अक्तूबर को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा, साथ ही लगभग 3 अक्तूबर को वक्री बुध कन्या राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। इस समय रुई, चांदी, अफीम में कुछ मन्दी के बाद तेजी, गुड़, गेहूं, जौ, मोठ, चना, उड़द, मूंग एवं बाजरा आदि अनाज, तिलहन, तेल, घी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी का झटका आयेगा।

(मास के प्रारम्भ में शेयर बाजार मन्दे रहेंगे।)

5 अक्तूबर को शुक्र अनुराधा में, राहु कृत्तिका 4 में एवं इसी दिन अनुराधा 2 में केतु दाखिल होगा। इस समय गुड़, खाण्ड, नमक, चावल, सोना, चांदी, तांबा एवं घी, तिलहन में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। मिर्च, केसर, चन्दन, कपास, अनाज एवं कपूर में भी तेजी रहेगी।

8 अक्तूबर को **वक्री बुध** हस्त में आयेगा एवं इसी दिन तुला राशि में चन्द्रदर्शन भी होगा। इस समय गेहूं आदि अनाज एवं दालों में कुछ मन्दी का रुख बनेगा, लेकिन रुई, कपास, सूत, बर्तन, सोना, चांदी में तेजी का झटका आ सकता है।

9 अक्तूबर के लगभग मकरस्थ शनि के मार्गी होने पर वायदा एवं हाजर बाजारों की लाईन अचानक बदल जाती है, व्यापारी सावधान रहकर काम करें। इस समय रुई मन्दी होकर, तेजी की ओर बढ़ेगी। तिल, तेल, घी, हींग, सभी तिलहन, सरसों, मिर्च में जोरदार मन्दी या तेजी बनेगी, बाजार का रुख देखकर काम करें। हमारा विचार बाजारों में मन्दी का है। यह मन्दी ठहरेगी नहीं, स्टॉक कर सकते हैं।

10 अक्तूबर को सूर्य और मंगल चित्रा नक्षत्र में आयेंगे। यह योग जोरदार तेजीकारक है। यह तेजी उत्तम-मध्यम तौर पर 17 अक्तू. तक चल सकती है। हमारे विचार से इन दिनों रुई, सूत, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अरहर, मोती आदि रत्न, जौ, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, गेहूं, चावल, चना, उड़द, मूंग में अच्छी तेजी से लाभ रहेगा।

आगे 15 से 17 अक्तूबर तक की ग्रहस्थिति के अनुसार 17 अक्तू. को तुला राशिस्थ सूर्य पर शनि की दृष्टि भी आ रही है। अतः 15 अक्तू. को रुई और चांदी में कुछ मन्दी आकर, तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा, घी, तिलहन, लालमिर्च, लाल चन्दन, श्रीफल, सुपारी में तेजी बनेगी। हमारा मशवरा है कि—18 अक्तूबर से पहले तेजी से नफा बुक कर लें। 18 अक्तूबर को बुध के मार्गी होने पर तेल, तिलहन, घी, गुड़, रुई में मन्दी के बाद बाजार सुधरेंगे। सोना तेज ही रहेगा।

19 अक्तूबर को मकर राशिस्थ गुरु मार्गी होगा। गुरु नीच है, शनि के सन्निकर्ष में है। अतः इस समय बहुत समझ से व्यापार करें। रुई में मन्दी का झटका आकर तेजी बनेगी। चांदी, सोना, अलसी आदि तिलहन तेज होंगे। **हमारे अनुभव में आया है कि—गुरु के मार्गी होने पर व्यापार की लाईन बदल जाती है, अगर पहले मन्दी है, तो बाजार तेज हो जाते हैं, यदि बाजार तेज हैं, तो मन्दे हो जाते हैं। अतः सावधान रहें, बाजार की चाल को देखकर काम करें।**

21 अक्तूबर को मंगल तुला राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। साथ ही यहां बहुत ध्यान देने लायक यह है कि—इस समय मंगल-सूर्य पर शनि की विशेष दृष्टि भी रहेगी। मंगल (भौम) अर्थात् पृथ्वी का पुत्र है, सूर्य कृषि/खेती फसलों को पकाता है, लेकिन शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध कुदरती प्रकोप से खड़ी फसलों को भारी हानि पहुंचा देता है, अतः बाजारों में तेजी का उछाल आता है और शेयर बाजार भी गड़बड़ा जाते हैं। बहुत सावधान रहें। हमारे विचार से रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली आदि तिलहन, घी, तेल, खाण्ड, गुड़, शक्कर, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाज, सोना, चांदी आदि में भयंकर तेजी बनेगी।

सूर्य 23 अक्तूबर को स्वाती में आकर सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग और गुग्गुल में तेजी करेगा। यह तेजी 28 अक्तूबर तक रहेगी। 24 अक्तूबर के लगभग बुध की पोजीशन बाजारों में टैम्परेरी मन्दी कर सकती है।

28 अक्तूबर को बुध चित्रा नक्षत्र में आकर रुई, चांदी में घटाबढ़ी करे एवं अनाजों में तेजी करे।

30 अक्तूबर को शुक्र मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आ रहा है। इस समय सोने में घटाबढ़ी होकर कुछ मन्दी सम्भव है। लेकिन हमारे विचार से गेहूं, जौ, चना, चांदी, सोना, तांबा तेज ही रहेंगे। शेयर बाजार भी तेज रहेंगे।

31 अक्तूबर को मंगल स्वाती नक्षत्र में दाखिल हो सूर्य के साथ मेल करेगा। रुई, सूती एवं रेशमी वस्त्र, गेहूं, तिल, तेल तेज होंगे। चांदी में घटाबढ़ी एवं सोना कुछ मन्दा रहे।

नवम्बर (सन् 2021 ई.)

मासारम्भ में लगभग 2 नवं. को बुध तुला राशि में आकर सूर्य-मंगल के साथ मेल करेगा। **ध्यान दें—बुध शुक्र की राशि में यद्यपि मन्दी सूचक माना गया है, बाजारों में मन्दी के झटके लाता है, लेकिन जब कुछ सूर्य एवं मंगल के साथ होता है तो तिलहन बाजारों एवं सोना, चांदी एवं दालवाना, घी में तेजीकारक अनुभव किया गया है। यह तेजी आगे तक चलेगी।**

6 नवम्बर को सूर्य विशाखा में व बुध स्वाती में आयेगा एवं इसी दिन वृश्चिक में चन्द्रदर्शन भी होगा। 14 दिन में चावल आदि अनाज, गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन, घी एवं अफीम में तेजी बनेगी। रुई में मन्दी एवं तेजी के रिएक्शन्ज़ आयेंगे। इस समय सोना, चांदी एवं तिलहन में अच्छी तेजी भी बन सकती है, सावधान रहें।

7 से 13 नवम्बर के मध्य बुध-शुक्र एवं शनि की पोजीशन से सभी अनाज, घी, तेल, तिलहन, दालवाना में तेजी से लाभ मिलेगा। **ध्यान रहे**—7 नवम्बर को अनाज, घी में मन्दी का झटका भी आ सकता है। रुई और सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

14 नवम्बर को विशाखा नक्षत्र के बुध-सूर्य पर शनि की दृष्टि है। अनाजों में कहीं मन्दी, कहीं तेजी रहे। रुई के बाजारों में जोरदार मन्दी का झटका यदि आये तो स्टॉक करें, आगे जल्दी लाभ होगा। तांबा, सोना, चांदी, ऊनी वस्त्र एवं लाल रंग की चीजों में अच्छी तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा।

16 नवम्बर को सूर्य मंगल की राशि वृश्चिक में आकर राहु के साथ समसप्तकयोग बना रहा है। ध्यान दें—इस समय शनि-मंगल भी दशम-चतुर्थसम्बन्ध बनाये हुए हैं। अतः आने वाले 14 दिनों में गेहूं, चना, चावल, मोठ, सभी दालों, ऊन, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुएं, गेहूं, मिर्च, तेल, घी, तिलहन में अच्छी तेजी के बाद मन्दी आने की सम्भावना है, तुरन्त लाभ लें।

19 नवम्बर को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में राहु के साथ समसप्तकयोग बना ही रहा है। **इस प्रकार मंगल के क्षेत्र में स्थित सूर्य सोना, चांदी, तांबा, लोहा एवं अन्य**

धातुओं, चना, बाजरा, गेहूं, दालवाना में अच्छी तेजी का संकेत देता है। तेल, तिलहन, मिर्च में उठापटक के बाद तेजी रहेगी।

नोट—नवम्बर के प्रारम्भ से 15 नवं. तक सूर्य-मंगल-बुध पर शनि की दशम दृष्टि राजनैतिक स्थिति एवं प्राकृतिक प्रकोप आदि से व्यापार को विशेष रूप से प्रभावित करेगी—ऐसा विचार है। अत: हमारा अनुरोध है कि—इन दिनों तेजी के वायदा या हाजर व्यापारी साथ-साथ लाभ बुक करते रहें, आखिरी वक्त का इन्तजार न करें।

20 नवम्बर को बुध भी मंगल की राशि वृश्चिक में आकर सूर्य के साथ एक-राशिसम्बन्ध बना लेता है। मंगल की राशि में बुध तेजीसूचक रहता है। इस स्थिति में बुध का सबसे ज्यादा असर तिलहन, दालवाना एवं घी आदि के बाजारों पर देखा गया है। घी, तेल, सरसों, रुई, चांदी, सोना एवं दालवाना तेज रहेंगे।

इसी दिन (अर्थात् 20 नवं. को ही) मंगल विशाखा में, गुरु धनिष्ठा के तीसरे चरण एवं कुम्भ राशि में दाखिल होगा। यह योग नोट कर लें—कुम्भ राशि में गुरु के आने पर प्रकृति-विपर्थय अनुभव हो। प्राकृतिक प्रकोप, दुर्भिक्ष आदि की स्थिति से बाजारों में जोरदार तेजी या मन्दी बनती है, सरकार को व्यापार में दखल देना पड़ता है, अत: सावधानी से व्यापार बढ़ायें—

"कुम्भ-राशिंगते जीवे मेघः स्वल्पाम्बु वर्षति।
कृषिनाशं च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे महर्घता॥"

बाजार मन्दे हों, तो तेलवाना, पाट, बारदाना, रुई, चीनी, हल्दी का स्टॉक करें, 6 मास बाद उत्तम तेजी से लाभ मिलेगा। सोना, तांबा, कांसी, पीतल एवं लोहे में तीन मास तक मन्दी के बाद तेजी रहे।

22 नवम्बर को बुध अनुराधा नक्षत्र में दाखिल होगा। **नोट करें कि**—इस समय बुध, सूर्य, केतु एक साथ हैं। रुई, सूत, सण, सोना, चांदी के व्यापारी मन्दी का झटका आये तो स्टॉक करें, लेकिन हमें इस समय तेजी के व्यापार से लाभ नजर आ रहा है।

29 नवम्बर को मंगल के उदय होने पर अनाजों के बाजार नीचे जायेंगे, लेकिन रुई, उड़द, तेल, तिलहन, घी में तेजी रहे—ऐसा प्रतीत हो रहा है।

30 नवम्बर को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आयेगा। इस समय सूर्य-केतु के साथ बुध बैठा है, अत: बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे। घी, गुड़, खाण्ड, चावल, जौ, दालवाना एवं मोटे अनाज भी तेज रहेंगे।

दिसम्बर (सन् 2021 ई.)

मास के प्रारम्भ में ही **शुक्र उ.षा. में है, जोकि शुक्र के शत्रु गुरु का राशि-नक्षत्र है। 2 दिसम्बर के लगभग सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में आयेगा।** 15 दिन में सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। रुई में पहले मन्दी, फिर तेजी का वातावरण रहेगा।

4 दिसम्बर को मंगल वृश्चिक में आयेगा। इस समय सूर्य-बुध-केतु भी मंगल के साथ हैं। यहां क्रूर-ग्रह योग होने से अच्छी तेजी का झटका आयेगा, अत: तेजी का काम करें। गुड़, रुई, सोना, चांदी आदि धातुएं तेज रहें। इस समय व्यापारिक वस्तुएं तेज रहें। तेजी खेलने वाले व्यापारी लाभ में रहेंगे।

5 दिसम्बर की ग्रहस्थिति के अनुसार एवं 7 दिसं. के लगभग राहु कृत्तिका नक्षत्र के दूसरे चरण में एवं केतु अनुराधा नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर मिर्च, केसर, चन्दन, कपूर, कपास में तेजी रहे।

8 दिसम्बर को शुक्र मकर राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। शनि-शुक्र दोनों मित्र हैं। शेयर बाजार तेज रहेंगे। अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, शक्कर, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, दालवाना आदि अनाज तेज होंगे। रुई, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। यह तेजी 8 दिसम्बर तक चल सकती है।

9 दिसम्बर को बुध मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में प्रवेश करेगा। इस समय बाजार का रुख मन्दे की तरफ रहेगा—सावधानी से काम करें। रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, घी, सोना, चांदी में मन्दी का रुख रहेगा। **नोट करें**—धनु राशि में अकेला बुध मन्दीकारक ही रहता है।

9 दिसम्बर को मंगल अनुराधा नक्षत्र में आयेगा, अत: शीघ्र ही मन्दीकारक बुध का प्रभाव समाप्त होकर बाजार 9 दिसम्बर सायंकाल तक तेज रहेंगे। रुई, कपास, गेहूं,

लालमिर्च, सोना, तांबा आदि लाल एवं पीली चीजें तेज होकर मन्दी होंगी। इस प्रकार तेजी-मन्दी का यह वातावरण लगभग 14/15 दिसम्बर तक चलेगा, व्यापारी बहुत ही सावधानी से व्यापार बढ़ायें।

15 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आयेगा। इस समय रुई, कपास, सूत, ऊन, तिलहन, तेल, घी, सोना, चांदी में तेजी रहकर, एकदम मन्दी बने। अनाजों में कुछ मन्दी रहे।

16 दिसम्बर को गुरु धनिष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आयेगा एवं शुक्र वक्रगति से चलने लगेगा। इस समय शुक्र का मेल शनि के साथ है एवं गुरु शनि के क्षेत्र में है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना तेज रहें। **लेकिन नोट करें कि—**गुरु के धनिष्ठा नक्षत्र में आने पर गुड़, खाण्ड, शक्कर की आमद बाजारों में ज्यादा होती है। गुड़, खाण्ड में भारी मन्दी के कारण रुपये के 50 पैसे रह जाते हैं। यदि वर्षा की कमी हो तो गेहूं आदि अनाज तेज हों। नमक, तिल, तेल, घी, सोना, चांदी आदि धातुएं मन्दी रहें। **ध्यान दें—**अगर गत कार्तिक में घी, तेल, तिलहन मन्दे हों तो स्टॉक करें। आगे चैत्र में तेजी से लाभ मिलेगा।

18 दिसं. के लगभग बुध पू.षा. नक्षत्र में आकर बिनौला में तेजी करे। लेकिन अनाजों एवं सोना, चांदी में झटके की मन्दी बन सकती है। वायदा एवं हाजर व्यापारी सावधानी से काम करें।

22 दिसम्बर को शनि श्रवण में आयेगा। शनि-शुक्र एक राशि में ही हैं। इस प्रकार इस समय शनि, शुक्र एवं बुध ग्रह की पोजीशन को देखकर गुड़, खाण्ड, नमक, तेल, घी, तिलहन, सभी मोटे अनाज एवं दालवाना में दुर्भिक्ष आदि से जोरदार तेजी का अनुमान है। यह तेजी 27 दिसम्बर तक चल सकती है।

28 दिसम्बर को सूर्य पू.षा. में एवं मंगल ज्येष्ठा में आ जाता है। 14 दिन में तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी एवं ऊनी वस्त्र तेज होंगे। चांदी एवं रुई में घटाबढ़ी रहेगी।

30 दिसम्बर को शुक्र वक्रगति से धनु राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेंगे।

इन दिनों गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, चांदी, सोना, तांबा, पीतल आदि धातु एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे। रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी सम्भव है, सावधान रहें।

जनवरी (सन् 2022 ई.)

मासारम्भ में ही गुरु शतभिषा नक्षत्र में आयेगा। इस समय 2 जनवरी को कुम्भस्थ गुरु पर मंगल की विशेष दृष्टि होने से गेहूं, जौ, चना, चावल, सोना, चांदी और रुई में जोरदार घटाबढ़ी के बाद जोरदार तेजी बनेगी। यह घटाबढ़ी 3 जनवरी तक चल सकती है।

4 जनवरी को श्रवण नक्षत्र में मंगलवार को चन्द्रदर्शन होने से तेल, तिलहन, घी, मूंग, दालें, मोटे अनाज एवं अन्य व्यापारिक वस्तुएं तेज होंगी।

5 जनवरी को वक्री शुक्र पू.षा. में आयेगा। शुक्र-सूर्य-बुध एक साथ हैं। इस समय गेहूं, जौ, चना, चावल एवं दालें तेज रहेंगी। तेल, तिलहन, घी, अफीम मन्दे रहें। इस समय 10 जनवरी तक बाजारों में तिलहन, तेलों में जोरदार उठापटक रहेगी।

7 जनवरी के लगभग शुक्र के पश्चिम में अस्त होने पर तिलहन बाजार मन्दे एवं अनाज तेज रहेंगे।

11 जनवरी को सूर्य उ.षा. नक्षत्र में आयेगा। इस समय मंगल-शनि ये दोनों ग्रह सूर्य को 'कर्तरीयोग' बनाकर घेर रहे हैं।

उड़द, मूंग, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, सरसों, मूंग आदि दालें, चमड़ा एवं पट्टसूत्र तेज रहेंगे।

12 जनवरी को बुध श्रवण में आयेगा। इस समय बुध शनि के साथ मकर राशि में है। 10 दिन में गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, चना, चावल, घी, तेल, तिलहन में तेजी से लाभ लें।

13 एवं 14 जनवरी को शुक्र एवं सूर्य की पोजीशन को ध्यान में रखकर काम करें।

14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में दाखिल होकर शनि-बुध के साथ मेल करेगा। 14 जनवरी के लगभग ही बुध वक्री भी हो रहा है। अत: इन दिनों रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली तेल, सरसों आदि तिलहन, कपास, अनाज, सोना, चांदी, हल्दी, कालीमिर्च एवं शेयर बाजारों में विशेष प्रभाव सूर्य का होगा। इस समय तिलहन, घी, अनाज, दालवाना, शेयर बाजार एवं सोना, चांदी के बाजारों में प्रचण्ड तेजी से लाभ मिलेगा, तुरन्त लाभ लें।

16 जनवरी को मंगल मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। ध्यान दें—यह योग भी तेजी का बढ़ावा देगा। चावल, चना, जौ, मूंग, मोठ आदि दालें, रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, घी, सोना, चांदी एवं रुई में अच्छी तेजी रहे।

नोट—14 से 16 जनवरी तक वायदा एवं हाजर बाजार तेज रहेंगे।

17 जनवरी के लगभग बुध के पश्चिम में अस्त होने पर रुई में जोरदार मन्दी का झटका आयेगा और चांदी और शेयर बाजार भी मन्दे रहें।

नोट—क्योंकि इस समय बुध मकर राशि में सूर्य-शनि के साथ है, अत: उल्लिखित चीजों में कदाचित् अचानक मन्दी तेजी में बदल जाये तो आश्चर्य नहीं, सावधानी से काम करें।

18 जनवरी को गुरु शतभिषा-दूसरे चरण में दाखिल होगा।

इस समय गेहूं आदि अनाज, चावल, घी, तिलहन, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ एवं सोना मन्दे रहें। **लेकिन 18 जनवरी को ही शनि अस्त हो रहा है। शनि इस समय मकर राशि में सूर्य-बुध के साथ होने से अनाज, तिलहन, शेयर बाजार एवं सोना, चांदी में तेजी कर सकता है। 18 जनवरी को मन्दी से तेजीकारक योग प्रबल मालूम देते हैं, सावधान रहें।**

22 जनवरी को श्रवण नक्षत्र के चतुर्थ चरण में शनि, 23 जनवरी को वक्री बुध उ.षा. के तीसरे चरण में और 24 जनवरी को सूर्य भी श्रवण नक्षत्र में आकर शत्रुग्रह शनि के साथ एकनक्षत्रसम्बन्ध बनायेगा। शनि, सूर्य, बुध—ये तीनों ग्रह मकर राशि में

इस समय गुड़, खाण्ड, नमक, गेहूं आदि अनाज, रुई, सूत, सण, घी, दालवाना, लौंग में तेजी से लाभ ले सकते हैं।

29 जनवरी को बुध की स्थिति रुई में मन्दी के बाद अच्छी तेजी करेगी। अनाज, तेल, घी एवं लालमिर्च में तेजी रहे।

30 जनवरी को शुक्र के मार्गी होने पर अगर अनाज मन्दे हों तो स्टॉक करें। तिल, तेल, सरसों, हींग, मिर्च तेज रहेंगे। रुई में मन्दी के बाद तेजी होगी।

फरवरी (सन् 2022 ई.)

मासारम्भ में मकर राशि में शनि, सूर्य और बुध—ये तीनों ग्रह एकत्र हैं। सूर्य और शनि परस्पर परम शत्रु हैं। इस समय शनि और सूर्य—दोनों श्रवण नक्षत्र में हैं। अत: अनाज, दालें, तेल, तिलहन, घी एवं सोना, चांदी तेज रहेंगे।

2 फरवरी को गुरु शतभिषा नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय गुरु पर मंगल की दृष्टि भी है। 3 फरवरी तक तेल, तिलहन, घी, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, हल्दी, सोना, चांदी में तेजी का रुख रहेगा।

5/6 फरवरी के लगभग बुध-सूर्य की स्थिति अनाज, सोना, चांदी, जवाहरात, अलसी एवं रुई में तेजी का संकेत देती है।

7 फरवरी को राहु कृत्तिका-2 एवं केतु विशाखा-4 में दाखिल हो रहा है। **वृष राशि में स्थित राहु का मंगल के साथ षडष्टक चल रहा है।** अत: अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ के व्यापार में मन्दी का झटका आ सकता है, सावधान रहें। हालांकि तेल, तिलहन, नारियल, रुई, सूत, सोना, चांदी, गेहूं, चना, चावल में जल्द ही बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे।

यह तेजी उत्तम, मध्यमरूप से 11 फरवरी तक चलेगी।

12 फरवरी को सूर्य शनि की राशि कुम्भ में आकर बृहस्पति के साथ मेल करेगा। कुम्भस्थ गुरु-सूर्य पर मंगल की दृष्टि भी है। इस स्थिति में बाजारों में अफवाहों से तेजी-मन्दी के झटके आ सकते हैं, बाजार का रुख देखकर काम करें।

हमारे विचार से 12 से 15 फरवरी के मध्य घी, तेल, तिलहन में तेजी के अच्छे झटके आयेंगे। राई, पाट, अलसी, एरण्ड, अनाज, गुड़, शक्कर एवं खाण्ड के व्यापारी मन्दी खेलकर तेजी में रहें, तो लाभ में रहेंगे।

16 फरवरी को कुम्भस्थ गुरु शतभिषा के चतुर्थ चरण में आकर गेहूं आदि अनाज, हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ एवं सोने में कुछ मन्दी कर सकता है।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र, बुध श्रवण एवं शनि धनिष्ठा नक्षत्र के प्रथम चरण में आयेगा। यह योग बाजारों में जोरदार तेजी करेगा। सूत, सण, सोना, चांदी, तेल, तिलहन, सोंठ, छुहारा, हल्दी, गेहूं, दालवाना, चावल, ज्वार, बाजरा एवं गुड़, खाण्ड में अच्छी तेजी रहे, लेकिन शक्कर, गुड़, खाण्ड में जल्दी ही मन्दा भी बन सकता है। सावधानी से काम करें।

21 फरवरी को मंगल उ.षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। लगभग इसी दिन शनि भी उदित होगा। इन दिनों लोहा, जस्ता, तांबा, सीसा, सोना, धान, घी, तिल, तेल, सरसों, उड़द, चावल, गुड़, खाण्ड तेज रहेंगे।

नोट करें—इन दिनों रुई में विशेष तेजी या मन्दी का झटका आयेगा।

22 फरवरी को धनु राशिस्थ शुक्र उ.षा. में नक्षत्र में आयेगा। इस समय शुक्र मंगल के साथ मेल करेगा। सभी अनाज तेज रहेंगे, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड के बाजार कुछ मन्दे रह सकते हैं, लेकिन 24 फरवरी के लगभग गुरु की पोजीशन के अनुसार रुई एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे। सोना, चांदी और अनाजों में मन्दी का रुख सम्भव है।

26 फरवरी को मंगल मकर राशि में आकर शनि-बुध से मेल करेगा। यहां से सभी धातुएं, तेल, गुड़, शक्कर, चीनी, अनाज एवं तिलहन में तेजी का संचार हो जायेगा। वायदा व हाजरा बाजार मासान्त तक तेज रहेंगे। इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें, उत्तम लाभ मिलेगा।

27 फरवरी को शुक्र अपने मित्र ग्रह शनि की राशि मकर में प्रविष्ट होगा। इस समय शनि-मंगल-शुक्र एवं बुध यह चतुर्ग्रही योग बनेगा। यह योग राजनैतिक दृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा के कारण बाजारों में जोरदार तेजी-मन्दी करेगा, बहुत सावधानी से काम करें। हमारे विचार से शेयर बाजार तेज रहेंगे और अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, सभी तिलहन, गेहूं, चना आदि सारे अनाज तेज रहेंगे। रुई, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। सोना, तांबा, पीतल, लोहा आदि धातुओं में भी उछाल आयेगा।

मार्च (सन् 2022 ई.)

1 मार्च को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आयेगा। ध्यान दें—इस समय शनि-मंगल एवं शुक्र के साथ बालग्रह बुध है। लगभग मार्च के प्रारम्भ से पूर्व ही शनि भी उदय हो रहा है। इस समय सभी अनाज, सोना, चांदी, रुई, सूत, सण, ऊन, कपास, तेल, घी, तिलहन, गुड़, खाण्ड तेज रहेंगे।

2 मार्च को गुरु पू.भा. में आता है, इस समय गुरु कुम्भ राशि में सूर्य के साथ है। दालें, घी, सभी अनाज, हल्दी, सोना, चांदी, सूत, सण एवं रुई में तेजी रहे। हां, रुई के व्यापारी सावधान रहें, रुई में अचानक मन्दी भी आ सकती है।

4 मार्च को पू.भा. नक्षत्र के सूर्य एवं चन्द्रदर्शन के विचार से 14 दिन के अन्दर सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पिप्पलामूल एवं रुई में अच्छी तेजी का झटका आयेगा। लेकिन ध्यान दें कि—चन्द्रदर्शन के कारण कभी इन चीजों में कुछ मन्दे का रुख भी बन सकता है। **यदि मन्दे का वातावरण बने तो 7 मार्च तक चल सकता है,—सावधानी से काम करें।** हमारे विचार से रुई, चांदी को छोड़कर अन्य चीजों में तेजी ही रहनी चाहिए। **क्योंकि 6 मार्च को बुध सूर्य एवं गुरु के साथ कुम्भ राशि में आयेगा।** अलसी, रुई, चांदी मन्दी के बाद तेज होगी। घी, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना तेज रहेंगे।

10 मार्च को बुध शतभिषा में आकर चांदी, सोना आदि में तेजी ही करेगा।

11 मार्च को श्रवण नक्षत्र का शुक्र भी तेजी का इशारा करता है। चांदी, सोना, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द, अनाज कुछ मन्दे होकर तेज हों। रुई में मन्दी के बाद तेजी और तेल, तिलहन में भी तेजी रहे।

11 मार्च को मंगल भी श्रवण नक्षत्र में आयेगा—यह योग अच्छी तेजी का है। सोना, चांदी, अनाज, तेल, तिलहन में तेजी से ही लाभ मिलेगा।

15 मार्च को गुरु पू.भा. में आकर अनाज, सोना, चांदी, सूत में तेजी एवं रुई में मन्दी करेगा।

18 मार्च को सूर्य उ.भा. में एवं बुध पू.भा. में आकर 15 दिन में गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, दालों, तेल, तिलहन में तेजी करेगा। लेकिन इसी दिन पू.भा. का बुध सोना, चांदी, लोहा, अनाज एवं रुई में मन्दी कर सकता है। बाजार का रुख देखकर काम करें।

20 मार्च को शनि धनिष्ठा नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर रुई, जौ, गेहूं, मोठ, चावल, मूंग, सभी दालों, बाजरा एवं ज्वार में तेजी, शक्कर, गुड़, खाण्ड में मन्दा करे।

21 मार्च को बाजारों में भारी उठापटक रहेगी।

24 मार्च को बुध मीन में दाखिल होकर सूर्य के साथ मेल करेगा। सूर्य-बुध पर शनि की दृष्टि भी है। इस समय सोना, चांदी में जोरदार घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। अनाज, तेल, तिलहन भी तेज रहें। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में जोरदार उठापटक से तेजी ही सम्भव है। क्योंकि 24 मार्च को ही शुक्र धनिष्ठा में आता है, अत: यह वक्त तेजीप्रधान रहेगा।

25 मार्च को बुध के उ.भा. में आने एवं 25 मार्च को ही गुरु के उदित होने पर रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों एवं चांदी के बाजार तेजी की तरफ ही बढ़ेंगे।

29 मार्च को मंगल धनिष्ठा एवं गुरु पू.भा. तृतीय चरण में आयेगा। **इस समय शनि-मंगल एक साथ चल रहे हैं।** इस समय रुई, सूत, सोना, चांदी, पीतल, जस्ता, लोहा, सूत, गुड़, खाण्ड, घी एवं दालों में तेजी ही रहे—ऐसा विचार है।

31 मार्च के लगभग सूर्य, बुध रेवती में एवं 31 मार्च को ही शुक्र कुम्भ में दाखिल होगा। इस समय सूर्य, बुध—दोनों लगभग रेवती में ही आ रहे हैं एवं एक साथ मीन में हैं। शुक्र कुम्भ राशि में गुरु के साथ आ रहा है। ऐसी ग्रह स्थिति 14 दिन में सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, रुई, गेहूं, जौ, चना, चावल में तेजी का संकेत देती है। लेकिन कुम्भ राशि का शुक्र सफेद चीजों में मन्दी करता है, अत: विचारपूर्वक काम करें।

— — — —

–:व्यापारियों के लिए विशेष सुविधा:–

तेज़ी–मन्दी की प्रतिमास लिखित Advance Report

अर्थात् आगामी माह की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट

व्यापारी सज्जनो ! *1 जनवरी, सन् 2021 ई.* से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस अर्थात् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़, चना, ग्वार आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन; जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस **Rs.** 5100/- (इक्यावन सौ रु.) प्रतिमास प्रतिजिन्स के हिसाब से भेजकर **Advance Report** प्राप्त करें। एकवर्ष की प्रतिजिन्स फीस **Rs.** 51000/- (इक्यावन हज़ार रु.) है।

ध्यान दें–यदि आप लिखित Report के अतिरिक्त प्रतिदिन Telephone से तेज़ी–मन्दी का विचार करना चाहते हैं तो उसकी फीस अलग से होगी।

नोट– पहली बार यदि प्रत्यक्ष मिलें तो अधिक सन्तोषजनक जानकारी मिल सकेगी। दूर से आने वाले व्यक्ति आने से पहले टेलिफोन करके आने का समय निश्चित कर लें।

पत्र या **M.O.** फार्म पर अपना नाम, पता एवम् फोन नं. साफ–साफ लिखें एवम् धनादेश किस जिन्स की तेज़ी–मन्दी जानने के लिए भेज रहे हैं– यह अवश्य लिखें। **M.O.** या **D.D.** भेजने के बाद आप अपना रजिस्ट्रेशन नंबर टेलिफोन से अवश्य प्राप्त करें।

Payment Advance आने पर ही अगले माह की रिपोर्ट भेजी जाएगी। **D.D.** या **M.O.** नीचे लिखे पते पर भेजें–

संयमी शर्मा , **M.A.**, ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्राचार्य,
सुपुत्र पं. इन्दुशेखर शर्मा, शास्त्री, **M.A.**, ज्योतिषाचार्य,
श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ,कुराली – **PIN** 140 103
(मोहाली) पंजाब।

PHONE: 0160-2641 277
Mob. 0 99 88 40 7010

नोट:– गुरुवार को कार्यालय में अवकाश रहता है।

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र-साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2021 ई. से 1 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि को साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य-चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिषग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्टरूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्त-शिरोमणि' में कहा है कि क्रान्तिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाये, तो उसकी वृद्धि होती है— *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप-होमदानादिकमत्रोपेति खलु वृद्धिम्॥"* यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2021 ई. से 1 अप्रैल, सन् 2022 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यन्त्र-तन्त्रों के निर्माण एवं मन्त्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि-साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य-चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहा-वारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गये हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी-कभी ही आते हैं।

सावधान—यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिये, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति-पुण्यकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2021 ई.					
19 जन.	19	47	20 जन.	8	35
18 फर.	9	51	18 फर.	22	39
20 मार्च	8	45	20 मार्च	21	33
19 अप्रै.	19	39	20 अप्रै.	8	27
20 मई	18	43	21 मई	7	31
21 जून	2	38	21 जून	15	26
22 जुला.	13	32	23 जुला.	2	20
22 अग.	20	38	23 अग.	9	29
22 सितं.	18	27	23 सितं.	7	15
23 अक्तू.	3	57	23 अक्तू.	16	45
22 नवं.	1	40	22 नवं.	14	28
21 दिसं.	15	05	22 दिसं.	3	53
सन् 2022 ई.					
20 जन.	1	45	20 जन.	14	33
18 फर.	15	49	19 फर.	4	37
20 मार्च	14	40	21 मार्च	3	28

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भांति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यन्त्र-मन्त्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2021 ई.					
10 जन.	11	50	10 जन.	19	40
23 जन.	15	33	23 जन.	22	32
5 फर.	5	40	5 फर.	10	36
18 फर.	0	54	18 फर.	6	1
2 मार्च	19	29	2 मार्च	23	23
15 मार्च	8	49	15 मार्च	13	17
9 अप्रैल	17	44	9 अप्रैल	22	17
23 अप्रैल	9	46	23 अप्रैल	14	10
5 मई	4	55	5 मई	10	16
19 मई	3	6	19 मई	9	28
31 मई	0	40	31 मई	8	2
14 जून	3	11	14 जून	13	22
23 जून	17	50	24 जून	2	41
7 जुलाई	4	36	7 जुलाई	13	52
20 जुलाई	7	25	20 जुलाई	13	28
2 अगस्त	0	48	2 अगस्त	6	52
15 अगस्त	3	0	15 अगस्त	7	28
27 अगस्त	13	31	27 अगस्त	18	12
9 सितं.	18	58	9 सितं.	22	47
22 सितं.	2	1	22 सितं.	6	12

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2021-22 ई.					
5 अक्तू.	13	30	5 अक्तू.	17	18
17 अक्तू.	14	25	17 अक्तू.	18	46
31 अक्तू.	8	15	31 अक्तू.	12	53
12 नवं.	4	1	12 नवं.	9	13
26 नवं.	1	17	26 नवं.	8	3
8 दिसं.	4	26	8 दिसं.	11	35
31 दिसं.	19	25	1 जन.	2	34
13 जन.	14	30	13 जन.	21	53
27 जन.	1	31	27 जन.	6	34
8 फर.	6	4	8 फर.	11	10
21 फर.	17	10	21 फर.	21	16
5 मार्च	19	49	5 मार्च	23	55
19 मार्च	8	22	19 मार्च	11	54
31 मार्च	11	24	31 मार्च	15	19

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य-चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्ति काल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्तिकाल महापातगणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

गजच्छाया योग (सन् 2021 ई.) (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
6 अक्तू.	सू.	उ.	6 अक्तू.	16	35
महोदय योग (सन् 2022 ई.)					
1 फर.	सू.	उ.	1 फर.	11	15
वारुणी पर्व (सन् 2022 ई.)					
30 मार्च	सू.	उ.	30 मार्च	10	48

सूर्य-चन्द्रग्रहण

ऊपर लिखे अनुसार यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र-साधन के लिए सूर्य एवं चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। एतदर्थ पृष्ठ ..23 .. देखिये।

ध्यान रहे—मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। उच्चारणादि की अशुद्धि साधक के लिए सुफलप्रद कदापि नहीं होती। मन्त्रोच्चारणादि की अशुद्धि व अनभिज्ञता स्पष्टरूप से वज्रपात-सम घातक (विनाशकारी) मानी गयी है—

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥"

यन्त्र-मन्त्र एवं तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिये गये मन्त्रों को शुभ मुहूर्त में गुरुमुख से प्राप्त करके दृढ़-निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे**—दीपमाला के समय एवं ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल में महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र-तन्त्रों को सिद्ध करके इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र-मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है—**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्य शब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल-प्रच्छन्न शक्ति होती है—

"मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः॥"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्‌भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जोकि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं—**"अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश-प्रतापू॥"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें।

नोट—मन्त्र का पुरुश्चरण करते समय गुप्त रखें। प्रकट होने पर पुरुश्चरण अर्थहीन हो जाता है—**"गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

बालरक्षा-विधि (अनुभूत प्रयोग)

यदि दृष्टिदोष या नजर-टोना आदि के कारण बालक के शरीर में कोई परेशानी हो तो निम्नलिखित चार मन्त्रों से देसी गाय के गोबर की शुद्ध भस्म या त्रिशक्ति (गुग्गुल, लौंग, लोबान) की धूप-जन्य विभूति से अभिमन्त्रित करके बालक के मस्तक-कण्ठ या हृदयादि अंगों पर लगाने से बालक का कष्ट तुरन्त दूर हो जाता है; अनुभव करें।

मन्त्रः—"ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनावर्जनो हरिः।
रक्षति त्वरितं बालं मुंच मुंच कुमारकम्॥
कृष्ण! रक्ष शिशुं शंख-मधुकैटभ-मर्दन।
यद्‌गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृ-ग्रहानपि॥
बालग्रहान् विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्।
त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम्॥"

सर्वविध कष्ट-हरण मन्त्र

"ॐ श्री हरिः ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने।
प्रणतः क्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः ॐ श्री हरिः ॐ॥"

विधि—गुग्गुल, लौंग, लोबान की धूप घर में करते हुए इस मन्त्र का उच्चारण करें; एवं जो इनसे विभूति प्राप्त होगी उसको थोड़ा जल में डालकर घर को धो दें, स्नान करें; सभी संकट दूर हो जायेंगे।

शिशु-रक्षक कवच

निम्नलिखित कवच मन्त्रों को दीपावली या शिवरात्रि की रात्रि में लिखकर रखें। शिशु-रक्षा के लिए इसे लाल कपड़े में बांधकर गर्भिणी स्त्री के गले में डालें या प्रसूति के बाद शिशु के गले में डालें। शिशु चिरंजीव रहेगा, कोई कष्ट नहीं आयेगा। इस कवच को **'कार्तिकेयाक्ष - कवच'** भी कहते हैं।

सर्वप्रथम इस कवच को जागृत करने के लिए पूर्णरूप से बारम्बार पढ़ें तथा विनियोगपूर्वक पाठ करें। जब इसका प्रयोग करना हो तो केवल "**ॐ बाहुलेयः शिरः पायात् स्कन्दः शंकर-नन्दनः।**" यहां से प्रारम्भ करके "**राधिकायास्तथा पुत्रो निर्जरैरपि दुर्जयम्**" तक हल्दी या चन्दन से लिखकर चार तहों में लाल कपड़े से बांधकर गले में डालें, प्रसूति के बाद धूप देकर बच्चे के गले में डालें, बच्चा निरोग, चिरंजीव रहे।

रक्षाकवच-पाठ

देव्युवाच

ये ये मम सुता जातास्ते ते कंसनिषूदिताः।
कथं मे सन्ततिस्तिष्ठेद्ब्रूहि मे मुनिपुंगव॥

नारद उवाच

ये नो पायेन लोकेऽस्मिन् सन्ततिश्चिरंजीविका।
तत् ते सर्वं प्रवक्ष्यामि सावधानावधारय॥

ॐ अस्य स्कन्दाक्षयकवचस्य नारद ऋषिः अनुष्टुप् छन्दःसेनानीर्देवता वत्सरक्षणे विनियोगः। (यहां जल का त्याग करें)।

ॐ बाहुलेयः शिरः पायात्स्कन्दः शंकरनन्दनः।
मुण्डं मे पार्वती-पुत्रो हृदयं शिखिवाहनः॥
कटिं पायात् शक्तिहन्ता जंघे द्वे तारकान्तकः।
गुहो मे रक्षतां पादौ सेनानीर्वत्समुत्तमम्॥
स्कन्दो मे रक्षतामंगं दशदिग्वह्निभूमयः।
षाण्मातुरो भये घोरे कुमारोऽव्यात् श्मशानके॥
इति ते कथितं भद्रे कवचं परमाद्भुतम्।
धृत्वा पुत्रमवाप्नोति सुभव्यं चिरंजीविनम्॥
नारदस्य वचः श्रुत्वा कवचं विधृतं तया।
कवचस्य प्रसादेन तस्याः पुत्रो जनार्दनः॥
राधिकायास्तथा पुत्रो निर्जरैरपि दुर्जयम्॥
॥ उमयामले कार्त्तिकेयाक्ष-कवचं सम्पूर्णम्॥

रोग-शान्ति एवं आरोग्य-लाभार्थ

"ॐ मां भयात् सर्वतो रक्ष श्रियं वर्धय सर्वदा।
शरीरोग्यं मे देहि देव देव नमोऽस्तुते ॐ॥"

उल्लिखित मन्त्र को ग्रहण के समय या दीपावली की रात्रि में सिद्ध कर लें। तत्पश्चात् बर्तन में शुद्ध जल लेकर बर्तन को हाथ से ढककर सात बार इस मन्त्र का जप विश्वासपूर्वक करके रोगी को पिलायें। प्रतिदिन ऐसा करने से रोगी रोग से शीघ्र ही मुक्त हो जायेगा।

सिद्ध नृसिंह मन्त्र

"ॐ नमो भगवते वीर-नृसिंहाय, ज्वालामालिने दीप्तदन्ताय, अग्निनेत्राय, सर्वरक्षोघ्नाय, सर्वभूत-विनाशनाय, सर्वज्वरविनाशनाय, हन हन, दह दह, पच पच, बन्ध बन्ध, रक्ष रक्ष, हुं फट् स्वाहा।"

विधान—उपरोक्त मन्त्र कृष्ण चतुर्दशी को प्रारम्भ करके पांच हजार जाप करके सिद्ध कर लें। फिर इस मन्त्र को 11 बार पढ़कर झाड़ने या जल अभिमन्त्रित करके देने से भूत-प्रेत, नजर, ज्वररोग तथा ग्रहजन्य पीड़ा से तुरन्त मुक्ति मिलती है।

भूतप्रेत-बाधाशान्त्यर्थ अनुभूत मन्त्र

"ॐ क्लीम् दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम्।
रक्षोभूत-पिशाचानां पठनादेव नाशनम् क्लीम्॥"

विधि—त्रिशक्ति (गुग्गुल, लौंग, लोबान) धूप को इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करके भूत-प्रेत से पीड़ित व्यक्ति के घर में धूप देने से निश्चित रूप से पीड़ित व्यक्ति को लाभ एवं घर में सुख-शान्ति हो जाती है। प्रेतबाधा से मुक्ति सुनिश्चित है।

धनधान्य-समृद्ध्यर्थ लक्ष्मीप्राप्ति-मन्त्र

निम्नांकित लक्ष्मी-प्राप्ति 'मन्त्र-सिद्धि' के लिए विनियोगपूर्वक प्रतिदिन ऋष्यादि न्यासपूर्वक पाठ करें। शीघ्र ही आर्थिक लाभ के साधन बनेंगे; घर में

लक्ष्मी माता की अपार कृपा अनुभव होने लगेगी।

लक्ष्मी-प्राप्ति का मन्त्र

"ॐ अस्य श्रीसप्तविंशत्यक्षर-सर्वसमृद्धिकरण-रमामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः, गायत्री छन्दः, श्री महालक्ष्मीर्देवता, श्रीं बीजं, ह्रीं शक्तिः लक्ष्मी-प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।" –(यहां जल का त्याग करें)।

ऋष्यादिन्यासः–"ॐ ब्रह्मर्षये नमः शिरसि। ॐ गायत्री छन्दसे नमो मुखे। ॐ श्रीमहालक्ष्म्यै देवतायै नमो हृदि। ॐ श्रीं बीजाय नमो गुह्ये। ॐ ह्रीं शक्त्यै नमः पादयोः॥ (मूलेन करौ प्रमृज्य)। ततः कर–पंचांगन्यासौ– ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले श्रीं ह्रीं श्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः (हृदयाय नमः)। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमलालये श्रीं ह्रीं श्रीं तर्जनीभ्यां नमः (शिरसे स्वाहा)। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं मध्यमाभ्यां नमः (शिखायै वौषट्)। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै श्रीं ह्रीं श्रीं अनामिकाभ्यां नमः। (कवचाय हुम्)। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै श्रीं ह्रीं श्रीं करतल-पृष्ठाभ्यां नमः (अस्त्राय फट्)। (करन्यास पूर्ण करके पीछे उपरोक्त इन्हीं मन्त्रों से हृदयादि न्यास करें) –**(मानसोपचारैः सम्पूज्य)।**

ध्यानम्–

"सिन्दूरारुण-कान्तिमब्जवसतिं सौन्दर्य-वरांनिधाम्।
कोटी-राङ्गद-हार-कुण्डल-कटि सूत्रादिभिर्भूषिताम्॥
हस्ताब्जैर्वसुपात्रमब्ज युगलादर्शी वहन्तीं परामावीतां
परिचारिकाभिरनिशं ध्यायेत् प्रियांग - शार्ङ्गिणः॥"

मूल मन्त्रः–"ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद-प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।"

इस मन्त्र का पहले 1,25,000 जप एवं तदनन्तर दशांश हवनादि करें। इस मन्त्र की सिद्धि से व्यापारादि में अतुल धन-राशि की प्राप्ति होती है।

ऋणनिवृत्ति व धन-प्राप्त्यर्थ विशेष मन्त्र

मन्त्र–"ॐ श्रीदः श्रीशः श्रीनिवासः श्रियः पतिः श्रीः परमः श्रीः निकेतनः श्रीधराय नमः ॐ।"

विधान–शुक्लपक्ष के पुष्य नक्षत्र में उपरोक्त मन्त्र की 108 माला जाप करके मन्त्र को सिद्ध कर लें। फिर प्रतिदिन एक माला जाप करते रहें। निश्चित रूप से कर्जा दूर होकर परिवार में धनधान्य-समृद्धि आती है। यह सिद्धमन्त्र अग्निपुराण में मिलता है।

अनुभूत सिद्ध लक्ष्मीमन्त्र

श्रीसूक्त से उद्धृत इस मन्त्र को बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर श्रद्धा-विश्वासपूर्वक विधिपूर्वक विधिवत् जाप करने से सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है। इस मन्त्र का अनुष्ठान-प्रकार नारायण विहार, दिल्ली निवासी श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा के सौहार्द से जनहितार्थ यहां प्रकाशित कर रहे हैं।

विधि–श्री महालक्ष्मी की मूर्ति या चित्र को सामने रखकर उसकी षोडशोपचार पूजा करके अंगन्यास, करन्यास, ध्यान, मुद्रा आदि करके नियमपूर्वक मन्त्र का जाप किया जाता है। एकान्त स्थान में धूप-दीप जलाकर पवित्र आसन पर बैठकर लक्ष्मी मन्त्र की 31,000 आवृत्ति 40 दिन के अन्दर करके हवन, तर्पण, ब्राह्मणभोजन आदि कराके उसे सिद्ध किया जाता है। सात्त्विक आहार, ब्रह्मचर्य का पालन, भूमि पर शयन के साथ-साथ सभी यमनियमों का पालन करते हुए नित्य नियम से निश्चित संख्या का जाप किया जाता है। शुद्ध घृत का अखण्ड दीपक जलाया जाता है। एकाग्रचित और श्रद्धा विश्वास के साथ विधिपूर्वक साधना करने से 31000 जप से ही मन्त्र सिद्ध हो जाता है और कोई-न-कोई अलौकिक अनुभव होता है। जैसे दीपक की लौ पर ध्यान करते हुए मन्त्रजाप कर रहे हों तो वह ज्योति शरीर में प्रवेश करती हुई प्रतीत होती है, या महालक्ष्मी की मूर्ति अथवा चित्र प्रकाश व तेज से पूर्ण हो जाता है, उसमें से तेज निकलकर तुम्हारे शरीर में प्रवेश करता हुआ प्रतीत होगा, आदि-आदि। महालक्ष्मी का सिद्ध मन्त्र निम्न प्रकार है–

" ॐ कां सोस्मितां हिरण्यप्रकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ॐ॥"

उपरोक्त मन्त्र श्रीसूक्त के 16 मन्त्रों में से एक प्रमुख है। इसके सिद्ध करने से न केवल दरिद्रता का नाश, अपितु सुख-समृद्धि, उत्तम बुद्धि, स्वास्थ्य आदि की

भी वृद्धि होती है। मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उसका नित्य जाप करते रहना चाहिए और होली, दीवाली, शिवरात्रि, ग्रहण आदि के अवसर पर भी जप, हवन आदि करते रहना चाहिए। इससे आपको धन की कमी कभी नहीं होगी। आवश्यकता के अनुसार धनार्जन के साधन बनते रहेंगे, आपकी उचित आवश्यकताओं की पूर्ति निर्विघ्न होती रहेगी। जब भी कभी आपको अपने किसी उचित कार्य के लिए विशेष द्रव्य की आवश्यकता पड़े, इस मन्त्र की कुछ मालाएं जपें, आप देखेंगे कि किस प्रकार दैवी-सहायता प्राप्त होती है; अनुभूत है।

यशोलाभार्थ वैदिक मन्त्र

"ॐ ह्रीं मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः ह्रीं ॐ॥"

विधि—इस मन्त्र का ग्रहणवेला या दीपावली की रात्रि में निष्ठापूर्वक जाप करने से यशलाभ, वाहनसुख, मनोकामना सिद्धि प्राप्त होती है।

स्वप्न में सिद्धि-असिद्धि ज्ञानार्थ चामत्कारिक मन्त्र

"ॐ ऐं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थ-साधिके।
मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ऐं ॐ॥"

विधि—साधक को नवरात्र-दिनों, ग्रहणवेला, मन्त्रसाधनाकाल व दीपावली के पर्व पर '**निशीथकाल**' में इस मन्त्र की साधन कर, सिद्ध कर लेना चाहिए। इस मन्त्र के साथ '**देव्यथर्वशीर्ष**' का सद्यः पाठ करने से पूर्ण लाभ होता है। सिद्धि के बाद रात्रि सोते समय इस मन्त्र को जपकर सोने से स्वप्न में सोचे हुए कार्य की सिद्धि/असिद्धि का ज्ञान होने लगता है—अनुभव करें।

शत्रुभय-मुक्तयर्थ किंवा अभियोग (मुकद्दमे) में विजयार्थ अनुभूत मन्त्र

"ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ॐ ग्लौं हुं क्लीं जूं सः ज्वालय ज्वालय ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ज्वल हं सं लं क्षं फट् स्वाहा ॐ।"

विधि—उल्लिखित मन्त्र का जाप श्रद्धापूर्वक श्रीभगवती माता का ध्यान करके प्रतिदिन करें। इस मन्त्र के जाप से पूर्व '**सिद्धकुंजिका स्तोत्र**' का पाठ करें; तत्पश्चात् इस मन्त्र की एक माला प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक करें। तत्पश्चात् पुनः सिद्धकुंजिका स्तोत्र का पाठ करके भगवती के समक्ष समर्पण-भावनया, शत्रुभय-मुक्तयर्थ किंवा अभियोग में विजयार्थ विनम्र प्रार्थना करें; अवश्य लाभ होगा, अनुभृत है।

वश्यमुखी मन्त्रप्रयोग

निम्नांकित मन्त्र को दीपमाला की रात्रि में सिद्ध कर लें। जब किसी को अपने अनुकूल (वश में) करना हो तो बायें हाथ की हथेली में तेल लेकर अनामिका अंगुली (Ring-Finger) से उस तेल को तीन बार अभिमन्त्रित करके सिर एवं चेहरे पर लगा लें, तो सभी लोग वशंवद हो जाते हैं।

"ॐ राजमुखि वश्यमुखि स्वाहा।"

सर्वेष्ट-सिद्ध्यर्थ नृसिंह मन्त्र

निम्नांकित श्लोकरूप मन्त्र के जाप से व्यक्ति सर्वविध कष्टों से मुक्ति पा सकता है। शारदातिलक तन्त्रशास्त्र में इस मन्त्र को मनोरथ-सिद्ध्यर्थ एवं महामारी से मुक्ति पाने के लिए प्रत्यक्ष फलप्रद कहा है।

मन्त्र—"ॐ उग्रवीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहम्॥"

विधि—इस श्लोकात्मक मन्त्र की सूर्याभिमुख होकर प्रातः तीन माला प्रतिदिन करने से मनोवांछित फल मिलता है, घर में रोगकष्ट नहीं होता।

स्वप्न में कार्यसिद्धि किंवा कार्यहानि-ज्ञानार्थ मन्त्र

रात्रि में स्नान करके शुद्ध आसन पर बैठकर, कम-से-कम तीन माला निम्नांकित मन्त्र का जाप करके, भगवती दुर्गा का ध्यान करके शयन करें। रात्रि में स्वप्न में आपको मनोभिलषित कार्यसिद्धि किंवा असिद्धि का ज्ञान हो जायेगा, अनुभव करें।

"ॐ ह्रीं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके। मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ह्रीं ॐ॥"

सुरकात्यायनी-मन्त्र-प्रयोग

मन्त्र—"ॐ भ्रूं हुं फट्।"—इस चार अक्षरों के मन्त्र में अवन्ध्य प्रभाव निहित है।

विधानम्—"शून्यं देवालयं गत्वा अष्टसहस्रं जपेत्। तदा स्वयमेव सुरकात्यायनी महाट्टहासं कृत्वाष्टशत परिवारेण नियतमागच्छति। आगतायै चन्दनोदकेन अर्घो देयः। तुष्टा भवति रस-रसायनं प्रयच्छति। भविष्य-कथने सामर्थ्यं ददाति।" —(मन्त्र महार्णवः)

अर्थात्—उपेक्षित-शून्य मन्दिर में बैठकर, आठ हजार मन्त्रजाप करें। सुरकात्यायनी सपरिवार अट्टहासपूर्वक सामने आयेगी। सुरकात्यायनी भगवती के आने पर जल में चन्दन मिलाकर अर्घ्य दें। इस प्रकार माता अनेकविध भोज्य पदार्थ देती हैं और भविष्यकथन में सामर्थ्य प्रदान करती हैं।

मनोकामना शीघ्र पूर्ण करने के लिए अनुभूत मन्त्र

आपके कार्य में देरी हो रही हो या बनते-बनते कार्य बिगड़ने की शंका हो तो निम्नांकित मन्त्र को एकादशी का व्रत रखकर 1008 बार जाप करें, मनोकामना अविलम्ब पूर्ण होगी।

मन्त्र—"ॐ नमः कामाक्षायै देव्यै नमः। ॐ ह्रीं क्रीं श्रीं अं कं चं टं तं पं यं शं ऐं सां ऐं मनोकामनां पूर्णां कुरु कुरु स्वाहा।"

नौकरी (कारोबार) प्राप्ति के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र—"ॐ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिण्ड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवन्ता जावन्ता धावन्ता हांक देत धार धार मार मार शब्द सांचा फुरो वाचा।"

विधि—मृगछाल (मृगचर्म) पर बिनासिला कपड़ा पहनकर बैठें। 108 बार रुद्राक्ष की माला से इस मन्त्र का जाप करके, खीर की 108 आहुतियां डालें, आहुतियां एक सप्ताह जाप करके डालें, आजीविका का साधन बन जायेगा। शुक्ल पक्ष की द्वितीया से मन्त्रजाप शुरू करें।

प्रेतबाधा-शान्त्यर्थ मन्त्र

मन्त्र—"ॐ नमो काली-कपाली दहि दहि स्वाहा।"

इस मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित करके प्रेताविष्ट व्यक्ति पर छिड़कना चाहिए। जल के छींटें पड़ते ही प्रेत चिल्लाकर भाग जायेगा।

बालक को दृष्टिदोष (नजर) से मुक्त करने के लिए साबरी मन्त्र

मन्त्र—"ॐ डायन मोर जादू बाण। चौंक उठे बालक के प्राण। रोए बालक फक्का फाड़। चीखें मार करे चीत्कार। दोहाई कामाक्षा देवी की, तुझे शंकर की आन। ॐ नमः रुद्राय। ॐ नमः कामाक्षादेव्यै ह्रीं क्रीं श्रीं फट् स्वाहा।"

यदि सोया हुआ बच्चा चौंक कर उठता हो, अकारण रोता रहता हो, तो झाड़ू की एक तिल्ली लेकर बच्चे को उल्लिखित मन्त्र पढ़ते हुए झाड़ दें, तिल्ली को आग में जला दें, बच्चा पूर्णतया प्रसन्न रहेगा।

भूत-पिशाच-बाधा से मुक्ति पाने के लिए अनुभूत मन्त्र प्रयोग

मन्त्र—"ॐ ह्रीं दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम्। रक्षो-भूत-पिशाचानां पठनादेव नाशनम् ह्रीं ॐ॥"

विधि—(क) उल्लिखित मन्त्र दीपावली की रात्रि में 11 हजार बार जाप से ही सिद्ध हो जाता है। दशांश हवन करना भी अनिवार्य है। यदि घर में नित्य कलह, अकारण भय, बाधा बनी रहे, धनहानि हो, दरिद्रता-आतंक रहे, भूत-प्रेत पिशाच की छाया हो, किसी ने घर पर अनिष्टकारक प्रयोग किया हो, तो इस चामत्कारिक मन्त्र को शुभवेला में, शुद्ध कागज पर अनार की कलम से लिखकर, मन्त्र का विधिवत् पूजन करके धूप-दीप करने के बाद दायीं भुजा में बांधने पर या लाल कपड़े में बांधकर, घर में शुद्ध स्थान पर रखने से सर्वविध शान्तिलाभ होता है।

(ख) यदि सारे घर के सदस्य भूत-प्रेत बाधा से परेशान हों तो घर में ही इस मन्त्र का जाप करायें। मन्त्रजाप पूरा होने पर दशांश हवन करायें। हवन पूर्ण होने पर खैर की लकड़ी, 8 लोहे की कीलें, 8 पीली कौड़ी, 8 हल्दी की गांठें, डोडी वाले 8 लौंग लेकर, उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके मन्त्रोच्चारण करते हुए आग्नेय कोण से शुरू करके आठों दिशाओं में एक हाथ का गड्ढा खोदकर, इन चीजों को कौड़ी चित्त करके गाड़ें। ऐसा करने से भूत-प्रेत बाधा से घर पूर्णतया सुरक्षित रहेगा। यह प्रयोग अनेकत्र अनुभूत है। उल्लिखित मन्त्र से उपद्रवग्रस्त स्थान भी सुखद होता देखा गया है।

अचानक आया संकट तुरन्त दूर हो

आजकल विश्व में अशान्त वातावरण से आत्मरक्षा के लिए किंवा समयानुसार सर्वविध संकटों से मुक्ति पाने के लिए आप आगे लिखे गये मन्त्र का जाप करें—

"ॐ ह्रीं सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति - समन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते॥
एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रय-भूषितम्।
पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते ह्रीं ॐ॥"

ऐसी स्थिति में जबकि घर का कोई सदस्य भारी संकट में हो, राजभय किंवा आतंक का साया सिर पर हो तो अपने विश्वस्त विद्वान् पण्डित से उक्त जाप करायें अथवा स्वयं जाप करें। समय कम होने की अवस्था में उल्लिखित मन्त्र का यथाशक्ति जाप करें एवं एक पान पर शाकल्य, 1 कमलगट्टा, 1 सुपारी, 2 लौंग, 1 इलायची, गुग्गुल की आहुति दें, मन्त्रजाप करते रहें, तुरन्त आपत्ति का निराकरण होगा।

बालरक्षार्थ मन्त्र

यदि अबोध बालक अकारण रोता रहे, सांस चढ़ा ले, नीला होता जाये, तो समझें कि किसी बुरी छाया का प्रभाव है। ऐसी स्थिति में निम्नांकित मन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध या केवल लालचन्दन की मसी (स्याही) लेकर अनार की कलम से लिखें। गुग्गुल की धूप देकर, इस मन्त्र को बच्चे के गले में डाल दें, आश्चर्यजनक रूप से बच्चे को शान्ति मिलेगी।

"रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर, ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुंच मुंच कुमारकम्॥"

इस मन्त्र का कुलपुरोहित या विद्वान् पण्डित से जाप करा सकते हैं, मन्त्रजाप से ही यह मन्त्र पूर्णरूपेण फलद है।

मृतवत्सा (अठरहा) रोग-निवृत्ति-मन्त्र

मन्त्र—"ॐ परब्रह्म परमात्मने 'अमुकी' गर्भे दीर्घजीवि सुतं कुरु कुरु स्वाहा।"

मृतवत्सादोष निवारण के लिए ज्येष्ठ मास की पूर्णमासी को 1008 बार मन्त्र को विधिपूर्वक जपें एवं दीपावली की रात्रि अथवा ग्रहण के समय जाप से सिद्ध करें। तत्पश्चात् मन्त्र में **'अमुकी'** शब्द के स्थान पर स्त्री का नाम लिखें। मन्त्र को अष्टगन्धादि से लिखकर, स्त्री अपने पास भुजा आदि पर बांधे रखे, मृतवत्सा रोग शान्त होगा।

दृष्टिदोष (नजर) दूर करने के लिए मन्त्र

कुछ बच्चे अकारण रोते रहते हैं, रात्रि में भी सोते नहीं, जबकि वैद्य उन्हें ठीक बताता है। ऐसे लक्षण दृष्टिदोष युक्त बालक के हैं। ऐसी स्थिति में बालक को सामने बैठाकर मोरपंख से झाड़ा दें एवं निम्नांकित मन्त्र का उच्चारण करते रहें—

"ॐ अंजनि-गर्भ-संभूतं कुमारं ब्रह्मचारिणम्।
दृष्टिदोष-विनाशाय हनुमन्तं स्मराम्यहम्॥"

नोट—इस मन्त्र को दीपावली की रात्रि में, होली, मंगलवार की रात्रि में या ग्रहण के समय 1008 बार जप करके सिद्ध कर लेना आवश्यक है।

सिरदर्दनिवारक सिद्ध साबर मन्त्र

"हजारघर चाले एक घर खाय, आगे चले तो पीछे जाय।
फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा, मेरे गुरु का वचन सांचा॥"

विधि—शनिवार या मंगलवार के दिन श्रीमहावीर जी की प्रतिमा के चरणभाग

से थोड़ा-सा सिन्दूर लें। सिरदर्द वाले रोगी के माथे पर, उल्लिखित मन्त्र बोलते हुए उस सिन्दूर से तिलक करें, तुरन्त लाभ अनुभव होगा।

प्रेतपीड़ा या टोने आदि से बचने के लिए मन्त्र

बारह वर्ष से कम आयु की कन्या के काते हुए कच्चे सूत के सात धागे लेकर, उन पर सात गांठें लगा लें। प्रत्येक गांठ पर सात बार निम्नांकित मन्त्र को पढ़ें—

"ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्म - शूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि॥
सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते।
यानि चात्यर्थ-घोराणि तैरक्षास्मान् तथा भुवम्॥"

यह प्रयोग अत्यन्त सफल है। गर्भावस्था में गर्भपातभय से मुक्ति एवं शत्रुकृत टोना किंवा प्रेतादि शान्ति के लिए अनुभूत है।

सिद्ध आकर्षण विधान

कोई स्त्री-पुरुष या बालक घर से रूठकर चला गया हो या विदेश गया हुआ व्यक्ति वापस घर आने का विचार न रखता हो तो निम्नांकित विधान उसे घर बुलाने में अमोघ सिद्ध होता है।

कुम्हार के घर स्वयं जाकर एक नया पक्का घड़ा (जो कहीं से फूटा या रिसता न हो) एवं एक कसोरा ले आइये।

ध्यान रहे—इनमें कहीं भी काला दाग न हो। घड़े के ऊपर और कसोरे के बीच निम्नांकित नवार्ण मन्त्र का यन्त्र केसर से लिखें, साथ ही एक नवार्ण मन्त्र-यन्त्र केसर की मसी (स्याही) से भोजपत्र पर लिखकर, उसी घड़े में डाल दीजिये और तांबे के चार पैसे भी उसी में डाल दें। पैसे ज्यादा-कम न हों। यदि पैसे न मिलें तो तांबे के चार गोल पत्र डालें। कसोरे से ढककर घड़े को बायीं तरफ को सात बार घुमाते हुए **"ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे"**—इस मन्त्र को पढ़ते जायें। घड़े को मन्त्रोच्चारणपूर्वक सात बार बायीं ओर घुमाकर एकान्त में रख दीजिये। ऐसा सात दिन करें। अर्थात् उसी घड़े के साथ यह प्रयोग सात दिन करें। सात दिन के अन्दर ही व्यक्ति चल पड़ेगा या किसी माध्यम से अपना पता देगा।

घड़े के अन्दर एवं भोजपत्र पर लिखा जाने वाला यन्त्र यह है—

ऐं	ह्रीं	क्लीं
डा	मुं	चा
यै	वि	च्चे

नोट—इस आकर्षण-विधान करने से पहले नवार्णमन्त्र का नियमपूर्वक सवालक्ष जप करें एवं उल्लिखित यन्त्र को दीपावली की रात में लिखकर सिद्ध कर लेना चाहिए।

गृहक्लेश दूर करने के लिए मन्त्र

निम्न मन्त्र को उत्तराभिमुख होकर रात के 9 बजे के बाद साढ़े 11 बजे से पहले प्रारम्भ करें। धूप-ज्योति जगाकर पांच-पांच माला मन्त्र जाप 33 दिन तक प्रतिदिन करें। तर्पण करें तथा ब्राह्मण भोजन करायें। दीपावली की रात्रि या ग्रहण के समय निम्न मन्त्र को सिद्ध करके, लिखकर देने से एवं घर में हवन करने से घर में क्लेश दूर होकर, गृह में शान्ति हो जाती है।

"ॐ दमयन्ती-नलाभ्यां तु नमस्कारं करोम्यहम्।
अभिवादो भवेदत्र कलिदोष - प्रशान्तिदः॥
ऐकमत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथग्धियाम्।
निर्वैरता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद मे॥"

कुपथगामी-पति किंवा पत्नी के वशीकरण के लिए मन्त्र

"ॐ कामातुरे काममेखले विद्योषिणि नीललोचने।
अमुकं मे वश्यं कुरु कुरु ह्रीं स्वाहा॥"

विधि—इस उल्लिखित मन्त्र से मिठाई या किसी मीठी भक्ष्यवस्तु को सात बार अभिमन्त्रित करें, फिर दुबारा उस व्यक्ति का नाम लेकर उस व्यक्ति का ध्यान करें कि वह व्यक्ति आपके चरणें में गिर रहा है, क्षमायाचना कर रहा है, ऐसा ध्यान करके, इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करें और उस चीज को कुपथगामी व्यक्ति को खिला दें। ऐसा ही चालीस दिन करें, व्यक्ति अवश्यमेव वश में हो जायेगा।

ध्यान दें—इस मन्त्र में जहां 'अमुकं' लिखा है, वहां कुमार्गगामी व्यक्ति का नाम बोलना चाहिए।

नवसंवत्सरारम्भ-विधि

त्रिविध दु:खों के निवारण के लिए हमारे ऋषियों ने दर्शनशास्त्रों का उपदेश दिया है—"**दु:खत्रयाभिघातात् जिज्ञासा तदपघातके हेतौ।**", सर्वसाधारण गृहस्थियों या जन-सामान्य के लिए व्रतपर्वों के अनुष्ठान करने को प्राथमिकता दी है। इस वर्ष से हम यहां व्रतपर्वों के अनुष्ठान की विधि का निर्देश संक्षेप में करने का प्रयास कर रहे हैं। आशा है—पाठक लाभान्वित होंगे।

—**सम्पादक**

नवसंवत्सर का शुभारम्भ

चैत्र मास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवसंवत्सर का शुभारम्भ शास्त्रविहित है। यह अत्यन्त पवित्र तिथि है। इसी तिथि से ब्रह्माजी ने सृष्टिनिर्माण-प्रारम्भ किया था—

"चैत्रे मासि जगद्ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्लपक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति॥"

– (स्मृति कौस्तुभ)

युगत्रयी में प्रथम '**सत्ययुग**' का प्रारम्भ भी इसी तिथि को हुआ था, अत: यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की है। इसी दिन सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी और चिरस्थायी विक्रम संवत्सर का प्रारम्भ किया था।

संवत्सर मंगलमय रहे, अत: '**संवत्सर-पूजन**' करना चाहिए। **पूजन-विधि**—उक्त इस तिथि को प्रात: नित्यकर्म से निवृत्त होकर तेल का उबटन लगाकर, स्नानादि से पवित्र होकर, हाथ में गन्ध, अक्षत, पुष्प एवं जल लेकर देश-काल-उच्चारणपूर्वक निम्नांकित संकल्प करें;—

"मम सुकुटुम्बस्य सपरिवारस्य स्वजन-परिजन-सहितस्य वा आयुरारोग्यैश्वर्यादि-सकल-शुभफलोत्तरोत्तराऽभिवृद्ध्यर्थं ब्रह्मादि-संवत्सर-देवानां पूजनमहं करिष्ये।"

उक्त संकल्प उच्चारण करके नव-निर्मित चौरस चौकी या बालू की वेदी पर स्वच्छ श्वेत वस्त्र बिछाकर उस पर हल्दी या केसर से रंगे अक्षतों (चावलों) से अष्टदल-कमल बनाकर, उस पर स्वर्णनिर्मित (या यथाशक्ति) ब्रह्माजी की मूर्ति स्थापित करें। गणेशाम्बिका-पूजन के पश्चात् "**ॐ ब्रह्मणे नम:**"—इस मन्त्र से ब्रह्माजी का आवाहन करके षोडशोपचार-पूजन करें।

पूजन के अनन्तर विघ्नों के नाशार्थ एवं समग्र संवत्सर में कल्याण एवं मंगलमय कामना के लिए ब्रह्माजी से निम्न प्रार्थना की जाती है;—

"भगवंस्त्वत् प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे।
संवत्सरोपसर्गा मे विलयं यान्त्वशेषत:॥"

इस प्रकार पूजन के पश्चात् विविध प्रकार के उत्तम-सात्त्विक पदार्थों से ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद ही स्वयं भोजन करें।

इस दिन पंचांग-(वर्षफल)-श्रवण का भी विशेष माहात्म्य है—

"इतीदं वत्सर-फलं वत्सरादि तिथौ शुभम्।
य: श्रृणोति नरो भक्तया स सुखी वत्सरं भवेत्॥"

नवीन पंचांग से संवत्सर के राजा-मन्त्री-सेनाध्यक्ष आदि के फल का श्रवण करके मन्दिर या विद्वान् सदाचारी ब्राह्मण को सामर्थ्यानुसार 'पंचांग-दान' करने का भी विशेष महत्त्व है। इस दिन प्याऊ (जलस्रोत) की स्थापना भी परमपुण्यप्रद लिखी है।

इस दिन नवीन वस्त्र धारण करना एवं घर को ध्वज, पताका, बन्दनवार आदि से सजाना चाहिए।

आज के दिन निम्ब के कोमल पत्ते, निम्ब के पुष्पों का चूर्ण बनाकर, इनमें कालीमिर्च, नमक, हींग, जीरा, मिस्त्री एवं अजवायन मिलाकर खाने से वर्षभर रुधिरविकार नहीं होते। आरोग्य की प्राप्ति होती है।

इस दिन नवरात्र के लिए '**घट-स्थापन**' एवं तिलकव्रत भी किया जाता है। तिलकव्रत में यथासम्भव नदी, सरोवर अथवा गंगाजल से घर पर स्नान करके संवत्सर की (कल्पित) मूर्ति बनाकर या संवत्सर का रक्तचन्दन से नाम लिखकर "**ॐ चैत्राय नम:, वसन्ताय नम:**" आदि मन्त्रों से पूजन करें। तत्पश्चात् विद्वान् ब्राह्मण को पूजन-अर्चन-पूर्वक भोजन कराकर दक्षिणा दें।

वासन्तिक नवरात्र
(चैत्र-शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक)

चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक के नौ दिन '**नवरात्र**' कहलाते हैं। इस प्रकार एक संवत्सर में चार नवरात्र घटित होते हैं। इनमें चैत्र नवरात्र '**वासन्तिक नवरात्र**' माने जाते हैं। आश्विन-नवरात्र '**शारदीय नवरात्र**' कहलाते हैं और आषाढ़/माघ के नवरात्र '**गुप्त नवरात्र**' माने जाते हैं। इन नवरात्रों में आद्या शक्ति भगवती दुर्गा की आराधना का विशेष महत्त्व है।

पूजाविधि—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से पूजन प्रारम्भ करें। ध्यान दें;—अमायुक्ता प्रतिपदा में पूजन प्रारम्भ न करें। '**सम्मुखी प्रतिपदा**' को ही शुभ एवं ग्राह्य माना गया है। सर्वप्रथम स्नानादि से निवृत्त होकर गोमय (गाय के गोबर) से पूजास्थान को पवित्र करके प्रात:काल '**घटस्थापन**' करें। चित्रा या वैधृति योग में घटस्थापन न करें। मध्याह्न में, अभिजित् मुहूर्त में घटस्थापन करना शास्त्रविहित है।

नवरात्र व्रत '**स्त्री-पुरुष**' दोनों कर सकते हैं। परिस्थितिवश यदि स्वयं न कर सकें तो पति, पत्नी, पुत्र या विद्वान् ब्राह्मण को अपना प्रतिनिधि बनाकर व्रत पूर्ण कराया जा सकता है। व्रत में उपवास, '**अयाचित**' (बिना मांगे प्राप्त भोजन), '**नक्त**' (रात्रि में भोजन करना) या '**एकभुक्त**' (एक बार भोजन करना), इस प्रकार जो सम्भव हो सके, यथा-सामर्थ्य करें।

नोट—यदि नवरात्रों में घटस्थापन के बाद सूतक (अशौच) हो जाये, तो कोई दोष नहीं लगता। घटस्थापन के पहले सूतक होने पर पूजनादि अन्य ब्राह्मण से ही करायें। इन दिनों '**पातक**' स्थिति (अत्यावश्यकता) में यह पूजनादि का कार्य किसी ब्राह्मण द्वारा तीर्थ या मन्दिर में करा सकते हैं।

घटस्थापन के लिए पवित्र मिट्टी से वेदी का निर्माण करके, उसमें जौ और गेहूं बोयें तथा उस पर यथाशक्ति मिट्टी, चांदी, तांबा या स्वर्णनिर्मित कलश स्थापित करें। तत्पश्चात् पंचांग-पूजन, गणेशाम्बिका, वरुण, षोडश-मातृका, सप्तघृत-मातृका एवं नवग्रह आदि देवों का पूजन तथा पुण्याहवाचन ब्राह्मण द्वारा करायें या स्वयं करें।

इसके बाद कलश पर देवी की मूर्ति स्थापित करके षोडशोपचारपूर्वक पूजन करें। फिर **श्री दुर्गासप्तशती** का ससम्पुट किंवा साधारण पाठ यथाशक्ति करें। पाठ की पूर्णाहुति के दिन दशांश हवन विधिवत् करें।

दीपक-स्थापन—पूजा के समय शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। दीपक की गन्धाक्षत-पुष्प आदि से पूजा करें। दीपक-स्थापना का मन्त्र इस प्रकार है;—

"भो दीप ब्रह्मरूपस्त्वं ह्यंधकार-निवारक:।
इमां मया कृतां पूजां गृह्णंस्तेज: प्रवर्धय॥"

कुमारी-पूजन—नवरात्र-पारणा किंवा नवरात्रों में कुमारी-पूजन अनिवार्य है। कुमारिकाएं जगदम्बा के प्रत्यक्ष विग्रह के रूप में मानी जाती हैं। सामर्थ्यानुसार नवरात्रों में नौ दिन तक नौ, सात, पांच या तीन किंवा एक कन्या को देवी मानकर श्रद्धापूर्वक भोजन करायें। कुमारी-पूजन में ब्राह्मण-कन्या को प्रशस्त माना है।

(शेष पृष्ठ 38 पर)

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष— माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका-स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १। २८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह— माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका-स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५— ये वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला— माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४— इन [illegible]

इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७— इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र; गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७— इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर-शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका-गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन— माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति-हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। **स्मरण रहे**—अधिकांश जिस लग्र के लक्षण मिलें – वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष जन्मज्ञान— (१) जन्मलग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनि चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो— इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान— प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय-तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम-षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम-नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश [illegible]

एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४— इन अरिष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान— प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय–तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम–षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम–नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

प्रसूतिस्थान से पाकशालादि का विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य, मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। **दोहा— लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार।।** केन्द्र (१। ४। ७। १०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें, जो बली (स्वराशि, मित्रोच्च, व मूलत्रिकोण राशि का) केन्द्रस्थान में स्वमित्र, शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो, उसकी दिशा में अथवा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है।

ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम और राहु, केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्— चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहें। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना।

सो०— तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशुजन्म तब आई, तब कही दीपकतैल नहीं। सित–शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशुजन्म में तब वाम, दीपकतैल सौं युक्त कहि।

लग्नादीपवर्तिज्ञानम्— जन्मलग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहें, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैःस्युरुपसूतिकाः— यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों तो उसकी गणना करें, अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें, अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्न–चन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करें और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करें, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के, अस्त होवें, उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान रखने योग्य है, कि— वह लग्न, चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तमभावपर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तमभाव से लग्न के भुक्तांशपर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना चाहिए। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहां हों तो, धर्मशील, सौभाग्यवती स्त्रियां कहें, अशुभ ग्रहों से विधवा, दुश्चरित्रा कहें।

शय्या–शिर व पादविचार

"लग्नदिशि शय्यां शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहें। अर्थात् १। २ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४। ५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७। ८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०। ११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानें। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना चाहिए। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों, वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा, टूटा समझना चाहिए।

दो०— मीन–मिथुन–सिंह–तुला–मेष होय तत्काल।
अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल।।

अथचिह्नज्ञानम्— दोहा–षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामे कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण।। भानु तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वामकर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह।। सुह्रद् भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वामपाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न।। नौमे पांचे भृगु बसे तनु व चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।"

प्रसवकष्ट दूर हो— प्रसवकाल से पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ें लाकर, घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ॐ मुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर–माचिर स्वाहा।।"— इस मन्त्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र ही प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख, धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। **स्मरण रहे कि**— पहले उपरोक्त मंत्र तथा **यन्त्र** ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दोः— "द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खग ना बसै, वेगि ताहियमलीन।। बसैचन्द्रा द्वादसे अष्टभवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव।।"

अथकाणयोगः— "तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसै त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय।। तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिकघर नाथ।। चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान।। भानु राहु दहनों नयन, बुधजन कहत बखान।।"

मूक योगः— "पञ्चमेश गुरुयुक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौ न भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय।। शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।।"

दुःखदयोग—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पापयुक्त लग्नेश। जन्मसमय जाके परे ताको अंग कलेश।। पापयुक्त तनुभवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस।। पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय।।

बन्धनयोग— क्रूर रहै धन नवम व्यय और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार।।

सर्पवेष्टितयोग— यदि अष्टमेश लग्न में राहुसहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित पैदा होता है।

यमल जन्मयोग—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धनु के

उत्तराद्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहें। अथवा आधानलग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे– शनि, मंगल से ५/७/९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु–समय–विचार – जिन अरिष्ट योगों में मरणकाल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु कहें। अथवा– जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो, जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु होनी बताएं। अथवा चन्द्रमा जब लग्नराशि में आता है, तब मृत्यु का होना कहें। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मृत्यु कहनी चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके, तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करें, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोग – अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग।। जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्रदृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय।।

क्लीब (नपुंसक) योगः – दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्रभवन से रिष्फ षट् मन्द बसे क्लिब मान।।

कुष्ठयोग :– लग्नप बुध कुज शशियुते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु।। भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अतिरुष्ट।। जलजगंडयुत, चन्द जो ग्रन्थिगंड कुजसाथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनुनाथ। आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयोरोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।।

केमद्रुम योग :– आगे–पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय।। उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग् केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय।।

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है भूलि न व्याहेउ कोय।। जाके कुज दशम बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पापदृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्घन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग।। राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन।। द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम।। पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुवो भाषत कविकुलवृन्द।। सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि।

वैधव्य–विषकन्यायोग :– चौ.–रविवार द्वितीया जो होय। आश्लेषा ताहि दिन में जोय।। १ ।। कृत्तिका होय शनिश्चर वार–साते तिथि को करो विचार ।। २ ।। होय शतभिषा मंगलवार! कहो द्वादशी तिथि निर्धार।। ३।। इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय।।४।। जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पाप ग्रह नभ (१०) में जोय ।।५।। शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो।। ६।। अश्लेषा द्वितीया को होय। मंदवारयुत लीजो जोय।।७।। परे शतमिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ।। ८।। रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ।। ९।। ऐसो योग लखी जो परै। तो कन्या को विधवा करै ।। १०।। दो0– धर्मसदन में भूमिसुत जन्मसदन शनि जान। सूर्य होत सुतसदन में कन्या विधवा मान।। ११।।

वैधव्य–विषकन्याभंगयोग :– जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय।।

काकवन्ध्यादि योग :– झे अष्टमे काकबन्ध्यामन्दार्कावष्टमे बन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या।।

स्त्रीणां राजयोगाः – चौपाई– केन्द्रधाम नमगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके–चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षड्वर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग् केन्द्र में भवन में होई।। ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी।। **दोहा–** कर्क चन्द्रमा सातवें जीवदृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरयुत ताकौ पति नृप शूर।। लाभभवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन।।

स्त्रीणां पुत्रभावविचार :– पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्।।

अशुभ प्रसवमास :– कार्त्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत्र में कुतिया के बच्चे जन्में तो 6 मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन के समय घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र हो। **स्मरण रहे कि–** यहां सर्वत्र सौरमासग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर, व्याहृतिमन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्मे तो कार्त्तिकशान्ति करने से शुभ होता है।

त्रिखलजन्मफल :– यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं। कृपणता छोड़कर, त्रिखलशान्ति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चान्दी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दान्त निकले हों तो माता–पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम–बार ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पाचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृसुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में निकले तो धनी हो।

अथैकनक्षत्रजनन–फलम् :– वृद्धगर्ग कहते हैं, कि यदि भ्राताओं व पिता–पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। यहां स्वर्णदान से कल्याण होता है।

में जोय।। १ ।। कृतिका होय शनिश्चर वार–साते तिथि को करो विचार ।। २ ।। होय शतभिषा

पिता–पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। यहां स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुभ्राता का जन्मसमय जानना :– (१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु आए तो भाई या बहन का जन्म होता है। (२) यदि भ्रातृ–प्रतिबन्धक योग न हो तो तृतीयेश, तृतयस्थ ग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना

(1) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटाएं, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है, तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेशस्पष्ट में से तृतीयेशस्पष्ट घटाएं, शेष में से दशमेशस्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटाएं– शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब, भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम– इन चारों स्पष्टों को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है, उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काणराशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिए।

माता की मृत्यु का समय जानना :–जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटाएं, शेष की राशि में या त्रिकोणराशि में या उस शेष राशि के नवांशराशि में जब गोचर का शनि व गुरु होगा, तब माता की मृत्यु का समय जानें।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

स्थानम	शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्योः	जंघाः	जान्वोः	पादे
घटी	४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०
फलम्	पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य

अथ कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१/२/३ च.)	आश्लेषा (२/३/४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४ च.)
फलम्	ससुरहानिः	सासनाशः	ज्येष्ठनाशः	देवरनाशः

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।।

तिथिगण्डान्त– पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो–दो घड़ी तिथिगण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

कोष्ठकोक्त ये छः नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं। इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक अथवा बालिका माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का छः मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए; तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरणों में जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

अथ मूल पुरुषचक्रम्

स्थानं	मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्योः	जान्वोः	पादयोः
घटी	५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६
फलम्	राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.

मूलजनने वृक्षविभागफलम्

विभाग	मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा
घटी	७	८	१०	११	१२	५	४	३
फल	मूलनाश	वंशनाश	मातृ–क्लेश	मातुल–नाश	मन्त्री–पद	मन्त्री–पद	विपुल–लाभ	अल्प–जीवन

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आश्वि. मा. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२/५/८/११	३/६/९/१२	१/४/७/१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार– दोनों प्रकार से भूमि पर आए तो महाभयप्रद होता है। यहां अन्य एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी–शनि–भौम–समन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातःसंहरते कुलम्।। यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्।। दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गण्डातिगंडे च परिघे यमघण्टके।। ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्।। यथा सर्पविषं चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते।। रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निसृतेन जलेन हि।। बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्।। विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः।।

अथाभुक्तमूलविचारः– ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी (किसी के मत से एक घटी) एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है।

इस समय जो बच्चा जन्म ले, उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष; असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे।

धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अंन्यथा नाशमाप्नोति चामुक्तर्क्षे विशेषतः।।

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

समय	प्रातः	दिन में	रात्रि में	सन्ध्या में
नक्षत्र	सभी गण्डमूल नक्षत्र	मूल, ज्ये.	मघा, आश्ले.	रे. अश्वि.
फल	पशु हानि	पिता को भय	माता को भय	शरीर को भय

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रह फलानि

भाव		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	1	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सक्रम
धन	2	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी,गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज	3	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत्	4	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहानि	दुःखी
सुत	5	सुतहानि	धनी,पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु	6	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री	7	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहानि
मृत्यु	8	अल्पायु	योगी	शरीरपीड़ा	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म	9	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म	10	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिवान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ	11	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय	12	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रहफलानि

भाव		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	1	क्रोधिनी	गतायु	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन	2	दरिद्रा	बहुधना	बन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज	3	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत्	4	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्ता	मातृहानि
सुत	5	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुता	सुगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु	6	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति	7	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु	8	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म	9	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	बन्ध्या	बन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म	10	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साधवी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ	11	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय	12	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्–अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्रीतुल्य, चतुर्थ में नृपतिसमान होता है।

मघाफलम्– मघा के प्रथमचरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन, विद्यालाभ होंगे।

ज्येष्ठापादफलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। " ज्येष्ठाद्यपाद जो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।"

रेवतीपादफलम् –रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृपसमान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख–सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश–योग– (१) पाप ग्रहयुक्त चन्द्रमा सातवें भाव में हो, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र हो, (३) पापग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे–सातवें पापग्रह हो, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल हो, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो– इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप–दान करना चाहिए।

पितृनाशयोग– (१) सूर्य, मंगल दसवें वा नवम में गए हों, (२) दशमेश रवि, मंगल से युक्त हो, (३) शत्रुराशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो– इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाशयोग– भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संग त्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय।।

सन्तानसुखनाशयोग– गुरु ते पंचम गेहपति, जाय परे त्रिकभाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे त्रिकधाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग– शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोग – सहज सप्तम धनसदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई।। सिंहलग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राहुसंग सप्तमभाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।।

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव–फलबोध–चक्रम्

भाव→ ग्रह↓	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सूर्य	स्थाननाश	भय	श्रीप्राप्ति	मानभंग	दैन्य	विजय	यात्रा	पीड़ा	सुकृतिनाश	सिद्धि	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र	अन्नलाभ	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सुख	धनलाभ	धननाश
मंगल	शत्रुभीति	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभय	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	धननाश
बुध	बन्धन	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुख	स्थानलाभ	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सुख	धनलाभ	धननाश
गुरु	भय	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुख	शोक	राजमान	पीड़ा	सुख	दैन्य	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र	शत्रुनाश	धनलाभ	सुख	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनि	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्रीप्राप्ति	कलह	मृत्यु	दुःख	वैर	सुख	शोक
केतु	रोग	वैर	सुख	भय	सुख	धनलाभ	कलह	रोग	पाप	शोक	कीर्ति	शत्रुभय

अथग्रहाणामेक भोगफल–समयादि ज्ञानम्

ग्रहाः	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के.
एकार्थभोग	मास 1	दिन 2¼	मास 1½	मास 1	मास 12	मास 1	मास 30	मास 18
फलसमयः	आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते
गंतव्यराशेः प्राक्फलम्	मास 5	घटी 3	दिन 8	दिन 7	मास 2	दिन 7	मास 6	मास 3

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थ धारणाय मणयः

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालम्	पन्ना	पुष्पराग:	हीरा	नीलम:	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्तः	लाजवर्तः

जारजयोग – भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न।। रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार।।

पूतनाग्रस्तलक्षण एवं शान्ति–

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे–बैठे गिर पड़े, या यूं मालूम हो कि–किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि– उसे महा पूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नागदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूलमाला पहिनाकर बाहिर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है।

सिर खुले, जूठे बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्य रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता–खेलता गिर जाए अथवा उसे उल्टी हो या हाथ–पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल–मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्यकर्म संध्या–वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं, जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि, धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

उद्वर्तनम्– दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज–इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते, मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते– इनका काढ़ा बनाकर स्नान कराए, तो यह रोग दूर होगा।

चेष्टाः– जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आए, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जाए–उसे ग्रहाविष्ट जानना चाहिए

सर्वबालग्रह–शान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शनं निवासश्च तत्ररात्रौ – "ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव।।"– इत्यस्य जापः, ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः।।

अथ बालरक्षाविधि (प्रयोगसारे)– यदि दुष्टदृष्टि (नज़रादि दोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग, कष्ट हो जाए तो– "ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।। १।। कृष्ण रक्ष शिशुं शंख–मधुकैटम–मर्दन। प्रातः–सङ्गव–मध्याह्न–सायाह्नेषु च सन्ध्ययोः।। २।। महानिशि सदा रक्ष कंसारातिनिषूदन। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि।। ३।। बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्। त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षामूषितं शिशुम्।। ४।। – इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित की गई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है	मूर्ति–निर्माणार्थ द्रव्य	पूजनद्रव्य	बलि–विधान व समय	स्नान, पूजा, मार्जनमंत्र	धूप
प्रथम दिन–मास–वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेतचन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5, आटे के सतिए 5, कपूर, लोहवान,	श्वेतभात, 5 पूर्ण पोली (सुहाली) 1 प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्बपत्र, गोघृत
द्वितीय दिन–मास–वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	10 दीपक, 10 झण्डी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिए 10,	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्यासमय, पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं ह्रूं ह्रूं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा।	
तृतीय दिन–मास–वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्तचन्दन, रक्तपुष्प, श्वेत–ध्वजा, दीपक 10, गेहूं के आटे के सतिए 10,	एक सेर लालभात, आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गोशृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
चतुर्थ दिन–मास–वर्ष में मुख मंडिका	तिल–चूर्ण एक सेर	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा 5, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प,	भात, सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्ण पौली, सायं, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन–मास–वर्ष में विडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5, गेहूं के आटे के सतिए,	श्वेत भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखें,	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रूं ह्रूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठः ठः चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठः ठः स्वाहा।	
षष्ठ दिन–मास–वर्ष में षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 5 मिठाई, 5 सुहाली, 7 पूड़ियां, 1 प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखें,	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तम दिन–मास–वर्ष में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन–मास–वर्ष में कामिनी	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्तचन्दन, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5,	गेहूँ की रोटी, मसूर की दाल, हरासाग, छागमांस, संध्या में चौरास्ते पर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन–मास–वर्ष में मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प, 5 दीपक, 5 रंग की झंडी 5,	भात, मत्स्यमांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखें	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हन् हन् हुं फट् स्वाहा।	गोशृंग, लहसुन, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशम दिन–मास–वर्ष में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्तपुष्प, 25 झण्डी, 25 दीपक, 25 सतिए,	गुड़ के घी भुने चावल, गौघृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन् हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन–मास–वर्ष में सुदर्शना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेतपुष्प, 25 दीपक, 25 सफेद झण्डी, 25 आटे के सतिए,	श्वेतभात, 7 पूड़े, सुहाली 7, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास, वज्रहस्ताय ज्वल ज्वल दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन–मास–वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा एक सेर	13 दीपक, 13 झण्डी, 13 सतिए आटे के,	सुहाली, पूड़े 7, पूड़ियां 7, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन् हन् शोषय शोषय मर्दय मर्दय तापय तापय हुँ हुँ हुँ हन् हन् दुष्टानां ह्रां ह्रां स्वाहा।	

अथ बालपूतना–विधान

यहां लिखे बाल–कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान– स्पर्श निम्न–लिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान–विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ– इनके पत्रों को उबालकर बालक को मंत्र–पाठपूर्वक स्नान करावें। तदनन्तर कल्याणार्थ यथाशक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराएं। तदनन्तर "ओं द्यौः शांतिरन्तरिक्ष............" इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखास्थान स्पर्शपूर्वक यह मंत्र पढ़ें– " ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।

"ओं सर्वमातर इमं ग्रहं संहरंतु हुं रोदय–रोदय, स्फोटय –स्फोटय स्वाहा। गर्ज–गर्ज सः गृहाण–गृहाण आमर्दय– आमर्दय ह्रीम्–ह्रीम् हन् हन् एवं सिद्धिरुद्रो ज्ञापय स्वाहा।।"

अथ नक्षत्र–कष्टावली

रोग–नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोगदिन–संख्या				रोगशान्त्यर्थ जपनीय मन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
		1	2	3	4		
अश्विनी	भोजनदान	9	11	1	20	मृत्युञ्जयमंत्र	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य दें।
भरणी	गो–अन्नादि दान	0	80	40	11	यमायतवेति मंत्रः	हाथी के मुख में तिल चावल दें।
कृत्तिका	स्वर्णदान	9	11	16	28	अग्निर्मूर्धेति	कछुए के मुख में घी दें।
रोहिणी	घृतदान	3	9	18	30	ब्रह्मायय़ेति	सर्प को दूध–दही खिलाएं।
मृगशिरा	तिलदान	9	5	7	10	इमं देवेति मंत्र	खरगोश को दूध पिलाएं।
आर्द्रा	गोदान	0	18	0	0	नमस्ते रुद्र इति मंत्र	बकरे के मुख में रक्त डालें।
पुनर्वसु	पीतलदान	7	14	2	21	अदितिर्द्यौरिति मन्त्रः	सूअर को धान्य खिलाएं।
पुष्य	तैलान्नदान	6	7	10	21	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डालें।
आश्लेषा	गो–अजादि दान	0	0	41	0	नमोस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलाएं।
मघा	वस्त्राज्यदान	15	7	17	20	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलाएं।
पू.फा.	भोजनदान	0	15	0	30	भगम्प्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दें।
उ.फा.	अन्नदान	7	14	7	60	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलाएं।
हस्त	तैलदान	15	17	15	0	उदत्यं जातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलाएं।
चित्रा	दुग्धदान	11	9	9	16	त्वष्टा तुरगेति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर–धतूरे के फूल वन में रखें।
स्वाती	गौघृतदान	60	17	30	0	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़, चावल खिलाएं।
विशाखा	गौ–स्वर्णदान	15	0	4	13	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़, भात की बलि दें।
अनुराधा	गौघृतदान	60	12	36	30	नमो मित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुल्थीसहित भात, गुड़ दें।
ज्येष्ठा	तिलदान	69	9	6	4	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्रः	बंदरों को गुड़, तिल डालें।
मूल	रौप्यपात्रदान	0	9	15	6	माता पुत्रेति मन्त्रः	बिलाब को दूध पिलाएं।
पू.षा.	गोमुक्तादान	0	15	24	10	आपोधर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोथे की बलि दें।
उ.षा.	भोजनदान	30	24	26	16	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डालें।
श्रवण	श्रीफलदान	60	24	6	9	विष्णोररराटेति मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें।
धनिष्ठा	अश्वान्नदान	15	4	20	21	वसोः पवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दहीं, अन्न की बलि दें।
शतभिषा	भोजनान्नदान	4	45	3	22	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलाएं।
पू.भा.	भोजनदान	0	12	21	19	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि छोड़ें।
उ.भा.	अन्नदान	10	3	9	15	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलाएं।
रेवती	फलदान, कन्यापूजन	18	10	9	20	पूषन्नयेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी–पूओं की बलि छोड़ें।

नोट– इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक्–पृथक् लिखा है, उसे न जप सकें तो महामृत्युंजय मन्त्र ही जपें। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है, उस चरणानुसार कष्ट व दिन जानें, शून्य से विशेष भय जानें। दान, जप करे। जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है, उसे यहां कष्टावली में रोगनक्षत्र का नाम दिया गया है। रोगनक्षत्र को जानकर, इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्त्यर्थ बलिदान' वाले कॉलम में घोड़ी, हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलिद्रव्य देकर धूप–दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें– ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	आश्लेषा

जन्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गऐ गए ना बुहरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय

(1) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़ें। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों की त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब पुत्र–संतान उत्पन्न होती है।

(2) चंद्र, लग्न, गुरु– इन तीनों से पंचमस्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में पुत्रसंतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीसुख) होने का समय

(1) जन्मलग्नेश, सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो, उस राशि में जब गोचर का गुरु हो, तब विवाह होता है।

(2) चन्द्रराशीश और अष्टमेश को जोड़ने पर प्राप्त राशि में जब गोचर का गुरु आए, तब विवाह होता है।

(3) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो, उस राशि से द्वितीयभाव में जब गोचर में गुरु–चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(4) शुक्र–चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय

(1) गुलिक स्पष्ट से सूर्य स्पष्ट घटाएं, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो, तब पिता की मृत्यु होती है।

(2) सूर्य से 1/2/7/12 भाव में जो पापग्रह हो, उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(1) रोग के शुरुआती दिन में जन्मराशि, नक्षत्र, लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र या यमघंट कुयोग हो।

(2) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी, अनुराधा नक्षत्र हो।

(3) सोमवार को आर्द्रा या उ. षा. नक्षत्र हो।

(4) मंगलवार को कृत्तिका, मघा व शतभिषा या नन्दा (1/6/11) तिथि हो।

(5) बुधवार को अश्विनी, विशाखा या भद्रा (2/7/12) तिथि, आश्लेषा हो।

(6) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (3/8/13) तिथि व मघा, हस्त हो।

(7) शुक्रवार–अष्टमी व अश्विनी या आश्ले., श्रवण या रिक्ता (4/9/14) तिथि, आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(8) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा (5/10/15) तिथि व भरणी हो।

(9) सूर्य, मंगल, शनि वारों को 4। 6। 9। 12/14/30 तिथि, भरणी, कृत्ति. आर्द्रा, आश्लेषा, पूर्वा. 3, विशा., ज्ये., धनि., शत. नक्षत्र हों तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च– जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना चाहिए। क्योंकि– बिना मारकेश आए मृत्यु तो होती ही नहीं। हां– ऐसे योग में कष्ट ज़रूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा मृत्युञ्जयजप करना कल्याणप्रद है।

बाल–रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिल्का, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी–इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा–" इस मन्त्र का उच्चारण करें।

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

प्रथमा	आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.
मध्या	पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू.भा.	अश्वि.	रो.
अन्त्या	पुष्य	आश्ले.	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.

सूर्यनक्षत्र, दिन, जन्म और नाम नक्षत्र रोगत्रिनाड़ीचक्र में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले, उसी दिन निःसन्देह रोगी की मृत्यु कहनी चाहिए। यह रोगत्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना चाहिए।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिननक्षत्र से नामनक्षत्र 5/13/23 संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार 10/18वां नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो, उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की हालत मृत्युपर्यन्त होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह–युद्ध में जाने पर काल के मुख–दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांगचक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्गविशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु–विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर, निम्नलिखित कालांगचक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति कराएं। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभग्रहदृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांगचक्र

भाव	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अंङ्ग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	वस्ति/मूत्राशय	लिङ्ग/गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद–युगल

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

तिथि	तिथीश	कष्ट–दिन	बलि	दान
1	अग्नि	12	शर्कराज्यबलि	घृतदान
2	ब्रह्मा	5	पायसबलि	भोजनदान
3	काम	7	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
4	गणेश	16	मोदकान्नबलि	मूंगादान
5	सर्प	21	पायसबलि	दुग्धदान
6	स्कन्द	12	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
7	सूर्य	8	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
8	ईश्वर	13	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
9	दुर्गा	18	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
10	यम	25	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
11	विश्वेदेव	7	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
12	विष्णु	7	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
13	काम	10	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
14	शिव	60	मिष्ठान्नबलि	क्षौद्रशाकभोजन
15	चन्द्र	3	दध्योदनबलि	रौप्यदान
30	पितर	18	अपूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली–यंत्रम्

वार	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	5	पायसबलि, सूर्यदान
चं.	गौरी	8	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	5	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	7	मुद्‌गान्नबलि, बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	5	घृतपक्वबलि, गुरुदान
शु.	इन्द्र	7	तिलयवाज्यमधुबलि, शुक्रदान
श.	यम	15	माषान्नबलि, शनिदान

ग्रहगोचराद्यैर्दशा-क्रमाद्यैर्ग्रह-कृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रहाणां दान-पदार्थाः												जपसंख्या	जपनीयमन्त्राः	दानसमय	हवनसमिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तपुष्प	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	7000	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	शंख	श्वेतपुष्प	कर्पूर, श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	11000	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तकनेर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	10000	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घटी 2 शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	हाथीदांत	सर्वपुष्प	कर्पूर, शस्त्र	फल	19000	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घटी 5 शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	हल्दी	पीतपुष्प	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	19000	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	सन्ध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	सुगंध	श्वेतपुष्प	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	16000	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्योदय	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुल्थी	तेल	कृष्णवस्त्र	कस्तूरी	कृष्णपुष्प	कृष्णांग भैंस	उपानह	23000	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	खड्ग	कृष्णपुष्प	कंबल, घोड़ा	शूर्प	18000	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रि	दूर्वा
केतु	लहसुनिया	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	नारियल	धूम्रपुष्प	कंबल, बकरा	शस्त्र	17000	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रि	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	कपूर	श्वेतपुष्प	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाल	मुन्थेशवत्

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा–अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत–विधान ब्रह्मचर्यपूर्वक करने से अशुभ फल की निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि–सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्षपर्यन्त तीस या कम से कम 12 व्रत करें। उस रोज केवल गेहूं की रोटी, घी और लालखाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डालकर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खाएं। भोजन से पूर्व हो सके तो लालवस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज–मन्त्र की माला का जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत, रक्तपुष्प दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करें। अपने मस्तक में लालचन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन कराएं। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जाएगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्ररोग, चर्मरोग एवम् अन्य शारीरक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्यशान्ति का सरल उपचार :–लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग करें– जैसे– लालचादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि– चन्द्रमा का व्रत शुक्ल–पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार को प्रारम्भ करके 54 या 10 व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके ऊपर चक्रलिखित बीज–मन्त्र की 11 या 3 माला जप करें। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करें। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही–चावल, घी, खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके खीर–खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन कराएं। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों से शान्ति होती है। विशेष कार्यसिद्ध्यर्थ भी यह पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्रशान्ति का सरल उपचार :– सफेद जुराब, रुमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दहीं का उपयोग, चान्दी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके 21 या 45 व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लालवस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 1, 5, या 7 माला जप करें। नमक सेवन न करें, यह ज़रूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी खाएं। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलाएं। मंगलवार का व्रत ऋण–हर्ता तथा सन्तति–सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके लालवस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन कराएं।

मंगलशान्ति का सरल उपचार :– लालरंग की वस्तुओं का उपयोग, रात को लालवस्त्र पहनें, तांबे के बर्तनों का प्रयोग, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से प्रारम्भ कर 21 या 45 व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 17 या 3 माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमकरहित, खाण्ड–घी से बने पदार्थ, जैसे– मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करें। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खाएं। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन–पूर्णाहुति करके छोटे बच्चों या अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन–लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्यलाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रहजन्य नेष्टफल से मुक्ति मिलती है।

बुधशान्ति का सरल उपचार :– हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं, हरा रुमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी का व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्षपर्यन्त या 16 व्रत करें। उस दिन पीतवस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 11 या तीन माला जप करें। पीतपुष्पों से पूजन–अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की घी–खाण्ड से बनी मिठाई, लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खाएं और इन्हीं का दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राहमण व बटुकों को लड्डूभोजन कराएं। स्वर्ण, पीत–वस्त्र, चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्याप्रद है। धन की स्थिरता तथा यशवृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पतिशान्ति का सरल उपचार :– पीले वस्त्र, रुमाल आदि, पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ कर, 31 या 21 व्रत करें। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 3 या 21 माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथाशक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, तब हवन–पूर्णाहुति के बाद खीर–खाण्ड से बने पदार्थ ब्राहमणबटुकों को खिलाएं। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्रीसुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्रशान्ति का सरल उपचार :–सफेद वस्त्र, सफेद रुमाल, सफेद फूल धारण करना आदि, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिवपूजन।

शनि के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से आरम्भ करे। व्रत 51 या 31 करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 19 या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल–वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन–पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी (चमड़े का) जूता तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक परेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह–मशीनरी, कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनिशान्ति का सरल उपचार :– घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रुमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु–केतु के व्रत की विधि :– शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से ही यह व्रत भी शुरु करना चाहिए। व्रत 18 करें। काला वस्त्र धारण करके 18 या 3 बीजमन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर, पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी, समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर होता है तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु–केतुशान्ति का सरल उपचार :– नीला रुमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट–निवृत्त्यर्थ स्नानविधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।।
तथा स्नान–विधानेन ग्रह–दोषः प्रणश्यति।।

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी–कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलट्ठी, लाल फूल, केसर पानी में उबालकर स्नान करें। **चन्द्र** शान्त्यर्थ **सोमवार** के **व्रत** के दिन खिरनी की जड़, श्वेत चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबालकर स्नान करें। ऐसे ही **मंगलव्रत** के दिन अनन्तमूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल–ये सब उबालकर; **बुधव्रत** के **दिन** गोबर, मधु, चावल, विधारा; **गुरुव्रत** के दिन भारंगी, मुलट्ठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प; **शुक्रव्रत** के दिन इलायची, मजीठ तथा **शनिव्रत** के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमरवेल, सफेद बिनौला– उबालकर स्नान करें। ऐसे ही राहु–केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबालकर स्नान करें, तो ग्रहशान्ति मिलती है।

नोटः– स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो, तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविधशान्ति के लिए सामान्य औषधस्नान

लाजवन्ती (छुई–मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध– इन औषधियों के जल एवं सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व जो दान कह चुके हैं, उनके करने से शान्ति मिलती है। गुरुवचन, देवता, ब्राहमणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते।– (श्रीपतिः)।

शनिविचार-अथ लघुकल्याणी (ढैया) फलम्:-

कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः
बन्धुविरोधं देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्।
मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि–वह्नेर्भयं
लोहशस्त्रभयं सदैव–असुखं कुर्यादसौ सर्वदा।। १।।

वृहत्कल्याणी साढेसाती फलम् :-........राशौ द्वादश (12) मूर्ध्नि जन्म (1) हृदये पादौ द्वितीये (2) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्।। हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम् , रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा।। २।।

सप्तधान्य- उड़द, मूंगी, गेहूं, चने, जौ, धान्य (तंडुल), कंगनी।

अष्टगंध-स्याही :-अगर, कस्तूरी, कुंकुम, कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन, देवदारु।

अष्टगंध-धूप- अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर–कचरी, गुग्गुल, देवदारु, गोधृत, सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशिज्ञान-चक्र

राशि→	मेष			वृष			मिथुन		
नक्षत्र→ चरण ↓	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरा	मृगशिरा	आर्द्रा	पुनर्वसु
प्रथम चरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के
द्वितीय चरण	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को
तृतीय चरण	चो	ले	०	उ	वी	०	क	ङ	ह
चतुर्थ चरण	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०

राशि→	कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्र→ चरण ↓	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू.फा.	उ.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा
प्रथम चरण	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीय चरण	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो
तृतीय चरण	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ चरण	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशि→	तुला			वृश्चिक			धनु		
नक्षत्र→ चरण ↓	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उ.षा.
प्रथम चरण	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे
द्वितीय चरण	०	रे	तू	०	नी	या	यो	धा	०
तृतीय चरण	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०
चतुर्थ चरण	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०

राशि→	मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्र→ चरण ↓	उ.षा.	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू.भा.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती
प्रथम चरण	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय चरण	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय चरण	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ चरण	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

राशिज्ञाने विशेषः— नक्षत्र व राशि में 'श' और 'स' तथा 'व' और 'ब' में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें— **संयोगजाक्षरे नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्।**

ध्यान दें — नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो 'ङ' की जगह 'घ', 'ञ' की जगह 'दु', तथा 'ण' की जगह 'पू' से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

"बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः।। प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शाब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णे या मात्रा स स्वर एव हि।।

अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते-

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्।। देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके।। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत्।। काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता।। कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।। विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। काममाकृचिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा।।

अभिजित्‌निर्णय :— वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात्।।

"उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण और श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करे। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करें। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे, उसके चार भाग करें; उसको श्रवण के १-१ चरण मानें। सामान्य गणक के ज्ञानार्थ ही यह यहां लिखा गया है।

राशिज्ञानम्— चू ल अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम्।।
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो ष ण ठ पो कन्या।।
राते तुला, तो ना यू वृश्चिकः, ये घफढभे धनुः।।
भोजा खागी मकरः, गुशद : कुम्भः दीथझञची मीनः।।

इस राशिज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह अक्षर भी ले लिया गया है। जैसे-मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा) अश्विनी का और चतुर्थ चरण पर्यन्त भरणी का ग्रहण हुआ और 'अ' से कृत्तिका का प्रथम चरण— इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष— जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ज्ञ' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ.षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा। क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ.षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोटः—चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने में फलितज्ञ को काफी आसानी रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्मसमय चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र जान लेता है तथा फलितशास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भूस्थित वनस्पति एवम् प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वारभाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्मपत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन फलितवेत्ता जन्मपत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है, जबकि चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्मकालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्मराशि का नाम दिया है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसका विशेष महत्त्व भी है।

नक्षत्रचरण एवं नवांशराशि–बोधक सारणी

प्रियव्रत शर्मा

ग्रह या लग्न किस राशि, नक्षत्र एवं नक्षत्रचरण (नवांश) में विद्यमान है– यह इस सारणी से ग्रह एवं लग्न–राश्यादि द्वारा जाना जा सकता है। ध्यान रहे–यहां दिए गए राश्यादि वे हैं, जहां राशि एवं नक्षत्रचरण (नवांश) प्रारम्भ होता है। जैसे– स्पष्ट सूर्य 5 रा. 27 अं. 20 क. हो तो सारणी से ज्ञात हो जाता है कि– सूर्य कन्या राशि, चित्रा नक्षत्र–द्वितीय चरण तथा कन्या के नवांश में है। क्योंकि यहां सूर्य कन्या राशि के ही नवांश में है, अतः यह वर्गोत्तम नवांश में है। कोष्ठक में वर्गोत्तम नवांश के साथ स्टार (★) लगाया गया है। कन्या के नवांश का स्वामी बुध है– यह भी सारणी में निर्दिष्ट है।

इस सारणी की मदद से नवांशकुण्डली लगाना बहुत आसान है।

ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश राशि	नवांश स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी
0 00 00	मेष अश्वि. 1	★मेष	मं.	3 00 00	कर्क पुन. 4	★कर्क	चं.	6 00 00	तुला चित्रा 3	★तुला	शु.	9 00 00	मकर उ. षा. 2	★मकर	श.
0 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	3 03 20	,, पुष्य 1	सिंह	सू.	6 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	9 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
0 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	3 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	6 06 40	,, स्वाती 1	धनु	गु.	9 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.
0 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	3 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	6 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	9 10 00	,, श्रव. 1	मेष	मं.
0 13 20	,, भर. 1	सिंह	सू.	3 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	6 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	9 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.
0 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	3 16 40	,, आश्ले. 1	धनु	गु.	6 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	9 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
0 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	3 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	6 20 00	,, विशा. 1	मेष	मं.	9 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.
0 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	3 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	6 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	9 23 20	,, धनि. 1	सिंह	सू.
0 26 40	,, कृत्ति. 1	धनु	गु.	3 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	6 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	9 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
1 00 00	वृष ,, 2	मकर	श.	4 00 00	सिंह मघा 1	मेष	मं.	7 00 00	वृश्चि. ,, 4	कर्क	चं.	10 00 00	कुम्भ ,, 3	तुला	शु.
1 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	4 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	7 03 20	,, अनु. 1	सिंह	सू.	10 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
1 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	4 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	7 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	10 06 40	,, शत. 1	धनु	गु.
1 10 00	,, रोहि. 1	मेष	मं.	4 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	7 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	10 10 00	,, ,, 2	मकर	श.
1 13 20	,, ,, 2	★वृष	शु.	4 13 20	,, पू.फा. 1	★सिंह	सू.	7 13 20	,, ,, 4	★वृश्चि.	मं.	10 13 20	,, ,, 3	★कुम्भ	श.
1 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	4 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	7 16 40	,, ज्येष्ठा 1	धनु	गु.	10 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.
1 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	4 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	7 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	10 20 00	,, पू.भा. 1	मेष	मं.
1 23 20	,, मृग. 1	सिंह	सू.	4 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	7 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	10 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.
1 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	4 26 40	,, उ.फा. 1	धनु	गु.	7 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	10 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
2 00 00	मिथुन ,, 3	तुला	शु.	5 00 00	कन्या ,, 2	मकर	श.	8 00 00	धनु मूल 1	मेष	मं.	11 00 00	मीन ,, 4	कर्क	चं.
2 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	5 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	8 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	11 03 20	,, उ.भा. 1	सिंह	सू.
2 06 40	,, आर्द्रा 1	धनु	गु.	5 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	8 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	11 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
2 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	5 10 00	,, हस्त 1	मेष	मं.	8 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	11 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.
2 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	5 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.	8 13 20	,, पू.षा. 1	सिंह	सू.	11 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
2 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	5 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	8 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	11 16 40	,, रेव. 1	धनु	गु.
2 20 00	,, पुन. 1	मेष	मं.	5 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	8 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	11 20 00	,, ,, 2	मकर	श.
2 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	5 23 20	,, चित्रा 1	सिंह	सू.	8 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	11 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
2 26 40	,, ,, 3	★मिथुन	बु.	5 26 40	,, ,, 2	★कन्या	बु.	8 26 40	,, उ.षा. 1	★धनु	गु.	11 26 40	,, ,, 4	★मीन	गु.

2 23 20	,,	,,	2	वृष	शु.	5 23 20	,,	चित्रा	1	सिंह	सू.	8 23 20	,,	,,	4	वृश्चि.	मं.	11 23 20	,,	,,	3	कुम्भ	श.
2 26 40	,,	,,	3	★मिथुन	बु.	5 26 40	,,	,,	2	★कन्या	बु.	8 26 40	,,	उ.षा.	1	★धनु	गु.	11 26 40	,,	,,	4	★मीन	गु.

बारह राशियों का मासिक फलादेश एवं संक्रान्ति-फलादेश (सम्वत् 2078 वि.)

वैशाख मास

मेषसंक्रान्ति (13 अप्रैल से 13 मई तक, सन् 2021 ई.)

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—संवत्सरेश एवं मन्त्री मंगल नीचाकांक्षी है। सूर्य-शुक्र का सम्बन्ध देश में आधि-व्याधि का संकेत देता है। कुम्भस्थ गुरु दक्षिणी भारत में साम्प्रदायिक उपद्रव एवं देशद्रोही वातावरण का संकेत देता है। शनि-मंगल की पोजीशन किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त करेगी। पाक-चीन-नेपाल से सम्बन्ध कुछ बिगड़ सकते हैं। अनाज, तेल-तिलहन तेज रहें।

वैशाख(मेष)संक्रान्ति-कुण्डली

मेषसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 13 अप्रैल, सन् 2021 ई. को 26 घं. 31 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

वैशाख मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मन अशान्त रहे, वृथा व्यय, बन्धुकष्ट, कारोबार कुछ ठीक। **अप्रैल** 20, 21, 29, 30, **मई** 7, 8, 9 अशुभ।

वृष—त्वचा-रोग, अर्थहानि, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, धर्म-कर्म में मन लगे, कारोबार में हानि। **अप्रैल** 22, 23, 24, 30, **मई** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मिथुन—क्रोध बढ़े, अचानक अर्थलाभ, भाई-बन्धु से मेल, यात्रा में सुख। **अप्रैल** 25, 26, **मई** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कर्क—सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धु-सुख, सम्पदा-लाभ, गुप्त चिन्ता, आय से व्यय अधिक। **अप्रैल** 18, 19, 27, 28, **मई** 5, 6 अशुभ।

सिंह—सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धुकष्ट, सन्तान-पक्ष से सुख, योजना से लाभ। **अप्रैल** 20, 21, 29, 30, **मई** 7, 8, 9 अशुभ।

कन्या—वायुविकार, धनलाभ होकर हानि हो, मित्र-बन्धु से मदद, राजपक्ष से भय। **अप्रैल** 22, 23, 24, 30, **मई** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

तुला—वायुविकार, अर्थहानि, बन्धुकष्ट, सन्तान-पक्ष से सुख, स्त्री-पक्ष से लाभ। **अप्रैल** 25, 26, **मई** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

वृश्चिक—चोटभय, त्वचा-रोग, धनलाभ होकर हानि, निजीजनों से अनबन, शत्रुवृद्धि। **अप्रैल** 18, 19, 27, 28, **मई** 5, 6 अशुभ।

धनु—रक्तपित्त-विकार, अर्थलाभ, अच्छे लोगों से मेल, शत्रुप्रबल, चोटभय, कारोबार बेहतर। **अप्रैल** 20, 21, 29, 30, **मई** 7, 8, 9 अशुभ।

मकर—सेहत ठीक, धनलाभ, भ्रातृसुख, अच्छे लोगों से मेल,योजना सफल, उत्साह बढ़े। **अप्रैल** 22, 23, 24, 30, **मई** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

कुम्भ—सेहत ठीक, अर्थलाभ हो, सन्ततिकष्ट, राजपक्ष से भय, स्त्रीसुख, मासान्त में हानि। **अप्रैल** 25, 26, **मई** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मीन—नयी योजना, सेहत ठीक, कार्यान्तर से लाभ, बन्धुकष्ट, स्त्रीसुख, मासान्त में हानिभय। **अप्रैल** 18, 19, 27, 28, **मई** 5, 6 अशुभ।

ज्येष्ठ मास

वृषसंक्रान्ति (14 मई से 14 जून तक, सन् 2021 ई.)
(इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

वृषसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—सूर्य, शुक्र, बुध एवं राहु का लग्न में एकत्र होना एवं शनि, मंगल का षडष्टकयोग शासकों को कठिन परिस्थितियों में खड़ा करेगा। द्वितीय भावस्थ मंगल-चन्द्र देश की आर्थिक स्थिति को बिगाड़ेंगे। चीन की विस्तारवादी नीति से शान्ति भंग होगी। अमेरिका एवं उ. कोरिया में शस्त्रास्त्रों की होड़ से वैश्विक शान्ति को खतरा होगा। सूर्य, राहु एवं शनि, मंगल की स्थिति से जन-जीवनोपयोगी वस्तुओं में भारी तेजी रहे।

ज्येष्ठ(वृष)संक्रान्ति-कुण्डली

मं.चं. 3
1
4
2 सू.बु. रा.शु.
12
5
11 गु.
6
8 के.
10श.
7
9

वृषसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 14 मई, सन् 2021 ई. को 23 घं. 24 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल मध्याह्न बाद,

ज्येष्ठ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—कफ-वायुविकार, अर्थहानि-भय, गुप्त चिन्ता, सन्तान-स्त्रीपक्ष से सुख, भाग्य साथ दे। **मई** 17, 18, 19, 26, 27, **जून** 4, 5 अशुभ।

वृष—उदरविकार, धनलाभ होकर हानि हो, निजीजन-कष्ट, कारोबार में सुधार। **मई** 20, 21, 28, 29, **जून** 6, 7, 8 अशुभ।

मिथुन—रक्त-पित्तविकार, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, मासान्त में हानिभय। **मई** 22, 23, 30, 31, **जून** 9, 10, 11 अशुभ।

कर्क—सेहत ठीक, अर्थलाभ, शत्रु बढ़ें, कार्यान्तर का विचार, मासान्त में हानिभय। **मई** 24, 25, **जून** 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

सिंह—वायुविकार, धनलाभ, बन्धुकष्ट, सम्पत्ति-विवाद, स्त्रीसुख, स्थानान्तर व कार्यान्तर से लाभ। **मई** 17, 18, 19, 26, 27, **जून** 4, 5 अशुभ।

कन्या—सेहत गड़बड़, धनलाभ, जायदाद-सम्बन्धित विवाद, स्त्रीपक्ष से सुख, मासान्त में लाभ से व्यय अधिक। **मई** 20, 21, 28, 29, **जून** 6, 7, 8 अशुभ।

तुला—उत्साह बढ़े, शत्रु कमजोर, सेहत ठीक, सन्तानपक्ष से सुख, सम्पत्ति-लाभ, कारोबार पूर्ववत्। **मई** 22, 23, 30, 31, **जून** 9, 10, 11 अशुभ।

वृश्चिक—उदरविकार, धनलाभ, अच्छे लोगों से मेल, नीच से अपमान-भय, कारोबार कुछ ठीक। **मई** 24, 25, **जून** 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

धनु—उत्साहवृद्धि, अर्थहानि-भय, निजीजन-सहयोग, नयी योजना से कारोबार बढ़े, शत्रु पराजित। **मई** 17, 18, 19, 26, 27, **जून** 4, 5 अशुभ।

मकर—कफविकार, अर्थलाभ, सम्पत्तिसुख, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक, बन्धुकष्ट। **मई** 20, 21, 28, 29, **जून** 6, 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—सेहत ठीक, धनलाभ, राजपक्ष से भय, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़, वृथा विवाद से बचें। **मई** 22, 23, 30, 31, **जून** 9, 10, 11 अशुभ।

मीन—रक्तपित्त विकार, धनलाभ होकर हानि, शत्रु कमजोर, सन्ततिचिन्ता, कारोबार ठीक। **मई** 24, 25, **जून** 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

आषाढ़ मास

मिथुनसंक्रान्ति (15 जून से 15 जुलाई तक, सन् 2021 ई.)

(क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

मिथुनसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—शनि, मंगल का समसप्तक देश में भारी अशान्ति का सूचक है। अग्निकाण्ड, साम्प्रदायिक उपद्रव एवं कुछ देशद्रोही तत्त्व सक्रिय रहें, शासनतन्त्र परेशान रहे। कश्मीर एवं उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़ में उग्रवाद से हानि सम्भव है।

आषाढ़(मिथुन)संक्रान्ति-कुण्डली

3 सू. शु.
2 रा.बु.
1
12
11 गु.
10 श.
9
8 के.
7
6
5
मं.चं.4

अनाज, घी, गुड़, सोना, चांदी एवं शेयरों में जोरदार उठा-पटक होगी।

मिथुनसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 15 जून, सन् 2021 ई. को 6 घं. 01 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल मध्याह्न तक,

आषाढ़ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, सम्पत्ति-विवाद, नयी योजना, शत्रु कमजोर, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार गड़बड़। **जून** 22, 23, **जुलाई** 1, 2, 11, 12 अशुभ।

वृष—क्रोध बढ़े, रक्तपित्त-विकार, निजीजन-सहयोग, कार्यान्तर से लाभ। **जून** 16, 24, 25, **जुलाई** 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

मिथुन—सेहत ठीक, धनलाभ, भाई से मदद, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। **जून** 18, 19, 26, 27, 28, **जुलाई** 6, 7 अशुभ।

कर्क—ब्लड-प्रेशर, धनलाभ, भ्रातृसुख, स्त्रीकष्ट, राजपक्ष शुभ, कारोबार ठीक। **जून** 20, 21, 29, 30, **जुलाई** 8, 9, 10 अशुभ।

सिंह—वायुविकार, घरेलु झंझट, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार सुधरे। **जून** 22, 23, **जुलाई** 1, 2, 11, 12 अशुभ।

कन्या—रक्तपित्त-विकार, धनहानि, पुराने झंझट उलझें, सन्तान व स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार ठीक। **जून** 16, 24, 25, **जुलाई** 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

तुला—उदरविकार, आर्थिक संकट, बन्धु से मदद, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्री-कष्ट, मासान्त में लाभ। **जून** 18, 19, 26, 27, **जुलाई** 6, 7 अशुभ।

वृश्चिक—सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, मित्र-बन्धु-सुख, कार्यान्तर का विचार, गुप्त शत्रुभय। **जून** 20, 21, 29, 30, **जुलाई** 8, 9, 10 अशुभ।

धनु—वायुरोग, अर्थलाभ, शत्रु प्रबल, अच्छे लोगों से मदद, कारोबार में वृद्धि। **जून** 22, 23, **जुलाई** 1, 2, 11, 12 अशुभ।

मकर—सेहत गड़बड़, अच्छे लोगों से मेल, उत्साह बढ़े, नयी योजना, कार्यान्तर से लाभ। **जून** 16, 24, 25, **जुलाई** 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

कुम्भ—धनलाभ, घरेलु झंझट बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में रद्दोबदल का विचार। **जून** 18, 19, 26, 27, **जुलाई** 6, 7 अशुभ।

मीन—सेहत ठीक, अर्थलाभ, स्त्रीसुख, कारोबार बेहतर, बन्धुकष्ट, मासान्त में लाभ। **जून** 20, 21, 29, 30, **जुलाई** 8, 9, 10 अशुभ।

श्रावण मास

कर्कसंक्रान्ति (16 जुलाई से 15 अगस्त तक, सन् 2021 ई.)
(हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

कर्कसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—सूर्य-शुक्र एवं नीच मंगल का शत्रु ग्रह शनि के साथ समसप्तक होने से देश में उग्रवादजन्य किंवा प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि सम्भव है। केरल, बंगाल एवं दिल्ली में सम्प्रदाय-विशेष में भारी रोष एवं अशान्ति रहे। सीमाप्रान्तों पर सीमातिक्रमण से अशान्ति रहे। तेल, घी, गुड़, चना तेज रहें।

कर्कसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 16 जुलाई, सन् 2021 ई. को 16 घं. 53 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल सारा दिन,

श्रावण मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—क्रोध बढ़े, सिर-पीड़ा, अर्थलाभ होकर हानि हो, स्त्रीकष्ट, मित्र-बन्धु-सहयोग। **जुलाई** 20, 21, 28, 29, 30, **अगस्त** 7, 8 अशुभ।

वृष—सेहत गड़बड़, नेत्रकष्ट, मित्रों से मदद, गुप्त शत्रुभय, कारोबार कमजोर। **जुलाई** 22, 23, 31, **अगस्त** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

मिथुन—उदरविकार, क्रोध बढ़े, घरेलु झंझट, शत्रु प्रबल, कारोबार में रद्दोबदल। **जुलाई** 16, 17, 24, 25 **अगस्त** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कर्क—सेहत कमजोर, अर्थलाभ होकर हानि, बन्धुकष्ट, कारोबार गड़बड़। **जुलाई** 18, 19, 26, 27, **अगस्त** 5, 6, 14, 15 अशुभ।

सिंह—चोटभय, अर्थलाभ होकर हानि हो, घरेलु झंझट, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल। **जुलाई** 20, 21, 28, 29, 30, **अगस्त** 7, 8 अशुभ।

कन्या—वायुविकार, धनलाभ, उत्साह बढ़े, सन्तान-हेतु विशेष खर्च, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक। **जुलाई** 22, 23, 31, **अगस्त** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

तुला—सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धुकष्ट, सम्पत्ति-विवाद, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक, आय से खर्च अधिक हो। **जुलाई** 16, 17, 24, 25, **अगस्त** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

वृश्चिक—रक्त-पित्तविकार, धनलाभ, निजी-लोगों से अनबन, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार में लाभ होकर हानिभय। **जुलाई** 18, 19, 26, 27, **अगस्त** 5, 6, 14, 15 अशुभ।

धनु—सेहत ठीक, अर्थलाभ, निजीजन-सहयोग, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **जुलाई** 20, 21, 28, 29, 30, **अगस्त** 7, 8, अशुभ।

मकर—सेहत ठीक, धनलाभ हो, घरेलु झंझट बढ़ें, राजपक्ष से भय, नीचे से अपमानभय, कारोबार कुछ ठीक। **जुलाई** 22, 23, 31, **अगस्त** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

कुम्भ—वृथा विवाद से बचें, धनलाभ, निजी-लोगों से अनबन, नयी योजना से लाभ, स्त्रीकष्ट। **जुलाई** 16, 17, 24, 25, **अगस्त** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मीन—नेत्र व सिर में कष्ट, वृथा व्यय अधिक हो, कर्जे से परेशानी, गुप्त शत्रु से सावधान। **जुलाई** 18, 19, 26, 27, **अगस्त** 5, 6, 14, 15 अशुभ।

भाद्रपद मास

सिंहसंक्रान्ति (16 अग. से 15 सितं. तक, सन् 2021 ई.)
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

सिंहसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्नस्थ सूर्य-मंगल-बुध पर बृहस्पति की दृष्टि है, अतः देश में प्रगतिप्रद योजनाएं बनेंगी।

भाद्रपद(सिंह)संक्रान्ति-कुण्डली

शु. 6 | 4 | 3 | 7 | 5 सू. मं.बु. | 8 चं. के. | 2 रा. | 9 | 11 गु. | 1 | 10 श. | 12

उग्रवाद एवं सीमाप्रान्तों पर शान्त्यर्थ सैन्यबल का प्रयोग करना पड़ेगा। राहु एवं नीच चन्द्र का समसप्तक बना हुआ है। प्रधान नेता को महंगाई एवं आर्थिक संकट कण्ट्रोल करने के लिए कठोर पग उठाने होंगे। रोग-विशेष एवं उग्रवाद से जनता परेशान भी रहे।

सिंहसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 16 अग., सन् 2021 ई. को 25 घं. 17 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

भाद्रपद मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मन अशान्त, क्रोध बढ़े, धनलाभ हो, उत्साह बढ़े, नयी योजना से कारोबार में लाभ, गुप्त चिन्ता, नेत्रकष्ट। **अगस्त** 16, 17, 25, 26, **सितम्बर** 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

वृष—उदरविकार, अर्थलाभ, निजीजन-सहयोग, सम्पत्ति-विवाद, शत्रु कमजोर, चोट से बचें। **अगस्त** 18, 19, 27, 28, **सितम्बर** 6, 7, 14, 15 अशुभ।

मिथुन—क्रोध बढ़े, वृथा व्यय, अर्थलाभ होकर हानि हो, निजी-लोगों से अनबन, स्त्रीपक्ष से परेशानी, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। **अगस्त** 20, 21, 30, 31, **सितम्बर** 8, 9 अशुभ।

कर्क—रक्तपित्त-विकार, अर्थलाभ होकर हानि, घरेलु झंझट बढ़ें, वृथा विवाद से दूर रहें। **अगस्त** 22, 23, 24, **सितम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

सिंह—उदरविकार, अर्थहानि, जमीन-जायदादसम्बन्धी झगड़े, गुप्त शत्रु से भय, कारोबार ठीक। **अगस्त** 16, 17, 25, 26, **सितम्बर** 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

कन्या—सेहत खराब, अर्थलाभ होकर हानि हो, असफल योजना, शत्रु प्रबल, कारोबार कमजोर, मासान्त में विशेष खर्च। **अगस्त** 18, 19, 27, 28, **सितम्बर** 6, 7, 14, 15 अशुभ।

तुला—रोगभय, कारोबार में रुकावट, सन्तान-पक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर का विचार, आर्थिक लाभ हो। **अगस्त** 20, 21, 30, 31, **सितम्बर** 8, 9 अशुभ।

वृश्चिक—सेहत ठीक, आमदन से खर्च ज्यादा हो, कारोबार में रुकावट, शत्रु बढ़ें, निजीजन-सहयोग। **अगस्त** 22, 23, 24, **सितम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

धनु—मानहानिभय, वृथा विवाद, आर्थिक संकट, सन्तान व स्त्रीपक्ष से लाभ, कार्यान्तर का विचार। **अगस्त** 16, 17, 25, 26, **सितम्बर** 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

मकर—गुप्त शत्रुभय, मानसिक चिन्ता, धनलाभ, घरेलु झंझट बढ़ें, सम्पत्ति-लाभ, कारोबार गड़बड़। **अगस्त** 18, 19, 27, 28, **सितम्बर** 6, 7, 14, 15 अशुभ।

कुम्भ—गुप्त चिन्ता, आय से व्यय अधिक हो, निजीजन-सहयोग, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। **अगस्त** 20, 21, 30, 31, **सितम्बर** 8, 9 अशुभ।

मीन—वायुविकार, धनलाभ, घरेलु झंझट, सन्ततिकष्ट, कारोबार में रद्दोबदल, स्त्रीपक्ष से परेशानी। **अगस्त** 22, 23, 24, **सितम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

आश्विन मास

कन्यासंक्रान्ति (16 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् 2021 ई.)
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

कन्यासंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्न में बुधादित्य योग पर गुरु की दृष्टि प्रधान नेता को यश प्रदान करेगी। संवत्सर का स्वामी मंगल व सूर्य एकत्र होकर अग्निकाण्ड से कहीं हानिकारक हैं। धनेश शुक्र पर शनि की दृष्टि देश की आर्थिक स्थिति को सुव्यवस्थित करेगी। भारत की प्रभावराशि में शनि, गुरु देश को यश-गौरव प्रदान करेंगे।

कन्यासंक्रान्ति-प्रवेशकाल 16 सितम्बर, सन् 2021 ई. को 25 घं. 13 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 45, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

आश्विन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत ठीक, धनहानि, स्थिर सम्पत्तिलाभ, गुप्त चिन्ता, कारोबार में कुछ रद्दोबदल, नेत्रकष्ट। **सितम्बर** 21, 22, **अक्तूबर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

वृष—सेहत ठीक, धनलाभ, शत्रु कमजोर, सन्तानसुख, स्त्रीकष्ट, मासान्त में विशेष खर्च। **सितम्बर** 23, 24, 25, **अक्तूबर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मिथुन—अर्थहानि, नेत्रकष्ट, घरेलु झंझट बढ़ें, नीच से अपमानभय, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। **सितम्बर** 17, 18, 26, 27, **अक्तूबर** 5, 6, 14, 15 अशुभ।

कर्क—क्रोध बढ़े, अर्थहानि, निजीजनों से अनबन, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त में खर्च विशेष। **सितम्बर** 19, 20, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 8, 16 अशुभ।

सिंह—क्रोध बढ़े, धनलाभ, भ्रातृसुख, सन्तान हेतु विशेष खर्च, गुप्त चिन्ता, राजपक्ष से भय। **सितम्बर** 21, 22, **अक्तूबर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, अर्थलाभ, मित्रों से अनबन, सन्तानकष्ट, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़। **सितम्बर** 23, 24, 25, **अक्तूबर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

तुला—रुके काम बने, स्थिर सम्पत्तिविवाद, स्त्रीकष्ट, इज्जत-मान प्राप्त हो, कारोबार कुछ ठीक। **सितम्बर** 17, 18, 26, 27, **अक्तूबर** 5, 6, 14, 15 अशुभ।

वृश्चिक—सेहत कमजोर, अर्थलाभ होकर हाथ से निकले, निजीजनों से अनबन, सुखलाभ, सन्तानपक्ष ठीक। **सितम्बर** 19, 20, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 8, 16 अशुभ।

धनु—शरीर-पीड़ा, अर्थलाभ, निजीजन-सहयोग, पापकर्म में मन लगे, रोगभय, कारोबार कुछ ठीक। **सितम्बर** 21, 22, **अक्तूबर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मकर—हानि व कष्टभय, बुरी खबर, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, बन्धु-सहयोग, कारोबार ठीक, मासान्त में विशेष खर्च। सितम्बर 23, 24, 25, **अक्तूबर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कुम्भ—अर्थलाभ, भाई-बन्धु से मदद, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट, व्यवसाय में बाधा, यात्रा हो। **सितम्बर** 17, 18, 26, 27, अक्तूबर 5, 6, 14, 15 अशुभ।

मीन—वृथा व्यय, सेहत ठीक, असफल योजना, कारोबार गड़बड़, कार्यान्तर का विचार, राजपक्ष से भय। **सितम्बर** 19, 20, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 8, 16 अशुभ।

कार्त्तिक मास

तुलासंक्रान्ति (17 अक्तूबर से 15 नवं. तक, सन् 2021 ई.)

(रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

तुलासंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—नीचस्थ सूर्य पर शनि की दृष्टि होने से प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। केतु-शुक्र एवं मंगल से आक्रान्त सूर्य भारत की आर्थिक स्थिति चिन्तनीय होने का संकेत देता है। पाक, U.S.A. एवं कुछ यवन देशों की नीति चिन्तनीय रहेगी। रुई, सोना, चांदी, तांबा एवं खाद्य पदार्थ तेज होंगे।

कार्त्तिक(तुला)संक्रान्ति-कुण्डली

शु.8 के.
6 बु.मं.
7 सू.
9
5
10
4
गु.श.
11 चं.
1
3
12
2 रा.

तुलासंक्रान्ति-प्रवेशकाल 17 अक्तूबर, सन् 2021 ई. को 13 घं. 12 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल सारा दिन,

कार्त्तिक मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सिरपीड़ा, अर्थलाभ होकर हानि, उत्साह बढ़े, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्री-कष्ट, शत्रु प्रबल। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 6, 7, 15 अशुभ।

वृष—सेहत गड़बड़, नेत्रकष्ट, मित्रों से मदद, गुप्त शत्रुभय, कारोबार गड़बड़, मासान्त में विशेष हानि। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 8, 9 अशुभ।

मिथुन—उदरविकार, क्रोध बढ़े, घरेलु झंझट, शत्रु प्रबल, कारोबार में रद्दोबदल का विचार। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 10, 11 अशुभ।

कर्क—वायुविकार, धनलाभ, स्थिर सम्पत्तिविवाद, सन्तानपक्ष से चिन्ता, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट। **अक्तूबर** 26, 27, **नवम्बर** 4, 5, 12, 13 अशुभ।

सिंह—सेहत ठीक, धनलाभ, नयी योजना से लाभ, मित्रकष्ट, राजपक्ष से भय, मासान्त में विशेष कष्ट। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 6, 7, 15 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, धनलाभ होकर हाथ से निकले, कर्जा चढ़े, जमीन-जायदाद-सम्बन्धित झगड़े, स्त्रीसुख। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 8, 9 अशुभ।

तुला—मन अशान्त, गुप्त शत्रु से भय, धनहानि, शत्रु कमजोर, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार कुछ ठीक। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 10, 11 अशुभ।

वृश्चिक—विशेष कष्ट, मानसिक चिन्ता, धनलाभ, नयी योजना व सन्तान-पक्ष से खुशी। **अक्तूबर** 26, 27, **नवम्बर** 4, 5, 12, 13 अशुभ।

धनु—क्रोध बढ़े, कर्जा चढ़े, नयी योजना से हानि, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार बेहतर, नेत्र व सिर पीड़ा। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 6, 7, 15 अशुभ।

मकर—कफ-वायुविकार, बन्धु-सहयोग, वृथा व्यय, पुराने झंझट बढ़ें, शत्रु हतप्रभ, मासान्त में हानिभय। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 8, 9 अशुभ।

कुम्भ—सेहत गड़बड़, धनलाभ, निजीजन-कष्ट, सन्तान हेतु विशेष खर्च, कारोबार में रद्दोबदल। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 10, 11 अशुभ।

मीन—गुप्त शत्रु से सावधान, बन्धनभय, वृथा व्यय, मानसिक व शारीरिक परेशानी, कर्जे से मन परेशान। **अक्तूबर** 26, 27, **नवम्बर** 4, 5, 12, 13 अशुभ।

मार्गशीर्ष मास

वृश्चिकसंक्रान्ति (16 नवं. से 14 दिसं. तक, सन् 2021 ई.)
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

वृश्चिकसंक्रान्ति-कालीन गोचर

मार्गशीर्ष(वृश्चिक)संक्रान्ति-कुण्डली

9 शु. | 7 मं.बु. | 10गु. श. | 8 सू. के. | 6 | 11 | 5 | 12 चं. | 2 रा. | 4 | 1 | 3

ग्रहस्थिति-फल—सूर्य-केतु का राहु के साथ समसप्तक एवं शनि-मंगल का परस्पर दृष्टि-सम्बन्ध राजनीति में अघटित घटनाओं को जन्म देगा। विपक्ष देश की प्रगतिप्रद योजनाओं में बाधक रहेगा। देशसुरक्षा हेतु सैन्यसंगठन जरूरी रहेगा। मीनस्थ चन्द्र पर शनि की दृष्टि कहीं दुर्भिक्ष किंवा कहीं प्राकृतिक आपदा का संकेत देती है।

वृश्चिकसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 16 नवम्बर, सन् 2021 ई. को 13 घं. 02 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल सारा दिन,

मार्गशीर्ष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मन अशान्त, क्रोध बढ़े, धनलाभ, उत्साहवृद्धि, नयी योजना, गुप्त चिन्ता, नेत्रकष्ट, कारोबार कमजोर। **नवम्बर** 25, 26, **दिसम्बर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

वृष—उदरविकार, अर्थलाभ, निजीजन-सहयोग, स्थिर सम्पत्तिविवाद, शत्रु हतप्रभ-कमजोर। **नवम्बर** 17, 18, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

मिथुन—क्रोध बढ़े, वृथा व्यय, शत्रु प्रबल, सन्तानपक्ष से चिन्ता, रोगभय, कारोबार बेहतर। **नवम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

कर्क—सेहत ठीक, वृथा व्यय, घरेलु झंझट बढ़े, शत्रु बढ़े, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **नवम्बर** 22, 23, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

सिंह—मन चिन्तित, आर्थिक स्थिति बेहतर, सम्पदालाभ, मासान्त में राजभय, खर्च विशेष। **नवम्बर** 25, 26, **दिसम्बर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, आर्थिक तंगी, कर्जा सिर चढ़े, स्त्रीपक्ष शुभ, कार्यान्तर से लाभ, निजीलोगों से मनमुटाव। **नवम्बर** 17, 18, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

तुला—शरीरकष्ट, अर्थचिन्ता, स्त्रीकष्ट, कारोबार में लाभ, चन्द्र-शनि पूज्य हैं। **नवम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

वृश्चिक—उदरविकार, शुभ समाचार, वंशवृद्धि, शत्रु बढ़े, गुप्त शत्रु से भय, मासान्त में विशेष खर्च। **नवम्बर** 22, 23, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

धनु—मन चिन्तित, कारोबार में रुकावट, अच्छे लोगों से मेल, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कलह-क्लेश से बचें। **नवम्बर** 25, 26, **दिसम्बर** 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मकर—सेहत गड़बड़, बन्धुसुख, मित्रों से अनबन, सन्ततिकष्ट, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख। **नवम्बर** 17, 18, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

कुम्भ—नेत्र व सिरपीड़ा, स्थिर सम्पत्तिविवाद, नयी योजना, यात्रा में कष्ट, कार्यान्तर से लाभ। **नवम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

मीन—बिगड़े काम बनें, सेहत ठीक, आर्थिक चिन्ता, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक। **नवम्बर** 22, 23, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

पौष मास

धनुसंक्रान्ति (15 दिसं. 2021 ई. से 13 जन., सन् 2022 ई. तक)

(ये,यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)

धनुसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—सूर्य-बुध लग्न में शुभ होने पर भी ये दोनों ग्रह शनि-शुक्र एवं मंगल-केतु से खलाक्रान्त हैं। दु:खद घटना से परेशानी रहे। शनि-मंगल की स्थिति उग्रवादजन्य घटना से जनधनहानि की भी सम्भावना बनाती है। व्यापारी वर्ग में असन्तोष से शासनतन्त्र के प्रति जनसाधारण असन्तुष्ट रहे। औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार की योजनाएं आर्थिक संकट से जूझें। प्राकृतिक प्रकोप से पर्वतीय भूभाग में हानि के योग हैं। खाद्य पदार्थ महंगे हों।

पौष(धनु)संक्रान्ति-कुण्डली

10 श.शु. | मं.के. 8 | 7
11 गु. | 9 सू. बु. | 12 | 6
1 चं. | 3 | 5
2 रा. | 4

धनुसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 15 दिसम्बर, सन् 2021 ई. को 27 घं. 44 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

पौष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—स्थानान्तरण व कार्यान्तर का विचार, राजपक्ष से भय, यात्रा में चोटभय, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख। **दिसम्बर** 22, 23, 31, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 8, 9 अशुभ।

वृष—सेहत ठीक, धनहानि व नेत्रकष्ट, सन्तानपक्ष से चिन्ता, शत्रु कमजोर, कारोबार में हानिभय। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जन. (सन् 2022 ई.)** 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।

मिथुन—भय, पीड़ा, शत्रु-वृद्धि, शोक-समाचार, कारोबार ठीक, मासान्त में जायदाद-सम्बन्धित विवाद, निजीलोगों से अनबन। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 4, 5, 13 अशुभ।

कर्क—वृथा व्यय, निजीलोगों से अनबन, समस्याएं बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार कुछ ढीला। **दिसं.** 19, 20, 21, 29, 30, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 6, 7 अशुभ।

सिंह—चोटभय, कर्जा चढ़े, बन्धुसुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार में हानि, कष्टप्रद यात्रा। **दिसम्बर** 22, 23, 31, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 8, 9 अशुभ।

कन्या—शारीरिक कष्ट, धनलाभ, सन्तान हेतु खर्च, कारोबार में हानि, मासान्त अशुभ, स्त्रीसुख। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।

तुला—शरीरकष्ट, शत्रु बढ़े, मुकद्दमे या लड़ाई से बचें, कारोबार में कुछ सुधार। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 4, 5, 13 अशुभ।

वृश्चिक—क्रोध बढ़े, सन्तानपक्ष शुभ, हाथ तंग रहे, शत्रु उभरें, कारोबार में गिरावट, आमदन से खर्च अधिक। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 6, 7 अशुभ।

धनु—क्रोध बढ़े, अर्थहानि, गुप्त चिन्ता, निजीलोगों से अनबन, राजपक्ष से भय। **दिसम्बर** 22, 23, 31, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 8, 9 अशुभ।

मकर—सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानि हो, निजीलोगों से परेशानी, घरेलु झंझट, शत्रु हतप्रभ। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।

कुम्भ—सुख-धनलाभ, शत्रु से भय, सन्ततिकष्ट, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त में कार्यान्तर से लाभ। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 4, 5, 13 अशुभ।

मीन—सुखलाभ, शत्रु कमजोर, अर्थलाभ होकर हानि हो, जमीन-जायदाद-सम्बन्धित विवाद। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, **जनवरी (सन् 2022 ई.)** 6, 7 अशुभ।

माघ मास

मकरसंक्रान्ति (14 जनवरी से 11 फरवरी तक, सन् 2022 ई.)

(भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

मकरसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्न में शनि-सूर्य-बुध का मेल भयंकर प्राकृतिक आपदा का सूचक है। कुछ उ. भारतीय प्रान्तों, सीमा-प्रान्तों एवं किसी मुस्लिम राष्ट्र में भारी परेशानी एवं हत्याकाण्ड सम्भव है। महंगाई पर कण्ट्रोल करना कठिन होगा। कुछ प्रान्त उग्रवादजन्य जनधनहानिग्रस्त रहें। चावल, घी, चना, गुड़ तेज रहेंगे।

मकरसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 14 जनवरी, सन् 2022 ई. को 14 घं. 29 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 45, पुण्यकाल पूरा दिन,

माघ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—विरोधी-पक्ष कमजोर, सुखलाभ, कारोबार ठीक, मासमध्य में पारिवारिक कष्ट। **जनवरी** 18, 19, 27, 28, **फरवरी** 5, 6 अशुभ।

वृष—वायुरोग, नेत्रकष्ट, सम्पदाविवाद, सन्ततिकष्ट, गुप्त चिन्ता, कारोबार कमजोर। **जनवरी** 20, 21, 22, 29, 30, **फरवरी** 7, 8 अशुभ।

मिथुन—सेहत कमजोर, गुप्त शत्रु से भय, अच्छे लोगों से मेल, सुखद यात्रा, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **जनवरी** 14, 23, 24, 31, **फरवरी** 9, 10, 11 अशुभ।

कर्क—क्रोध बढ़े, धनहानि, निजीजन-सहयोग, आय से व्यय अधिक, मासान्त उलझनपूर्ण। **जनवरी** 16, 17, 25, 26, **फरवरी** 2, 3 अशुभ।

सिंह—शत्रु बढ़ें, शरीरकष्ट, धनलाभ होकर हानि, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, वृथा विवाद से बचें। **जनवरी** 18, 19, 27, 28, **फरवरी** 5, 6 अशुभ।

कन्या—अरिष्ट-भय, स्त्रीसुख, कारोबार में सुधार, मासान्त में घरेलु झंझट। **जनवरी** 20, 21, 22, 29, 30, **फरवरी** 7, 8 अशुभ।

तुला—शत्रु कमजोर, स्त्रीपक्ष से परेशानी, चोटभय, कारोबार कमजोर, मित्र-बन्धु से मदद मिले। **जनवरी** 14, 23, 24, 31, **फरवरी** 9, 10, 11 अशुभ।

वृश्चिक—वायुरोग, कर्जा बढ़े, यात्रा हो, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, हिस्सेदारी में हानि। **जनवरी** 16, 17, 25, 26, **फरवरी** 2, 3 अशुभ।

धनु—क्रोध बढ़े, धनलाभ, निजीलोगों से मनमुटाव, घरेलु झंझट, नयी योजना से हानि। **जनवरी** 18, 19, 27, 28, **फरवरी** 5, 6 अशुभ।

मकर—बिगड़े काम बनें, अर्थलाभ, उत्साह बढ़े, स्थिर सम्पत्तिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार में सुधार। **जनवरी** 20, 21, 22, 29, 30, **फरवरी** 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—गुप्त चिन्ता, कर्जा सिर चढ़े, निजीजन-कष्ट, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, शत्रु बढ़ें। **जनवरी** 14, 23, 24, 31, **फरवरी** 9, 10, 11 अशुभ।

मीन—उदरविकार, धनहानि, निजीजन-कष्ट, शत्रु बढ़ें, कारोबार कुछ ठीक। **जनवरी** 16, 17, 25, 26, **फरवरी** 2, 3 अशुभ।

फाल्गुन मास

कुम्भसंक्रान्ति (12 फरवरी से 13 मार्च तक, सन् 2022 ई.)

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

कुम्भसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—केन्द्र में राहु-केतु 'छत्रयोग' बना रहे हैं। लेकिन मीन राशि पर शनि-मंगल की दृष्टि होने से देश-हितार्थ किये गये कार्यक्षेत्र पर विपक्ष का वैमत्य उजागर होगा। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। लेकिन वैज्ञानिक क्षेत्र किंवा अन्तरिक्ष अनुसन्धान में भारत उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर रहेगा। अनाज, चीनी, चांदी, तिलहन एवं शेयर बाजारों में तेजी रहे।

फाल्गुन(कुम्भ)संक्रान्ति-कुण्डली

12
श.बु. 10
1
11 सू.गु.
9 मं. शु.
2 रा.
8 के.
3 चं.
5
7
4
6

कुम्भसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 12 फरवरी, सन् 2022 ई. को 27 घं. 27 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

फाल्गुन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—हानिभय, गुप्त शत्रु बढ़ें, नेत्र व सिरकष्ट, सन्तानसुख, कारोबार में रुकावट। **फरवरी** 14, 15, 24, 25, **मार्च** 4, 5 अशुभ।

वृष—अचानक कष्ट, अर्थलाभ, अच्छे लोगों से मेल, सन्तान व स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। **फरवरी** 17, 18, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ।

मिथुन—धनहानि, रोगभय, स्त्रीकष्ट, कारोबार में बाधा, मन परेशान रहे। **फरवरी** 19, 20, 28, **मार्च** 9, 10 अशुभ।

कर्क—कष्टभय, धनलाभ, वृथा विवाद से बचें, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **फरवरी** 12, 13, 21, 22, **मार्च** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

सिंह—राजपक्ष से भय, गुप्त चिन्ता, शनि-मंगल का दान करें, मित्र-बन्धु से सहयोग। **फरवरी** 14, 15, 24, 25, **मार्च** 4, 5 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, प्रभावक्षेत्र बढ़े, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में सुधार, मासान्त शुभ। **फरवरी** 17, 18, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ।

तुला—सेहत ठीक, नयी योजना से हानि, कर्जा सिर चढ़े, आय से व्यय अधिक, बन्धु से मदद मिले। **फरवरी** 19, 20, 28, **मार्च** 9, 10 अशुभ।

वृश्चिक—घरेलु झंझट बढ़ें, क्रोध से हानिभय, निजीलोगों से अनबन, कारोबार सुधरे। **फरवरी** 12, 13, 21, 22, **मार्च** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

धनु—धनलाभ, निजीजनों से मेल, मासान्त में आय से व्यय अधिक, कारोबार में वृद्धि। **फरवरी** 14, 15, 24, 25, **मार्च** 4, 5 अशुभ।

मकर—शरीरपीड़ा, रोगभय, वृथा कलह से बचें, अपमानभय, कारोबार में सुधार हो। **फरवरी** 17, 18, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—शरीरकष्ट, धनलाभ, धर्म-कर्म में मन लगे, नये मित्र बनें, स्त्रीपक्ष से सुख। **फरवरी** 19, 20, 28, **मार्च** 9, 10 अशुभ।

मीन—राजपक्ष से भय, अचानक धनहानियोग, शत्रु प्रबल, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर का विचार बने। **फरवरी** 12, 13, 21, 22, **मार्च** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

चैत्र मास

मीनसंक्रान्ति (14 मार्च से 13 अप्रैल तक, सन् 2022 ई.)

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

मीनसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्नेश गुरु, व्यय स्थान (शनिक्षेत्र) में है। सूर्य पर शनि की दृष्टि एवं मकर राशि में शनि-मंगल-शुक्र का संगम देश में भयंकर दुर्घटना किंवा भूकम्प, उग्रवादजन्य जन-धनहानि का सूचक है। इस समय सीमा-प्रान्तों पर भयंकर स्थिति का सामना करने के लिए सैन्यबल का प्रयोग करना होगा। वृश्चिक एवं मकर राशि वाले नेताओं को विशेष सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

चैत्र(मीन)संक्रान्ति-कुण्डली

12 सू.
1
11 बु. गु.
10 श. मं. शु.
9
8 के.
7
6
5
4 चं.
3
2 रा.

मीनसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 14 मार्च, सन् 2022 ई. को 24 घं. 16 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

चैत्र मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—विरोधी कमजोर, अर्थलाभ हो, उत्साह बढ़े, सम्पत्तिविवाद, अच्छे लोगों से मेल हो। **मार्च** 14, 15, 23, 24, 31, **अप्रैल** 1, 10, 11 अशुभ।

वृष—सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, रोगभय, स्त्रीसुख, कारोबार सुधरे, मित्र-बन्धु से मदद मिले। **मार्च** 16, 17, 25, 26, **अप्रैल** 3, 4, 13 अशुभ।

मिथुन—शरीरपीड़ा, धनलाभ, गुप्त चिन्ता, मासान्त में शुभ कार्य में खर्च, राजपक्ष से परेशानी सम्भव। **मार्च** 18, 19, 27, 28, **अप्रैल** 5, 6 अशुभ।

कर्क—स्त्रीसुख, दु:खद समाचार, शुभ कार्य में मन लगे, कुटुम्ब में क्लेश, वृथा व्यय। **मार्च** 21, 22, 29, 30, **अप्रैल** 7, 8, 9 अशुभ।

सिंह—नयी योजना से हानि, हिम्मत बनी रहे, व्यवसाय में अच्छा लाभ, शुभ में खर्च, वृथा विवाद से बचें। **मार्च** 14, 15, 23, 24, 31, **अप्रैल** 1, 10, 11 अशुभ।

कन्या—अग्नि व जलहानि-भय, कारोबार में रुकावट, आय से व्यय अधिक, निजीलोगों से अनबन। **मार्च** 16, 17, 25, 26, **अप्रैल** 3, 4, 13 अशुभ।

तुला—उत्साह बढ़े, लाभ होकर हाथ से निकले, स्त्रीसुख, क्रोध से हानि, कारोबार में बाधा, कार्यान्तर का विचार। **मार्च** 18, 19, 27, 28, **अप्रैल** 5, 6 अशुभ।

वृश्चिक—स्त्रीसुख, अर्थहानि, अच्छे लोगों से मेल, रोगभय, क्रोध बढ़े, मासान्त में अच्छी आय हो। **मार्च** 21, 22, 29, 30, **अप्रैल** 7, 8, 9 अशुभ।

धनु—उदरविकार, अर्थलाभ, मित्रों से लाभ, सन्तानसुख, नीच से अपमान-भय, वृथा विवाद से बचें। **मार्च** 14, 15, 23,24, 31, **अप्रै.** 1, 10, 11 अशुभ।

मकर—सेहत ठीक, सम्पत्तिसुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक, मासान्त में आय से व्यय अधिक हो। **मार्च** 16, 17, 25, 26, **अप्रैल** 3, 4, 13 अशुभ।

कुम्भ—अर्थलभ, निजीजन-सुख, सम्पत्तिलाभ, सन्तानपक्ष से कष्ट, कारोबार में रुकावट। **मार्च** 18, 19, 27, 28, **अप्रैल** 5, 6 अशुभ।

मीन—बन्धनभय, अर्थलाभ, बन्धुकष्ट, भाई से मदद, सन्तानसुख, कार्यान्तर का विचार। **मार्च** 21, 22, 29, 30, **अप्रैल** 7, 8, 9 अशुभ।

———

अथ वर्षराजादि फलादेश (संवत् २०७८ वि.)

(सन् २०२१-२२ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९१२२, सृष्टि संवत् १९५५८८५१२२, श्रीविक्रम संवत् २०७८, शक संवत् १९४३, श्रीकृष्ण जन्मसंवत् ५२५७, कलि संवत् ५१२२, सप्तर्षि संवत् ५०९७, श्री जैन महावीर-निर्वाण संवत् २५४६-४७, श्रीबुद्ध संवत् २६४३-४४, हिजरी सन् १४४२-४३, फसली सन् १४२८-२९, ईस्वी सन् २०२१-२२।

वर्षारम्भ में गुरुमान से रुद्रविंशति का 'राक्षस' नामक संवत्सर है। यह राक्षस नामक संवत्सर वि.सं. २०७८ में १३ अप्रैल, सन् २०२१ ई. से प्रारम्भ होकर १ अप्रैल, सन् २०२२ ई. (अर्थात् संवत् २०७८ वि. के अन्त) तक रहेगा। अतः इस संवत् में 'राक्षस नामक' संवत्सर ही संकल्प में बोला जायेगा। संहिता-ग्रन्थ के अनुसार 'राक्षस' नामक संवत्सर का फल इस प्रकार लिखा है—

" नश्यन्ति सर्व-सस्यानि रोगार्तिश्च महर्घता।
प्रजानाशो भयं घोरं राक्षसे गौरि पीड़नम्॥"

अर्थात्—इस (राक्षस नामक) संवत्सर में खड़ी फसलों को कहीं अतिवर्षण, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक आपदा से भारी हानि पहुंचेगी, जिससे कृषक वर्ग एवं खाद्यान्नादि की महर्घता से जनजीवन त्रस्त रहे। देश में प्राकृति-विपर्यय के लक्षणों से अनेकविध रोगों से जनता परेशान रहे। अनैतिक कृत्य अधिक हों एवं भूकम्प किंवा सीमाप्रान्तों पर शत्रुदेशकृत् गतिविधि से जनधनहानि हो।

'वर्षप्रबोध' ग्रन्थानुसार 'राक्षस' नामक संवत्सर का फल इस प्रकार है—

" स्व-स्व-कार्ये रताः सर्वे मध्य-सस्यार्घ-वृष्टयः।
राक्षसाब्देऽखिला लोकाः राक्षसा इव निष्कृपाः॥"

अर्थात्—इस राक्षस संवत्सर में वर्षा कहीं अधिक, कहीं कम, महंगाई से जन-मानस शासनतन्त्र से असन्तुष्ट रहे। जनता अपने-अपने कारोबार में लगी रहे, लेकिन राक्षसी किंवा भ्रष्ट चारित्रिक लोग जनजीवन के लिए परेशानी का कारण बनेंगे। दुराचार के समाचार अधिक मिलें।

'मेघ महोदय' के अनुसार 'राक्षस संवत्सर' का फल इस प्रकार है—

" राक्षसे शुक्रः स्वामी, धान्यसंग्रहः कार्यः, चैत्रे करकाः पतन्ति, वैशाखे ज्येष्ठे तैलं महर्घम्, ज्येष्ठे आषाढ़े गुड़-खण्डादिकं महर्घम्, श्रावणेऽल्प मेघः, अन्नं महर्घम्, भाद्रपदे महामेघः, कार्त्तिके रोगार्तिः, मार्गशीर्षादि चत्वारो मासा महर्घा, मार्गे सुखं सुभिक्षम्॥"

संक्षेप में—इस वर्ष आपत्काल के लिए अन्नसंग्रह करना चाहिए, आकालिक ओला(करक)पात हो। वैशाख-ज्येष्ठ में तैल, घी आदि दैनिक उपयोगी द्रव्य महंगे हों। श्रावण एवं भाद्रपद में कहीं दुर्भिक्ष, बाढ़ आदि से हानि हो। कार्त्तिक में महामारी से जनजीवन त्रस्त हो।

सं. २०७८ वि. का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) मंगल हैं। इस संवत् का मन्त्री मंगल, सस्येश शुक्र, धान्येश बुध, मेघेश मंगल, रसेश सूर्य, नीरसेश शुक्र, फलेश चन्द्र, धनेश गुरु एवं दुर्गेश चन्द्र हैं।

संवत् २०७८ वि. के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल इस प्रकार है—

(१) संवत्सर के राजा 'मंगल' का फल—

बृहत्संहिता के अनुसार राजा 'मंगल' का फल—

"वातोद्धतश्चरति वह्निरति-प्रचण्डो ग्रामान् वनानि नगराणि च सन्दिधक्षुः।
हाहेति दस्युगणपात-हता रटन्ति निःस्वीकृता विपशवो भुवि मर्त्यसंघाः॥"

अर्थात्—इस वर्ष भयंकर अग्निकाण्डों से नगर, पत्तन व जंगलों को हानि पहुंचे। जन-धनहानि अधिक हो। तेज हवाओं (तूफानों) एवं प्राकृत प्रलयंकारी घटनाओं से हानि हो। चोर-उचक्कों का आतंक एवं धन-धान्यहानि हो।

किञ्च—खूब घटाएं छाने पर भी कहीं बाढ़, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति रहे। प्राकृतिक प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि हो। राजनीतिज्ञ आशानुकूल जनहित न करें, सर्पादि जन्तुओं एवं रोगादि से जनता त्रस्त रहे।

'संवतत्सर-संहिता' के अनुसार संवत्सरेश 'मंगल' का फल—

"अग्नि-तस्कर-रोगाद्यो नृप-विग्रह-दायकः।
गत-सस्यो बहुव्यालो भौमाब्दो बालहा भृशम्॥"

अर्थात्—अनेकत्र आंधी-तूफान से हानि हो। वायुवेग व भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि हो। चोर-उचक्कों का आतंक रहे। बादल-बाहुल्य होने पर भी वर्षा की कमी अनुभव हो। प्राकृतिक प्रतिकूलता किंवा प्रतिकूल परिस्थितियों में उत्पादन में कमी, पशुधन की हानि हो। शासकों की कर्तव्यपालन में उदासीनता, उग्रवादजन्य रक्तपात किंवा शत्रुदेशकृत गतिविधि से युद्ध जैसी स्थिति बने। सामाजिक अनाचार(बालक-बालिकाओं के प्रति क्रूरता आदि) बढ़े। सर्पादि-जीव-बहुलता से अनेकत्र कष्टप्रद घटनाएं हों।

वर्ष-प्रबोधानुसार संवत्सरेश 'मंगल' का फल—

"भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव-विग्रहं च।
दुःखं प्रजा-व्याधि-वियोग-पीड़ा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः॥"

अर्थात्—मंगल के संवत्सरेश होने पर अग्निकाण्डों से भयंकर हानि, जन-धनहानि, चोरों से परेशानी, अनैतिक घटनाएं अधिक हों, किसी देश के सीमाप्रान्त क्षुब्ध रहें, प्रजा में व्याधि-वियोगपीड़ा से परेशानी एवं वर्षा की कमी या कहीं अभाव से दुर्भिक्ष की स्थिति बने।

(२) मन्त्री 'मंगल' का फल—

"अवनिजे ननु मन्त्रिपदं गते भवति दस्यु-गदादिज-वेदना।
जनपदेषु क्वचित् सुखिनो जना न गोषु पयो द्विजकर्म च॥"

मुण्डनादि इन मुहूर्त्तों के शोधन में हम भद्रा, क्रूरग्रहयुति, क्रूरग्रहवेध, क्रान्तिसाम्य, कलशचक्रदोष, वृषवास्तुचक्रदोष, व्यतीपात, अतिगण्ड आदि योग तथा अन्य मुहूर्त्तशास्त्रोक्त निरवशेष निषिद्ध पदार्थों का पूरी तरह विचार कर शुद्धकाल का निर्णय करते हैं, जिससे कई बार तो इनके शुद्ध मुहूर्त्त वर्ष में असह्यरूप से कम (एक-एक या दो-दो भी) हो जाते हैं। सर्वथा दोषमुक्त शास्त्रीय मुहूर्त्तसाधन के आग्रह के कारण इन मुहूर्त्तों की संख्या हमारे पंचांग में अन्य पंचांगों से, जिनके सम्पादक इन विचार्य विषयों की उपेक्षा करके मुहूर्त्तों की संख्या बढ़ाने की शास्त्रविरुद्ध प्रवृत्ति लिये हैं; काफी कम होती है। विश्वास रखिये, हमारे 'मार्त्तण्ड पंचांग' में दिये गये शुद्ध मुहूर्त्तों के अतिरिक्त जो मुहूर्त्त अन्य पंचांगों में आपको मिलते हैं, उनकी मुहूर्त्तशास्त्रीय शुद्धता वस्तुत: विचारणीय है। ध्यान रहे—मुण्डनादि इन मुहूर्त्तों के शोधन में हमने केवल शुद्धकाल का निर्णय किया है, शुद्ध लग्नों का नहीं। अत: दैवज्ञों को चाहिए कि—आवश्यक मुहूर्त्त के लिए दिये गये शुद्धकाल की अवधि में गुरु, शुक्र, बुध, सूर्य एवं लग्नेश आदि की शुभस्थानों में स्थिति को ध्यान में रखते हुए बलवान् लग्न का वे स्वयं निर्णय करें। यदि शुद्ध काल के समय 'अभिजित्-मुहूर्त्त' भी उपलब्ध हो तो शुभकार्य के लिए लग्न के स्थान पर 'अभिजित्-मुहूर्त्त' का प्रयोग करना चाहिए; क्योंकि 'अभिजित्-मुहूर्त्त' में बलवान् लग्न की शक्ति मानी गयी है।

मुण्डन-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. ९ बु.	मई ५	शत.	१३/२२ बाद,
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	११/३५ तक,
वैशा. शु. १३ चं.	मई २४	स्वा.	११/१२ बाद,
माघ कृ. ११ शु.	जन. २८	ज्ये.	
माघ शु. १ बु.	फर. २	धनि.	८/३१ बाद,
माघ शु. ३ गु.	फर. ३	शत.	१०/३७ से १६/३४ तक,
माघ शु. ७ चं.	फर. ७	अश्वि.	
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुन.	११/५२ तक,
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुष्य	११/५२ बाद,

मुण्डन में विशेष—किसी देवस्थल/तीर्थ पर बिना मुहूर्त्त के भी मुण्डन करवाना शुभ माना गया है। नवरात्रों के दिनों में भी शक्तिपीठों (देवी-मन्दिरों) के समीप मुण्डन करवाने की पंजाब, हिमाचल आदि प्रदेशों में पुरानी परम्परा है।

अक्षरारम्भ-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल
वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	१३/२१ तक,
माघ कृ. ६ चं.	जन. २४	हस्त	८/४४ तक,
माघ कृ. ११ शु.	जन. २८	ज्ये.	

विद्यारम्भ-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
चैत्र शु. १० गु.	अप्रै. २२	आश्ले.	८/१५ तक,
वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
वैशा. कृ. ६ र.	मई २	उ.षा.	८/५९ से १४/५० तक,
वैशा. कृ. ९ बु.	मई ५	शत.	१३/२२ बाद,
वैशा. कृ. १० गु.	मई ६	पू.भा.	१४/११ बाद,
वैशा. शु. ४ र.	मई १६	आर्द्रा	१०/१ से ११/१३ तक,
वैशा. शु. ४ र.	मई १६	पुन.	११/१३ बाद,
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	१३/२१ तक,
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१	पू.फा.	११/११ से १५/२२ तक,
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१	उ.फा.	१५/२२ बाद,
वैशा. शु. ११ र.	मई २३	हस्त	६/४३ से १२/१२ तक,
वैशा. शु. ११ र.	मई २३	चित्रा	१२/१२ से १४/५६ तक,
ज्ये. कृ. ५ र.	मई ३०	उ.षा.	१६/४१ तक, (बुध-शुक्र पादवेधविचार्य)
ज्ये. कृ. १० शु.	जून ४	उ.भा.	१५/१५ तक,
ज्ये. कृ. ११ र.	जून ६	अश्वि.	
ज्ये. शु. ३ र.	जून १३	पुन.	१९/० तक,
ज्ये. शु. १० र.	जून २०	चित्रा	१०/३१ से १८/४१ तक,
माघ कृ. ५ र.	जन. २३	उ.फा.	११/९ तक,
माघ कृ. ५ र.	जन. २३	हस्त	११/९ बाद,
माघ कृ. ६ चं.	जन. २४	हस्त	८/४४ तक,
माघ शु. १ बु.	फर. २	धनि.	८/३१ बाद,
माघ शु. ३ गु.	फर. ३	शत.	१०/३७ से १६/३४ तक,
माघ शु. ६ र.	फर. ६	रेव.	१७/९ तक,
माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ बाद,
माघ शु. १२ र.	फर. १३	पुन.	९/२७ बाद,
फाल्गु. कृ. २ शु.	फर. १८	पू.फा.	१६/४१ तक,
फाल्गु. कृ. २ शु.	फर. १८	उ.फा.	१६/४१ बाद,

अक्षरारम्भ और विद्यारम्भ के मुहूर्त्तों का प्रयोग—बच्चे को वर्णमाला का ज्ञान करवाने के लिए अक्षरारम्भ के और संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, रसायन आदि विषयों का अध्ययन प्रारम्भ करने के लिए विद्यारम्भ के मुहूर्त्तों का प्रयोग करना चाहिए।

द्विरागमन-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल
मार्ग. शु. ६ गु.	दिसं. ९	शत.	२१/५० बाद,
मार्ग. शु. ७ शु.	दिसं. १०	शत.	८/२१ तक, ९/३३ से १९/९ तक,
मार्ग. शु. १० चं.	दिसं. १३	रेव.	२६/४ तक,
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुन.	११/५२ तक,
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुष्य	११/५२ से २०/२८ तक,

द्विरागमन में विशेष—विवाह के दिन से १६ दिन के भीतर द्विरागमन के इन मुहूर्त्तों के बिना भी द्विरागमन हो सकता है। यदि नव-विवाहिता वधू का द्विरागमन दिवाली के दिन प्रदोष के समय दीपकों के प्रकाश में हो तो अच्छा माना जाता है।

उपनयन-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
चैत्र शु. १० गु.	अप्रै. २२	आश्ले.	६/५६ तक, (६/५६ बाद रोगबाण),
वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
वैशा. शु. ४ र.	मई १६	आर्द्रा	१०/१ से ११/१३ तक,
वैशा. शु. ४ र.	मई १६	पुन.	११/१३ बाद,
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	११/३५ तक,
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१	पू.फा.	११/११ बाद,
ज्ये. कृ. ५ र.	मई ३०	उ.षा.	(बु.शु. पादवेधविचार्य),
ज्ये. शु. ३ र.	जून १३	पुन.	
ज्ये. शु. १० र.	जून २०	चित्रा	१०/३१ बाद,
माघ शु. १ बु.	फर. २	धनि.	८/३१ बाद,
माघ शु. ३ गु.	फर. ३	शत.	१०/३७ बाद,
माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ बाद,
फाल्गु. कृ. २ शु.	फर. १८	पू.फा.	

उपनयन संस्कार पूर्वाह्णकाल में ही करने की शास्त्राज्ञा है। मध्याह्नकाल इसके लिए सामान्य माना जाता है। अपराह्णकाल में उपनयन संस्कार करने का निषेध है। **''त्रेधाविभक्तदिनमानस्य प्रथमोभागः पूर्वाह्णः।''**

गृहारम्भ-मुहूर्त्त (सन् २०२१ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल
वैशा कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
*वैशा. कृ. ७ चं.	मई ३	उ.षा.	८/२२ तक,
*वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	उ.भा.	१४/४६ तक,
*वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/० तक,
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१	उ.फा.	१५/२२ बाद,

गृहारम्भ-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. १० श.	मई २२	उ.फा.	१४/५ तक,
वैशा. शु. १० श.	मई २२	हस्त	१४/५ बाद,
वैशा. शु. १३ चं.	मई २४	स्वा.	११/१२ बाद,
वैशा. शु. १५ बु.	मई २६	अनु.	६/३७ से ९/४५ तक,
श्राव. कृ. ३ चं.	जुला. २६	धनि.	१०/२६ तक,
श्राव. कृ. ३ चं.	जुला. २६	शत.	१०/२६ से १५/२१ तक
*श्राव. कृ. ६ गु.	जुला. २९	रेव.	१२/२ बाद,
*श्राव. कृ. ११ बु.	अग. ४	मृग.	
*श्राव. शु. ३ बु.	अग. ११	उ.फा.	९/३१ से १६/५४ तक,
*श्राव. शु. ६ श.	अग. १४	चित्रा	६/५६ तक,
*कार्त्ति. कृ. ५ चं.	अक्तू. २५	मृग.	१२/४ बाद,
*कार्त्ति. कृ. ७ गु.	अक्तू. २८	पुष्य	९/४१ से १४/५ तक, (१४/५ बाद अग्निबाण),
*कार्त्ति. कृ. ११ चं.	नवं. १	उ.फा.	१२/५२ बाद,
*कार्त्ति. शु. ६ बु.	नवं. १०	उ.षा.	९/९ तक, ११/३३ से १५/४१ तक,
मार्ग. कृ. १ श.	नवं. २०	रोहि.	
मार्ग. कृ. ३ चं.	नवं. २२	मृग.	९/७ तक,
*मार्ग. कृ. १० चं.	नवं. २९	उ.फा.	१६/५२ तक,
*मार्ग. कृ. १२ बु.	दिसं. १	चित्रा	
मार्ग. शु. १० चं.	दिसं. १३	रेव.	
*माघ कृ. ६ चं.	जन. २४	हस्त	८/४४ तक,
*माघ शु. १ बु.	फर. २	धनि.	८/३१ से १७/५२ तक,
*माघ शु. ५ श.	फर. ५	रेव.	१६/८ बाद,
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुष्य	११/५२ बाद,
फाल्गु. कृ. ३ श.	फर. १९	उ.फा.	१०/३ तक,

*(तारा) अंकित मुहूर्तों में केवल वृष-वास्तुचक्र शुद्धि नहीं है, अन्यथा ये मुहूर्त सर्वथा शुद्ध हैं।

नूतन गृहप्रवेश-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
*वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
*वैशा. कृ. ७ चं.	मई ३	उ.षा.	८/२२ तक,
वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	उ.भा.	१४/४६ तक,
वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	रेव.	१४/४६ बाद,
*वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/० तक,
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१	उ.फा.	१५/२२ बाद,
वैशा. शु. १० श.	मई २२	उ.फा.	१४/५ तक,
*वैशा. शु. १५ बु.	मई २६	अनु.	६/३७ बाद,
ज्ये. कृ. १० शु.	जून ४	उ.भा.	१५/१५ तक,
ज्ये. कृ. ११ श.	जून ५	रेव.	
*ज्ये. शु. १ शु.	जून ११	मृग.	८/३७ तक, ११/१ से १४/३० तक,
*माघ कृ. ४ श.	जन. २२	उ.फा.	१०/३८ से १४/६ तक,
*माघ शु. ५ श.	फर. ५	उ.भा.	१६/८ तक,
माघ शु. ५ श.	फर. ५	रेव.	१६/८ बाद,
माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ बाद,

*(तारा) अंकित मुहूर्त्तों में कलशचक्र-शुद्धि नहीं है, अन्यथा ये निर्दोष हैं।

सर्वदेव प्रतिष्ठा-मुहूर्त्त (सन् २०२१ ई.)
(उत्तरायणकाल)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल
चैत्र शु. १२ श.	अप्रै. २४	उ.फा.	६/२२ से ११/४१ तक,
चैत्र शु. १३ र.	अप्रै. २५	हस्त	
वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
वैशा. कृ. ६ र.	मई २	उ.षा.	८/५९ बाद,
वैशा. कृ. ७ चं.	मई ३	उ.षा.	८/२२ तक,
वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	उ.भा.	
वैशा. कृ. १३ र.	मई ९	रेव.	

सर्वदेव प्रतिष्ठा-मुहूर्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
(उत्तरायणकाल)			
वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/३८ तक,
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	
वैशा. शु. १० श.	मई २२	उ.फा.	
वैशा. शु. ११ र.	मई २३	हस्त	६/४३ बाद,
वैशा. शु. १५ बु.	मई २६	अनु.	६/३७ बाद,
ज्ये. कृ. ५ र.	मई ३०	उ.षा.	(बु.शु. पादवेधविचार्य),
ज्ये. कृ. ८ बु.	जून २	शत.	
ज्ये. कृ. १० शु.	जून ४	उ.भा.	
ज्ये. कृ. ११ श.	जून ५	रेव.	
ज्ये. कृ. ११ र.	जून ६	अश्वि.	
ज्ये. शु. १ शु.	जून ११	मृग.	८/३७ तक,
ज्ये. शु. ३ र.	जून १३	पुन.	
माघ कृ. ५ र.	जन. २३	उ.फा.	
माघ कृ. ६ चं.	जन. २४	हस्त	८/४४ तक,
माघ शु. १ बु.	फर. २	धनि.	
माघ शु. ५ श.	फर. ५	उ.भा.	
माघ शु. ६ र.	फर. ६	रेव.	
माघ शु. ७ चं.	फर. ७	अश्वि.	
माघ शु. १२ र.	फर. १३	पुन.	९/२७ बाद,
माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुन.	
फाल्गु. कृ. ३ श.	फर. १९	उ.फा.	१०/१३ तक,

तामसदेव प्रतिष्ठा-मुहूर्त (सन् २०२१ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल
(दक्षिणायनकाल)			
आषा. कृ. २ श.	जून २६	उ.षा.	
आषा. कृ. ७ गु.	जुला. १	उ.भा.	
आषा. कृ. ८ शु.	जुला. २	रेव.	
आषा. कृ. १० र.	जुला. ४	अश्वि.	६/४३ तक,

तामसदेव प्रतिष्ठा-मुहूर्त (सन् २०२१ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
(दक्षिणायनकाल)			
आषा. शु. १ र.	जुला. ११	पुष्य	
मार्ग. कृ. १ श.	नवं. २०	रोहि.	
मार्ग. कृ. २ र.	नवं. २१	रोहि.	७/३५ तक,
मार्ग. कृ. २ र.	नवं. २१	मृग.	७/३५ बाद,
मार्ग. कृ. ३ चं.	नवं. २२	मृग.	९/७ तक,
मार्ग. कृ. ५ बु.	नवं. २४	पुन.	
मार्ग. कृ. ६ गु.	नवं. २५	पुष्य	
मार्ग. कृ. १० चं.	नवं. २९	उ.फा.	
मार्ग. कृ. १२ बु.	दिसं. १	चित्रा	
मार्ग. कृ. १३ गु.	दिसं. २	स्वा.	
मार्ग. शु. ७ शु.	दिसं. १०	शत.	८/२१ तक, ९/३३ से १०/३४ तक,
मार्ग. शु. १० चं.	दिसं. १३	रेव.	

देवप्रतिष्ठा के विशेष मुहूर्त्तों के बारे में स्पष्टीकरण

श्री विष्णु, राम, कृष्ण, शिव, गणेश, गौरी आदि सात्त्विक देवता हैं, इसलिए इनकी प्रतिष्ठा यद्यपि उपरोक्त "सात्त्विक देवप्रतिष्ठा" वाले मुहूर्त्तों में हो सकती है, फिर भी मुहूर्त्तशास्त्रों में इनकी प्रतिष्ठा के लिए विशेष मुहूर्त्तकाल बताए गए हैं, जिनका निर्देश हमने यहां अलग से किया है। यहां यह समझ लेना चाहिए कि– सात्त्विक देवप्रतिष्ठा वाले मुहूर्त्त श्री विष्णु, राम, कृष्ण, गणेश, शिव, सरस्वती आदि सभी सत्त्वप्रधान प्रकृति वाले देवी-देवताओं के लिए समानरूप से प्रयोग में लाये जा सकते हैं, जबकि श्री गणेश, दुर्गा, गौरी, शिव आदि देवी-देवताओं के लिए यहां पृथक् रूप से लिखे गए प्रतिष्ठामुहूर्त्त केवल इन्हीं के लिए हैं। सभी देवताओं की प्रतिष्ठा पूर्वाह्णकाल में (मध्याह्न से पूर्व) ही की जाती है– "पूर्वाह्ण एव प्रतिष्ठाकालः।"

विपणि-मुहूर्त (सन् २०२१ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
चैत्र शु. १२ श.	अप्रै. २४	उ.फा.	६/२२ से ११/४१ तक, १५/१७ बाद,
चैत्र शु. १३ र.	अप्रै. २५	हस्त	१६/१३ तक,
वैशा. कृ. ३ गु.	अप्रै. २९	अनु.	११/४७ तक,
वैशा. कृ. ६ र.	मई २	उ.षा.	८/५९ से १४/५० तक,
वैशा. कृ. ७ चं.	मई ३	उ.षा.	८/२२ तक,
वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	उ.भा.	१४/४६ तक,
वैशा. कृ. १२ श.	मई ८	रेव.	१४/४६ बाद,
वैशा. कृ. १३ र.	मई ९	रेव.	१७/२८ तक,
वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/३८ तक,
वैशा. शु. १० श.	मई २२	उ.फा.	१४/५ तक,
वैशा. शु. ११ र.	मई २३	हस्त	६/४३ से १२/१२ तक,
वैशा. शु. १५ बु.	मई २६	अनु.	६/३७ बाद,
ज्ये. कृ. ५ र.	मई ३०	उ.षा.	१६/४१ तक, (बु.शु. पादवेधविचार्य),
ज्ये. कृ. १० शु.	जून ४	उ.भा.	१५/१५ तक,
ज्ये. कृ. ११ श.	जून ५	रेव.	
ज्ये. कृ. ११ र.	जून ६	अश्वि.	
ज्ये. शु. १ शु.	जून ११	मृग.	८/३७ तक, ११/१ से १४/३० तक,
ज्ये. शु. १० र.	जून २०	चित्रा	१०/३१ बाद,
आषा. कृ. २ श.	जून २६	उ.षा.	
आषा. कृ. ७ गु.	जुला. १	उ.भा.	
आषा. कृ. ८ शु.	जुला. २	रेव.	१०/५२ तक, १३/१६ से १५/२९ तक,

विपणि-मुहूर्त्त (सन् २०२१-२२ ई.)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)	तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
आषा. कृ. १० र.	जुला. ४	अश्वि.	६/४३ तक,	कार्त्ति. कृ. ८ शु.	अक्तू. २९	पुष्य	११/३८ तक, (शुक्र'पादवेध विचार्य),
आषा. कृ. १३ बु.	जुला. ७	रोहि.	१३/५२ बाद, (१३/५२ तक क्रां.सा.),	कार्त्ति. कृ. ११ चं.	नवं. १	उ.फा.	१२/५२ बाद,
आषा. शु. १ र.	जुला. ११	पुष्य	१६/३० तक,	कार्त्ति. कृ. १३ बु.	नवं. ३	हस्त	९/२ तक,
आषा. शु. ८ श.	जुला. १७	चित्रा	१५/३७ बाद,	कार्त्ति. शु. ६ बु.	नवं. १०	उ.षा.	९/९ तक, ११/३३ से १५/४१ तक,
आषा. शु. १५ श.	जुला. २४	उ.षा.	१२/४० तक,	मार्ग. कृ. १ श.	नवं. २०	रोहि.	
श्राव. कृ. ५ बु.	जुला. २८	उ.भा.	१०/४५ बाद,	मार्ग. कृ. २ र.	नवं. २१	रोहि.	७/३५ तक,
श्राव. कृ. ६ गु.	जुला. २९	उ.भा.	१२/२ तक,	मार्ग. कृ. २ र.	नवं. २१	मृग.	७/३५ बाद,
श्राव. कृ. ६ गु.	जुला. २९	रेव.	१२/२ बाद,	मार्ग. कृ. ३ चं.	नवं. २२	मृग.	९/७ तक,
श्राव. कृ. ८ श.	जुला. ३१	अश्वि.	१६/३७ तक, (शुक्र-पादवेध विचार्य),	मार्ग. कृ. ६ गु.	नवं. २५	पुष्य	
श्राव. कृ. ११ बु.	अग. ४	मृग.		मार्ग. कृ. १०, चं.	नवं. २९	उ.फा.	१६/५२ तक,
श्राव. शु. ३ बु.	अग. ११	उ.फा.	९/३१ से १६/५४ तक,	मार्ग. कृ. १२ बु.	दिसं. १	चित्रा	
श्राव. शु. ५ शु.	अग. १३	हस्त	७/५९ तक,	मार्ग. शु. १० चं.	दिसं. १३	रेव.	
श्राव. शु. ५ शु.	अग. १३	चित्रा	७/५९ बाद,	माघ कृ. ५ र.	जन. २३	उ.फा.	११/९ तक,
श्राव. शु. १३ शु.	अग. २०	उ.षा.		माघ कृ. ५ र.	जन. २३	हस्त	११/९ बाद,
भाद्र. कृ. १० बु.	सितं. १	मृग.	१२/३४ तक,	माघ कृ. ६ चं.	जन. २४	हस्त	८/४४ तक,
भाद्र. कृ. १२ श.	सितं. ४	पुष्य	९/३७ तक,	माघ शु. ५ श.	फर. ५	उ.भा.	१६/८ तक,
आश्वि. शु. ८ बु.	अक्तू. १३	उ.षा.	१०/१९ बाद,	माघ शु. ६ र.	फर. ६	रेव.	१७/९ तक,
आश्वि. शु. १५ बु.	अक्तू. २०	रेव.	७/४४ से १४/१ तक,	माघ शु. ७ चं.	फर. ७	अश्वि.	
कार्त्ति. कृ. १ गु.	अक्तू. २१	अश्वि.	१६/१६ तक,	माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ बाद,
कार्त्ति. कृ. ५ चं.	अक्तू. २५	मृग.	१२/४ बाद,	माघ शु. १३ चं.	फर. १४	पुष्य	११/५२ बाद,
				फाल्गु. कृ. ३ श.	फर. १९	उ.फा.	१०/३ तक,

अभिजित् मुहूर्त्त

स्थानीय दिनमानार्ध के घं.मि. को स्थानीय सूर्योदयकाल में जोड़ने पर 'स्पष्ट दिनार्ध' होता है। दिनमान का 30वां भाग 'मुहूर्त्तार्ध' कहलाता है। मुहूर्त्तार्ध को स्पष्ट दिनार्ध में से घटाने और जोड़ने पर अभिजित् मुहूर्त्त का क्रमशः प्रारम्भ और समाप्तिकाल ज्ञात हो जाता है। इस काल में लगभग सभी दोषों को समाप्त कर डालने की अद्‌भुत शक्ति मानी गयी है। जब मुण्डन, अक्षराम्भ आदि मुहूर्त्तों में शुद्ध लग्न न मिल रहा हो, तब 'अभिजित् मुहूर्त्त' को प्रयोग में लाना चाहिए।

स्वयंसिद्ध मुहूर्त्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, विजयादशमी, धनतेरस, दीपावली और वसन्त पंचमी—ये स्वयंसिद्ध मुहूर्त्त कहलाते हैं। **'स्वयंसिद्ध मुहूर्त्तों'** में भद्रा, व्यतीपात, क्षीणचन्द्र, गुरु-शुक्र अस्तादि दोषों का विचार नहीं किया जाता। ये मुहूर्त्त मुहूर्त्तशास्त्रीय विधि-निषेधों के बन्धन से सर्वथा मुक्त हैं। इनमें कोई भी शुभकृत्य किसी शास्त्रोक्त गुण-दोष को विचारे बिना यथेच्छकाल में करने की परम्परा है।

ध्यान रहे—'गोधूलि लग्न' भी मूलतः 'स्वयंसिद्ध मुहूर्त्त' ही है। 'ज्योतिर्विदाभरण' और 'विवाह पटल' आदि ग्रन्थों में इसके लिए तिथि, नक्षत्र, योग, लग्नादि सभी पदार्थों के विचार को सर्वथा उपेक्ष्य बतलाया गया है। 'सर्वार्थसिद्धि' आदि योग भी स्वयंसिद्ध मुहूर्त्तों की कोटि में आते हैं।

श्रीगणेश, शिव, गौरी, दुर्गा, विष्णु, कृष्ण, राम, भैरव, हनुमान्, स्कन्द, नाग और परशुराम की मूर्ति-प्रतिष्ठा के विशेष मुहूर्त्त (सं. २०७८ वि.) (सन् २०२१-२२ ई.) (सर्वत्र भा.स्टैं.टा. दिया गया है।)

पृष्ठ 267 पर सर्वदेव एवं तामसदेवों की प्रतिष्ठा के मुहूर्त दिये गये हैं। यद्यपि इन श्रीगणेश आदि 12 देवों की प्रतिष्ठा उन मुहूर्तों में निःशंक की जा सकती है, पुनरपि मुहूर्त्तशास्त्र में इन देवों की प्रतिष्ठा इनकी अपनी-अपनी तिथियों, नक्षत्रा एवं वारों में भी करने का विशेष निर्देश है। तदनुसार हम यहां इन गणेशादि देवों की प्रतिष्ठा के मुहूर्त इनकी अपनी-अपनी तिथियों, नक्षत्रों, वारों के अनुसार भी साधित कर निर्दिष्ट करना हमने विगत वर्षों से प्रारम्भ किया है। श्रद्धालु लोग इन 12 देवों के इन अतिरिक्त प्रतिष्ठा-मुहूर्तों को भी अपेक्षानुसार उपयोग में ला सकते हैं। जान लीजिये—गणेश की तिथि कृ. चतुर्थी, शिव की तिथि कृ. चतुर्दशी और नक्षत्र आर्द्रा, गौरी की तिथि शु. तृतीया, दुर्गा की तिथि शु. नवमी और नक्षत्र मूल, विष्णु की तिथि शु. द्वादशी और नक्षत्र श्रवण, कृष्ण की तिथि कृ. अष्टमी, राम की तिथि शु. नवमी, हनुमान् की तिथि कृ. चतुर्दशी और वार मंगल, स्कन्द की तिथि शु. षष्ठी, नाग की तिथि शु. पंचमी, भैरव की तिथि कृ. अष्टमी तथा परशुराम की तिथि शु. तृतीया है। ध्यान दें—यहां इन सभी देवताओं की अपनी-अपनी तिथियां तो हैं, लेकिन अपना नक्षत्र कुछ ही देवताओं का है। किञ्च—अपना वार श्री हनुमान् जी का ही है। शेष देवताओं का कोई अपना वार भी नहीं है। ध्यान दें—कुछ नक्षत्र ऐसे भी हैं, जिनमें किसी भी देवता की प्रतिष्ठा की जा सकती है, जिनका प्रयोग हमने गत पृष्ठों पर "सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्तों" में किया है। यदि कहीं उन नक्षत्रों में से कोई नक्षत्र हमें इन गणेशादि देवों के मुहूर्तकाल में प्राप्त हुआ है, उसका भी यहां हमने निर्देश नक्षत्र वाले कॉलम में किया है, अर्थात् उस नक्षत्र का यहां प्रयोग किया गया है।

यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि—इन 12 देवताओं की प्रतिष्ठा के ये मुहूर्तकाल गत पृष्ठ पर दिये सर्वदेव और तामसदेवों के प्रतिष्ठा-मुहूर्त्तकालों की ही तरह युति, वेध, क्रान्तिसाम्य, गुरु-शुक्रास्त, भद्रा आदि सभी दोषों से सर्वथा मुक्त हैं। ये सर्वथा शुद्ध हैं। इन्हें निःशंक प्रयोग में लाइये। अपि च—दैवज्ञ को यह भी जान लेना चाहिए कि—देवताओं की प्रतिष्ठा पूर्वाह्णकाल में (मध्याह्न से पूर्व) ही की जाती है। यहां "शुद्धकाल" वाले कॉलम में अनेकत्र शुद्धकाल नहीं दिया गया है।ऐसे स्थलों पर समझना चाहिए कि वहां प्रतिष्ठा के लिए पूरा पूर्वाह्न काल दोषमुक्त है।

श्रीगणेश-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. चतुर्थी)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. कृ. ३ श.	मई २९		६/३४ बाद,
माघ कृ. ३ शु.	जन. २१		८/५२ बाद,

श्रीगौरी-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ३)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/० तक,
ज्ये. शु. ३ र.	जून १३	पुन.	

श्रीशिव-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. १४, आर्द्रा)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. १४ चं.	मई १०	अश्वि.	८/४३ बाद,
ज्ये. कृ. १४ बु.	जून ९	रोहि.	८/४४ बाद, (राहुयुति-परिहार),
माघ कृ. १४ चं.	जन. ३१	उ.षा.	

श्रीस्कन्द-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ६)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. शु. ६ बु.	जून १६		८/७ तक, ९/११ से १०/० तक,
माघ शु. ६ र.	फर. ६	रेव.	

श्रीराम-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ९)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१		११/११ तक,
ज्ये. शु. ९ श.	जून १९	हस्त	
माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ तक,

श्रीहनुमान्-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. १४, मंगल)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. १४ चं.	मई १०	अश्वि.	८/४३ बाद,
ज्ये. कृ. १४ बु.	जून ९	रोहि.	८/४४ बाद, (राहुयुति-परिहार),
माघ कृ. १४ चं.	जन. ३१	उ.षा.	

श्रीदुर्गा-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ९, मूल)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ९ शु.	मई २१		११/११ तक,
ज्ये. शु. ९ श.	जून १९	हस्त	
माघ शु. ९ गु.	फर. १०	रोहि.	११/८ तक,

श्रीभैरव-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. ८)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. ८ मं.	मई ४	धनि.	८/२६ बाद,
ज्ये. कृ. ८ बु.	जून २	शत.	
आषा. कृ. ८ शु.	जुला. २	रेव.	
मार्ग. कृ. ८ श.	नवं. २७		७/३६ तक, (श्रीभैरवाष्टमी)
माघ कृ. ७ मं.	जन. २५	चित्रा	७/४९ से ९/१२ तक,

श्रीनाग-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ५)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ५ चं.	मई १७	पुन.	(भौमयुति-परिहार),
माघ शु. ५ श.	फर. ५	उ.भा.	

श्रीपरशुराम-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ३)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ३ श.	मई १५	मृग.	८/० तक,
ज्ये. शु. ३ र.	जून १३	पुन.	

श्रीकृष्ण-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. ८)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. ८ मं.	मई ४	धनि.	८/२६ बाद,
ज्ये कृ. ८ बु.	जून २	शत.	
माघ कृ. ७ मं.	जन. २५	चित्रा	७/४९ से ९/१२ तक,

श्रीविष्णु-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. १२, श्रवण)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
चैत्र शु. १२ श.	अप्रै. २४	उ.फा.	६/२२ से १०/९ तक,
वैशा. शु. ११ र.	मई २३	हस्त	६/४३ बाद,
माघ शु. १२ र.	फर. १३	पुन.	९/२७ बाद,

सर्वार्थसिद्धि आदि योग (सं. २०७८ वि.) (भा. स्टैं. टा.)

इन सर्वार्थसिद्धि योग, रवियोग आदि के प्रारम्भ-समाप्तिकालों के साधन में श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय—कुराली (पं.) के सुयोग्य कार्यकर्त्ता श्रीकृष्ण शर्मा, शास्त्री, M.A., साहित्याचार्य, वेदाचार्य द्वारा पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। तदर्थ मेरा इन्हें सधन्यवाद आशीर्वाद है।—प्रियव्रत शर्मा

इस स्तम्भ के अन्तर्गत हम पाठकों की सुविधा के लिए सर्वार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, सिद्धि, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर एवं रवि—इन तिथि-भ-वार से बनने वाले एवं सूर्य और चन्द्र के नक्षत्र-संयोग से उत्पन्न सुयोगों के शास्त्रोक्त काल का सूक्ष्म निर्णय करते हैं। अत्यन्त शीघ्रता की स्थिति में किसी भी शुभकार्य को सम्पन्न करने के लिए यदि गुरु-शुक्रास्त आदि दोषों के कारण शुभ (शुद्ध) समय न मिल पा रहा हो तो वहां इन शुभ (सर्वार्थसिद्धि आदि) योगों का प्रश्रय लेना चाहिए—ऐसी शास्त्राज्ञा है। अतः इन सुयोगों के काल में आप किसी भी शुभकार्य को निःसंकोच सम्पन्न कर सकते हैं। **ध्यान रहे—**इन सुयोगों के कालनिर्णय में भद्रा, गुरु-शुक्रास्तादि दोषों का विचार नहीं होता।

सर्वार्थसिद्धि एवं अमृतसिद्धि योग—जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट है, इन योगों के समय कोई भी शुभ कार्य किया जाये तो वह सफल होता है। यात्रा, गृहप्रवेश, नूतन-कार्यारम्भ आदि सभी कार्यों के लिए शीघ्रता या अन्य किसी अपरिहार्य कारणवश गुरु-शुक्रास्त आदि का विचार असम्भव होने पर इन सर्वार्थसिद्धि आदि सुयोगों का आश्रय लेना चाहिए। **यहां ब्रैकेटों (Brackets) में दिये गये अमृतसिद्धि योग संज्ञा वाले सर्वार्थसिद्धि योग विशेष फलदायक माने गये हैं।** ये योग (अमृतसिद्धि संज्ञक सर्वार्थसिद्धि योग) जिन-जिन वारों में घटित हुए हैं, उनका निर्देश भी हमने यहां साथ-साथ कर दिया है। **ध्यान रहे—गुरुवार वाले अमृतसिद्धि योगों (जिन्हें गुरुपुष्यामृत योग भी कहा जाता है) के समय विवाह, मंगलवार वाले अमृतसिद्धि योगों के समय नये घर में प्रवेश तथा शनिवार वाले अमृतसिद्धि योगों के समय यात्रा नहीं करनी चाहिए। शेष सभी कार्यों के लिए इन्हें निःसंकोच प्रयोग में लाइये।**

रवियोग—रवियोग भी सर्वार्थसिद्धि योगों की भांति ही सभी कार्यों के लिए शुभ माने जाते हैं। रवियोग सभी बुरे योगों को नष्ट करने की अद्भुत शक्ति रखता है—**"कुयोगविध्वंसकराः शुभेषु।"**

सिद्धियोग—सिद्धियोग भी **सर्वार्थसिद्धि** और **रवियोगों** की भांति ही प्रत्येक कार्य के लिए महत्त्वशाली एवं शुभ माने गये हैं। सिद्धियोग में **यमघण्ट, विष** आदि कुयोगों का प्रभाव प्रायः समाप्त हो जाता है—ऐसा शास्त्रनिर्देश है।

त्रिपुष्करयोग—मुहूर्त्तविदों का कथन है कि—इस योग में सम्पन्न किया गया या घटित कोई शुभकार्य अथवा कोई शुभाशुभ घटना कालान्तर में त्रिगुणित (तीन गुणा) हो जाती है। इसमें बहुमूल्य वस्तुओं (आभूषण, भूमि, गाड़ी आदि) का क्रय (खरीदना) त्रिगुणकारी माना जाता है। **द्विपुष्करयोग**—ये योग त्रिपुष्करयोगों की ही भांति शुभाशुभ सभी घटनाओं को द्विगुणित (दो गुना) करते हैं। त्रिपुष्कर एवं द्विपुष्कर—इन सुयोगों का सत्यापक शास्त्रवचन इस तरह है—**"त्रिपुष्करस्त्रिगुणदो द्विगुणो यमलांघ्रिभे।"**

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
(अप्रै. १३	सू.	उ.	अप्रै. १३	१४	१९)मं.
अप्रैल १४	१७	२३	अप्रैल १५	सू.	उ.
अप्रैल २३	७	४२	अप्रैल २४	सू.	उ.
(अप्रै. २५	सू.	उ.	अप्रै. २६	१	५४)र.
(अप्रै. २८	१७	१३	अप्रै. २९	सू.	उ.)बु.
अप्रैल २९	सू.	उ.	अप्रैल २९	१४	२९
मई २	९	०	मई ३	सू.	उ.
मई ३	८	२३	मई ४	सू.	उ.
मई ९	१७	२९	मई १०	सू.	उ.

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
मई ११	२३	३२	मई १३	सू.	उ.
मई १७	१३	२२	मई १८	सू.	उ.
मई १८	१४	५६	मई १९	सू.	उ.
मई २१	सू.	उ.	मई २१	१५	२२
(मई २३	सू.	उ.	मई २३	१२	१२)र.
(मई २६	सू.	उ.	मई २७	१	१५)बु.
मई ३०	सू.	उ.	मई ३०	१६	४१
मई ३१	सू.	उ.	मई ३१	१६	१
जून ४	२०	४८	जून ५	४	८

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
(जून ५	४	९	जून ५	सू.	उ.)श.
जून ६	सू.	उ.	जून ७	२	२७
जून ८	५	३६	जून १०	सू.	उ.
जून १३	१९	१	जून १४	२०	३६
जून १५	सू.	उ.	जून १५	२१	४२
(जून २३	सू.	उ.	जून २३	११	४८)बु.
जून २७	२	३७	जून २७	सू.	उ.
जुला. २	३	५०	जुला. २	सू.	उ.
(जुला. २	सू.	उ.	जुला. ३	सू.	उ.)श.

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
जुला. ४	सू.	उ.	जुला. ४	९	५
जुला. ६	सू.	उ.	जुला. ६	१५	२०
जुला. ७	सू.	उ.	जुला. ८	सू.	उ.
जुला. ९	२३	१५	जुला. १०	सू.	उ.
जुला. ११	सू.	उ.	जुला. १२	२	२१
जुला. १८	१	३३	जुला. १८	सू.	उ.
जुला. १९	२२	२८	जुला. २०	सू.	उ.
जुला. २४	१२	४१	जुला. २५	सू.	उ.
जुला. २९	१२	३	जुला. ३०	सू.	उ.

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ २०२१ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०२१ ई.	घं.	मि.
(जुला. ३०	सू.	उ.	जुला. ३०	१४	२)शु.
जुला. ३०	१४	३	जुला. ३१	सू.	उ.
अग. २	२२	४४	अग. ३	सू.	उ.
अग. ४	सू.	उ.	अग. ५	४	२४
अग. ६	६	३८	अग. ७	सू.	उ.
अग. ८	सू.	उ.	अग. ८	९	१९
अग. १४	६	५७	अग. १५	५	४४
अग. १६	सू.	उ.	अग. १७	३	२
अग. २०	२१	२५	अग. २१	२०	२१
अग. २४	१९	४८	अग. २५	सू.	उ.
अग. २६	सू.	उ.	अग. २८	०	४७
अग. ३०	६	३९	अग. ३१	सू.	उ.
सितं. १	सू.	उ.	सितं. १	१२	३४
सितं. २	१४	५८	सितं. ३	१६	४१
सितं. ८	१५	५६	सितं. ९	सू.	उ.
सितं. ११	सू.	उ.	सितं. ११	११	२२
सितं. १३	सू.	उ.	सितं. १३	८	२३
सितं. १७	सू.	उ.	सितं. १८	३	३५
सितं. २१	सू.	उ.	सितं. २२	५	६
सितं. २३	सू.	उ.	सितं. २४	८	५३
सितं. २७	सू.	उ.	सितं. २७	१७	४१
(सितं. २७	१७	४२	सितं. २८	सू.	उ.)चं.
सितं. ३०	सू.	उ.	अक्तू. १	१	३३
(अक्तू. १	१	३४	अक्तू. १	सू.	उ.)गु.
अक्तू. ६	सू.	उ.	अक्तू. ६	२३	१९
अक्तू. १५	सू.	उ.	अक्तू. १५	९	१६
अक्तू. १९	सू.	उ.	अक्तू. १९	१२	१२
अक्तू. २१	सू.	उ.	अक्तू. २१	१६	१६
(अक्तू. २३	२१	५३	अक्तू. २४	सू.	उ.)श.
(अक्तू. २५	सू.	उ.	अक्तू. २६	४	१०)चं.
अक्तू. २८	सू.	उ.	अक्तू. २८	९	४१
(अक्तू. २८	९	४२	अक्तू. २९	सू.	उ.)गु.

प्रारम्भ २०२१ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०२१ ई.	घं.	मि.
नवं. ३	सू.	उ.	नवं. ३	९	५८
नवं. ७	२१	५	नवं. ८	सू.	उ.
नवं. १४	१६	३२	नवं. १५	सू.	उ.
(नवं. १६	२०	१५	नवं. १७	सू.	उ.)मं.
(नवं. २०	सू.	उ.	नवं. २१	सू.	उ.)श.
(नवं. २२	सू.	उ.	नवं. २२	१०	४३)चं.
(नवं. २५	सू.	उ.	नवं. २५	१८	४९)गु.
नवं. २८	२२	६	नवं. २९	सू.	उ.
दिसं. ५	७	४८	दिसं. ६	४	५४
दिसं. १२	सू.	उ.	दिसं. १२	२३	५९
(दिसं. १४	सू.	उ.	दिसं. १५	४	४०)मं.
(दिसं. १८	सू.	उ.	दिसं. १८	१३	४८)श.
दिसं. २५	४	१०	दिसं. २५	सू.	उ.
दिसं. २६	सू.	उ.	दिसं. २७	५	२५
(दिसं. २७	५	२६	दिसं. २७	सू.	उ.)र.
दिसं. ३१	०	३५	दिसं. ३१	सू.	उ.

(सन् २०२२ ई.)

प्रारम्भ	घं.	मि.	समाप्त	घं.	मि.
जन. २	सू.	उ.	जन. २	१६	२३
(जन. ११	सू.	उ.	जन. ११	११	९)मं.
जन. १२	१४	०	जन. १३	सू.	उ.
जन. १८	४	३८	जन. १८	सू.	उ.
जन. १९	६	४३	जन. १९	सू.	उ.
जन. २१	९	४३	जन. २२	सू.	उ.
जन. २३	सू.	उ.	जन. २३	११	९
(जन. २३	११	१०	जन. २४	सू.	उ.)र.
जन. २७	८	५२	जन. २८	७	१०
जन. ३१	०	२३	जन. ३१	सू.	उ.
जन. ३१	२१	५८	फर. १	सू.	उ.
फर. ६	१७	१०	फर. ७	सू.	उ.
फर. ८	२१	२८	फर. १०	सू.	उ.
फर. १४	११	५३	फर. १५	सू.	उ.

प्रारम्भ २०२२ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०२२ ई.	घं.	मि.
फर. १५	१३	४९	फर. १६	सू.	उ.
फर. १८	सू.	उ.	फर. १८	१६	४१
(फर. २०	सू.	उ.	फर. २०	१६	४२)र.
(फर. २३	१४	४१	फर. २३	१६	५७)बु.
फर. २३	१६	५८	फर. २४	१३	३०
फर. २७	८	४९	फर. २८	सू.	उ.
फर. २८	७	३	मार्च १	५	१९
(मार्च ५	१	५२	मार्च ५	सू.	उ.)शु.
मार्च ६	सू.	उ.	मार्च ७	३	५०
मार्च ८	सू.	उ.	मार्च १०	सू.	उ.
मार्च १३	२०	६	मार्च १४	२२	७
मार्च १५	सू.	उ.	मार्च १५	२३	३२
(मार्च २३	सू.	उ.	मार्च २३	१८	५२)बु.
मार्च २७	सू.	उ.	मार्च २७	१३	३२
मार्च २८	सू.	उ.	मार्च २८	१२	२४
(अप्रै. १	१०	४०	अप्रै. २	सू.	उ.)शु.

रवियोग (सन् २०२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ	घं.	मि.	समाप्त	घं.	मि.
अप्रैल १५	२०	३३	अप्रैल १६	२३	३९
अप्रैल १८	२	३४	अप्रैल १९	५	१
अप्रैल २१	७	५९	अप्रैल २३	७	४१
अप्रैल २५	४	२४	अप्रैल २६	१	५४
मई २	९	०	मई ३	८	२२
मई १५	८	३९	मई १६	११	१३
मई १७	१३	२२	मई १८	१४	५५
मई २०	१५	५८	मई २२	१४	५
मई २४	९	५०	मई २५	७	५
मई २५	८	४६	मई २६	४	११
मई ३१	१६	२	जून १	१६	७
जून १३	१९	१	जून १४	२०	३६
जून १५	२१	४३	जून १६	२२	१४

रवियोग (सन् २०२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ २०२१ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०२१ ई.	घं.	मि.
जून १८	२१	३८	जून २०	१८	४९
जून २३	११	४९	जून २४	९	१०
जून ३०	१	२	जुलाई १	२	३
जुलाई १३	३	१५	जुलाई १४	३	४०
जुलाई १५	३	४३	जुलाई १६	३	२१
जुलाई १८	१	३३	जुलाई २०	२०	३२
जुलाई २२	१६	२६	जुलाई २३	१४	२५
जुलाई २९	१२	३	जुलाई ३०	१४	२
अग. ११	९	३२	अग. १२	८	५२
अग. १३	८	०	अग. १४	६	५६
अग. १६	४	२६	अग. १७	१	१६
अग. १७	३	३	अग. १९	०	७
अग. २०	२१	२५	अग. २१	२०	२१
अग. २८	०	४८	अग. २९	३	३४
सितं. ९	१४	३१	सितं. १०	१२	५७
सितं. ११	११	२३	सितं. १२	९	५०
सितं. १५	५	५६	सितं. १७	४	८
सितं. १९	३	२२	सितं. २०	३	२८
सितं. २६	१४	३३	सितं. २७	६	४१
सितं. २७	१७	४२	सितं. २८	२०	४४
अक्तू. ८	१९	०	अक्तू. ९	१६	४७
अक्तू. १०	१४	४५	अक्तू. १०	१९	३७
अक्तू. ११	१२	५६	अक्तू. १२	११	२६
अक्तू. १४	९	३६	अक्तू. १६	९	२१
अक्तू. १८	१०	५०	अक्तू. १९	१२	१२
अक्तू. २७	७	९	अक्तू. २८	९	४१
नवं. ७	२१	५	नवं. ८	१८	४९
नवं. ९	१७	०	नवं. १०	१५	४१
नवं. १२	१४	५४	नवं. १४	१६	३१
नवं. १६	२०	१५	नवं. १७	२२	४२
नवं. २५	१८	५०	नवं. २६	२०	३६
दिसं. ७	२	२०	दिसं. ८	०	११

रवियोग

(सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
दिसं. ८	२२	४०	दिसं. ९	२१	५०
दिसं. ११	२२	३२	दिसं. १४	२	४
दिसं. १७	१०	४१	दिसं. १८	१३	४८
दिसं. २५	४	१०	दिसं. २६	५	५
(सन् २०२२ ई.)					
जन. ५	८	४७	जन. ६	७	११
जन. ७	६	२१	जन. ८	६	१९
जन. १०	८	५०	जन. ११	७	५६
जन. ११	११	१०	जन. १३	१७	६
जन. १५	२३	२२	जन. १७	२	९
जन. २३	११	१०	जन. २४	१०	१८
जन. २४	११	१६	जन. २५	१०	५४
फर. ३	१६	३५	फर. ४	१५	५७
फर. ५	१६	९	फर. ६	१३	२२
फर. ६	१७	१०	फर. ७	१८	५८
फर. १०	०	२४	फर. १२	६	३७
फर. १४	११	५३	फर. १५	१३	४८
फर. २२	१५	३७	फर. २३	१४	४०
मार्च ६	२	३०	मार्च ७	३	५०
मार्च ८	५	५५	मार्च ९	८	३१
मार्च ११	१४	३६	मार्च १३	२०	५
मार्च १५	२३	३३	मार्च १७	०	२०
मार्च २३	१८	५३	मार्च २४	१७	२९

सिद्धियोग

(सन् २०२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
अप्रैल १४	१७	२३	अप्रैल १५	सू.	उ.
अप्रैल २३	७	४२	अप्रैल २४	सू.	उ.
मई ३	८	२३	मई ४	सू.	उ.
मई १२	सू.	उ.	मई १३	२	३९
मई २१	सू.	उ.	मई २१	१५	२२

सिद्धियोग

(सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
मई ३१	सू.	उ.	मई ३१	१६	१
जून ९	सू.	उ.	जून ९	८	४४
जुलाई १८	१	३३	जुलाई १८	सू.	उ.
अग. १४	६	५७	अग. १५	५	४४
अग. २४	१९	४८	अग. २५	सू.	उ.
सितं. २	१४	५८	सितं. ३	सू.	उ.
सितं. ११	सू.	उ.	सितं. ११	११	२२
सितं. २१	सू.	उ.	सितं. २२	५	६
सितं. ३०	सू.	उ.	अक्तू. १	१	३३
अक्तू. ११	सू.	उ.	अक्तू. ११	१२	१२
अक्तू. २८	सू.	उ.	अक्तू. २८	९	४१
नवं. ७	२१	५	नवं. ८	सू.	उ.
दिसं. ५	७	४८	दिसं. ६	४	५४
दिसं. २५	४	१०	दिसं. २५	सू.	उ.
(सन् २०२२ ई.)					
जन. २	सू.	उ.	जन. २	१६	२३
जन. १२	१४	०	जन. १३	सू.	उ.
जन. २१	९	४३	जन. २२	सू.	उ.
जन. ३१	२१	५८	फर. १	सू.	उ.
फर. ९	सू.	उ.	फर. १०	०	२३
फर. १८	सू.	उ.	फर. १८	१६	४१
फर. २८	७	३	मार्च १	५	१९
मार्च ९	सू.	उ.	मार्च ९	८	३१
मार्च २८	सू.	उ.	मार्च २८	१२	२४

द्विपुष्करयोग

(सन् २०२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
मई २३	१२	१३	मई २४	३	३९
जून १	सू.	उ.	जुन १	१६	७
जुला. २५	११	१८	जुला. २६	४	४
सितं. १८	सू.	उ.	सितं. १८	६	५४

द्विपुष्करयोग

(सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
सितं. २८	सू.	उ.	सितं. २८	१८	१७
नवं. २१	७	३६	नवं. २१	११	४७
दिसं. १	२	१५	दिसं. १	सू.	उ.
(सन् २०२२ ई.)					
जन. २५	सू.	उ.	जन. २५	७	४९
मार्च १९	२३	३८	मार्च २०	१०	७
मार्च २९	सू.	उ.	मार्च २९	११	२८

त्रिपुष्करयोग

(सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
अप्रैल १९	५	२	अप्रैल १९	सू.	उ.
अप्रैल २४	६	२३	अप्रैल २४	११	१७
अप्रैल २८	५	१६	अप्रैल २८	सू.	उ.
मई २	१४	५१	मई ३	सू.	उ.
जून १२	१६	५८	जून १२	२०	१८
जून २२	सू.	उ.	जून २२	१०	२२
जून २६	सू.	उ.	जून २६	१८	११
जुला. ६	सू.	उ.	जुला. ६	१५	२०
अग. १५	५	४५	अग. १५	९	५१
अग. २४	सू.	उ.	अग. २४	१६	५
अग. २९	३	३५	अग. २९	२३	२५
सितं. ८	४	३८	सितं. ८	सू.	उ.
अक्तू. १७	९	५३	अक्तू. १७	१७	३९
नवं. २	सू.	उ.	नवं. २	११	३१
दिसं. २१	सू.	उ.	दिसं. २१	१४	५४
दिसं. २६	५	६	दिसं. २६	२०	८
जन. ४	सू.	उ.	जन. ४	१०	५६
फर. १३	९	२८	फर. १३	१८	४२
फर. २२	१८	३६	फर. २३	सू.	उ.
फर. २७	८	४९	फर. २८	५	४३
मार्च ९	०	३२	मार्च ९	सू.	उ.

अमृतसिद्धियोग

(सन् २०२१-२२ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२१ ई.	घं.	मि.	२०२१ ई.	घं.	मि.
(अप्रै. १३	सू.	उ.	अप्रै. १३	१४	१९)मं.
(अप्रै. २५	सू.	उ.	अप्रै. २६	१	५४)र.
(अप्रै. २८	१७	१३	अप्रै. २९	सू.	उ.)बु.
(मई २३	सू.	उ.	मई २३	१२	१२)र.
(मई २६	सू.	उ.	मई २७	१	१५)बु.
(जून ५	४	९	जून ५	सू.	उ.)शु.
(जून २३	सू.	उ.	जून २३	११	४८)बु.
(जुला. २	सू.	उ.	जुला. ३	सू.	उ.)शु.
(जुला. ३०	सू.	उ.	जुला. ३०	१४	२)शु.
(सितं. २७	१७	४२	सितं. २८	सू.	उ.)चं.
(अक्तू. १	१	३४	अक्तू. १	सू.	उ.)गु.
(अक्तू. २३	२१	५३	अक्तू. २४	सू.	उ.)श.
(अक्तू. २५	सू.	उ.	अक्तू. २६	४	१०)चं.
(अक्तू. २८	९	४२	अक्तू. २९	सू.	उ.)गु.
(नवं. १६	२०	१५	नवं. १७	सू.	उ.)मं.
(नवं. २०	सू.	उ.	नवं. २१	सू.	उ.)श.
(नवं. २२	सू.	उ.	नवं. २२	१०	४३)चं.
(नवं. २५	सू.	उ.	नवं. २५	१८	४९)गु.
(दिसं. १४	सू.	उ.	दिसं. १५	४	४०)मं.
(दिसं. १८	सू.	उ.	दिसं. १८	१३	४८)श.
(दिसं. २७	५	२६	दिसं. २७	सू.	उ.)र.
(सन् २०२२ ई.)					
(जन. ११	सू.	उ.	जन. ११	११	९)मं.
(जन. २३	११	१०	जन. २४	सू.	उ.)र.
(फर. २०	सू.	उ.	फर. २०	१६	४२)र.
(फर. २३	१४	४१	फर. २३	१६	५७)बु
(मार्च ५	१	५२	मार्च ५	सू.	उ.)शु.
(मार्च २३	सू.	उ.	मार्च २३	१८	५२)बु
(अप्रैल. १	१०	४०	अप्रैल. २	सू.	उ.)शु.

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग (सं. 2078 वि.) का 'शोधनिबन्ध' विशेषांक

(लेखक एवं सम्पादक—इन्दुशेखर शर्मा)

इस विशेषांक के विषय :-

प्रणयविवाह का मुहूर्त्त

लेखक—प्रियव्रत शर्मा

प्रणयविवाह (Love-Marriage), जिसे शास्त्रों में गन्धर्व-विवाह की संज्ञा दी गयी है, यद्यपि उत्कृष्टकोटि की विवाह प्रणाली के रूप में शास्त्रकारों द्वारा समर्थित नहीं है, तथापि इस प्रणाली का पर्याप्त प्रचलन अब भारत में भी पाश्चात्य सभ्यता और उच्च शिक्षा के प्रभाव के कारण दिखाई पड़ने लगा है। प्रणयविवाह करने वाले प्रेमी-प्रेमिका विवाहबन्धन में बंधने के लिए अक्सर इतनी शीघ्रता में होते हैं कि—वे शास्त्रप्रतिपादित मुहूर्त्तकाल की प्रतीक्षा नहीं कर पाते, कुण्डली मिलान की बात तो दूर रही। बिना कुण्डली मिलान करवाये, बिना मुहूर्त के ही मन्दिर आदि में जाकर एक दूसरे के गले में वर-माला डालकर पति-पत्नी बन जाना ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से यद्यपि अपराध है, फिर भी **"प्रेमावेश किसी भी प्रकार के नियन्त्रण को सहन नहीं करता"**—इस मनोवैज्ञानिक तथ्य को दृष्टि में रखकर हम यहां मुहूर्त्तसम्बन्धी दो आवश्यक बातें बतला रहे हैं, जिन्हें यदि प्रणयविवाह के समय ध्यान में रखा जाये तो प्रेमी-प्रेमिका का दाम्पत्य-जीवन कुछ दृष्टियों से पर्याप्त सुख-समृद्धिमय हो सकता है। वे दो आवश्यक बातें ये हैं—

1. प्रेमविवाह के समय मृत्युबाण के समय को सावधानीपूर्वक छोड़ देना चाहिए। इससे दोनों जीवनसाथी अकाल मृत्यु से बचे रहेंगे।

हम यहां दो कोष्ठक (1), (2) दे रहे हैं, इनकी सहायता से बड़ी आसानी से यह जाना जा सकता है कि—मृत्युबाण किस दिन कब से कब तक रहेगा।

मृत्युबाण एक वर्ष में 48 बार आता है। जब भी यह आता है, तब यह लगभग 25½ घण्टे तक रहता है। कोष्ठक (1) में **"मृत्युबाण की लगभग तारीखें"** (जिन तारीखों के आसपास मृत्युबाण प्रतिवर्ष आया करता है) दी गयी हैं। यदि प्रणयविवाह की तारीख का कोष्ठक (1) में दी गयी **"मृत्युबाण की लगभग तारीख"** से अन्तर आगे या पीछे तीन दिन से अधिक हो, तब उस दिन प्रणयविवाह नि:शंक होकर किया जा सकता है। क्योंकि कोष्ठक (1) में दी गयी इन **"मृत्युबाण की लगभग तारीखों"** से मृत्युबाण के काल का अन्तर आगे या पीछे तीन दिन से ज्यादा कभी नहीं होता। यदि प्रणय-विवाह का दिन कोष्ठक (1) में दी गयी **"मृत्युगाण की लगभग तारीख"** से एक, दो या तीन दिन आगे या पीछे हो, तब सम्भव है कि—उस दिन मृत्युबाण हो। ऐसी स्थिति में मृत्युबाण की वास्तविक तारीख और टाईम का ज्ञान कोष्ठक (1) और कोष्ठक (2) की सहायता से इस प्रकार कर लीजिये—

जिस दिन/तारीख के आसपास प्रणयविवाह करने की इच्छा है, उस तारीख के समीप वाली **"मृत्युबाण की लगभग तारीख"** के आगे कोष्ठक (1) में लिखे वार घं. मि. उठा लें। इन्हें अपने ईस्वी सन् के आगे कोष्ठक (2) में दिये गये वार घं. मि. में जोड़ दें;—यह मृत्युबाण शुरु होने का वार और टाईम (भा.स्टैं.टा.) होगा। इस वार के अनुसार मृत्युबाण के शुरु होने की ठीक तारीख का निर्णय किया जा सकता है। यह तारीख (मृत्युबाण शुरु होने की तारीख) **"मृत्युबाण की लगभग तारीख"** (जो हमें कोष्ठक (1) से मिली है) से दो दिन से ज्यादा आगे-पीछे नहीं हो सकती, जैसा कि पहले भी बतला चुके हैं, मृत्युबाण 25 घं. 30 मि. (अर्थात् 1 दिन 1 घं. 30 मि.) रहता है। अत: मृत्युबाण शुरु होने के वार और टाईम में 1 दिन (वार), 1 घं. 30 मि. जोड़ देने पर इसकी समाप्ति का वार घं. मि. (भा. स्टैं. टा.) मालूम हो जायेंगे।

मान लीजिये—7 जनवरी 1983 ई. के दिन मृत्युबाण ज्ञात करना है। कोष्ठक (1) में जनवरी की 3 और 12 तारीखें **"मृत्युबाण की लगभग तारीखें"** लिखी हैं, जो हमारी 7 जनवरी के समीप की तारीखें हैं। इन दोनों तारीखों से 7 जनवरी का अन्तर तीन दिन से ज्यादा है, अत: स्पष्ट है कि—इस दिन मृत्युबाण नहीं होगा।

मान लीजिये—4 जनवरी, 1983 ई. को मृत्युबाण मालूम करना है, इस तारीख के समीप वाली **"मृत्युबाण की लगभग तारीख"** कोष्ठक (1) में 3 जनवरी है। इस कोष्ठक में 3 जन. के आगे 4 वार, 18 घं., 28 मि. लिखा है। कोष्ठक (2) में ई. सन् 1983 के आगे लिखे 5 वार, 0 घं. 37 मि. हैं। इसमें 4/18/28 जोड़ने पर 9 वार (2 वार)

19 घं. 5 मि. मिले। यह मृत्युबाण के प्रारम्भ होने का वार और भा.स्टै.टा. है। 1983 ई. में 3 जनवरी को सोमवार ही है, अत: स्पष्ट हुआ कि—मृत्युबाण 1983 ई. को 3 जनवरी के दिन 19 घं. 5 मि. (भा.स्टैं. टा.) अर्थात् शाम के 7 बजकर 5 मि. पर प्रारम्भ होगा। क्योंकि मृत्युबाण 1 दिन, 1 घं. 30 मि. तक रहता है, अत: इसकी समाप्ति 2 वार, 19 घं. 5 मि.+1 वार, 1 घं. 30 मि.=3 वार, 20 घं. 35 मि. पर (अर्थात् मंगलवार (4 जन.) को 20 घं. 35 मि. पर) होगी। सारांश यह हुआ कि—यह मृत्युबाण 3 जनवरी, 1983 ई. को 19 घं. 5 मि. से प्रारम्भ होकर 4 जनवरी, 1983 ई. को 20 घं. 35 मि. तक चलेगा। अत: इस अवधि में प्रणयविवाह नहीं करना चाहिए।

ध्यान रहे, इन कोष्ठकों से जाना गया मृत्युबाण का वार अंग्रेजी पद्धति के अनुसार रात के बारह बजे शुरु होने वाला है। 1 संख्या से रविवार, 2 से सोमवार इत्यादि समझें। 0 या 7 संख्या में शनिवार समझना चाहिए।

2. मृत्युबाण का विचार करने के बाद प्रणयविवाह (परस्पर वर माला डालने) के समय लग्न का विचार कर लेना भी नितान्त आवश्यक है। विवाह के समय लग्नेश यदि लग्न, चतुर्थ, पंचम, नवम, दशम या ग्यारहवें भाव में हो अथवा गुरु, शुक्र या बुध में से कोई भी ग्रह लग्न, चतुर्थ, पंचम, नवम या दशम भाव में पड़ा हो तो उस समय किया गया विवाह-सम्बन्ध अटूट, पारस्परिक प्रेम का पोषक एवं अनेकविध सुख सम्पदाओं को देने वाला माना जाता है। मुहूर्त्तकारों का कहना है कि—इस प्रकार की ग्रहस्थिति वाले लग्न के समय यदि विवाह किया जाये तो मुहूर्त्त-सम्बन्धी अनेक महादोष लगभग समाप्त हो जाते हैं।

कोष्ठक (1)

मृत्युबाण की लगभग तारीख	वा. घं. मि.	मृत्युबाण की लगभग तारीख	वा. घं. मि.
जन. 3	4 18 28	जुला. 5	5 09 29
12	6 14 27	14	0 20 07
15	2 13 09	17	3 23 37
24	4 09 23	27	6 09 47
फर. 2	6 05 54	अग. 5	1 19 36
11	1 03 04	15	4 04 54
14	4 02 18	18	0 07 47
23	6 00 27	27	2 15 55
मार्च 3	0 23 30	सितं. 5	4 23 13
12	2 23 16	15	0 05 30
15	5 23 31	18	4 07 20
25	1 00 54	27	5 12 04
अप्रै. 3	3 03 20	अक्तू. 6	0 15 44
12	5 07 00	15	2 18 14
15	1 08 29	18	5 18 49
24	3 13 38	27	0 19 47
मई 3	5 19 49	नवं. 5	2 19 47
13	1 05 08	14	4 18 48
16	4 05 47	17	0 18 14
25	6 14 14	26	2 16 01
जून 3	1 23 25	दिसं. 5	4 13 14
13	4 09 18	14	6 09 53
16	0 12 43	17	2 08 38
25	2 22 59	26	4 04 43

कोष्ठक (2)

ई. सन्	वा. घं. मि.	ई. सन्	वा. घं. मि.	ई. सन्	वा. घं. मि.
1980	1 06 09	2010	3 22 44	2040	6 15 19
1981	2 12 18	2011	5 04 53	2041	0 21 28
1982	3 18 27	2012	6 11 02	2042	2 03 37
1983	5 00 37	2013	0 17 11	2043	3 09 46
1984	6 06 46	2014	1 23 21	2044	4 15 56
1985	0 12 55	2015	3 05 30	2045	5 22 05
1986	1 19 04	2016	4 11 39	2046	0 04 14
1987	3 01 13	2017	5 17 48	2047	1 10 23
1988	4 07 22	2018	6 23 57	2048	2 16 32
1989	5 13 32	2019	1 06 06	2049	3 22 41
1990	6 19 41	2020	2 12 16	2050	5 04 50
1991	1 01 50	2021	3 18 25	2051	6 11 00
1992	2 07 59	2022	5 00 34	2052	0 17 09
1993	3 14 08	2023	6 06 43	2053	1 23 18
1994	4 20 17	2024	0 12 52	2054	3 05 27
1995	6 02 27	2025	1 19 01	2055	4 11 36
1996	0 08 36	2026	3 01 11	2056	5 17 45
1997	1 14 45	2027	4 07 20	2057	6 23 55
1998	2 20 54	2028	5 13 29	2058	1 06 04
1999	4 03 03	2029	6 19 38	2059	2 12 13
2000	5 09 12	2030	1 01 47	2060	3 18 22
2001	6 15 22	2031	2 07 56	2061	5 00 31
2002	0 21 31	2032	3 14 06	2062	6 06 40
2003	2 03 40	2033	4 20 15	2063	0 12 50
2004	3 09 49	2034	6 02 24	2064	1 18 59
2005	4 15 58	2035	0 08 33	2065	3 01 08
2006	5 22 07	2036	1 14 42	2066	4 07 17
2007	0 04 17	2037	2 20 51	2067	5 13 26
2008	1 10 26	2038	4 03 01	2068	6 19 35
2009	2 16 35	2039	5 09 10	2069	1 01 45

शकुन-शास्त्र

भारतीय शास्त्रों में शकुन-शास्त्र की चर्चा का महत्त्व हम पुरातनकाल से ही पढ़ते एवं अनुभव करते आये हैं। कवि कालिदास ने भी कण्व ऋषि के आश्रम में प्रवेश से पहले '**अभिज्ञान शाकुन्तलम्**' नामक नाटक में दुष्यन्त राजा के अंगस्फुरण की चर्चा करते समय लिखा है;–"**दक्षिणस्पन्दते बाहुः फलाकांक्षा न मे क्वचित्। न च मिथ्या मुनिवचः कथयिष्यति किंन्विदम्॥**" इसी प्रकार महाभारतकालीन घटनाओं में भी युद्धक्षेत्र में शकुनसम्बन्धी विचार लिखे गये हैं। शकुन एवं अपशकुन हमारे जीवन में गहराई तक घर कर चुके हैं। आधुनिक युग में वैज्ञानिक बौद्धिकता भी शकुनशास्त्र के अस्तित्व के लिए संकट नहीं बन सकी है। अतः शकुनशास्त्र की चर्चा यहां कर रहे हैं। **ध्यान दें;–**अंगस्फुरण, पल्ली (छिपकली/किरले) का शरीरांग पर गिरना, शुभाशुभ स्वप्न देखना, पशु-पक्षियों की चेष्टा–ये सब शकुन-शास्त्र के ही अंग हैं।

शकुनशास्त्र का महत्त्व

यात्रा के समय दृश्यमान चिह्न 'शकुन-संज्ञक' होते हैं। इनके दर्शन से यात्रा की शुभाशुभता की ठीक-ठीक सूचना मिल जाती है। अतः यात्रा करते समय विचारणीय शकुन को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है;–

"तिथिर्धिष्ण्यं च वारञ्च लग्नं ग्रहबलं तथा।
पञ्चानामपि सर्वेषां शकुनो दण्ड-नायकः॥"

शुभ शकुन समीचीन (अच्छा) फल प्रदान करते हैं। अशुभ शकुन विपरीत (कष्टप्रद) फलदायक होते हैं। भयानक मुसीबतों के सूचक दुःशकुन कदापि शुभ फलप्रद नहीं होते;–

"वरं शुभं दुर्जन-कृष्णसर्पो वरं क्षिपेत् सिंहमुखे स्वमंगम्।
वरं तरेद्वारि-निधिं भुजाभ्यां नो लंघयेद् दुःशकुनं कदापि॥"

शुभ शकुन

मनुष्य वर्ग–पुत्रवान् किंवा सौभाग्यवती स्त्री, वैश्या, समृद्ध तथा यशस्वी व्यक्ति, कुमारी, वणिक् पुत्र, विश्वस्त व्यक्ति, स्नेही (आत्मीय) जन, सुवेषधारी मनुष्य, वस्त्रालंकृता स्त्री, एक या दो ब्राह्मण, ज्योतिषी, चरित्रवान् विद्वान्, धोबी, पगड़ी बांधा हुआ व्यक्ति, राजा, शिक्षक किंवा कुलगुरु यदि यात्रा के प्रारम्भ में मिलें तो यात्रा सुखद रहे।

पशु-पक्षी वर्ग–हाथी, घोड़ा, अकेली या सवत्सा गाय, मोर, नीलकण्ठ, न्योला, सफेद वृषभ, भेड़, हिरण, हंस, कोयल, तोता, मुर्गा, रंग-बिरंगी चिड़ियां किंवा बकरी के दर्शन शुभ हैं।

वनस्पति वर्ग–अन्न, सफेद सरसों, फल, कमल, ईख, हल्दी, पुष्प, अंगूर, जौ, द्राक्षा, दूर्वा, ताम्बूल, चन्दन किंवा उद्यान आदि के दर्शन यात्रा के समय शुभ माने गये हैं।

उपयोग्य वर्ग–दूध, चांदी या स्वर्ण के आभूषण, पताका, पालकी, खाद्य पदार्थ, दीपक, रथ, सुगन्धित द्रव्य, मृदंग, वीणा, मंगल वचन सुनाई देना, शय्या किंवा आनन्ददायक सामग्री यात्रा के प्रारम्भ में मिले तो शुभ समझें।

प्रकीर्ण वर्ग–जलपूरित कलश, छाता, गीली (चिकनी) मिट्टी, प्रज्वलित हवनवह्नि, देव-सिंहासन, जयघोष, प्रगतिप्रद वचन, वेदध्वनि, धार्मिक पुस्तकप्राप्ति, पूजा, सम्भार किंवा तीर्थोदकप्राप्ति यात्रारम्भ में शुभ हैं।

नोट—शुभ शकुनों की चर्चा में श्रवण-दर्शन तथा स्पर्श उत्तमोत्तम समझें। यात्रा से पूर्व दधि-चावल-सेवन भी शुभ है। शुभाकांक्षी व्यक्ति यथासम्भव शकुन-शास्त्र का विचार करे तथा शकुनप्रद वस्तुओं को दायीं ओर रखकर यात्रा करें। यथोक्तम्—

"कीर्तनाच्छ्रवणं श्रेष्ठं श्रवणात्तु विलोकनम्।
दर्शनात् स्पर्शनं चैषां दध्यादीनां गमादिषु।
कृत्वा दक्षिणतः चैषां सर्वान् गच्छन् सिद्धिमवाप्नुयात्॥"

अपशकुन

मनुष्य वर्ग—यात्रा प्रारम्भ करने पर यदि नग्न व्यक्ति, चोर, सिर मुण्डाया हुआ, संन्यासी, लंगड़ा ब्रह्मचारी, कुबड़ा, नपुंसक, अन्धा, बधिर, दरिद्री, विमुक्तकेशी विधवा, क्रोधी, मूत्र किंवा मलोत्सर्ग करता व्यक्ति, गधा, भैंसे पर चढ़ा हुआ व्यक्ति, रुदन करता व्यक्ति, विधवा, शराबी, पागल, पतिताचरण ब्राह्मण, विकलांग, गेरुए वस्त्र धारण किये हुए भिखारी, तेलमर्दन करता व्यक्ति, सूखी लकड़ियों का वाहन, पाखण्डी, हजाम, लुहार, चर्मकार, सुनार, मांसोपजीवी, मोची, कुम्हार, जल्लाद, गीले कपड़े पहना व्यक्ति, हथकड़ी या सैक्योरिटी कर्मचारी, अंगकम्पनग्रस्त व्यक्ति, यात्री का स्वयं ठोकर खाना, आकस्मिक दुर्घटना के दर्शन व श्रवण तथा नंगे सिर वाले कुरूप व्यक्ति के दर्शन अशुभ हैं।

पशु-पक्षी वर्ग—यात्रा के समय ऊंट, गधा, भैंसा, बिल्लियों की लड़ाई, उल्लू, गीध, बांझ गाय, सूअर, छिपकली, काला सांप, कौआ, गाय की छींक, भैंसों का युद्ध, चूहों की लड़ाई, यात्रा में बिल्ली का रास्ता काटना, कुत्ते द्वारा कान फड़फड़ाना, कुत्तों की लड़ाई, लोमड़ी, तीतर एवं बगुला आदि के दर्शन अशुभ माने गये हैं।

वनस्पति वर्ग—यात्रा के समय काले धान, लकड़ी, काले तिल, धान की भूसी, आक-धतूरा, कंटीली झाड़ियां, उन्मूलित वृक्ष एवं सुगन्धरहित पुष्प अशुभ लिखे गये हैं।

यात्रा के समय अपशकुन-परिहार

यात्रा प्रारम्भ करते समय उल्लिखित अपशकुनों का नीचे दिये प्रकार से परिहार करने के उपरान्त प्रसन्नमन से पुनः यात्रा प्रारम्भ करे।

1. दुःशकुन होने पर यात्री 5 बार सव्य-अपसव्य प्राणायाम करके भगवान् शंकरजी की पूजा-अर्चना तथा अर्द्ध प्रदक्षिणा करके यात्रा करे, अभीष्ट-सिद्धि प्राप्त होगी;—

"अपि प्रहीणस्य समस्त-लक्षणैः क्रिया-विहीनस्य निकृष्ट-जन्मनः।
प्रदक्षिणीकृत्य शशांक-शेखरम् प्रयास्यतः कस्य न सिद्धिरिष्यते॥"

2. यात्रा से पूर्व स्नान-दान एवं पुण्य का आचरण करने से अशुभ शकुन भी निष्प्रभावी हो जाते हैं;—

"दुःस्वप्न-दुर्निमित्तापशकुना ययुः।
स्नान-दान-जपैः पुण्यैरित्याह भगवान् भृगुः॥"

———

चन्द्रमा का उपच्छाया ग्रहण

(जो वस्तुत: ग्रहण नहीं होता)

विगत वर्ष सं. 2076 वि. में 10 जन., 2020 ई. को पौषी पूर्णिमा और सं. 2077 वि. में 5 जुला., 2020 ई. को आषाढ़ी पूर्णिमा के दिन चन्द्रग्रहण नहीं था, फिर भी कई समाचारपत्रों एवं टी.वी. चैनलों ने इसका मिथ्या प्रचार किया, जिससे सामान्य जनता में इस बारे में भारी भ्रांति फैली। इन समाचारपत्र एवं टी.वी. चैनल्स वालों को इस दिन ग्रहण होने का भ्रम किस कारण पैदा हुआ—इसका स्पष्टीकरण हम यहां दे रहे हैं।

जब प्रकाशक (जिससे प्रकाश आ रहा है, वह पदार्थ) प्रकाश्य (जिस पर प्रकाश पड़ रहा है, उस) पदार्थ से बड़ा होता है, तब प्रकाश्य पदार्थ की दो छायाएं बनती हैं, एक छोटी और दूसरी बड़ी। सूर्य (प्रकाशक) से पृथ्वी (प्रकाश्य) काफी छोटी है। जिससे इस पृथ्वी की दो छायाएं सूर्य से विपरीत दिशा में आकाश में सूर्य की गति से निरन्तर घूमती रहती हैं। इनमें से एक छाया आकार में अपेक्षाकृत छोटी और घनी (काफी काली) है। सूर्य के विपरीत दिशा में उत्तरोत्तर कम होती हुई यह शंकु (Cone) के आकार की है। जबकि दूसरी छाया आकार में बड़ी, लेकिन काफी धुंधली (मन्द) है। यह सूर्य से विपरीत दिशा में उत्तरोत्तर फैलती जा रही है (अगले पृष्ठ पर भूभा और उपच्छाया-बोधक चित्र देखें)। आकार में उत्तरोत्तर क्षीयमाण पृथ्वी की घनी छाया को ज्योतिषशास्त्र में भूभा (Umbra) की संज्ञा से पुकारा जाता है। आकार में उत्तरोत्तर वर्धमान दूसरी धुंधली छाया को उपच्छाया (पृथ्वी की उपच्छाया = Penumbra) कहते हैं।* भूभा ही पृथ्वी की वास्तविक छाया है। इसमें चन्द्रमा के स्थितिकाल को ही चन्द्रग्रहणकाल कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रविष्ट होने पर ही चन्द्रबिम्ब काला पड़ता है। उपच्छाया में प्रविष्ट होने पर तो यह कुछ (अलक्ष्यरूप में) मन्द हो जाता है और तब इसकी चांदनी भी थोड़ी मन्दप्रभ हो जाती है। चांदनी और चन्द्रबिम्ब का यह धुंधलापन अत्यल्प होने के कारण सामान्यत: दृष्टिग्राह्य नहीं होता। चन्द्र कब उपच्छाया में प्रविष्ट हुआ, वह उससे कब बाहर हुआ, चन्द्रग्रहणसाधन-प्रसंग में इसे जानने की भी गणितप्रक्रिया है, जिसे पंचांगकार अनावश्यक समझकर उपेक्षित करते हैं। उपच्छाया में चन्द्र की स्थिति को ग्रहण नहीं माना जाता, लेकिन ज्योतिषशास्त्रीय भाषा में इसे 'उपच्छाया ग्रहण' (मांद्यग्रहण=Penumbral Eclipse) अवश्य कहा गया है। हमारे प्राचीन भारतीय ज्योतिष-सिद्धान्त-करणग्रन्थों में उपच्छाया की चर्चा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने भूभा में चन्द्रमा के स्थितिकाल को ही चन्द्रग्रहण माना है और हमारे धर्मग्रन्थों में भी स्नान-दान-जपादि के लिए इसी काल का माहात्म्य लिखा है। उपच्छाया (पृथ्वी की उपच्छाया) में प्रवेश से उत्पन्न चन्द्रबिम्ब एवं चन्द्रप्रकाश के धुंधलेपन की चर्चा भी हमारे इन प्राचीन ज्योतिषग्रन्थों में नहीं है। यह तो आधुनिक प्रकाशसिद्धान्तीय उपलब्धि है। यहां यह भी जान लेना चाहिए—भूभा उपच्छाया के बिल्कुल मध्य में रहती है। इसके चारों ओर समानान्तर पर उपच्छाया फैली होती है। इन दोनों से उत्पन्न शंकुओं के अक्ष (मध्यगत ऊर्ध्वाधर रेखाएं) एक ही (अभिन्न) हैं। चन्द्र के भ्रमणवृत्त में इस भूभा का व्यास मध्यममानेन 81 कला और उपच्छाया का व्यास भूभा के व्यास से लगभग दोगुना है (आगे चित्र देखें)। (ध्यान रहे—इस चित्र में उपच्छाया का चन्द्रमार्ग में व्यास सस्पष्टता के लिए वास्तविक से ज्यादा दिखाया गया है)। उपच्छाया में प्रविष्ट होने पर ही चन्द्रमा भूभा में प्रवेश कर सकता है और भूभा से निकलने पर ही उसे कुछ दूरी तक उपच्छाया में से गुजरना पड़ता है। इससे स्पष्ट है—चन्द्रग्रहण-प्रारम्भ (भूभा में चन्द्रप्रवेश) होने से पूर्व ही 'उपच्छाया ग्रहण' प्रारम्भ हो जाता है और उसके समाप्त होने के कुछ समय बाद तक वह बना रहता है। कई बार तो अधिक शर के कारण (कक्षावृत्त के धरातल से इधर-उधर अधिक हटा होने के कारण) पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा भूभा में प्रवेश किये बिना ही एक ओर से उपच्छाया में प्रविष्ट होकर दूसरी ओर

---

* *किसी अंधेरे कमरे के अन्दर छत से गेंद को लटकाइये। ऐसे गोलाकार बल्ब आदि से, जो आकार में गेंद से बड़ा हो, उस (गेंद) पर कुछ दूरी से प्रकाश डालिये और उस (गेंद) की दीवार पर पड़ती छाया देखिये। आप यहां गेंद की दो छायाएं पायेंगे—एक छोटी घनी छाया और दूसरी उसके चारों ओर फैली बड़ी धुंधली छाया। घनी छोटी छाया को हम 'भूभा' (Umbra) और बड़ी धुंधली छाया को 'उपच्छाया' (Penumbra) कह सकते हैं।*

उपच्छाया में से निकल जाता है। यह स्थिति अक्सर प्रतिवर्ष घटती रहती है, जिसे टी.वी. चैनलों और समाचारपत्रों के ज्ञानलव-दुर्विदग्ध ये 'नक्षत्रविद्' चन्द्रग्रहण घोषित कर जनसामान्य में भ्रांति फैला देते हैं। अतः सामान्यजन को हमारा परामर्श है कि—वे ऐसे अन्य सभी ज्योतिषशास्त्रीय विषयों के बारे में स्तरीय पंचांगों व Almanacs को ही प्रमाण मानें और इस प्रकार के भ्रामक प्रचार से वे प्रभावित न हों। ऐसे विषयों पर आप हमसे टेलीफोन या पत्र द्वारा समाधान मांग सकते हैं। समय होने पर हम आपकी समस्या का यथाशक्य निश्चित समाधान करेंगे।

भूभा एवं उपच्छाया-बोधक चित्र

भूभा और उपच्छाया के बारे में कुछ तथ्य

1. भूभा चन्द्रकक्षा से कुछ लाख किलोमीटर की दूरी पर शून्य हो जाती है। जहां यह शून्य होती है, उसी स्थान पर उपच्छाया भी समाप्त हो जाती है।

2. चन्द्रग्रहण के समय चन्द्रकक्षा में भूभा एवं उपच्छाया के व्यास का मान चन्द्रगति की न्यूनाधिकता पर निर्भर करता है। चन्द्रगति की परमाल्पता पर भूभा और उपच्छाया के व्यास परमाल्प (क्रमशः लगभग 75 कला और 168 कला) तथा इसकी परमता पर इसके व्यास परम (क्रमशः लगभग 92 कला और 190 कला) होते हैं।

3. भूभा और उपच्छाया—दोनों क्रान्तिवृत्त में सूर्य से 180 अंश की दूरी पर प्रति चार मिनट में एक अंश की दर से पूर्व से पश्चिम की ओर निरन्तर घूमती रहती है।

तिथि से अंग्रेज़ी तारीख का ज्ञान

[यह लेख पहले भी श्रीमार्त्तण्ड पंचांग(सं. 2037 वि.) में प्रकाशित हो चुका है। बहुत से लोगों को प्राचीन जन्मपत्र आदि में दी गई जन्मतिथि के दिन अंग्रेज़ी तारीख जानने की समस्या उपस्थित होती है। उनके अनुरोध पर यह लेख यहां पुनः प्रकाशित किया जा रहा है।]

आज से लगभग 50–60 वर्ष पूर्व तक भारत में अंग्रेज़ी (Gregorian) तारीखों के स्थान पर देसी प्रविष्टे एवं तिथियों का ही अधिकतर प्रयोग होता था। किसी देसी प्रविष्टे के दिन अंग्रेज़ी तारीख निकालने की विधि सं. 2036 वि. के पंचांग में दे चुके हैं। अब हम यहां किसी तिथि की अंग्रेज़ी तारीख ज्ञात करने की अत्यन्त सरल विधि दे रहे हैं। आगामी पृष्ठों पर तीन सारणियां दी जा रही हैं। इनकी सहायता से शकाब्द[1] (शक संवत्) 1801 से शकाब्द 1927 तक की किसी भी तिथि की अंग्रेज़ी तारीख बहुत ही सरलता से जानी जा सकती है। विधि इस प्रकार है–

पृष्ठ 285 पर दी गई सारणी नं. (1) में शकाब्द के आगे चैत्रशुक्ल प्रतिपदा का ईस्वी सन् लिखा गया है। इसके आगे 'दिनगण' दिया गया है, जो चैत्रशुक्ल प्रतिपदा के दिन ईस्वी सन् की बीती तारीखों को बतलाता है। इसके आगे 'अधिकमास' कॉलम में अधिकमास लिखा गया है। यदि इस कॉलम में कुछ नहीं लिखा हो तो समझना चाहिए, वह शकाब्द 'सामान्यवर्ष' (अर्थात् जिसमें कोई अधिकमास नहीं, ऐसा वर्ष) है।

जैसे– 1801 शकाब्द के आगे ई. सन् 1879, दिनगण 81 और अधिकमास आश्विन लिखा है। इसका अर्थ है कि–शकाब्द 1801 की चैत्रशुक्ल प्रतिपदा को ई. सन् 1879 था और इस दिन सन् 1879 की 81 तारीखें बीत चुकी थीं। किंच– शकाब्द 1801 में आश्विन अधिकमास था।

सारणी नं. (1) से अपने अभीष्ट शकाब्द के आगे लिखा ईस्वी सन्, दिनगण और अधिकमास ज्ञात करें।

